उसी प्रकार पेयजल सुविधा संबंधी सदर प्रखण्ड का सर्वेक्षण भी कुछ विस्मयकारी तथ्यों को सामने लाता है, इनमें सबसे महत्वपूर्ण है चप्पा कल लगाने के स्थान के चयन का सवाल। चप्पाकल लगाने में किसी खास व्यक्ति के दरवाजे या उसकी जमीन पर चप्पा कल लगाने की सरकारी पदाधिकारियों को ही कठिनाइयां है, क्योंकि यह विवाद पैदा करता है और बाद में अन्य लोगों को जन उपलब्धता में कठिनाई की संभावना है। सरकारी पदाधिकारियों की ऐसी कठिनाइयों का वस्तुगत आधार है जो सदर प्रखण्ड का सर्वे सही बताता है। इस कारण लगाए जाने वाले चप्पाकल के लिए किसी सार्वजनिक स्वामित्व वाली जगह की प्रायः तलाश की जाती है जो या तो सड़क के किनारे या बस्ती के आस-पास ऐसी जगह होती है जो असुरक्षित होती हे। ऐसी जगहों पर लगाए चप्पाकलों की निगरानी, मरम्मती आदि की जिम्मेदारी और आने वाले मरम्मति पर खर्चो का कोई प्रबंध नहीं रहने के कारण चप्पाकल प्रायः बेकार हो जाते हैं और उनसे पानी मिलना बंद हो जाता है तब उसमें लोग जानवरों को बांधना शुरू कर देते हैं। अब फिर बैताल डाल पर चला जाता है, समस्या अनिराकृत ही रह जाती है। सदर प्रखण्ड में लगाए गए चप्पाकलों की संख्या का आधा से ज्यादा बंद है, उसकी मरम्मती नहीं होने के कारण वे बेकार पड़े हैं। बहुतों में तो स्वीकृत मानदण्ड का पालन नहीं किए जाने के कारण वे बेकार हो गए हैं। पंचायतों के स्तर पर इनके रख-रखाव का प्रबंध किया जाना जरूरी है।

घरेलू काम में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जिनमें पेयजल एक प्रमुख है, गरीब परिवारों की औरतों के ही द्वारा प्रबंध किया जाता है। पेयजल के अभाव का सबसे ज्यादा बुरा असर महिलाओं पर पड़ता है। इस कारण महिला प्रतिनिधियों को इन समस्याओं के समाधान की विशेष जवाबदेही उठाने की जरूरत दीखती है।

स्कूलों में मध्याह्न भोजनः

प्रखण्ड में प्राइमरी, अपर प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के संचालन की निगरानी और जनसहयोग के लिए गठित कमिटियों में महिला प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने का प्रावधान किया गया है। स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए बहाल कर्मचारियों में 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं है। मगर इस योजना की नियति यह है कि सदर प्रखण्ड में सैम्पुल स्कूलों का जब सर्वे किया गया तब एक भी स्कूल ऐसा नहीं मिला जिसमें मध्याह्न भोजन बनाने के लिए अलग से किसी प्रकार का शेड का प्रबंध हो। इस कारण भोजन बनाने का काम या तो खुले मैदान या स्कूल के बरामदें में, अगर बरामदा है तब, या किसी कक्ष में किया जाता है। स्कूल की कमिटी के पास कोई ऐसा फण्ड नहीं है जिससे भोजन के लिए शेड का निर्माण किया जा सके। महिला प्रतिनिधियों और कमिटी के महिला सदस्यों की जिम्मेदारी बनती है कि इन समस्याओं का हल ढूढ़ें।

सदर प्रखण्ड के स्कूलों का सर्वे इस संबंध में कई तथ्यों का उद्घाटन करता है जो यह दर्शाते हैं कि स्कूलों में नामांकन की संख्या और मध्याह्न भोजन में छात्रों की कम उपस्थिति का कारण क्या है। सर्वे से पता चलता है कि मध्याह्न भोजन के समय गांव के गरीब बच्चे कटोरा लेकर स्कूल में भोजन प्राप्त करने के लिए आ जाते हैं। स्कूलों में इनका नामांकन नहीं है मगर इन्हें भोजन नहीं देने पर यह विवाद का कारण बनता है। इस कारण शिक्षक उन सभी बच्चों का नामांकन रजिस्टर पर कर लेते हैं जिससे नामांकित छात्रों की संख्या बढ़ जाती और यह भोजन सामग्री प्राप्त करने की स्कूल की क्षमता को बढ़ा देता है। इस तरह के नामांकन से बच्चों की संख्या में निरंतरता रखना संभव नहीं होता, सिर्फ भोजन प्राप्ति के लिए आने वाले बच्चों के कारण भोजन के समय उपलब्ध बच्चों की संख्या प्रायः अनियमित रहती है, इसमें बराबर कमी-बेसी होती रहती है और माह में और साल में उनकी उपस्थिति का औसत हमेशा नामांकन की संख्या से काफी कम रहती है। भोजन वितरण के समय का जो दृश्य रहता है वह पौष्टिक आहार प्रदान कर बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के कार्यक्रम से भिन्न एक तरह के हैरात बंटवारे का दृश्य उपस्थित करता है।

इस तरह की अनियमितता के निवारण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका की अहमियत काफी है, मगर बाजारवादी शिक्षा के माहौल ने शिक्षण-प्रणाली को काफी हद तक कुप्रभावित कर दिया है। स्कूलों के प्रबंधन में शिक्षकों की नियोजन प्रक्रिया से बहाली का प्रभाव इस तरह के शिक्षकों में शैक्षणिक भाव को जागने नहीं देता। भले सरकारी शिक्षा व्यय में कमी आ जाय मगर शिक्षा का व्याधिकारण यही से शुरू हो जाता है।

इस प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के प्रति सरकारी नीति में आए विचलन ने स्थिति की गंभीरता को और बढ़ा दिया है, मनोवादी ढ़ंग से एकत्रित आंकड़ों के सहारे विकास का मात्र दावा किया जा सकता है, विकास नहीं। ग्रामीण गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, गरीबों को कर्ज जाल से निकालने का दावा पेश करते स्वयं सहायता समूह, संस्थागत डिलेवरी में बढ़ोतरी का दावा आदि का जादुई तिलस्म व्यावहारिक जीवन में कहीं भी नहीं दिखता। गरीबी में इजाफा, बेरोजगारी में इजाफा, महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामले, बढ़ती कीमतों के कारण गिरता जीवन मान आदि का नतीजा है। देहाती आबादी का पलायन और शहरों में काम की तलाश में लोगों को आने की प्रक्रिया का चित्रण ऐसे किया जाता है कि विकास के कारण शहरीकरण में इजाफा हो रहा है। राहत योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार जगह-जगह इसके खिलाफ स्वतः जन आंदोलन में दिख रहा है।

महिलाओं का पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत के आरक्षण को महिला सशक्तिकरण की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया जा रहा है मगर वर्तमान व्यवस्था में किस तरह निर्वाचित

महिलाओं के अधिकारों का उपयोग उनके पतियों, या परिवार के किसी सदस्य द्वारा किए जाने के कारण एक गैर-सवैधानिक सत्ता केन्द्र का निर्माण होता जा रहा है, यही हकीकत है। इस प्रक्रिया को ठीक करने के लिए जिस तरह के आर्थिक-राजनीतिक सुधारों की जरूरत है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मौजूद सामंतवादी अवशेष समाप्त हो और गांवों के जनवादीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़े, यह उपाय किसी स्तर पर नहीं दिखता। इस तरह की प्रक्रिया में नौकरशाही मजबूत होती है, भ्रष्टाचार बढ़ता है और जनवाद कुंद होता है - यही आज हो रहा है।

संदर्भ

1. इकोनोमिक सर्वे 2010-11, बिहार सरकार, पृ. 252.
2. उपरोद्धृत, पृ. 253.
3. मानव संसाधान विभाग, बिहार सरकार.
4. ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

भारत सरकार की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में नीति एवं कार्यक्रम

श्वेता कांता

शोधार्थी, गृह विज्ञान, बी० आर० ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

भारत की वर्तमान जनसंख्या 1.21 अरब है जो 1.8 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा हैजिसकी जनसंख्या 2030 तक चीन से भी आगे निकल जाने की संभावना है और तब यह देश विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा।[1] हमारे देश के लगभग तीन चौथाई गाँवों में रहने वाले लोग जिसमें अनुमानित 37 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे (तेंदुलकर समिति रिपोर्ट) रहती है। इनको एक कार्यकुशल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की भारी आवश्यकता हैं, जो उत्तम सेवा कम खर्च पर उपलब्ध करा सके। साथ ही गरीबों और अधिकांश ग्रामीण जनसंख्या को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की भी अति आवश्यकता है क्योंकि वे व्यय-साध्य चिकित्सा सेवा का भार नहीं वहन करने के कारण उपरोक्त लाभ से वंचित रह जाएँगे।

भारत एक लोककल्याणकारी देश है और इसका संविधान भी प्रभुता संपन्न एवं लोक कल्याणकारी है जो नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करती है और उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करती है। इन्हीं प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में भारतीय संविधान स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न अधिकारों का बोध कराती है। केन्द्रीय सरकार समय-समय पर नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु विधेयक लाती है और कानून बनाकर सख्ती से कार्यान्वित करती है जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है।

''मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा, 1948 के अनुच्छेद 3 में सभी व्यक्तियों के लिए जीवन के अधिकार की बात की गई हैं जिसमें गरिमापूर्ण जीवन समाहित है। अगर कोई चिकित्सा व्यवसायी मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ करता है तो वह मरीज के प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का हनन है। इसी प्रकार सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक अधिकारों की प्रसंविदा, 1966 के अनुच्छेद 6 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार है जो मरीज को भी प्राप्त है। इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार का प्रावधान है जो प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त है, इसमें मरीज भी शामिल है। मरीज को भी प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। अगर चिकित्सकीय लापरवाही के द्वारा मरीज को क्षति पहुँचती है तो यह उसके जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य विधेयक, 2009 की धारा 8 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार है जिसे चिकित्सकीय उपेक्षा द्वारा छीना नहीं जा सकता।''[2]

''मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा, 1948 के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे जीवन स्तर का अधिकार है जो स्वंय उसके और उसके परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए उपयुक्त हो। इसमें स्वास्थ्य सम्बन्धी देखरेख की उचित सुविधा तथा आवश्यक सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था का अधिकार शामिल है।

इसी प्रकार आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों के प्रसंविदा, 1966 के अनुच्छेद 12 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर पर उपभोग करने का अधिकार है। राज्य का यह दायित्व है कि वे निम्न उपाय करें:-

- प्रसवदर और शिशु मृत्युदर में कमी लाने और बच्चों के स्वास्थ्य विकास की व्यवस्था करें।
- महामारी, स्थानीय, व्यावसायिक तथा अन्य रोगों की रोकथाम, इलाज और नियंत्रण करें।
- बीमार होने पर सभी के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों का समावेश करें।

महिलाओं के स्वास्थ्य के अधिकार के संदर्भ में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार के भेदभाव की समाप्ति के लिए अनुच्छेद 12 के अनुसार प्रत्येक महिला को बिना लिंगभेद के समान स्वास्थ्य का अधिकार प्राप्त होगा। खासकर गर्भवती महिलाओं एवं दूध पिलाने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण का समुचित उपाय किया जाएगा तथा उनके लिए राज्य द्वारा नि:शुल्क जांच एवं परिक्षण तथा उपचार की व्यवस्था होगी।[3]

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 एवं सातवीं अनुसूची की सूची - 2 राज्य सूची की प्रविष्टि संख्या 6 में हैं जोकि राज्य का विषय है और इस पर राज्य कानून बना सकते हैं।''[4]

The World Health Organisation has strongly argued for a human rights-based approach to health to overcome the persistence of discrimination and rights abuses.[5]

भारत सरकार तथा राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चलाये जा रहे कुछ कार्यक्रम इस प्रकार हैं जिस पर एक नजर डालना आवश्यक प्रतीत होता है:-

1. ***जनसंख्या नीति सम्बन्धी कार्यक्रम:*** जनसंख्या वृद्धि का कारण राज्य की विशेष भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि है। यहाँ का दो तिहाई भाग बाढ़ प्रभावित इलाके से घिरा है। महिला साक्षरता यहाँ 33.12 प्रतिशत है। महिलाएँ आज भी संस्थागत प्रसव की अपेक्षा दाई द्वारा प्रसव करने पर ही अधिक महत्व देती हैं। ग्रामीण इलाके में कुछ स्थानों पर तो चिकित्सालयों की व्यवस्था भी नहीं है, लेकिन जिन स्थानों पर व्यवस्था है वहाँ भी संस्थागत प्रसव एक चुनौती है। इसके पीछे मूल कारण लोगों में जागरूकता का अभाव है। ग्रामीण इलाके पूरी तरह असुरक्षित हैं। यही वजह है कि बिहार में पैदा होने वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवित रहने की पूरी गारंटी नहीं है। कम आयु में विवाह तथा लड़का पैदा करने की चाह के कारण भी बिहार में जन्मदर तथा शिशु मृत्यु दर अधिक रहा है। परिवार कल्याण की आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध करवाकर परिवार सीमित करने के लिए संरक्षित किया जा रहा है। टीकाकरण एवं विशेष टीकाकरण अभियान भी चल रहे हैं। बिहार में कुछ ऐसे भी अभियान चल रहे हैं, जो अन्य प्रदेशों से एकदम अलग हैं। इन अभियानों के जरिए आम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँच रही है।

2. ***चिकित्सा सुविधा:*** जब हम चिकित्सा सुविधा की ओर दृष्टिपात करते हैं तो देश में प्रखण्ड स्तर पर ही प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र की व्यवस्था है। एक प्रखण्ड में दो से ढ़ाई सौ तक गाँव हैं। ऐसे में लोगों को प्राइवेट चिकित्सालयों का भी सहारा लेना पड़ता है। जहाँ वर्ष 1991 में जन्मदर 36.

8 प्रतिशत और मृत्युदर 11.8 प्रतिशत थी, वर्ष 1997 में जन्मदर 34.6 प्रतिशत तक पहुँच गई। अगर देखा जाए तो बिहार में चिकित्सा सुविधा की स्थिति मिलाजुलाकर ठीक नजर आती है परन्तु यहाँ जागरूकता व जानकारी का अभाव है। सभी जिलों में अर्थात सभी 38 जिलों में जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल या सदर अस्पताल की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त 534 प्रखण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था है। जिस प्रखण्ड की जनसंख्या बहुत अधिक है उस प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र की स्थापना की गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, कम्पाउण्डर तथा दवायें व रहने के लिए कमरों का निर्माण कराया गया है। बिहार में अब ये सभी सुविधायें राज्य स्वास्थ्य समिति संचालित कर रही है फलत: जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त बिहार में 7 मेडिकल कॉलेज हैं जहाँ ओपीडी की व्यवस्था व अनेक तरह की सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गयी है। सरकार के द्वारा इसी वर्ष फरवरी माह में लिए गए निर्णय के अनुसार ''प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ न्यू हेल्थ सब सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित होंगे, पाँच हजार की आबादी वाली क्षेत्रों में एक न्यू हेल्थ सब सेंटर बनेगा। इस प्रकार राज्य में 18 हजार न्यू सब सेंटर बनेंगे।

तीस हजार की आबादी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनेगा। इसलिए दो हजार पीएचसी की स्थापना का लक्ष्य है, एक लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होगी, जिलों में चल रहे अस्पतालों को 500 बेड और 67 अनुमण्डलों में चल रहे अनुमंडल अस्पतालों को 100 बेड रखने का लक्ष्य रखा गया है।''[6]

3. *राजीव गाँधी ग्रामीण मेडिकल मोबाइल यूनिट:* यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में इसकी इकाइयों को स्वीकृत किया गया है। विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों के लिए दो इकाई और अन्य जिलों के लिए एक मोबाईल यूनिट के तहत दो वाहन निर्धारित किए गए हैं जिनमें से एक चिकित्सा दल के भ्रमण, जबकि दूसरा वाहन चिकित्सकीय परीक्षण के लिए प्रयोग में लाया जाता हैजिसमें इसीजी, एक्सरे तथा अल्ट्रासाउण्ड जैसे स्वास्थ्य परीक्षण उपकरणों की व्यवस्था होती है साथ ही दवाएँ भी मौजूद रहती है। दोनों वाहनों के लिए गाँवों को निर्धारित किया जाता है, जहाँ शिविर का आयोजन होता है। मासिक आधार पर ये वाहन संबंधित गाँव में पहुँचते हैं और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं। सभी सेवाएँ राज्य सरकार की ओर से नि:शुल्क हैं। इसके तहत प्रमुख रूप से प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य, प्राथमिक उपचार, संक्रामक रोगों की रोकथाम, परिवार कल्याण, लैंगिक स्वास्थ्य के अलावा आपातकालीन सेवाएँ प्रदान की जाती है। हर यूनिट के चिकित्सा दल में चिकित्सक, नर्स, लैब टेक्निशियन, कम्पाउंडर, वाहन चालक एवं एक सहायक को शामिल किया गया है। इस योजना की निगरानी की जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य समिति को दी गई है साथ ही कुछ गैर-सरकारी संगठनों से भी सहायता ली जा रही है। इस योजना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन होने से उन्हें काफी राहत मिली है। पहले इलाज के लिए दूरदराज़ के कस्बों में स्थित चिकित्सालयों तक जाना पड़ता था, लेकिन अब सभी स्वास्थ्य सुविधाएं खुद गाँव तक पहुँच जाती हैं। ग्रामीण जन समुदाय में एक उम्मीद रहती है कि जैसे ही उनके गाँव का नबंर आएगा, पूरी टीम यहाँ मौजूद मिलेगी। यह बिहार के खासतौर से मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा, पूर्णिया तथा कटिहार तथा सीमावर्ती जिलों एवं बाढ़ प्रभावित इलाकों को इससे कफी लाभ मिला है।

4. *भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई:* राजीव गाँधी ग्रामीण मेडिकल मोबाइल यूनिट की तरह ही राज्य में भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई का भी संचालन हो रहा है। इसकी स्थापना 1956 में

ही कर दी गई थी। यह इकाई बिहार के ग्रामीण इलाके में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करती है। इकाई की ओर से आमतौर पर हर वर्ष सितम्बर से मई तक शिविर लगाए जाते हैं। इसमें त्वचा की गाँठे, ट्यूमर, हार्निया, एपेंडिक्स, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट, बांझपन, नाक, कान तथा आँखों की बीमारियों जैसे समस्याओं के ऑपरेशन आदि की सुविधा उपलब्ध है।

5. *मुख्यमंत्री सहायता कोषः* राज्य सरकार द्वारा चौबीस हजार रूपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रहे परिवारों, जो बीपीएल की चयनित सूची में नहीं है, उन्हें गंभीर रोगों के निदान/उपचार पर होने वाला व्यय मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिया जाता है। इस वर्ग के परिवारों को उपचार की शत-प्रतिशत राशि का लगभग 40 प्रतिशत स्वीकृत करने का प्रावधान किया है। माननीय मुख्यमंत्री के आदेशानुसार अधिक राशि भी स्वीकृत की जा सकती है। चौबीस हजार रूपये तक वार्षिक आय अर्जित करने वाले परिवारों को, जो बीपीएल की चयनित सूची में नहीं हैं, उन्हें निदान/उपचार पर व्यय राशि शत-प्रतिशत नहीं देकर उनकी सहायता निम्न मापदंडों के अनुसार दी जाती है -

क. हृदय के एक वाल्व परिवर्तन हेतु अधिकतम तीस हजार रूपये।

ख. बाईपास सर्जरी या दो वाल्व परिवर्तन पर अधिकतम पचास हजार रूपये।

ग. किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अधिकतम पचास हजार रूपये।

घ. कैंसर के इलाज के लिए अधिकतम पचास हजार रूपये।

6. *धनवंतरी एम्बुलेंस योजना* -देश की जनता को आपात्कालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए धनवन्तरी एम्बुलेंस सेवा चलाई जा रही है। यह राज्य सरकार व ईएमआरआई, के सहयोग से चलाया जा रही है। इसके अर्न्तगत जनता की ओर से डायल 102 की सेवा की व्यवस्था की गई, जिसमें 8345 एम्बुलेंस कार्यरत हैं। कॉल के 25 मिनट के अंदर संबंधित स्थान पर एम्बुलेंस पहुँच जाती है। वर्ष 2008-09 में कुल 150 एम्बुलेंस प्रदेश की जनता की सेवा में लगाई गई।

केन्द्र सरकार की ओर से ग्रामीण इलाके के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाएँ बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक तमाम चिकित्सक एमबीबीएस की डिग्री लेने के बाद शहर छोड़ देते थे। वे ग्रामीण इलाके के बजाए शहरी इलाके में ही प्रैक्टिस करना पसंद करते थे। इसके लिए वे किसी न किसी तरह अपना ट्रांसफर शहरी क्षेत्र में करा लेते थे। अब ग्रामीण इलाके की सेवा देने वाले डॉक्टरों को स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश पर 25 फीसदी आरक्षण देने की तैयारी है। भारतीय चिकित्सा परिषद् (एमसीआई) ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को यह प्रस्ताव भेजा है। इतना ही नहीं, परिषद की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सेवा बेहतर बनाने और डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए कुछ अन्य प्रस्तावों पर भी विचार चल रहा है।[7]

7. *राष्ट्रीय घेघा रोग नियंत्रण कार्यक्रमः* "National Goitre Control Programme" भारत में आयोडीन की कमी से उत्पन्न होने वाले घेघा तथा अन्य बढ़ते विकारों के साथ आयोडीन की कमी संपूर्ण विश्व में है। आज 130 देशों और लगभग 740 मिलियन लोग या इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि पूरी आबादी का एक तिहाई भाग आयोडीन अल्पता के प्रभाव में है। आयोडिन अल्पता के कारण भारत में 6.1 करोड़ व्यक्ति इन्डेमिक तथा 88 लाख लोग मानसिक ह्रास से प्रभावित है। भारत के 25 राज्यों एवं पाँच संघीय प्रदेशों के 282 जिलों के 10% से भी अधिक आयोडीन संबंधी समस्याएँ पायी गई है। आयोडीन अल्पता के कारण मनुष्यों में घेघा रोग के अतिरिक्त मानसिक अवसाद तथा नेत्र, श्रवण और दोषपूर्ण आवाज उत्पन्न होती है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा घाटी में आयोडीनकृत नमक के सफल प्रयास के बाद 1962 में भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय घेघा रोग नियंत्रण कार्यक्रम "National Goitre Control Programme" की स्थापना की गई। इस

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयोडीन रहित नमक वितरण को बंद करना तथा नमक का आयोडीनीकरण करना था, लेकिन लगभग 30 वर्षो के बाद 1994 में भारत सरकार ने ''राष्ट्रीय घेंघा रोग नियंत्रण कार्यक्रम के स्थान पर' राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम (एन०आई०डी०सी०पी०) को स्थापित किया है जिसका मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है।[8]

1. साधारण नमक के स्थान पर आयोडीनीकृत नमक उपलब्ध कराना।
2. आयोडीन की कमी से होने वाले रोगों के विस्तार का पता लगाने का सर्वेक्षण करना ।
3. आयोडीन युक्त नमक की गुणवता की मॉनेटेरिंग करना तथा मूत्रीय आयोडीन उत्सर्जन पैटर्न का आकल्न करना।
4. आयोडीनयुक्त नमक के प्रभावों के आकलन करने के लिए प्रत्येक पाँच वर्षो के अंतराल पर पुनः सर्वेक्षण करना।
5. शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रचार करना।

उपरोक्त सभी रोकथाम और प्रयासों के बावजूद भारत में अबतक मात्र 36% लोगों को ही शुद्ध आयोडीनयुक्त नमक उपलब्ध हो रहा है शेष अभी भी 64% लोग आयोडीनयुक्त नमक की उपलब्धता और शुद्धता से दूर हैं। वैसे आज भी 17 राज्य तथा पाँच संघीय प्रदेशों (Union-Territories) में साधारण नमक पूर्णतः प्रतिबंधित है।

सन् 1992 ई0 में घेंघा रोग नियत्रण कार्यक्रम को राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता डिजआर्डस नियंत्रण के कार्यक्रम (National Iodine deficiency Control programme, NID DCP) के रूप में पुनः नामकरण किया गया। 1984 में केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद् के अनुसंशा को 1992 में केन्द्र सरकार ने यूनिवर्सल आयोडाइजेशन ऑफ साल्ट (Universal Iodization of salt) की पूर्ति के उद्देश्य से निर्णय लिया तथा केन्द्रीय उद्योग विभाग में नमक विभाग को स्थापित किया गया । इसके अतिरिक्त रा०आ०अ०डी०नि० कार्यक्रम को प्रधान मंत्री के 20 सूत्री कार्यक्रम में संलग्न किया गया तथा अआयोडीनीकृत नमक (Non Iodated Salt) को 29 राज्यों तथा संघीय प्रदेशों में बिक्री हेतु प्रतिबंधित किया गया।

8. सूक्ष्मपोषक तत्व कुपोषण पायलट परियोजना "Micronutrient malnutrition pilot project": लोहे, आयोडीन, जिंक तथा फ्लोरीन (Flourine) जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कुपोषणता के निवारण हेतु 1995 में असम के साथ-साथ बिहार, बंगाल, गुजरात तथा उड़ीसा में सूक्ष्म पोषक तत्व कुपोषण पायलट परियोजना (Micronutrient malnutrition Pilot Project) को प्रारम्भ किया गया है जो एन० आई० डी० डी० सी० पी० (NIDDCP) के साथ संलग्न है।

उद्देश्य (Objectives): सूक्ष्मपोषक तत्व कुपोषण पायलट परियोजना का उद्देश्य निम्नलिखित है।

1. निर्धारित परियोजना के अंतर्गत फ्लोरोसिस "Flourosis" तथा दंत-क्षरण "Dental Carries" के साथ आयरन तथा विटामिन ए अल्पता का निर्धारण।
2. स्कूल जाने वाले बच्चे, किशोरों, लड़के, लड़कियों, सामान्य महिला "Non-pregnant woman", वयस्क पुरूषों तथा बड़े समुदाय हेतु आयरन तथा विटामिन ए का निर्धारण तथा विकसित करना।
3. जन-समुदाय के आहारीय स्वभाव को विकसित करने हेतु संचार माध्यम "Mass Media" के द्वारा सूचनाओं तथा शिक्षा संचारण।

4. विभिन्न भोज्य उत्पादों "Food Products" तथा मिट्टी मे जिंक स्तर का अध्ययन ।
5. देश में समान रूप से क्रियाशील योजनाओं के साथ सामंजस्य रखना ।

विचार "Comments":-

1. रेलवे तथा सड़क के द्वारा आयोडीनीकृत नमक के यातायात को सबल बनाने की आवश्यकता है।
2. भारत सरकार तथा अंतराष्ट्रीय संगठनों के द्वारा आयोडीन अल्पता डिजआर्डस "Iodine deficiency disorders" के निर्धारण के मार्गदर्शन में अंतर पाया गया।

9. नेशनल डायबीटिज नियंत्रण प्रोग्राम "National Diabetes Control Programmes": मधुमेह दीर्धअवधि का चयापचयी रोग है जो अल्प इन्सुलिन स्त्राव, दोषपूर्ण अग्नाशय तथा रक्त में ग्लूकोज (ळसनबवेम) सान्द्रता सामान्य से अधिक होने पर उत्पन्न होता है । 1995 के एक अध्ययन के अनुसार विश्व स्तर मधुमेह रोग 4% है लेकिन शोधकर्त्ताओं के अनुसार मधुमेह रोगियों की स्थिति आनेवाला 2025 तक 5.4% होने की संभावना है। ऐसे ही एक अन्य अध्ययन के अनुसार विकासशील देशों में इसको 10-20% तक पहुँचने की स्थिति है। इस रोग से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति का 4510 - 7200 रूपये प्रतिवर्ष खर्च होता है। इस प्रकार इस रोग को दीर्धकालिक होने के कारण परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके अतिरिक्त डायबीटिज के कारण 21.4% हृदय रोग, 17.5% न्यूरोपैथी (Neuropathy), 6.3-30% पेरिफेरीयल वाहिनी रोग, 19.0% रेटिनापैथी (Retinopathy) तथा 6.3 माइक्रोएल्बुमीना जैसा रोग हो जाता है उपरोक्त जैसे कारणों के आधार पर भारत सरकार ने 1987 में साँतवीं पंचवर्षीय योजना में राष्ट्रीय डायबिटीज नियंत्रण प्रोग्राम (National Diabetes Control Programmes) की शुरूआत किया। इस योजना के शुरूआती दौर में जम्मू-काश्मीर, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ जिलों तक ही सीमित रखा गया था जो धन राशि के अभाव में कुछ वर्षों तक संचालित होने के बाद बीच के वर्षों में स्थगित रहा लेकिन 1997-1998 में इस परियोजना के लिए एक करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया था।[9]

उद्देश्य (Objectives):-राष्ट्रीय मधुमेह नियंत्रण प्रोग्राम के निम्नलिखित उद्देश्य हैं।

1. मधुमेह से उत्पन्न रोगों की पहचान कर मधुमेह की रोकथाम और स्वास्थ्य शिक्षा हेतु प्रारम्भिक प्रवेश।
2. रोग की प्रारम्भिक पहचान तथा इससे उत्पन्न रोगों से मरने वालों की उचित चिकित्सा।
3. दीर्घकालिक चयापचय, हृदय रोग, गुर्दे रोग तथा नेत्र में उत्पन्न जटिलताओं की रोकथाम।
4. समान अवसर प्रदान करने के लिए शारीरिक स्वास्थ्यता और विद्यालयों में होने वाले क्रिया कलापों में भाग लेना।
5. मधुमेही विकलांग व्यक्ति को पुनःवासित करना।

10. राष्ट्रीय न्यूट्रीसनल एनिमिया प्रोफाइलेसिस कार्यक्रम (National Nutritional Anaemia Prophylaxis Programme):- राष्ट्रीय न्यूट्रीसनल एनिमिया प्रोफाइलेसिस कार्यक्रम का निम्नलिखित उदेश्य है।[10]

1. 6-60 माह तक के बच्चे को 20 मि0ग्रा0 एलीमेंटल आयरन देना तथा प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन 100 मि0ग्रा0 फोलिक अम्ल को सुरक्षित तथा प्रभावकारी माना गया है।
2. राष्ट्रीय आई0 एम0 एस0 सी0 आई0 के मार्गदर्शन को अनुसरण करना।
3. 6-60 माह के बच्चों के लिए 20 मि0ग्रा0 एलिमेंटल आयरन तथा 100 mcg.-फोलिक अम्ल/मी0 ली0 धारण करनेवाले द्रव को ग्रहण कराना।

4. एनिमिया की समस्याओं को पता करने हेतु नीति तथा बहुसंख्य चैनलों की आवश्यकता महसूस की गई ।
5. गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी इसे जारी रखने के लिए अनुसंशीत की गई ।
6. 6-10 वर्ष आयु वाले स्कूली बच्चों तथा 11-18 वर्ष आयु वाले नवयुवकों /नवयुवतियों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत रखा गया।
7. एक वर्ष में 100 दिन 6-10 वर्ष आयु वाले बच्चे को 30 मि0ग्रा0 एलिमेन्टल आयरन तथा 250 मि0ग्रा0 फोलिक अम्ल प्रति बच्चा दिया जाये ।
8. 11-18 वर्ष के किशोरों (Adolescents) के समान अवधि तक खुराक देना। किशोरियों (Adolescents) को भी प्राथमिकता में रखा गया है।

राष्ट्रीय न्यूट्रीसनल एनिमिया कार्यक्रम के द्वारा जिस कमी को दूर करने का प्रयास किया गया था। वह संयोग से दोषपूर्ण वितरण प्रणाली, लाभार्थियों के द्वारा अनियमित अंतग्रर्हण और समाज/समुदाय के द्वारा एनिमिया के हुए परिणामों के प्रति जागरूकता और आशाओं के पूर्त्तिके आभाव के कारण पूरा नहीं हेा सका। अत: आवश्यकता है कि इस कार्यक्रम की ऋटियों को दूर करके पुन: प्रारम्भ किया जाए।

11. राष्ट्रीय राजयक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम (National Tuberculosis Control Programme):- राजयक्ष्मा रोग की शीघ्र पहचान तथा उसकी चिकित्सा हेतु भारत सरकार ने 1962 में राष्ट्रीय राजयक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम (National Tuberculosis Control Programme) को स्थापित किया। इस कार्यक्रम को जिला राजयक्ष्मा केन्द्र तथा प्राइमरी स्वास्थ्य संस्थाओं के द्वारा संचालित किया जाता है। जिला राजयक्ष्मा कार्यक्रम का पर्यवेक्षण तथा सम्नवयता को राजकीय यक्ष्मा संगठन सहयोग एवं समर्थन देता है। ऐसा कार्यक्रम भारत के अधिक से अधिक जिलों में क्रियान्वित है लेकिन अब धीरे-धीरे इस कार्यक्रम को DOT के द्वारा स्थानान्तरित किया जा रहा है।[11]

योजना (STRATGY) रू. राष्ट्रीय राजयक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम (National Tuberculosis Control Programme) का निम्नलिखित उद्देश्य है-

1. सर्व प्रथम रोग की पहचान तथा चिकित्सा एवं संक्रमणीय राजयक्ष्मा को असंक्रमणीय स्थिति में परिवर्तित करना तथा चिकित्सा तथा नियंत्रण के द्वारा असंक्रमणीय को संक्रमित होने से रोकना ।
2. थूक (Sputum) निरीक्षण तथा रेडियोलोजी (Radiology) के द्वारा रोग पहचान
3. प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा मुफ्त चिकित्सा ।
4. प्रत्येक जिला में जिला राजयक्ष्मा केन्द्र स्थापित करना।
5. संक्षिप्त कीमोथेरापी पाठ्यक्रम को विस्तारीकरण।

12. एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (Aids Control Programme):

1. सन् 1986 में भारत वर्ष में पहली बार एड्स संक्रमित व्यक्ति की पहचान की गई । इसी वर्ष आई०सी०एम०आर०, हैदराबाद के तत्वाधान में एड्स टास्क फोर्स (Aids Task-force) गठित की गई और सचिव, स्वास्थ एवं परिवार, कल्याण की अध्यक्षता में नेशनल एड्स कमिटि (National Aids Committe, NAC) को स्थापित किया गया।
2. प्रोग्राम फॉर प्रीभेनसन ऑफ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमीसन (Programme for prevention of mother to child transmission): इस कार्यक्रम का उद्देशय HIV संक्रमित गर्भवती

महिलाओं के बच्चों में एच०आई०भी० संचरण को रोकना । इसलिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं में एच०आई०भी० संक्रमण की जाँच की जाती है और एच0 आई0 वी0 पोजेटिव (HIV Positive) महिला को दवा और उचित परामर्श दिया जाता है। इस कार्यक्रम को बाद के समय में भोलूनटरी कॉनसेलिंग एन्ड टेसटिंग सेंटर (Voluntary Counselling and testing centre) के साथ संलग्न करके इन्टीग्रेटेड कॉन्सेलिंग एन्ड टेस्टिंग सेंटर (Intergrated Counselling and testing centre) का निर्माण किया गया। जिसकी शाखाओं की संख्या 2006 तक 3,395 थी । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 100% गर्भवती महिलाओं की देखरेख की जाती है।

3. एन्टी रिट्रोवायरल थेरॉपी प्रोग्राम (Antiretroviral therapy programme): इस कार्यक्रम की शुरूआत अधिकतम एच०आई०भी० संक्रमित राज्यों में अप्रैल 2004 में की गई और दिसम्बर 2006 में 107 एन्टी रिट्रोवायरल थेरॉपी केन्द्रों के माध्यम से 56,000 रोगियों को प्रथम स्तरीय रिट्रोवायरल प्रतिरोधी (Anti Retroviral) दवा प्रदान की गई।
4. प्रीभेन्सन ऑफ पैरेन्ट चाइल्ड ट्रासंमिसन (Prevention of parents to child transmission):- इस कार्यक्रम की शुरूआत देश के उन पाँच राज्यों के ग्यारह अस्पतालों में प्रारम्भ किया गया जिन राज्यों में अधिकतम एच०आई०भी० संक्रमण है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत एच०आई०भी० पोजेटिव (HIV Positive) माताओं को नेभीरापाइन (Nevirapine) रिट्रोवायरल प्रतिरोधक की एक खुराक दवा प्रसव पूर्व तथा शिशु जन्मोपरांत अविलम्ब दिया जात है ताकि इन माताओं के द्वारा उनके होने वाले बच्चों में एच०आई०भी० का संक्रमण नहीं हो सके।
5. संक्रमित गर्भवती महिला की चिकित्सा (Treatment for pregnant women):- गर्भवती महिला की चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य भविष्य में आने वाले बच्चों को एच०आई०भी० के संक्रमण से बचाना होता है। इस स्थिति में गर्भधारण के 34 वें सप्ताह से गर्भवती स्त्री को दवा ग्रहण कराना प्रारम्भ कर दिया जाता है। इस प्रकार की औषधी को मुँख के द्वारा भी ग्रहण किया जाता है। सामान्य रूप से माताओं के द्वारा शिशुओं में रिट्रोवायरस (Retrovirus) के संचरण को रोकने के लिए नेभरापाइन (Neverapine) तथा जिडोभूडाइन (Zidovudine) दवा दी जाती है लेकिन यह मिश्रित दवा मात्रा 2% ही संचारण को रोक पाता है। प्रसव के बाद शिशु के वजन के अनुसार नेभरापाइन (Neverapine) तथा 6 सप्ताह की आयु तक के बच्चो को AZT देना चाहिए। ऐसे नेभरापाइन (Neverapine) की एक खुराक ही इस अवस्था में कफी कारगार होता है।
6. राष्ट्रीय एड्स कंट्रोल प्रोग्राम (National Aids Control Programme):- एड्स रोग की संक्रमण, संचरण, नियंत्रण तथा रोकथाम के लिए भारत सरकार अनेकों अंतराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से तीन विभिन्न अवधि वाले राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों (Phase) को कार्यान्वित किया। जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है।[12]

   (i) प्रथम चरण, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (First-phase, National Aids control programme) रू. इस चरण का अवधि 1992-1999 था जिसका उद्देश्य भ्प्ट संचारण को रोकना, एच०आई०भी० संक्रमण से उत्पन्न अस्वस्थता (Morbidity) तथा मृत्यु (Mortality) को कम करना तथा सामाजिक आर्थिक कारक के द्वारा एच०आई०भी० के प्रभावों को कम करना रखा गया । इस कार्यक्रर्म को पूरा करने के लिए निम्नलिखित राशि प्राप्त की गई।

सहयोग	*राशि (Amounts)*	*(Contribution)*	*मिलियन*
1. भारत सरकार	27.5		
2. डब्लू०एच०ओ०	2.2		
3. आई०डी०ए०	84.2		

(ii) द्वितीय चरण, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम(Second phase, National Aids control programme): प्रथम चरण एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नवम्बर 1999 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारम्भ किया गया जिसकी अवधि पाँच वर्षो 1999-2007 रखा गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय ऐजेन्सियों से लगभग 200 करोड़ धन राशि प्राप्त की गई। जिसकी अनुदान की सूची नीचे दर्शाय जा रहा है।

दाता (Donar)	*राशि (करोड़ में)*
1. जी०ओ०आई० (GOI)	196
2. विश्व बैंक (World Bank)	959
3. ग्लोबल फंड (Global Fund)	122.74
4. सी.आई.डी.ए. (CIDA)	37.81
5. यू.एस.ए.डी.पी. (USAID)	230.58
6. यू.एन.डी.पी. (UNDP)	6.47
7. डी.एफ.आई.डी. (DFID)	487.4
8. एयू.एस.ए.आई.डी. (AUSAID)	24.65

द्वितीय राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में एड्स रोग की जागरूकता, इससे होनेवाली हानियाँ और रोकथाम के संबंध में 25 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए इलेक्ट्रोनिक मिडिया, प्रिंट मिडिया तथा लोक कला (Folk - Art) के कार्यक्रमों को आयोजित करना समावेशित किया गया था। इसके अतिरिक्त स्कूल, महाविद्यालय और युवा केन्द्रों पर एड्स संबंधित कार्यक्रम को स्थापित करना । इस चरण के अंत में 82 रक्त कम्पोनेन्ट सेपरेशन केन्द्र (Blood component separation centre) तथा 1230 रक्त कोष (Blood- Bank) को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया। रक्त में एच०आई०भी० संक्रमण की परीक्षण के साथ-साथ दान (Donated) किए गए रक्त में हीपेटाइटिस सी० (Hepatitis C) की जाँच की भी व्यवस्था तथा रक्त संचरण के माध्यम से एच० आई० भी० संक्रमण को 2% कम करने संकल्प लिया गया था।

(iii) तृतीय चरण, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (Third phase, National Aids control programme): इस कार्यक्रम की अवधि 2007-2012 रखा गया तथा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगातार देखभाल, सहयोग (Support)ए चिकित्सा तथा नियंत्रण के माध्यम से इस पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष 40% प्रभावी समूह तथा 60% उच्च संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में कमी लाना निश्चित किया गया। इस चरण में विभिन्न श्रोतों से प्राप्त राशि का विवरण नीचे दिया जा रहा है।

आवंटित तथा संग्रहित राशि

स्त्रोत	*राशि कोड*	*(Source)*	*(Amount)*
1. केन्द्रीय वजट	2861		
2. विश्व बैंक	1328		
3. डी.एफ.आई.डी.	808		
4. जी एफ ए टी एम	1797		
5. यू एस ए आई टी	225		
6. ई. ए. सी.	4148		

7. तृतीय चरण, राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम का उदेश्य :-तृतीय चरण, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के निम्नलिखित उदेश्य हैं।

1. कंडोम (Condom) :- इस चरण के पाँच वर्षो के अवधि में प्रतिवर्ष 3.5 बिलियन(Billian) कंडोम को STIèRTI क्लिनिकों, मार्केटिंग, डाक-घरों तथा ग्रामीण बैंकों के माध्यम से वितरण करने का उद्देश्य रखा गया । देश के उन आठ राज्यों में जहाँ एच०आई०भी० संक्रमण अधिक है वहाँ महिला कंडोम की उपलब्धता तथा स्वीकारोप्ति के मूल्यांकन की बात सोची गई ।

2. सुरक्षित रक्त (Safe-blood):-इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्त को सुरक्षित रखना तथा उनमें आने वाले संक्रमण को कम करके 0.5% लाना एवं सुरक्षित और गुणवता पूर्ण रक्त को आवश्यकता के अनुरूप एक घंटे के भीतर उपलब्ध करना । इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष रक्त की आर्पूति 4.4 मिलियन इकाई(Millian Units) तथा माँग 8.5 मिलियन इकाई (Millian Units) के बीच एक कड़ी का कार्य करना तथा रक्त की गुणवता को बढ़ाना।

3. परामर्श तथा जाँच (Counselling and Testing): परामर्श(Counselling) तथा जाँच प्रक्रिया एच०आई०भी० संक्रमण के नियंत्रण की आवश्यक पहलू है। इसलिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 2012 तक 22 मिलियन लोगों को परामर्श तथा जाँच करने का लक्ष्य रखा गया था।

4. प्रोफाइलेटिक चिकित्सा (Prophylatic-treatment): इस कार्यक्रम के रोगियों के बीच कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को रोग निरोधक औषधियों को देना तथा एच०आई०भी० संक्रमण तथा एच०आई०भी० पोजेटिव (HIV Positive) गर्भवती महिलाओं को प्रोफाइलेटिक औषधि देना साथ ही सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र तथा निजि क्षेत्रों को सहयोग देने का प्रस्तावदिया गया तथा शिशुओं में 50 प्रतिषत संक्रमण को 2010 तक कम करने का लक्ष्य रखा गया।

5. देखभाल, सहारा तथा चिकित्सा (Care, Support and treatment): इस कार्यक्रम के अंदर एड्स रोगों के दौरान होने वाले फंगल(Fungal) तथा टयूबरक्लोसिस (Tuboerculosis)

जैसे अवसरवादी रोगों एवं चिकित्सीय परिधि में आने वाले बच्चों तथा व्यस्कों को प्राथमिक चिकित्सा के रूप में प्रतिरोधी रिट्रोवारल चिकित्सा करना एवं साथ ही साथ कम से कम 2011 तक 3 लाख लोगों को ए0आर0टी0(ART) की चिकित्सा देने की लक्ष्य रखा गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी एच०आई०भी०/एड्स केन्द्रों को जोड़ने तथा उप-जिला एवं सामुदायिक स्तर पर श्रेणिबद्ध करने का योजना बनाया गया। जिसके अन्तर्गत भारत के 611 जिलों को चार कोटि में विभाजित किया गया। संक्रमता प्रभावित आधार पर कंडोम, एच०आई०भी० संक्रमण हेतु विचार एवं जांच, पी.पी.टी.सी.सी.टी. (PPTCCT) सुविधाएँ, STD चिकित्सा तथा अवसरवादी संक्रमण की चिकित्सा को विभिन्न प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रों पर विकसित करने का उद्देश्य रख गया। इसके अतिरिक्त 2007 में उपलब्ध एन्टी रिट्रोवायरल थेरापी (AntiRetroviral Therapy) 127 केन्द्रों को 2012 तक 250 करने की योजना बनायी गई। इसके अतिरिक्त एच०आई०भी० संक्रमित बच्चे की शुरूआती रोग पहचान तथा चिकित्सा, उनके देखरेख के लिए मार्ग-दर्शन विकसित करना तथा इन बच्चों को सामाजिक सहारा हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को जोड़ना इत्यादि।

13. राष्ट्रीय आरोग्य निधि: इस कार्यक्रम का गठन 1997 में किया गया है जिसके द्वारा गरीबी रेखा के नीचे गुजर रहे लोगों को चिकित्सीय आर्थिक सहायता दी जाती है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अत्याधिक गंभीर बीमारियों से ग्रस्त गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले वैसे व्यक्ति को आर्थिक सहायता दिया जाता है जो सरकारी चिकित्सालयों में अपना चिकित्सा करा रहे होते हैं। यह व्यवस्था स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा संचालित होती है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य को राज्य बीमारी सहायता निधियों को गठित करने के लिए वित्तीय सहायता चक्रण निधि को अन्तर्गत भुगतान किया जाता है। वर्तमान में सरकार श्रीमती सुचेता कृपाली हॉस्पीटल, ऑल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल सांइसेज, नई दिल्ली, पीजीआईएमआर, चंडीगढ़, जेआईपीएमईआर, पांडिचेरी, एमआईएनएचएएनएस, बंगलौर, सीएनसीआई, कोलकाता, संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंरटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंज, लखनऊ, आरआईएमएस, इम्फाल, एनईआईजीआरआइएचएमएस, शिलांग और सीआईपी, राँची के चिकित्सा अधीक्षकों को ऐसे रोगियों के लिए राशि मुहैया करायी है जिसे भविष्य में विस्तारित होने की संभावना है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत डेढ़ लाख रूपये तक की स्वीकृत एवं अग्रेतर कारवाई हेतु "राज्य बीमारी सहायता निधि" द्वारा दिया जाता है लेकिन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देष के उन राज्यों जहाँ ऐसी व्यवस्था अबतक नहीं की गई है वहाँ वित्तीय स्वीकृत "राष्ट्रीय आरोग्य निधि" के द्वारा होनी होती है। इस योजना के अन्तर्गत वैसे रोगी जो कफी ही गंभीर रोगों से ग्रस्त है और उनको उपरोक्त स्वीकृत राशि के अतिरिक्त चिकित्सा हेतु अधिक राशि की आवश्यकता होती है उस उपरोक्त राशि के प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय आयोग्य निधि के द्वारा लेना होता है। इसमें आवंटित होने वाली राशि को सरकार प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी करते जा रही है।[13]

14. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का विवेकाधीन अनुदान: यह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का विवेकाधीन व्यवस्था है। जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल में चिकित्सा एवं भर्ती हुए गरीबी रेखा के नीचे आने वाले वैसे लोगों की भुगतान करते हैं जो राष्ट्रीय आरोग्य निधि के अन्तर्गत नहीं है। इस राशि से रोगी के आए कुल खर्चों का कुछ भाग अदायगी हो जाती है।[14]

15. राष्ट्रीय दृष्टिदीनता नियंत्रण कार्यक्रम: यह केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम है जिसका शुरूअता 1976 ई० में की गई थी। इस कार्यछम के प्रारंभ में हीं यह संकल्प लिया गया था कि 1 प्रतिशत तत्कालिन राष्ट्रीहीनता को 2020 ई० में तक 0.3 प्रतिशत तक किया जाएगा। इसी लक्ष्य के वास्तिविक दृष्टिहीनता की दर की मूल्यांकन के लिए 2005-2006 सत्र में सर्वेक्षण किया गया जिसमें व्याप्त 1.1 प्रतिशत से कम होकर 1 प्रतिशत पाया गया। इस कार्यक्रम को और व्यापक बनाने

हेतु ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के आर्थिक मंत्रिमंडल समिति ने सहायतार्थ हेतु अनुमोदन प्रस्तावित किया है।[15]

इस कार्यक्रम के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

(क) दृष्टिहीनों का पता लगाकर तथा उनका उपचार करके दृष्टिहीनता के बैकलॉग को कम करना।

(ख) प्रत्येक जिले में व्यापक नेत्र देखभाल सुविधाओं का विकास करना ।

(ग) नेत्र देखभाल सेवाएँ प्रदान करने के लिए मानव संसाधनों का विकास करना।

(घ) सेवा परिदाय की गुणता में सुधार लाना।

(ड.) नेत्र देख-भाल में स्वैच्छिक संगठनों / निजी चित्सिकों की प्रतिभागिता प्राप्त करना ।

(च) नेत्र देखभाल के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना ।

16. राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एन.एल.ई.पी.): सन् 1955 में राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था और इसी परिपेक्ष्य में 1983 में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी जिसका उद्देश्य कुष्ठ के सभी ज्ञात मामलों को नियंत्रित करने का था। 2005 से इस कार्यक्रम को अधिक मजबूती, दृढ़ता और व्यापक में क्रियाशील करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और इन्टरनेशल फेडरेसन ऑफ एन्टी लेप्रोसी एसोसिएसन के तकनीकी सहयोग और भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। सत्र 2002-2003 से इस कार्यक्रम को जीएचसी प्रणाली के साथ एकीकरण के कारण इस रोग के निदान एवं उपचार संबंधी सेवाएँ देश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध है।[16] इस कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित है :-

1. सामान्य स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के माध्यम से विकेन्द्रीकरण एकीकृत कृष्ठ रोग सेवाएं।
2. सभी सामान्य स्वास्थ्य सेवा कार्यकताओं का क्षमता निर्माण।
3. सघन सूचना, शिक्षा और सम्प्रेषण (आईईसी)।
4. अयोग्यता और चिकित्सा पुनर्वास की रोकथाम और
5. निगरानी एवं पर्यवेक्षण ।

17. परिवार कल्याण स्वास्थ्य बीमा योजना: यह सन् 1981 से क्रियान्वित केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी प्रक्रिया को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बन्धयाकरण कराने वाले दिन के क्षतिपूर्ति के लिए राशि का भी भुगतान किया जाता है। इस योजना में नगद राशि के भुगतान के अतिरिक्त बंध्याकृत व्यक्ति को किसी भी प्रकार की उत्पन्न दोष, अक्षमता और मृत्युपरांत मुआवजा के स्वरूप स्थिति के अनुसार निम्नलिखित रूपों में भुगतान भी किया जाता है।[17]

1. मृत्युपरांत 50,000 रूपये ।
2. अक्षमता उत्पन्न होने की स्थिति में 30,000
3. शल्प-चिकित्सोपरांत गंभीर उत्पन्न जटिलताओं के निवारण हेतु 20,000

केन्द्र सरकार के उपरोक्त भुगतान के अलावे स्वयं सेवी संगठनों, एल०जी०ओ०, तथा राज्य/संघों के द्वारा वर्तमान संसाधनों के अन्तर्गत दिया जाता है।

इस योजना के संबंध में दायर परिवाद संख्या-209/2003 के अधीन सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार तथा राज्य एवं संघों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिया है।

1. बंध्याकरण प्रक्रियाएं करने के लिए डॉक्टरों / स्वास्थ्य सुविधाओं का पैनल तैयार करना और बंध्याकरण प्रक्रियाएं करने के लिए डॉक्टरों का पैनल तैयार करने के लिए मापदंड निर्धारित करना।
2. चेकलिस्ट बनाना जिसका प्रत्येक डॉक्टर द्वारा बंध्याकरण प्रक्रिया करने से पूर्व अनुपालन किया जाए।
3. बंध्याकरण कराने वाले व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने के लिए एक समान प्रपत्र तैयार करना।
4. बंध्याकरण प्रक्रियाओं के संबंध में ऑपेशन पूर्व और ऑपरेशन पश्चात दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए गुणवता आश्वासन समिति का गठन करना।
5. बंध्याकरण कराने वालों के लिए सभी राज्यों में समरूप बीमा नीति को लागू करना।

18. राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना: यह भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के द्वारा प्रायोजित योजना है जिसका शुरूआत एक अक्टूबर 2008 से इस योजना को चरणबद्ध प्रक्रिया के अन्तर्गत क्रियान्वित किया गया है तदुपरांत 2009-2010 सत्र में से इसे देश के सभी जिलों के लिए प्रभावी बनाया गया है।[18] इस योजना का विवरण क्रमवार नीचे दिया जा रहा है:-

1. इस योजना के अन्तर्गत लाभार्भियों को पंजीकरण तथा उसे पुन: नवीकरण कराने हेतु 30 रूपये प्रतिवर्ष देना अनिवार्य है।
2. इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के प्रति परिवार अंशदान के रूप में 725 रूपये भुगतान किया जाता है जिसमें केन्द्र तथा राज्य का अनुपात 75:25 होता है।
3. इस बीमा का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और उनके परिवारिक सदस्यों को रूग्नावस्था में उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे रोगियों की चिकित्सा और उपचार पूर्व निर्धारित चिकित्सालयों में की जाती है।
4. इस योजना द्वारा गरीबी रेखा के अन्तर्गत रहने वाले गर्भवती महिलाओं के प्रसव तथा उत्पन्न शिशुओं की चिकित्सा और अन्य विशेष शल्य चिकित्सा को अस्पतालों में कराने हेतु अधिकतम 30,000 रूपये तक खर्च करने का प्रावधान है।
5. इस योजना में चिकित्सा और शल्य शुल्क के देय राशि के अतिरिक्त चिकित्सा के प्रारंभ के दिनों से ही रोग परीक्षण के क्रम में आए परिवहन खर्च को भी भुगतान किया जाता है।
6. इलेक्ट्रॉनिक लेखा-जोखा के द्वारा प्राप्त आकड़ों के बाद राशि का भुगतान किया जाता है।
7. इस योजना में परिवार को इकाई मानकर पंजीकरण किया जाता है और एक परिवार इकाई में पाँच सदस्यों को ही स्वीकृत किया गया है जिसमें एक सदस्य परिवार का मुखिया, पति-पत्नी और परिवार से संबंधित तीन आश्रित इसके अन्तर्गत आते हैं। आश्रितों के संबंध में आगे स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि बी.पी.एल. के लाभार्थी बच्चे और मुखिया के माता-पिता आश्रित के श्रेणी में आ सकते हैं।
8. योजना को पुन: विस्तारित करते हुए यह प्रावधान भी किया गया है कि रोगी को अस्पताल में आने से लेकर पुन: अस्पताल से छुट्टी मिलने के अगले पाँच दिनों के भीतर अगर कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है तो उसका मुफ्त में चिकित्सा किया जाएगा।
9. इसके अन्तर्गत कम से कम कागजी प्रक्रिया, उपचार की प्रक्रिया और लागत निर्धारित करना तथा उपचार का प्रमाणीकरण और विभिन्न प्रकार के चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना।

10. योजना को मूर्तरूप में क्रियान्वित करने के लिए जनता, बीमा-कंपनी, सरकारी एवं निजी अस्पतालों और राज्य एजेन्सियों के बीच सामंजन स्थापित करना।

देशी और विदेशी स्वास्थ्य बीमा के अतिरिक्त केन्द्र सरकार भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की शुरूआत की है। जिसमें एक अध्ययन के अनुसार 12% लोग अभी तक बीमाकृत हो चुके हैं। वर्तमान में सरकार प्रत्येक परिवारों की स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम चुकाने हेतु 600 रू० प्रतिमाह देने की योजना बना रही है। जिस प्रीमियम राशि को एक वर्ष तक केन्द्र तथा राज्य सरकारों के द्वारा पूर्ण रूप से भुगतान करना होगा। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण अस्पतालों से भरपूर चिकित्सा की सुविधा मिलेगी और सर्जरी भी हो सकेगा।''

19. राष्ट्रीय वेक्टर जनित नियंत्रण कार्यक्रम (एन.वी.वी.डी.सी.पी.): यह कार्यक्रम केन्द्रीय स्थास्थ्य मंत्रालय का कार्यक्रम है लेकिन अब यह कार्यक्रम एन.आर.एच.एम. के अधीन क्रियाशील है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कालाजार, चिकनगुनिया, जापानी इन्सेफलारिस, मलेरिया और फाइलेरिया जैसे विषाणु जनित रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चलाया जाने वाला कार्यक्रम है जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है।[19]

I. मलेरिया (Malaria): मलेरिया हजारों वर्ष पुरानी संक्रमणीय एवं घातक रोग है जो सामान्य रूप से उष्ण कटिबन्ध तथा सम-शीतोषण क्षेत्रों के लोगों में होता है। यह रोग मनुष्यों में एक प्रकार के परजीवी के संक्रमण के कारण होता है जिसे प्लाजमोडियम कहा जाता है। प्लाजमोडियम की चार विशेष प्रजातियों के द्वारा मनुष्य मलेरिया रोग से संक्रमित हो जाते हैं। इन प्रजातियों में मुख्यत: प्लाजमोडियम फॉलसीपरम, प्लाजमोडियम ओभाल, प्लाजमोडियम वाइभेक्स तथा प्लाजमोडियम मलेरेई है। प्लाजमोडियम फॉल्सीपरम के द्वारा मनुष्यों में होने वाला संक्रमण खतरनाक (Serious) तथा जीवन को खतरा पैदा करने वाला (Life - threating) होता है क्योंकि चिकित्सोपरांत भी इसके संक्रमण के कारण 15 - 20% लोगों की मृत्यु हो ही जाती है जबकि उपरोक्त शेष तीन प्रजातियों के द्वारा संक्रमण कम हानिकारक होता है। विकासशील देशों के 1 से 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों की मृत्यु के कारणों में एक मुख्य कारण मलेलिया हीं होता है। प्लाजमोडियम मनुष्यों के यकृत (Liver) तथा लाल रक्त कण (Red Blood Corpuscles) और मादा एनोफ्लीज मच्छरों के आहार नाल (Gut) में वृद्धि करते हैं। मादा एनोफ्लीज मच्छर मलेरिया रोग के वाहक होते हैं। जब प्लाजमोडियम संक्रमित मादा एनोफ्लीज मच्छर किसी स्वस्थय मनुष्य को काटता है तो वैसी स्थिति में प्लाजमोडियम मनुष्यों के रक्त प्रवाह में पहुँचकर रक्त को संक्रमित कर देता है और अंत में मनुष्य को मलेरिया हो जाता है। यह रोग किसी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे तौर पर नहीं होता है।

II. चिकुनगुनिया: यह दुर्बल करने वाली गैर घातक वायरल रोग है जो तीन दशकों के बाद देश में पुन: उभरा हैं। इस रोग के कारण मृत्यु की संभावना नहीं के बराबर होती है। भारत में यह वृहत महामारी के रूप में उपस्थित है, जो एड्स मच्छर द्वारा फैलता है लेकिन ए.ई. एजिप्ति तथा ए.ई. अल्बोपिक्ट्स, दोनों की इस रोग को फैला सकते हैं। मनुष्यों को चिकुगुनिया वायरस का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है क्योंकि सामान्यत: यह रोग संक्रमित व्यक्तियों को काटने के बाद अन्य व्यक्तियों को काटने से फैलाता हैं। इस रोग का लक्षण डेंगू ज्वर में लक्षणों से काफी मिलता है। इस रोग में लंबे समय तक जोड़ों में दर्द रहता है।

वर्ष 2006 के दौरान देश के नैदानिक रूप से संदिग्ध चिकुनगुनिया के कुल 1.39 मिलियन मामले पाया गया था, जबकि अपने देश के 35 राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों में से 16 राज्य संघ राज्य क्षेत्र इस रोग से प्रभावित है।

III. डेंगू ज्वर/डेंगू हेमोरेंजिक ज्वर: डेंगू ज्वर एक संक्रामक रोग है, जो एक विशेष प्रकार के मच्छरों के कारण होता है। यह मानव निर्मित वैसे पात्रों में उत्पन्न होता है जहाँ पानी एक सप्ताह से अधिक समय तक सड़ता रहता है। तीव्र शहरीकरण, जीवन शैली में परिवर्तनों तथा त्रुटिपूर्ण जल प्रबंधन जैसे शहरी, अर्ध शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अनुपयुक्त जल भंडारण पद्धतियाँ भी इस रोग को उत्पन्न करने में सहायक होता है। यह दिन में काटने वाला तथा घरों के अंदर मिलने वाले अंधेरे में आराम करना पसंद करता है जिसकी संक्रामकता मानसून के बाद यह चरम शिखर पर होती है। इस रोग में ज्वर, सिर दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर एलर्जी, मितली तथा उबकाई होती है। इस रोग के कारण 1996 में मृत्यु दर 3.3 प्रतिशत था लेकिन सरकार द्वारा बेहतर प्रबंधन के कारण वर्ष 2009 में घटकर 0.57 प्रतिशत रह गई है।

''राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण निदेशालय ने प्रभावित राज्यों को डेंगू की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए विस्तृत मार्गनिर्देश दिए हैं। मुद्रित, इलेक्ट्रॉनिक तथा अंतर वैयक्तिक माध्म, बाह्य प्रचार के साथ-साथ सिविल समाज संगठन (एनजीओ/सीवीओ/स्व-सहायता समूह), पी.आर. आई तथा नगर निगम निकायों के साथ अंतर क्षेत्रक सहयोग के जरिए गहन स्वास्थ्य शिक्षा क्रियाकलापों पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम द्वारा नियमित पर्यवेक्षण तथा अनुवीक्षण किया जाता है। भारत सरकार ने राज्यों के साथ परामर्श करके विशेष क्षेत्रों / राज्यों में नैदानिक सुविधाओं के वर्धन के लिए प्रयोगशाला सहायता वाले 137 सेंटीनल निगरानी अस्पतालों को अभिज्ञात किया है। इसके अतिरिक्त, तत्काल निदान तथा समर्थन सहायता के लिए, 13 एपेक्स संस्थाओं को अभिज्ञात किया गया है तथा उन्हें सेटीनल निगरानी अस्पतालों के साथ संबद्ध किया गया है। इसको क्रियात्मक बनाने के लिए राष्ट्रीय विषाणु-विज्ञान संस्थान, पुणे द्वारा परीक्षण किट प्रदान किए जाते हैं तथा इनकी लागत का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। प्रचालन लागत को पूरा करने के लिए आपतिक अनुदान भी दिया जाता है।''

IV. फाइलेरिया: यह एक जन स्वास्थ्य समस्या है जो जल निकासी एवं सफाई वाले क्षेत्रों, नालियों तथा गड्ढ़ों के प्रदूषित जल में उत्पन्न तथा विकसित होता है। भारत में इसका प्रसार 20 राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के लगभग 250 जिलों में विद्यमान है। इसके द्वारा 600 मिलियन जनसंख्या को लिम्फेटिक फाइलेरियासिस होने का खतरा रहता है। यह रोग प्रभावित व्यक्तियों को व्यक्तिगत घात पहुंचाता है जिसके कारण इसे लोग सामाजिक कलंक के रूप में देखते हैं लेकिन यह घातक नहीं होता है। इस रोग के उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2020 तक रखा गया है। भारत सरकार इसके उन्मूलन के लिए वर्ष 1997 में विश्व स्वास्थ्य एसेंबली संकल्प पर हस्ताक्षर किया था।

टण्कालाजार: यह प्रोटोजोआ परजीवी लीशमानिया डोनोवानी के कारण होता है जो सैंड फ्लाई के माध्यम से फैलता है तथा छायादार, अंधेरे, नम तथा गर्म स्थलों,नर्म मृदा के दरारों तथा टैंकों, ईंटों तथा पत्थरों के ढ़ेरों में उत्पन्न तथा विकसित होता है। इसके प्रजनन की रोकथाम के लिए उचित साफ सफाई तथा स्वच्छता काफी महत्त्वपूर्ण होता है। कालाजार नियंत्रण

कार्यक्रम वर्ष 1990-91 में शुरू किया गया था। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2002) ने देश से कालाजार के उन्मूलन लिए 2010 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्मूलन के लक्ष्य प्राप्ति अनुसरण में मामला अभिज्ञान तथा उपचार अनुपालन को सुदृढ़ किया गया है तथा 39 तीव्र नैसर्गिक परीक्षण किट तथा मौखिक औषधि मिल्टेफेसिन की शुरूआत की गई है। इसके उन्मूलन के लिए विश्व बैंक बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के 46 जिलों में सहायता प्रदान कर रहा है।

इसका विशेष प्रकोप बिहार के 31, झारखंड 4, पश्चिम बंगाल 11 तथा उत्तर प्रदेश के 6 जिलो में है। 1992 में 77.079 लोग प्रभावित थे जो घटकर वर्ष 2007 में 44553 हो गया है एवं मृत्यु जहाँ भी 2007 में 1419 था वह घटकर 203 रह गए हैं।

VI. जापानी एन्सेफलाटिस: यह जुनोटिक रोग है जो क्यूलेन्स समूह से संबंधित रोगाणु मच्छर द्वारा होता है। प्रकृति में पारेषण चक्र का अनुरक्षण सूअरों जल पक्षियों जैसे जे.ई. वायरस के पशु भंडारों द्वारा किया जाता है। मनुष्य इसके लिए घातक होता है। यह उन क्षेत्रों में अधिक नैलता है जहाँ पशुओं / पक्षियों तथा मानवों के सन्निकट अंत: क्रिया होता है।

20. दक्षता निर्माण सहायता: यह केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का कार्यक्रम है जिसे "दक्षता निर्माण हेतु सहायता" के नाम से जाना जाता है। 9वीं-10वीं पंचवर्षीय योजना से क्रियाशील इस योजना का मुख्य-उद्देश्य राष्ट्रीय राज्यमार्गों पर अवस्थित राज्य-सरकारों के अस्पतालों को आपात अभिघात सुविधाओं का विकास और सुदृढ़ करना ताकि अभिघात व्यक्तियों को अभिलम्ब चिकित्सीय सुविधा प्राप्त हो सके। इस योजना में राशि भुगतान के संबंध में यह प्रावधान किया गया है कि ऐसे मार्गों पर राज्यों के प्रत्येक अस्पतालों को 1.5 करोड़ रुपये या चिकित्सालयों के वास्तविक आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन करने में लागत राशि में से जो कम हो, भुगतान किया जाएगा और भुगतान के इसी क्रम में 30 राज्यों के चयनित 112 अभिघात केन्द्रों को अब तक 154.43 करोड़ रुपयों का भुगतान किया गया है।[20]

इस योजना के मूल्यांकन के बाद ऐसे केन्द्रों पर अपेक्षित जन-शक्ति का अभाव और अपर्याप्त धन राशि के कमी के कारण इसे स्वर्णिम-चतुर्भुज योजना के साथ संलग्न कर वैज्ञानिक रूप से ऐसे अभिघात केन्द्रों के उन्नयन लिए 732.75 करोड़ रुपये की राशि का अनुमोदन किया गया, ताकि ऐसे मार्गों पर रूगन्ता और अभिघात के कारण मृत्यु दर को कम किया जा सके। इसके लिए किसी भी दुर्घटनाग्रस्त स्थल से 50 कि.मी. की दूरी पर पूरी तरह से तैयार आतुर-वहन, जीवन-सहायता उपकरण और परिलक्षित कर्मचारी उपलब्धता की बात है।

उपरोक्त योजना को अभिघात् परिचर्या केन्द्र के अन्तर्गत L-III, L-IIrFkk L-Irhu कोटियों में विभाजित किया गया है। L-IjkT; के अन्तर्गत होगा जो गंभीर रूप से घायल तथा चोट से जख्मी व्यक्ति के उच्चतम स्तर का निश्चित तथा व्यापक परिचर्या प्रदान करेगा, L-II अभिघात केन्द्र प्रत्येक 300 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित तथा L-III प्रत्येक 100-150 किलोमीटर पर अवस्थित रहेगा। प्रत्येक कोटियों में अभिघात परिचर्या केन्द्र के लिए निम्नलिखित रूप में राशि आवंटित की गई है।

कोटि	*राशि (करोड़)*
1. L-III	4.8
2. L-II	9.65
3. L-I	16

21. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (National Urban Health-Mission): स्वास्थ्य की यह योजना इसी वर्ष के बजट सत्र में घोषित की गई। इस योजना के लिए अभी न तो कोई राशि स्वीकृत हुई और नहीं कोई विशेष राशि का विमुक्तीकरण की गई है, लेकिन इस स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन के बाद शहरों में रहने वाले 5-6 करोड़ निर्धन / गरीब लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

22. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (National Rural Health Mission): इस कार्यक्रम की शुरूआत 12 अप्रैल 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री के द्वारा की गई है। इस मिशन के कार्यान्वयन हेतु विस्तृत कार्य ढ़ाँचे का, अनुमोदन केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के द्वारा 2006 में किया गया है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के विशेष रूप से गरीब एवं असुरक्षित वर्गों को सुलभ, वदनीय और गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं को प्रदान करना है। राश्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत आठ अधिकार प्राप्त कार्यदल वाले राज्यों, पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू व कश्मीर और हिमाचल प्रदेश सहित 18 राज्य विशेष ध्यानाकर्शण के रूप में आते हैं। वर्तमान में मिशन दुर्गम और अगम्य क्षेत्रों तथा अध्य कार्य निश्पादन वाले जिलों की असमानता को दूर करने की दृष्टि से विशेष ध्यान देते हुए उपरोक्त सीमा क्षेत्र में स्थानान्तरित कर दिया गया है। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी को विस्तृत करने, स्वास्थ्य प्रबंधन में सूचना प्रणाली को सुधार करने, जन-स्वास्थ्य प्रबंधन में सूचना-प्रणाली को सुधार करने, जन-स्वास्थ्य के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए निजी संसाधनों को अत्याधिक प्रयुक्त करने तथा गरीबों की सामाजिक सुरक्षा में सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका पर अत्यधिक जोर देने की आवश्यकता है। यह मिशन एक बहुप्रयोजन बाँडबैन्ड के रूप में क्रियाशील है क्योंकि इस योजना के अर्न्तगत प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, विभिन्न रोग नियंत्रण कार्यक्रम और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वित और क्रियाशील सभी शीर्शस्थ कार्यक्रमों को एकीकृत किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:-

* शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु अनुपात में कमी।
* महिलाओं का स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, पानी, सफाई एवं स्वच्छता, रोग प्रतिरक्षण और पोषण जैसी जन स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यापक पहुँच।
* स्थानीय स्थानिक-मारी रोगों सहित संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण।
* एकीकृत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या तक पहुँच।
* जनसंख्या स्थिरीकरण, लिंग एवं जनांकिकीय संतुलन।
* स्थानीय स्वास्थ्य परम्पराओं को पुनर्ज्जीवित करना और आयुष को मुख्य धारा में लाना।
* स्वस्थ्य जीवनशैलियों को बढ़ावा देना।

23.इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (Indira Gandhi Matritva Sahayog Yojanam IGMSY): यह योजना महिलाओं के सहायतर्था ''महिला और बाल-विकास'' मंत्रालय, भारत सरकार की व्यक्तिगत योजना है जिसका प्रारंभ 2010 से किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 19 वर्ष की आयु वाली स्तनपान और गर्भवती एवं उस तरह की महिलाएँ जिनको दो ही बच्चे हैं उन्हें नगदी भुगतान के रूप आर्थिक लाभ दिया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था एवं बच्चों के देख-रेख के समय हुए पारिश्रमिक क्षति की पूर्ति को पूरा करने एवं शिशुओं एवं बच्चों के पोषण विकसित करने एवं स्तनपान के परिपेक्ष्य में है।[21-22]

उद्देश्य(Objectives): इस कार्यक्रम का निम्नलिखित उद्देश्य है।

1. उचित प्रैक्टिस विकसित, देखभाल और गर्भावस्था, प्रसव और स्तनपान के साथ संस्यागत सेवाएँ प्राप्त करना।
2. महिलाओं को अधिकतम पोषण के अनुसरण हेतु उत्साहित करना एवं शिशु एवं बच्चों के लिए अविलम्ब प्रारंभ कर अगले 6 माह तक स्तनपान।
3. उपरोलिखित क्रियाओं के लिए उचित वातावरण तैयार करने में सहयोग, गर्भवती एवं स्तनपान वाली महिलाओं का स्वास्थ्य और पोषण विकसित करना।

क्र०सं०	शर्ते	सत्यापन
	प्रथम किस्त	**परिपत्र**
1.	चार माह के भीतर आँगनवाड़ी या स्वास्थ्य केन्द्रों उप-केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय और जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आने वाले चिकित्सक) में पंजीकृत	एम०सी०पी० कार्ड और आई०जी० एस०एम० वाई० पंजी
2.	गर्भकालिन अवस्था में न्यूनतम एक बार जांच	एम०सी०पी०कार्ड
3.	आई०एफ०ए० टेबलेट प्राप्ति	–
4.	कम से कम एक बार टिटनेस का टीका प्राप्ति	–
5.	कम से कम एक बार परामर्शन सत्र में सम्मिलित	आई०जी०एम०एस० पंजी
	दूसरा किस्त	**परिपत्र**
6.	बच्चे के जन्म का पंजीकरण	
7.	बच्चे को दिया गया पोलियों और बी०सी०जी० का टीका	एम०सी०पी०कार्ड
8.	बच्चे को दिया गया पोलियों और डी०पी०टी०-। का टीका	
9.	बच्चे को दिया गया पोलियों और डी०पी०टी०-।। का टीका	
10.	जन्म के बाद अधिकतम चार तथा न्यूनतम दो बार वजन कराना	एम०सी०पी०कार्ड और ग्रोथ मोनिटेरिंग पंजी
11.	आँगनवाड़ी केन्द्र/ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र एवं पोषण दिवस पर माता के द्वारा न्यूनतम दो और अधिकतम तीन बार आई०वाई०, सी०एफ० के परामर्शन सत्र में सम्मिलित।	आइ०जी०एम०वाई०पंजी

	तृतीय किस्त	परिपत्र
12.	अतिरिक्त छः माह तक स्तनपान	स्वयं रिर्पोटिंग
13.	बच्चे के छः माह के आयु के बाद परिपूरक आहार का परिपत्र	
14.	बच्चे को दिए गए पोलियों और डी.पी.टी.-3 का टीका	एम.सी.पी. कार्ड
15.	बच्चे के 3-6 के आयु के अवधि में न्यूनतम दो-बार वजन करना	एम.सी.पी. कार्ड एवं ग्रोथ मोनटेरिंग पंजी
16.	माँ के द्वारा ए-डब्लू-सी/वी.एच.एन.डी./ होम पर आई वाई.सी.एफ. सत्र के अन्तर्गत 3-6 स्तनपान के बाद सम्मिलितिकरण।	आई.जी.एम.एस.वाई. पंजी

24. जननी सुरक्षा योजना: यह योजना भारत सरकार की स्वयं का 100 प्रतिशत अपनी योजना है जिसकी शुरूआत 12 अप्रैल 2005 में भारत-सरकार के प्रधानमंत्री ने की थी तथा शुरूआती काल में ही उन राज्यों में विशेष ध्यान देने के पहल से की गई है जहां संस्थागत प्रसवों में पर्याप्त कमी पायी गयी है। योजना की शुरूआती दौर सत्र 2006-2007 में 7.39 लाख लाभार्थियों की संख्या पायी गयी वहीं 2010-2011 सत्र में लाभार्थियों की संख्या 113.89 लाख पहुँच गई है। इस योजना का मौलिक उद्देश्य संस्थागत प्रसव को विकसित करके नवजात शिशुओं और माताओं की मृत्यु को कम करना है। इसमें प्रसवोत्तर परिचर्या के साथ नगद भुगतान किया जाता है। जिसके अन्तर्गत गरीब परिवार के महिलाओं को ऐसे अवसरों पर एक मुश्त राशि मुहैया करना। इस योजना को सफल बनाने में (संस्थागत प्रसव के लिए) उत्साहित आशाओं (ASHA) की क्रियाशीलता ही अहम् भूमिका का निर्वहन करता है जबकि इसकी सफलता संस्थागत प्रसव के उपलब्धि के आधार की जाती है।

योजना की बनावट: इस योजना को निवास करने वाले माताओं के आधार पर लो परफोरमिंग स्टेटस (Low-Performing Status) एवं हाई-परफौरमिंग स्ट्टस (High-Performing Status) दो भागों में विभाजित किया गया है जिसे एक तालिका के रूप में नीचे दिया जा रहा है।[23-24]

ग्रामीण क्षेत्र (Rural Arease):-

श्रेणी	*मातृ-पैकेज*	*आशा पैकेज*	*कुल पैकेज (रू.)*
एल.पी.एस.	1400	600	2000
एच.पी.एस.	700	-	700
शहरी-क्षेत्र(Urban Areas):-			
श्रेणी	मातृ-पैकेज	आशा पैकेज	कुल पैकेज द्धरू.ऋ
एल.पी.एस.	1000	200	1200
एच.पी.एस.	600	-	600

योजना की मोनेटेरिंग: इस योजना में कोई कमी और त्रुटि उत्पन्न नहीं हो इसके लिए प्रत्येक एन.एन.एम. के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आनेवाली आँगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रत्येक माह में एक बार एक दिन एक मीटिंग की जाती है तथा मासिक एवं वार्षिक रिर्पोट तैयार के सरकार को समर्पित की जाती है जहाँ सरकार इसे अपने स्तर से समीक्षा करता है।



देश के विभिन्न राज्यों में लाभार्थियों की स्थिति[25]

इस प्रकार केन्द्र सरकार के द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत सभी स्वास्थ्य योजनाएँ एवं कार्यक्रम जन-समुदाय के स्वास्थ्य को समान्य बनाए रखने के लिए कारगर एवं उपयोगी कदम है। भारत सरकार के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह सराहनीय कदम और उच्च कोटि का प्रयास है जो धीरे-धीरे जन-समुदाय तक पहुँचता जा रहा है लेकिन जन-समुदाय का प्रत्येक व्यक्ति उपरोक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें, इसके लिए इस कार्यक्रम को और व्यापक बनाने तथा इसमें तत्परता लाने की आवश्यकता है क्योंकि अभी भी समाज के कई लोग एवं वर्ग जानकारी एवं पहुँच के अभाव में इसके लाभ से वंचित एवं अछूता है। अत: ऐसी संभावना व्यक्त की जा सकती है कि सरकार भविष्य में निश्चित ही ऐसा प्रयास करेगी कि कोई व्यक्ति इस लाभ से नहीं छूटे एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जन-समुदाय का स्वास्थ्य सर्वोच्च कोटि की मानी जाए तथा अपना देश स्वास्थ्य का मानक प्रस्तुत कर सकें।

इस प्रकार स्पष्ट है कि स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य रक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार हैं, जिसका संरक्षण किया जाना आवश्यक है। बढ़ते हुए चिकित्सकीय उपेक्षा के मामलों को देखते हुए चिकित्सा विधियों में आवश्यक सुधार प्रक्रिया के द्वारा मरीजों के अधिकार एवं चिकित्सा व्यवसायियों के दायित्वों का निर्धारण किया जाना चाहिए, ताकि चिकित्सा प्रणाली में कोई कमी न रहें।इस संदर्भ में निम्नांकित सुझाव कारगर सिद्ध हो सकते हैं:-

- प्रत्येक मरीज को धर्म, जाति, लिंग, आयु, वंश, राजनीतिक संबंध, आर्थिक स्तर के भेदभाव के बिना स्वास्थ्य संबंधी एवं चिकित्सकीय उपचार का अधिकार दिया जाना चाहिए।
- प्रत्येक मरीज को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का अधिकार होना चाहिए।
- चिकित्सकीय उपेक्षा व्यक्ति के मूल मानवाधिकार स्वास्थ्य के अधिकार का हनन करती हैं साथ ही यह व्यक्ति के गरिमामय जीवन के अधिकार को ठेस पहुंचाती है। अत: हमें अनुच्छेद 21 में संवैधानिक संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 21 (ठ) जोड़कर चिकित्सा के अधिकार व स्वास्थ्य सुरक्षा के मानक को मूलभूत अधिकार बनाना होगा।

- चिकित्सकीय उपेक्षा पर अभी कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं है। इसके लिए हमें अपकृत्य विधि, भारतीय दंड संहिता, साक्ष्य विधि का सहारा लेना पड़ता है। अत: एक स्पष्ट कानूनी प्रावधान विधायिका द्वारा करना होगा ताकि चिकित्सकीय उपेक्षा के मामलों की असल सुनवाई हो सकें और पीड़ित व्यक्ति को गरिमापूर्ण न्याय प्राप्त हो सके।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 एवं सातवीं अनुसूची की सूची-।। राज्य सूची की प्रविष्टि संख्या 6 में हैं जोकि राज्य का विषय है और इस पर राज्य कानून बना सकते है। इस संदर्भ में असम का उदाहरण समीचीन होगा जो 12 मार्च, 2010 को लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार को सुनिश्चित करने वाला कानून बनाने वाला भारत का पहला और एकमात्र राज्य बन गया। किंतु इतने विशाल गणराज्य में मात्र एक राज्य द्वारा की गई पहल अन्य राज्यों के निवासियों को उपलब्ध नहीं है। अत: भारतीय संविधान में उचित संशोधन के द्वारा लोक स्वास्थ्य, अस्पताल और डिस्पेंसरीज को समवर्ती सूची में लाया जाना चाहिए ताकि इस पर ऐसा कानून बनाया जा सके जो पूरे राष्ट्र पर लागू हों।
- चिकित्सकीय मामलों में उपेक्षा की मात्रा को निर्धारित करना कठिन हैं अत: विशेषज्ञों का एक पैनल हो जिसमें न सिर्फ चिकित्सक बल्कि अधिवक्ता, समाजशास्त्री और शिक्षाविद भी शामिल हो जो मामलें की जांच करें।
- चिकित्सा एक सम्मानित व्यवसाय हैं जिसमें उच्च गुणवता के चिकित्सकीय व्यवहार की आवश्यकता होती है। चिकित्सा व्यवसायिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इलाज के दौरान ईमानदार और प्रतिबद्ध रहें।
- राज्य का यह दायित्व हैं कि भारतीय चिकित्सा अधिनियम के तहत पंजीकृत चिकित्सक ही चिकित्सा व्यवसाय करें।
- व्यक्ति का जीवन अनमोल हैं, उसे बचाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठा के साथ उसका रिश्ता व विश्वास कायम रहें।

सन्दर्भ ग्रन्थों की सूची:

1. नेशनल रूरल एण्ड हेल्थ मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली, 2010
2. मरीजों के मानव अधिकार, योजना, योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली, अप्रैल, 2011
3. वही;
4. वही;
5. The Hindu (2009) :- Caste inequalities in health. www.thehindu.com/ opinion/lead/caste …….. articles 70-75
6. प्रभात खबर (6 फरवरी, 2014), खुशखबरी, मिशन मानव विकास की बैठक में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने का फैसला, 18 हजार बनेगें न्यू हेल्थ सब सेंटर, दैनिक समाचार पत्र, पेज नं० - 2
7. भारतीय चिकित्सा परिषद्, नई दिल्ली
8. राष्ट्रीय घेघा नियंत्रण कार्यक्रम, भारत सरकार, 1962
9. राष्ट्रीय डायबिटीज नियंत्रण कार्यक्रम, भारत सरकार, नई दिल्ली
10. राष्ट्रीय न्युट्रिशन्ल एनीमिया प्रोफाइलेसिस कार्यक्रम, भारत सरकार
11. राष्ट्रीय राजयक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम, भारत सरकार 1962

12. एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
13. भारत 2011, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
14. वही;
15. वही;
16. राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, भारत सरकार, नई दिल्ली
17. भारत 2011, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
18. वही;
19. वही;
20. वही;
21. en.wikipedia.org/wiki/The_Indira_gandhi_Matritva_sahayog_ yojana(IGMSY)
22. Socialwelfare.kdsbin.gov.in/scheme……../scheme_pro/r.php.
23. Janani suraksha yojana (India)- wikipedia. Thefree encyclopedia. en. Wikipedia. org / wiki/ janani_suraksha_yojna_(India)
24. Family welfare statistics in India 2011. P.No. – 25
25. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय वार्षिक सर्वेक्षण-2012

आपातकाल की भूमिगत पत्रकारिता

डॉ० अरूण कुमार भगत

एसोसिएट प्रोफेसर, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, नोएडा परिसर

स्वातंत्र्योत्तर भारत में सरकार द्वारा 26 जून, 1975 को घोषित आपातकाल देश और समाज पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। आपातकाल की घोषणा के बाद भारतीय प्रेस पर प्रीसेंसरशिप लगा दिया गया था। कुल उन्नीस महीने के आपातकाल के दौरान भारतीय प्रेस ने जो त्रासदी भोगी-झोली, वह पत्रकारिता के इतिहास में काले अध्याय के रूप में रेखांकित हो गया है। पत्रकारिता-जगत के अधिकतर पत्रकारों-संपादकों ने माना है कि सन् 1974-75 के दौरान भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियाँ ऐसी नहीं थीं कि देश पर आपातकाल थोपना एक मात्र विकल्प बचा हो। भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने भी अभी हाल में कहा है कि संभवतः आपातकाल को टाला जा सकता था।

विश्लेषकों का मानना है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा श्रीमती इंदिरा गाँधी के चुनाव को अवैध घोषित करने तथा उन्हें छः वर्षों तक चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किए जाने की निराशा और हताशा से उपजी मानसिकता संभवतः आपातकाल की घोषणा का तात्कालिक कारण बना हो। इसके अतिरिक्त विपक्षी दलों द्वारा आंदोलन की घोषणा, कांग्रेस के विद्रोह की संभावना श्रीमती गाँधी की तानाशाही प्रवृत्ति, कांग्रेस के चापलूस नेताओं की चौकड़ी, सत्ता से चिपके रहने की मानसिकता तथा महँगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण की असमर्थता जैसे कुछ प्रमुख कारणों ने आपातकाल थोपने की पृष्ठभूमि निर्मित की थी। खैर जो कुछ भी हो आपातकाल ने जो तांडव मचाया उससे समाज-जीवन त्राहिमान कर उठा था।

आपातकाल की घोषणा के साथ ही वयोवृद्ध राजनेता और संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल विहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी इत्यादि सहित हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसने राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के साथ-साथ लेखक, पत्रकार, प्राध्यापक, अधिवक्ता जैसे बुद्धिजीवी वर्गों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल थे। केवल दिलली विश्वविद्यालय के 300 से अधिक प्राध्यापक आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए थे। आपातकाल की त्रासदी और भयावह स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आपातकाल के 19 महीने के दौरान 1 लाख से भी अधिक लोगों को बंदी बनाया गया था जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से भी अधिक था।

आपातकाल के दौरान प्रेस की स्वतंत्रता को छीनने के लिए प्री-सेंसरशिप के साथ-साथ और भी कई कदम उठाए गए। राष्ट्रपति द्वारा 8 दिसंबर, 1975 को तीन अध्यादेश जारी किए गए जिससे प्रेस को स्वतंत्रता दमित और खंडित हुई। देश के प्रायः सभी समाचार-पत्रों के कार्यालयों पर पुलिस का पहरा डाल दिया गया। अनेक समाचार पत्रों की प्रेस की बिजली काट दी गई ताकि समाचार-पत्र को

छपने से रोका जा सके। जो समाचार पत्र छप गए थे, उन्हें वितरित नहीं होने दिया गया। कुल मिलाकर उसी रात इस बात की पूरी व्यवस्था कर ली गई कि देश में क्या कुछ हो रहा है, इसका पता जनता को नहीं चल सके। इसके बावजूद दैनिक जागरण और नई, दुनिया सहित अनेक समाचार-पत्रों में उस दिन विरोध-स्वरूप संपादकीय का स्थान खाली छोड़ दिया था और सरकार को खुली चुनौती दी थी। इतना ही नहीं देश के सैकड़ों पत्रकारों ने जन सामान्य को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए भूमिगत संचार-व्यवस्था शुरू कर दी तथा इसके तहत दर्जनों समाचार बुलेटिनों का प्रकाशन करने लगे।

कुला मिलाकर प्रत्यक्ष रूप से प्रकाशित तथा वितरित होने वाली पत्र-पत्रिकाओं के सेंसरित होने के मद्देनजर भूमिगत संचार-व्यवस्था समानान्तर रूप से खड़ी हो गई थी। जनता के बीच सूचना संप्रेषण प्रक्रिया के छिन्न-भिनन हो जाने के बावजूद सरकार द्वारा एकतरफा संवाद संप्रेषित करने की मानसिकता पर कुठाराघात किया गया। पत्रकारों ने गुप्त रूप से निकलने वाले नियमित समाचार बुलेटिन के साथ-साथ पूरे देश में अलग-अलग स्थानों से विभिनन प्रकार के हैंडबिल, पर्चे, बुकलेट, फंलेट इत्यादि निकालकर पुलिसिया-दमन का कच्चा-चिट्ठा खोलते रहे। जनसंचार की इस वैकल्पिक व्यवस्था ने न केवल जन-जीवन को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराया अपितु भूमिगत आंदोलन को भी धारदार बनाया।

अखिल भारतीय लोक-संघर्ष-समिति द्वारा निम्नलिखित बुकलेट प्रकाशित किए गए, जो आपातकाल का कच्चा चिट्ठा खोलते हैं–1. ट्वंटी लाइस ऑफ मिसेस एंटी गाँधी, 2. एनाटॉमी ऑफ फॉसिज्म, हू इज कॉसिस्ट वी ऑर दे, 3. फैक्ट्स (नेल (Nail) इंदिराज लाइस), 4. ह्वेन डिसऑबिडिएंस ट् लॉ इज ए ड्यूटी, 5. चार्टर ऑफ सिविल लिबर्टीज, 6. संविधान को बदल डालने का प्रारूप, 7. इमरजेंसी एक्स-रेज, 8. फाजिसज्म, 9. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राजनीति, 10. काली रात।[1]

आपातकाल के दौरान अनेक समाचार बुलेटिन भी प्रकाशित किए गए, जिनमें पटना से प्रकाशित निम्नलिखित बुलेटिन के नाम उपलब्ध हैं–1. लोकवाणी (लोक-संघर्ष-समिति और विद्यार्थी-परिषद्), 2. तरुण क्रांति (छात्र-संघर्ष-समिति), 3. हमारा संघर्ष (भारतीय लोकदल), 4. मुक्ति-संग्राम (लोहिया विचार मंच एवं छात्र-संघर्ष-समिति), 5. जनमुक्ति (मार्क्सवादी), 6. क्रांतिवाद (युवावाहिनी), 7. छात्र-शक्ति (विद्यार्थी-परिषद्), 8. भारतीय (अखिल भारतीय विद्यार्थी-परिषद्), 9. जनता समाचार, 10. लोक-संघर्ष, 11. संग्राम, 12. लोकपक्ष (युवावाहिनी एवं छात्र-संघर्ष-समिति), 13. युवा-संघर्ष।[2]

सेंसरशिप के कारण सरकार और समाज के बीच सूचनाओं के संप्रसारण में आने वाली परेशानियों का अनुभव सरकार को भी नहीं था। प्रशासन की तानाशाही की खबर किसी-न-किसी रूप में जनता तक तो पहुँच जाती थी, किंतु सरकार तक वह समाचार नहीं पहुँच पाता था। तानाशाही की तेज आँच में लोक-स्वातंत्र्य धू-धू कर जल रहा था और सरकार बेखबर थी। सरकार को यह गलतफहमी बनी हरी कि सभी समस्याओं की जड़ पत्र-पत्रिकाएँ ही हैं। यही कारण है कि आपातकाल के दौरान उननीस महीनों तक सत्ता के दमन-चक्र के नीचे पत्रकारिता कराहती रही। सेंसर की कैंची ने उसका स्वरूप ही बिगाड़ दिया; जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा।

प्रचार के द्वारा सत्य को असतय और असत्य को सत्य में बदला जा सकता है–ऐसा हिटलर तथा स्टॉलिन दोनों करके दिखा गए थे। इंदिरा जी दक्षिणपंथी कम्युनिस्टों की मदद से उसी प्रकार का प्रचारात्मक आक्रमण कर रही थीं। जे.पी., आचार्य कृपलानी, मुहम्मइद करीम छागला, कुलदीप नैयर, दुर्गा, भागवत, फर्णाश्वरनाथ 'रेणु', डॉ. रघुवंश, गौर किशोर घोष इत्यादि अनेक सर्वमान्य नेताओं, पत्रकारों तथा प्रतिष्ठित साहित्यकारों की आवाज कुचल दी जाती थी।[3]

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए पत्रकारों, लेखकों और साहित्यकारों ने देश के प्राय: सभी राज्यों से भूमिगत पत्र-पत्रिकाएँ निकालने लगे थे। यह सब काम पुलिस-प्रशासन को चकमा देकर गुपचुप तरीके से किया जाता था। जाहिर है इन कामों में जोखि भी कम नहीं था किंतु इसका प्रभाव जन-मानस पर कफी पड़ रहा था। दिल्ली से प्रकाशित होने वाली 'जनवाणी', देहली न्यूज बुलेटिन, पब्लिक सर्वेंट और दिल्ली समाचार ने समानांतर प्रचार-व्यवस्था कायम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई तो हरियाणा का 'दर्पण' पुलिस-प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया। इन सभी पत्र-पत्रिकाओं ने भूमिगत संचार व्यवस्था में जान फूँक दी। इससे न केवल संगठनात्मक-आंदोलनात्मक सूत्र संचालित होने लगे, अपितु साकार के झूठे प्रचार का खंडन भी होने लगा।

इस अवधि में महिलाओं ने खतरे मोल लेकर भूमिगत साहित्य का वितरण किया; जेलों में बंद कार्यकर्त्ताओं के लिए अन्न-धन एकत्र किया, परिवारों को सांत्वना और सहायता दी तथा बिखरे कार्यकर्त्ताओं के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। इसमें न केवल सामान्य कार्यकत्ता थीं, बल्कि ऐसे बड़े अफसरों की पत्नियाँ भी थीं, जो स्वयं खुलकर सामने नहीं आ सकते थे, पर सरकारी सूचनाएँ देकर अपनी पत्नियों के माध्यम से आंदोलनकारियों को उचित बचाव के संदेश भिजवा देते थे और सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की पूर्ण जानकारी दे देते थे।[4]

विधान द्वारा प्रदत्त अभिवयक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की यह घटना पत्रकारिता के इतिहास में कई दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। समाचार-पत्रों पर जब सेंसर लगा तो जनसंचार के अन्य विकल्प सामने आए। भूमिगत बुलेटिन ने कुछ हद तक इसकी क्षतिपूर्ति की। सत्ता के तानाशाही के खबरें ऐसी ही पत्र-पत्रिकाओं एवं मौखिक रूप में एक कान से दूसरे कान तक पहुँचती रहीं। मौखिक तौर पर खबरें पहुँचने के कारण कई बार यह विकृत भी होती रही। भूमिगत संचार व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि जेल में बंद नेताओं अथवा भूमिगत नेताओं का संवाद जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सदैव बना रहे। सरकार द्वारा सेंसरशिप थोपकर तोड़ी गई संचार-व्यवस्था भूमिगत बुलेटिनों के माध्यमों से पुर्नस्थापित हो सकती थी।

भूमिगत संचार व्यवस्था में सूनाओं के चार प्रमुख वर्ग थे–(क) संगठनात्मक सूचनाएँ, (ख) सरकार के तानाशाही कदम, जैसे–गिरफ्तारियाँ, दमन, गोलाबारी, बाजारों आदि की तोड़-फोड़, आततायी सरकारी आदेश, नसबंदी के अमानुयिक अभियानों और साम्राज्ञी इंदिरा गाँधी और राजकुमार संजय गाँधी की हरकतों की जानकारियाँ, (ग) सरकारी घबराहट, कर्मचारियों और कर्मियों आदि के बारे में जानकारी एकत्र करना, (घ) सरकारी महकमों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल, गुप्तचर संगठनों आदि में दबी हुई या गुप्त जानकारियों को प्राप्त करना।[5]

जनमाध्यम के प्रमुख स्रोत समाचार-पत्र ही नहीं, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर से भी जनता का विश्वास उठ चुका था। जनसंचार के लगभग सभी विकल्पों पर सत्ता की पहरेदारी हो गई थी। सेंसरशिप की कैंची से पत्रकारिता कराहने लगी थी। एक पक्षीय समाचार के कारण जनता ने अपना मुँह बी.बी.सी. और वॉयस आफॅ अमेरिका की तरफ कर लिया था। इसकी कमी एक हद तक भूमिगत पत्र-पत्रिकाएँ भी दूर कह रही थीं। आपातकाल के दौरान केवल सत्ता पक्ष की खबरें प्रसारित करना मानो रेडियो का कर्त्तव्य हो गया था। आकाशवाणी की प्रमाणिकता समाप्त हो जाने के कारण बी.बी.सी. की ओर टकटकी लगाए रहते थे। सन 77 के चुनाव के दौरान यद्यपि सेंसरशिप हट गया था फिर भी आकाशवाणी की खबरें सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव और अतिरिक्त सचिव जैसे अधिकारियों से सेंसर होकर ही प्रसारित होती थीं। कहने का तात्पर्य यह है कि यह सुनिश्चित कर लिया जाता था कि जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने वाले कोई समाचार प्रसारित न किए जाए और समाचारों में विपक्ष को महत्त्व न दिया जाए।

आकाशवाणी तो आम लोगों की भाषा में 'इंदिरा वाणी' कही जा रही थी और इन सबकी विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी थी। ग्रामीण-अनपढ़ लोग भी गाँव की चौपाल में बी.बी.सी. लंदन प्रतिदिन सुनते थे, जो भारत-संबंधी किसी भी समाचार को बड़े ही प्रमाणिक रूप से प्रसारित करता था।[6] आकाशवाणी द्वारा एकपक्षीय खबर देने का सिलसिला आपातकाल घोषित होने के पहले ही प्रारंभ हो गया था। 'अधिकांश घटनाओं में किसी-न-किसी रूप में आंदोलन की आग सुलगने लगी थी, किंतु उनके समाचार 'आकाशवाणी' में नहीं आते, वह मुख्य रूप से सरकारी दृष्टिकोण से ही समाचारों और विचारों को प्रसारित करती।[7]

आपातकाल के दौरान भूमिगत संघर्ष और भूमिगत पत्रकारिता जनमानस के सहयोग के बल पर ही चलता रहा। लोगों ने जान को जोखिम में डालकर भूमिगत संघर्ष को जीवंत बनाए रखा। जन-सहयोग के कारण ही हर मोर्चे पर पुलिस-प्रशासन और अधिकारी गच्चा खाते रहे। तब हाथ मलने के अतिरिक्त उनके पास कोई विकल्प नहीं रह पाता था। भूमिगत पत्रिकाओं, पैम्फलेट एवं बुलेटिन को एक जगह से दूसरी जगह भेजने तथा, जनता तक वितरित करने के लिए एक से एक तरीके अपनाए गए। कभी बच्चों के हाथों तो कभी महिलाओं के हाथों सूचना संप्रेषण का कार्य चलता रहा। प्रचार-तंत्र की नई-नई तकनीक के सामने पुलिस दिन-दहाड़े उल्लू बनती रही।

महिलाओं ने घोर निराशा के इस घने अंधकारकाल में भी उसी विलक्षण धैर्य, साहस और बुद्धि के साथ काम करना शुरू किया। भूमिगत कार्यकर्त्ताओं को प्रश्रय देना, खबरें पहुँचाना, पर्चे और चिट्ठियाँ बाँटना, आंदोलन-साहित्य को घर-धर पहुँचाना जेल गए हुए सेनानियों से संपर्क करके उनका मनोबल बनाए रखना, विशेष उत्सवों में विशेष रूप से राखी, मिठाई, दीपों से उन्हें उत्साहि करते रहना, उन परिवार को सहायता पहुँचाना और गुप्त बैठकों के माध्यम से प्रदेश भर में एक भूमिगत संगठन का जाल बिछा देना महिलाओं के द्वारा ही बहुत अंशों से संभव हो सका।[8]

भूमिगत प्रचार-तंत्र की उपलब्धि के संबंध में अटल विहारी वाजपेयी ने लिखा है–सेंसर और प्रचार-तंत्र के एकाधिकार द्वारा श्रीमती गाँधी जनता को विपक्ष से पूरी तरह से काट देना चाहती थीं। लेकिन हुआ ठीक इसका उलटा। उनके प्रचार-तंत्र की विश्वसनीयता खत्म सी हो गई थी। भूमिगत साहित्य ने विपक्ष से जनता को जोड़े रखा। इसके विपरीत श्रीमती गाँधी जनता से बुरी तरह कट गई थी। जनता की इस मन:स्थिति से अनभिज्ञ रहने के कारण श्रीमती गाँधी चुनाव करने का फैसला कर बैठीं और जब उन्होंने जनमानस का बदला हुआ रूप देखा, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बहुत हद तक इसका श्रेय भूमिगत प्रचार-तंत्र का है।[9]

आपातकाल में भूमिगत पत्रकारिता के कारण जेलों की खबरें बाहर और बाहर की खबरें जेलों में जाने की व्यवस्था भी बन गई थी। ये खबरें विदेशों तक पहुँचती थी और विदेशों की खबरें इसी माध्यम से भारत जाती थी। एक प्रकार से एक नई अंतर्राष्ट्रीय समाचार-सेवा खड़ी हो गई थी। इस स्वयं-स्फूर्त किंतु गुप्त समाचार सेवा से प्रापत समाचारों को विभिनन नामों के छोटे-छोटे गुपत भूमिगत बुलेटिनों द्वारा जनता तक पहुँचाया जाता था। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो एकपक्षीय समाचार ही जन-जीवन को मिल पाता और सच्ची खबरें उन्हें नहीं मिल पातीं। संचार अवरोध का खामियाजा जनता पर नहीं पड़ सका; किंतु सत्ता और सरकार आपातकाल विरोधियों की मनोदशा को नहीं समझ पाए। यही कारण है कि वे (सरकार) सही विश्लेषण नहीं कर पाए और चुनाव कराने की घोषणा कर दी। संचार अवरोध का कितना बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है यह सन् 77 के चुनाव परिणाम से सामने आया। भारत के भूमिगत संचार तंत्र को विदेशों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी कुछ प्रमुख नेताओं को सौंपी गई थी।

भूमिगत प्रचार-तंत्र का एक विस्तार विदेशों में था। इसी के कारण सरकार का तानाशाही चरित्र विदेशों में छिप नहीं सका। विदेशों में रहने वाले लाखों भारतीयों, बुद्धिजीवियों और सोशलिस्ट इंटरनेशनल के नेताओं, जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध हमारे संघर्ष का नैतिक समर्थन किया, हम उनके आभारी हैं। इस संघर्ष के विदेशों में हुए प्रचार-अभियान का विशेष रूप से सर्वश्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, लैला फर्नांडीज, राम जेठमलानी, सी. आर. ईरानी, केदारनाथ साहानी, मकरंद देसाई इत्यादि का योगदान विशेष रूप से स्मरणी है।[10]

भूमिगत पत्रकारिता का आपातकाल में क्या महत्व था? इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकारी विज्ञप्तियों के आधार पर छपने वाली पत्र-पत्रिकाओं की प्रसार-संख्या घटती जा रही थी और भूमिगत बुलेटिनों की प्रसार संख्या बढ़ रही थी, जिसके कारण एक समानान्तर प्रचार तंत्र खड़ा हो गया था। इसकी विश्वसनीयता प्रत्यक्ष रूप से प्रकाशित-प्रसारित होने वाली पत्र-पत्रिकाओं तुलना में अधिक थी। रेडियो और टेलीविजन जैसे सरकारी माध्यम तो मानो सरकारी भोपूं बन गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उसके लिए कोई अर्थ नहीं रह गया था। सरकार ने सेंसरशिप लगाकर यह बात सुनिश्चित करने की पूरी चेष्टा की कि जनता उनके ही चश्में से समाज-व्यवस्था मको देखें।

अंदर-ही-अंदर प्रवाहित हो रही यह समाचार एवं सूचना धारा प्रकट में प्रकाशित और प्रसारित हो रहे समाचार-पत्रों, आकाशवाणी, दूरदर्शन इत्यादि की खबरों से अधिक प्रभावी बन गई। इस धारा ने श्रीमती गाँधी तथा उनकी सरकार द्वारा जनता और सत्य समाचारों के बीच में खड़े किए गए सारे अवरोधों को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया।[11] मजेदार बात यह थी कि आपातकाल के दौरान वैधानिक कहे जाने वाले अखबारों की प्रसार-संख्या तो निरंतर घट रही थी; पर इन बुलेटिनों का प्रसार बढ़ रहा था। इसका कारण यही था कि ये पत्रिकाएँ जनता के सत्य को जानने की जिज्ञासा को पूर्ण करती थी।[12]

आपातकाल की भूमिगत पत्रकारिता का प्रभाव–

आपातकाल के दौरान भूमिगत पत्रकारिता का काफी प्रभाव पड़ा। संपूर्ण क्रांति के समर्थक पत्रकारों ने भूमिगत पत्रकारिता को जीवंत बनाए रखा तथा उनकी भूमिका सराहनीय रही। पुलिस-प्रशासन की नजर से बचने के लिए ये लोग नाम बदलकर काम किया करते थे। इन लोगों का भूमिगत तंत्र इतना सफल था कि सरकारी खूफिया तंत्र को पता ही नहीं चल पाता था कि भूमिगत पत्रिकाएँ कहाँ से छपती हैं और किस तरह वितरित होती हैं। हरियाणा से प्रकाशित होने वाले 'दर्पण' के मुख्य पृष्ठ पर संपादक मूल्य और कार्यालय का विवरण भी निराले ढंग से दिया जाता था। उसका उल्लेख करना भी यहाँ प्रासंगिक होगा। संपादक: नारायण, मूल्य : पढ़ो-पढ़ाओ, कार्यालय : चलता-फिरता।

वरिष्ठ पत्रकार श्री राजनाथ सिंह 'सूर्य' के अनुसार, समाचार-पत्रों के मालिक और संपादक शासन के सामने पूरी तरह घुटने टेक चुके थे। इसलिए संवाददाताओं की कोई स्वतंत्र भूमिका अपने पत्र के संबंध में नहीं रह गई थी। हाँ, भूमिगत अभियान में सामंजस्य बैठाने में कुछ पत्रकारों की भूमिका बहुत अधिक थी। उत्तर-प्रदेश में हमारे साथ श्री अच्युतानंद मिश्र और पी.के. रॉय ने इस संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका व निर्वहण किया था। वस्तुत: भूमिगत अभियान के संपर्क-सूत्र अधिकतर पत्रकार ही थे। श्री 'सूर्य' बताते हैं कि आपातकाल के दौरान जन-जन में चेतना जगाने के लिए साइक्लोस्टाइल किए गए पत्रक विभिन्न भाषाओं में निकाले जाते थे। ये पत्रक देश के अनेक स्थानों से गुप्त रूप में निकाले जाते थे और विभिन्न गोपनीय तरीकों से उसका प्रसारण किया जाता था। उस समय निकलने वाले पत्रकों में जिसका जनजागरण में सर्वाधिक योगदान रहा, उसका संपादन श्री दत्तोपंत ठेंगरी जी करते थे।

इस बुलेटिन और गुप्त एजेंसी के वार्ताकार बड़े खोजी पत्रकार थे। वे निर्भय और पैनी नजर वाले थे। सरकार मंत्रिमंडल और कांग्रेस पार्टी की गुप्त बैठकों की चर्चाओं की जानकारी भी वे प्राप्त कर लेते थे। जब खबरें गुप्त बुलेटिनों में छपकर जनता तक पहुँचती थीं, तब सरकारी खेमे में तहलका मचता था कि 'खबर कैसे लीक हो गई?' विद्याचरण शुक्ल पर कैसे डाँट पड़ी, संजय और इंदिरा गाँधी में कैसी कहा-सुनी हुई, उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संजय की चप्पलें कब, कैसे उठाई आदि समाचार की गुप्त पत्रकों में छा जाते थे। 'टाप सीक्रेट' पूरा 'ओपन सीक्रेट' बन जाता था।[13]

आपातकाल के दौरान दो-दो बार गिरफ्तारी के वारंट जारी होने के बावजूद पुलिस को चकमा देने में सफल रहे श्री वचनेश त्रिपाठी के अनुसार, आपातकाल के दौरान गुप्त रूप से निकाली जानेवाली पत्र-पत्रिकाओं का योगदान बौद्धिक जनजागरण में काफी रहा। प्री सेंसरशिप के बाद तो लोगों को सही सूचनाएँ नहीं मिल पा रही थीं। ऐसे गुप्त रूप से निकाली जानेवाली पत्र-पत्रिकाओं ने बहुत अहम भूमिका अदा की। दुस्साहसी और उत्साही पत्रकारों ने साइक्लोस्टाइल्ड पत्र एवं न्यूजलेटर वितरित किए। यहाँ तक कि जे.पी. का हस्तलिखित पत्र भी लोगों को वितरित कर आंदोलन को जारी रखने का आह्वान किया गया। यह सब जनसहयोग से ही संभव हो पाता था।

वरिष्ठ पत्रकार श्री दीनानाथ मिश्र दावा करते हैं कि भूमिगत आंदोलन को गति देने में गुप्त रूप से निकलनेवाली पत्र-पत्रिकाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। सेंसरशिप और गिरफ्तारी के कारण तोड़ी गई संचार-व्यवस्था को फिर से स्थापित करना चुनौती बन गई थी। देश-भर में विभिनन केंद्रों से पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन होने लगा। एक आँकड़े के अनुसार, भूमिगत सापताहिक पत्रों की वितरण-संख्या पाँच लाख से भी अधिक थी। इंदिरा गाँधी की तमाम कोशिश के बावजूद भूमिगत संचार-व्यवस्था ठप न की जा सकी। आपातकाल के विरुद्ध भूमिगत आंदोलन में अगर कुछ सफलतापूर्वक किया जा सका तो यही कि जनता और विरोधी नेताओं के बीच संचार हर कीमत पर बनाए रखा गया। लोगों के पास सही खबर पहुँचती रही, यह सरकार की पराजय थी, जिसे व्यापक जनसहयोग के कारण हासिल किया जा सका। इसकी गति सरकारी प्रचार से कम थी, लेकिन विश्वसनीयता अधिक थी। श्रीमती गाँधी ने जो संचार-अवरोध पैदा किया, उसका शिकार वे स्वयं बनीं। समाचार-पत्र पर सेंसर लगे रहने के कारण वे जनता की मनोदशा को नहीं समझ पाईं और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

आपातकाल में सेंसरशिप और पुलिस-चौकसी के कारण पत्र और पत्रकार तबाह सबसे अधिक हुए। कहीं से कोई आंदोलन-समर्थक पर्चा भी पुलिस को प्राप्त हो जाता तो तुरंत मुद्रक या प्रकाशक की खोज में प्रशासन पिल पड़ता और यदि कोई 'शिकार' हाथ आता तो जब्ती-कुर्की, तोड़-फोड़, हजत-जेल और गोली-बंदूक से उनका समुचित भंजन किया जाता। फिर भी कुछेक साहसी पत्रकारों और मुद्रकों ने आपातकाल के अंधकार में भी प्रकाशनों के माध्यमों से लोकनायक के संदेशों, आंदोलन की गतिविधियों और गंभीर विश्लेषणों से सबको जागृत रखा।[14]

आपातकाल के दौरान सेंसरशिप की कैंची से पत्रकारिता पर प्रभाव के सवाल पर 'दिनमान' में उस समय सहायक संपादक रह चुके श्री जीतेंद्र कुमार गुपत गंभीर दिखते हैं। उनके अनुसार, सेंसरशिप की वजह से समाचार-पत्रों और अन्य सभी सूचना-माध्यमों के अलावा सरकार की विश्वसनीयता घट गई थी। समाचार-पत्रों में सरकारी विज्ञप्तियाँ अधिक छपती थीं। सत्ता के खिलाफ एक शब्द भी छापना कठिन था। समाचारों को दबाए जाने के कारण उन दिनों अफवाहों का बाजार गर्म रहता था। छिपुट गोपनीय परचे छपा करते थे। उन्हीं से कुछ घटनाओं की जानकारी मिलती थी।

'पंजाब केसरी' समूह के प्रबंधक और वयोवृद्ध पत्रकार श्री विजय चोपडा बताते हैं कि आपातकाल में अनेक गुप्त पत्र-पत्रिकाएँ और पंफ्लेट छपते थे। उस समय की वास्तविक पत्रकारिता

तो उन्हीं पत्र-पत्रिकाओं में हो रही थी, जिसका बौद्धिक जनजागरण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। मुझे जो भी इस तरह की पत्र-पत्रिकाएँ और साहितय प्राप्त होता था। उसे मैं जेल में बंद अपने पिताजी श्री लाला जगतनारायण जी के पास पहुँचा देता था। इस कार्य में जेल अधीक्षक और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहयोगात्मक भूमिका होती थी। जेल के भीतर इसे अन्य केदी भी पढ़ते थे और सरकार के विरुद्ध मानस तैयार होता था। एक बार तो पटियाला जेल में किसी अन्य जेल से स्थानांतरित होकर आए राजनेता चंद्रशेखर को भी लाला जी ने ये पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध कराई थीं। वे तब इससे काफी प्रसन्न और प्रभावित हुए थे। बाद में जब चंद्रशेखर जी लालाजी की हत्या के बाद एक स्मृति समारोह में आए तो उन्होंने कहा था कि जब जेल में मुझे कोई नहीं पूछता था तो लाला जी ने ही पूछा और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने के लिए दी। इस प्रसंग के बाद लाला जी के प्रति चंद्रशेखर जी का आत्मीय भाव सदैव बना रहा।

आपातकाल में नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नंदकिशोर त्रिखा की वैधता समाप्त कर दी गई थी। उनके अनुसार गुप्त रूप से निकलने वाली पत्र-पत्रिकाओं में संकल्प और साहस बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपातकाल लंबा खींचने के कारण लोगों का मनोबल टूटता दिख रहा था। ऐसे में गुप्त पत्र-पत्रिकाओं, देश के सुप्रसिद्ध चिंतकों और विचारकों के ऑडियो कैसेट्स, उनकी अपील, हैंडबिल इत्यादि ने कार्यकर्त्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। संघर्ष को जारी रखने की प्रेरणा जाग्रत की।

लब्धप्रतिष्ठ पत्रकार अच्युतानंद मिश्र के अनुसार, आपातकाल के दौरान बौद्धिक जनजागरण में गोपनीय एंग से निकलने वाली पत्र-पत्रिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बिहार, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा सहित अनेक प्रांतों से पत्र-पत्रिकाएँ निकल रही थीं। गुप्त रूप से निकलने वाली पत्रिकाओं को प्रचंड जन समर्थन मिल रहा था क्योंकि उन दिनों सत्य सूचनाओं के वही श्रोत थे। श्री मिश्र बताते हैं कि विपक्ष की प्राय: सभी पत्र-पत्रिकाएँ बंद हो गई थीं लेकिन उनसे कई गुणा ज्यादा गुप्त रूप से नई पत्र-पत्रिकाएँ निकलने लगी थीं जिनका उस दौर के लोक जागरण में अत्यंत महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

'दिनमान' के वरिष्ठ संवाददाता रहे रामसेवक श्रीवास्तव ने बताया कि आपातकाल के दौरान पत्र-पत्रिकाओं का गुपचुप प्रकाशन खतरों से भरा था। उसके लिए बहुत ही साहस की आवश्यकता थी, क्योंकि मीसा, जिसे हम असुर कानून कहते थे, प्रभावी था। जिन लोगों ने इस तरह की पत्रिकाएँ निकालीं और किसी न किसी रूप में उसके प्रचार-प्रसार में अपनी भूमिका का निर्वहण किया; उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है, क्योंकि ऐसी पत्रिकाओं का प्रकाशन असहजता के उस आपातकालीन दौर में आम आदमी के अस्त-त्रस्त मनोबल को बनाए रखने में सहायक था।

दिनमान के सहायक संपादक रहे श्री जीतेंद्र कुमार गुप्त के अनुसार, गुप्त रूप से निकलनेवाली पत्रिकाओं से जनमानस में सरकार के प्रति आक्रोश पैदा होता था जिसका परिणाम चुनाव के रूप में इंदिरा गाँधी की पराजय से सामने आया। जनता और सरकारी कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान हो चुके थे। परिवार-नियोजन के संबंध में सरकारी अमले के तौर-तरीकों को लेकर जनता में काफी क्षोभ था। आपातकाल के दौरा चूँकि तथ्य प्रकाश में नहीं आते थे, इसलिए यह पता नहीं चलता था कि अमुम नीति के परिपालन में कितनी ज्यादती हो रही है। गुपत रूप से निकलने वाली पत्र-पत्रिकाओं में जनता की आवाज मुखरित होती थी। जिसने बौद्धिक जन-जागरण में अपनी भूमिका का निवर्हण किया।

दक्षिण भारत के चर्चित पत्रकार एस.एस. महादेवन के अनुसार, प्रीसेंसरशिप के चलते समाचार-पत्र-पत्रिकाओं में आपातकाल के दौरान पुलिस प्रशासन और सरकार की ज्यादती एवं जुलम

संबंधी खबरें प्रकाशित नहीं हो पाती थीं। आमतौर पर वही लिखा जाता था, जो प्रशासन चाहता था। ऐसे में गुप्त रूप से निकाले जाने वाले न्यूज लेटर, पत्रिकाएँ और बुलेटिन की अहम भूमिका थी। आंदोलनकारियों को इन्हीं के माध्यम से सही जानकारी मिल पाती थी। देश-भर में विभिन्न भाषाओं में लगभग सौ पत्र-पत्रिकाएँ निकाली जाती थीं। प्रतिबंध के बावजूद इनको घर-घर बँटवाया जाता था।

पश्चिम बंगाल के चर्चित पत्रकार और 'स्वास्तीक' के संपादक असीम मित्रा बताते हैं कि गुप्त रूप से निकलने वाली पत्रिकाओं को डाक से भेजना असम्भव सा था लेकिन कोलकाता में बाकायदा एक पूरा नेटवर्क खड़ा किया : जो इन पर्चों को पाठकों तक पहुँचाए। सभी घरों में ये पर्चे सुबह-सुबह डाल दिए जाते थे। बाद में लोग इन्हें पढ़कर आपस में चर्चा करते। इस चर्चा के दौरान हम भी शरीक हो जाते और वाद-विवाद का आनंद लेते।

आपातकाल के दौरान जबलपुर से प्रकाशित 'धर्मयुग' के सह संपादक रहे बवन प्रसार मिश्र के अनुसार, लोग जेलों की खबरें, पुलिस अत्याचार एवं प्रशासनिक ज्यादतियों की इन्हीं गुप्त पर्चों और पत्रिकाओं से जान रहे थे। इससे उनमें तब इंदिरा की सत्ता के विरुद्ध आक्रोश बढ़ता गया। विशेषकर इंदिराजी के छोटे पुत्र संजय गाँधी की हरकतों से सारा देश सनन था। आपातकाल के दौरान पटना से प्रकाशित हिंदी दैनिक 'प्रदीप' के पत्रकार श्री मगनदेव नारायण सिंह बताते हैं कि हिंदी में एक टेबलाइड साइज का अखबार निकलता था–'प्रतिपक्ष' एक साप्ताहिक था 'युवा', इसकी जबरदस्त माँग थी। लोगों को इस पर पूरा यकीन था, जबकि पूर्व से स्थापित समाचार पत्रों पर से लोगों का विश्वास उठ सा गया था। सेंसरशिप के बावजूद कुछ प्रमुख पत्र संकेत भाषा में कुछ लिख ही देते थे और पाठक उसे समझ भी जाते थे।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जबलपुर सेंट्रल जेल में बंद रहे पत्रकार श्री सुरेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ के कार्यकर्त्ताओं द्वारा जनता से संवाद स्थापित करने के लिए हाथ से और साइक्लोस्टाइल कराकर परचे और बुलेटिन की शक्ल में समाचार छापे जाते थे। आपातकाल के समय 'स्वदेश' के भिंड जिले के ब्यूरो प्रमुख रहे रामभुवन सिंह कुशवाह के अनुसार आपातकाल के दौरान गुप्त रूप से कुछ बुलेटिन, पैंफ्लेट अवश्य निकाल रहे थे। संयोग से ग्वालियर केंद्रीय कारागार में बाहर से आने वाले सभी ऐसे बुलेटिन पहले मेरे पास ही आते थे और मेरी जिम्मेदारी थी कि उन्हें सबको दिखाकर नष्ट कर दूँ; इसलिए मैं व्यक्तिगत रूप से जनता हूँ कि आपातकाल के निराशामय घोर अंधकार में भी आशा की एक किरण यह अवश्य थी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सर्वोदय जैसे गैर राजनीतिक संगठनों की सक्रियता के कारण आपातकाल के विरुद्ध जबरदस्त जनआंदोलन खड़ा हो सका था। कांग्रेस के कारण विरोधीदलों को एकजुट किया जा सका था। यही नहीं इन बुलेटिनों और पर्चों ने भूमिगत आंदोलन खड़ा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण किया था। बुलेटिन और गुप्त साहित्य हम तक अक्सर मीसा बंदियों के परिवार जनों के साथ आता था जो समय-समय पर इजाजत लेकर उनसे मिलने आते थे। ये सामग्री खाद्य पदार्थों में छुपाकर लाई जाती थी।

आपातकाल के दौरान भोपाल के दैनिक जागरण में कार्यरत हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा के अनुसार आपातकाल में गुप्त रूप से पत्रिकाएँ बहुत कम निकल पाती थी किंतु पर्चे, पंफ्लेट का चलन बढ़ गया था। इससे आंदोलनकारियों और दमित परिवारों का मनोबल बना रहा। राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा बताते हैं कि उस समय गुप्त रूप से पत्रिका अाविा पत्रक छापना और वितरित करना साहसिक कार्य था, जो मानो अग्निपरीक्षा ही थी। इन पत्रिकाओं ने ऐसा माहौल बनाया कि चुनाव की घोषणा के बाद लावा बनकर फूट पड़ा।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार रमेश नैय्यर के अनुसार, छोटी-छोटी गुप्त बैठकों में बाँटी जाने वाली पत्रिकाओं के अलावा एक-एक पन्ने के परचों के द्वारा भी आपातकाल का प्रतिरोध किया जाता था। कुछ परचे दीवारों पर भी रात के अंधेरे में चिपका दिए जाते थे। वे सत्ताविरोधी बनाने में बहुत कारगर होते थे। अंग्रेजी के वरिष्ठ पत्रकार बी.आर. जेटली के अनुसार आपातकाल के दौरान सत्ता और सरकार के खिलाफ गुप्त रूप से भूमिगत पैंफ्लेट और पुस्तिकाएँ निकलती रहीं। गुप्तचर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इसको पकड़ने के लिए डाकघरों पर चौकसी रखते थे। आपातकाल के विरुद्ध सूचना संप्रेषण से लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस-प्रशासन मुश्तैद रहता था।

आपातकाल के समय 'युगधर्म' के प्रधान संपादक रहे भगवतीधर वाजपेयी कहते हैं कि गुप्त पत्र-पत्रिकाएँ ही उस दौर में सूचना संप्रेषण के एकमात्र साधन रहे। निराशा और भय के उस माहौल में भी उन पत्र-पत्रिकाओं ने जनता के मनोबल को पूरी तरह गिरने से तो बचाया ही लगे हाथ उसे आपातकाल की काली हकीकत से भी बखूबी परिचित करवा दिया। आपातकाल के समय 'इंदौर में 'स्वदेश' के सिटी रिपोर्टर रहे जयकृष्ण गौर बताते हैं कि उस समय कुछ लोग जेल में रहते हुए कागज पर हाथ से लिखकर पर्चा निकालते थे। उस पर्चे को जेल के बाहर चोरी-छिपे लक्षित पाठक समूह तक पहुँचाया जाता था। ऐसे अखबारों का उस समय जनता के बौद्धिक जनजागरण में बड़ा योगदान था।

आपातकाल के समय राँची से पायोनियर के लिए रिपोर्टिंग करने वाले वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वी. पी. शरण के अनुसार गुपत तरीके से निकलने वाली पत्रिकाओं का जनजागरण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। पत्रकारिता पर कड़ी नजर के बावजूद गुपत रूप से निकलने वाली कुछ पत्रिकाएँ लोगों तक सरकार की ज्यादतियों और देश में उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी पहुँचाती थी। राँची एक्सप्रेस के संपादक बलवीर दत्त के अनुसार आपातकाल के दौरान गुप्त रूप से निकलने वाली कुछ पत्रिकाओं का इंतजार लोग बेसब्री से करते थे। राँची इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के कुछ विद्यार्थियों ने नवजागरण समिति का गठन किया था। वे लोग चुपचाप पर्ची बाँटते और सरकार की दमनकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराते थे।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि आपातकाल में यदि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर से निकलने वाली पत्र-पत्रिकाओं पर सरकार ने अंकुश लगा दिया था तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा समाजवादी पृष्ठभूमि से जुड़े कुछ पत्रकारों ने गुप्त रूप से पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू कर दिया था। इसके अतिरिक्त आपातकाल विरोधी साहितय के रूप में सरकार की ज्यादतियों से अवगत कराने के लिए कुछ बुकलेट, पंफ्लेअ, हैंडबिल, बुलेटिन, परचे इत्यादि बड़ी संख्या में निकलने लगे थे। जिसमें न केवल पुलिस-प्रशासन के अत्याचार का कच्चा-चिट्ठा खोला जाता था अपितु आंदोलनकारियों और उनके समर्थकों के बीच संवाद-संप्रेषण का भी माध्यम बनता था। भय और आतंक के उस माहौल में अंधेरे के विरुद्ध लड़ाई में ऐसी गुप्त पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाश-स्तंभ का काम करती थीं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी तथा लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं के संदेश भी इन पत्रकों में छपते थे। जो त्रासदी के उस काल खंड में कार्यकर्त्ताओं का उत्साहवर्धन करता था तथा वह आंदोलनकारी परिवारों के लिए संबल का कार्य करता था। कुल मिलाकर आपातकाल की भूमिगत पत्रकारिता ने समानांतर संचार व्यवस्था खड़ी कर दी थी। जिसने बौद्धिक जनजागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण किया।

संदर्भ-सूची

1. चौधरी श्री विभाष चन्द्र, आपातकाल के दौरान भूमिगत साहित्य (आलेख), छात्र आंदोलन से जनता सरकार तक (स्मारिका), प्रकाशक–अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बिहार प्रदेश, प्रकाशन वर्ष : 1977, पृष्ठ सं. 39
2. वही, पृष्ठ संख्या 93
3. प्रसाद डॉ. शत्रुघ्न, आपातकालीन संघर्ष में बिहार, प्रकाशक– आपातकालीन-संघर्ष-समिति, पटना, संस्करण–1978, पृ. सं.45
4. श्रीवास्तव डॉ. शैलेन्द्रनाथ, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, प्रकाशन विभाग, चूना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, संस्करण 2002; पृ.सं.165-166
5. मिश्र श्री दीनानाथ; आपातकाल में गुप्त क्रांति, सरस्वती बिहार, दरियागंज, नई दिल्ली-2, संस्करण–1977, पृ.सं. 36, 37
6. सागर अन्नपूर्णा, तानाशाही से जूझता हरियाणा, कौटिल्य प्रकाशन, सोनीपत, पृ. सं. 65
7. श्रीवास्तव डॉ. शैलेन्द्रनाथ, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, संस्करण-2002, पृ.सं. 128
8. श्रीवास्तव डॉ. वीणा, आंदोलन में महिलाओं का योगदान (आलेख), छात्र-आंदोलन से जनता सरकार तक (स्मारिका), प्रकाशक–अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बिहार प्रदेश, प्रकाशन वर्ष-1977, पृ. सं. 31
9. वाजपेयी श्री अटल विहारी, श्री दीनानाथ मिश्र की पुस्तक 'आपातकाल में गुप्त क्रांति' की भूमिका, प्रकाशक–सरस्वती विहार, दिल्ली-2, संस्करण-1977, पृ.सं.5
10. वही, पृष्ठ संख्या-5
11. सहस्त्रबुद्धे श्री प्र.ग. एवं वाजपेयी श्री माणिकचंद्र, आपातकालीन संघर्ष गाथा, सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली-55, संस्करण-1990, पृ. सं. 300
12. वही, पृ.सं. 302
13. वही, पृ.सं. 301
14. श्रीवासतव डॉ. शैलेंद्रनाथ, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, संस्करण-2002, पृ. सं. 167

भारत में समाचार पत्रों की वर्तमान प्रवृतियां

अश्विनी कुमार

टीवी पत्रकार, समय न्यूज नेटवर्क

प्रस्तावना

नवीन मीडिया के विकास क्रम में नई पीढ़ी में तकनीकी अत्यंत लोकप्रिय होती जा रही है। अनेक विकसित देशों में समाचार पत्रों की प्रसार संख्या में निरंतर कमी देखी जा रही है। भारतीय समाचार पत्र भी नई मीडिया तकनीकों की इन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ये स्वयं को बनाये रखने के लिए एवं नई मास मीडिया तकनीकों से मिलने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए कई नवीन प्रवृतियों को अपना रहे हैं।

वर्तमान अध्ययन इस संदर्भ में हिन्दी समाचार पत्रों द्वारा अपनाई गई इन प्रवृतियों एवं शैलियों को चिन्हित करने का एक प्रयास है। समाचार पत्र उद्योग एक संक्रमण काल के दौर से गुजर रहा है। वैश्विक रिपोर्ट संकेत करती है कि समाचार पत्रों के मुद्रित प्रारूप या प्रिंट मीडिया का प्रसार निरंतर घट रहा है। तथापि आर्थिक संकट एवं अन्य समस्याओं के बावजूद भारतीय समाचार पत्रों की प्रसार बढ़ रही है। समाचार पत्र उद्योग इस संदर्भ में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं कि इंटरनेट वास्तव में समाचार पत्रों के पारंपरिक मुद्रित स्वरूप को कमजोर कर रहा है।

वर्तमान में ऑनलाइन समाचार पत्र कई तरीके से शोध का विषय बन चुके हैं। इसने प्रिंट मीडिया को दुष्प्रभावित किया है। तथापि भारतीय मनोरंजन एवं मीडिया उद्योग ने भारतीय अर्थव्यस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत के तीव्रतम संवृद्धि वाले क्षेत्र कों में अपना स्थान बनाया है। फिक्की की 2011 की रिपोर्ट भारतीय मनोरंजन एवं मीडिया उद्योग की एक अत्यंत आकर्षक तस्वीर प्रस्तुत करती है।

समाचार पत्र स्वयं को बाजार में बनाये रखने के लिए कई नवाचारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। नवाचार की प्रवृत्ति एक व्यापक अवधारणा है इसमें कई आयाम सम्मिलित हैं। जिनमें से समाचार पत्र की विषयवस्तु भी एक है। यह सभी प्रकार की सामग्रियों में दिखने वाली नवीन प्रवृत्तियों का आधारभूत तत्व है।

प्रिंट मीडिया कई नवाचारों को अपना रहा है उदाहरणार्थ त्रिविमीय तकनीक का इस्तेमाल समाचार पत्रों में भी आरंभ हो गया है। इस तकनीकी का लाभ यह है कि बिना 3 डी चश्मों के भी तस्वीरें सामान्य दिखाई पड़ती हैं। जबकि पुरानी तकनीकी से बने चित्रों को बिना 3 डी चश्मों के देखने पर ऐसा लगता था मानो कि चित्र सही ढ़ंग से छपे न हों। मॉस मीडिया में नवाचारों को अपनाना एक सतत प्रक्रिया है कोई भी नवाचार या तो लम्बे समय तक जारी रह सकता है या जल्दी ही समाप्त भी हो सकता है।

समाचार पत्रों के संदर्भ में पेज डिजाइनिंग, समाचार लेखन, शीर्षक देना, विषयवस्तु का चुनाव करने, विभिन्न प्रारूपों में सामग्री का प्रस्तुतीकरण, फोटो, तकनीकी अनुप्रयोग, समाचारों का संग्रहण, समाचारों का वितरण एवं ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में समान कार्यों में नवाचारों को विकसित किया जा सकता है। विभिन्न समाचार पत्रों में व्याप्त प्रतिस्पर्धा एवं अन्य नये नवीन मीडिया के उद्‌भव से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए नवाचार आवश्यक है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए समाचार पत्र सभी चीजों को अपने पन्नों में नये ढ़ंग से प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय समाचार पत्रों ने स्वयं को आश्चर्यजनक रूप से बदला है।

समाचार पत्रों के लिए खतरें

प्रिंट मीडिया सर्वाधिक पुराने पारंपरिक संचार माध्यमों में से एक है जिसने समय-समय पर अनेक चुनौतियों का सामना किया है। नई तकनीकें इस मीडिया के सामने अब नये तरह की चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। यहां तक की अखबारों का प्रकाशन पर्यावरण के लिए भी खतरा बन चुका है क्योंकि इसमें कागज के लिए बड़ी संख्या में वृक्षों को काटा जाता है। कुल काटे गए वृक्षों में से 11 प्रतिशत इसी उद्योग के लिए काटे जाते हैं।

प्रिंट मीडिया में कई खामियां भी हैं। जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इससे कहीं अधिक अद्यतन है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की गति प्रिंट मीडिया से कहीं अधिक तीव्र है। प्रिंट मीडिया गुणवत्ता एवं सटीकता को गति की तुलना में अधिक महत्व देता है। इस मीडिया की पहुंच सीमित लोगों तक ही है जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐसी कोई सीमा रेखा नहीं है। यह अधिक अन्तः क्रियात्मक है और कई अन्य गुण भी धारण करती है।

विगत वर्षों में समाचार पत्र उद्योग के अस्तित्व के लिए कई नये खतरे महसूस किए गये हैं। जिसमें रेडियो के नये स्वरूप, नये प्रकार, चौबीसों घंटों चलने वाले न्यूज चैनल शामिल हैं जो हर तरह के समाचार प्रस्तुत करते हैं। दृश्य प्रस्तुति अधिक मनोरंजक एवं उपयोगी हो गई है। इंटरनेट प्रिंट मीडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसने पाठकों को अद्यतन समाचारों के कई प्रकार देखने का अवसर दिया है। मोबाइल एक अन्य उपयोगी तकनीक है। समाचार पढ़ने, देखने एवं दूसरे कार्यों के लिए पाठक तेजी से प्रिंट मीडिया से इंटरनेट की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं। विकासशील देशों में जहां साक्षरता में वृद्धि समाचार पत्रों का प्रसार अभी भी बढ़ा रही है, के मुकाबले विकसित देशों में यह रूझान अधिक देखने को मिलता है।

समाचार पत्रों में वैश्विक प्रवृत्तियां

शशि सिन्हा, सीईओ लोडेस्टार यूनिवर्सल गत वर्ष में प्रिंट मीडिया में घटित होने वाले कई नवाचारों का उल्लेख करते हैं। सर्वप्रथम 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के पाठकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि न्यूज चैनल समाचारों की अपेक्षा मनोरंजन पर अधिक ध्यान केंन्द्रित कर रहे हैं। यहां तक कि आज भी विज्ञापन का अधिकांश भाग प्रिंट मीडिया को ही जाता है। हिन्दी समाचार पत्रों की संवृद्धि निरंतर बढ़ रही है। डिजिटल मीडिया प्रिंट मीडिया का स्थान तो नहीं लेगा किन्तु इसे उन्नत करेगा।

एन्टोनिया लॉक का कहना है कि जर्मनी के अखबार प्रकाशक सदैव उन नये उत्पादों की ताक में रहते हैं जो उन्हें पाठकों एवं विज्ञापनों की होड़ में लाभ पहुंचाएं। प्रतिदिन के समाचार पत्रों में 24 गुने यानि 42 सेन्टीमीटर का आकार एक नई पहल है। इसका सुविधाजनक प्रारूप और आकर्षक शीर्षकों वाली स्टोरिज का लक्ष्य विशेष तौर पर युवा पाठकों को आकर्षित करना है। इस प्रकार के

समाचार पत्र उन लोगों के लिए बनाये गए हैं जिन्हें अखबार पढ़ने की आदत नहीं है। ये वैसे लोगों के लिए उपयोगी हैं जो केवल पूरे दिन की विशेष घटनाओं के बारे में स्वयं को सूचित रखना पसंद करते हैं। यह प्रवृत्ति ब्रिटेन में भी पायी जाती है।

समाचार पत्रों एवं पत्रकारों से युक्त फेसबुक एवं लिंकडिन जैसी सोशल एवं पेशेवर नेटवर्किंग साइट्स का निरंतर प्रसार वर्तमान पत्रकारिता में एक नई प्रवृत्ति है। पत्रकार अपनी स्वयं की प्रोफाइल्स एवं एप्लीकेशन्स बनाकर नये पाठकों से स्वयं को जोड़ रहे हैं। निजीकृत वेब एक अन्य इंटरनेट प्रवृत्ति है। दूसरे उभरते हुए बाजारों में धारणीय संवृद्धि के बावजूद समाचार पत्र अभी भी प्रिंट विज्ञापन राजस्व एवं प्रसार में गिरावट से पीड़ित हैं। 2009 के दौरान सरकारों को कई संघर्षरत समाचार पत्रों को सहायता देनी पड़ी। किन्तु यह विवाद अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों के हिसाब से विभिन्न आयाम लेता रहा। अंग्रेजी भाषी विश्व एवं अन्य स्थानों के प्रकाशकों के चिंतन में भी 2009 में यह प्रश्न केन्द्र में था कि ऑनलाइन विषयवस्तु के लिए शुल्क लिया जाय या नहीं।

किन्तु सर्वत्र समाचार कक्ष अत्यधिक आर्थिक दबाव में हैं और अपने महत्वपूर्ण कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रहे हैं। जिससे उनके समुदाय के लिए आवश्यक अन्वेषणात्मक पत्रकारिता को जारी रखना और भी कठिन हो गया है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा कि निकट भविष्य में और अधिक मात्रा में गैर-लाभकारी (जिसमें हितधारकों के लिए कोई लाभांश न हो), इंटरनेट आधारित (निम्न परिचालन लागत) उद्यम इस अंतराल को भरने के लिए तेजी से आगे आ जाएं।

समाचार पत्र स्वयं को चुनौतियों से सामना करने के लिए भी तैयार कर रहे हैं। समाचार पत्रों के भविष्य के लिए प्रवृत्तियों को चिन्हित करते हुए वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ न्यूज पेपर ने अग्रणी अखबारों को उन वर्तमान प्रवृत्तियों को पहचानने के लिए कहा है जिन्हें ये समाचार पत्र अपने व्यवसाय के भविष्य पर प्रभाव डालने में सक्षम मानते हैं। इनमें से कुछ प्रवृत्तियां गंभीर एवं कुछ अन्य शायद गौण मालूम होती हैं किन्तु इन सभी में समाचार पत्रों के भविष्य को निर्धारित करने की क्षमता मौजूद है।

- बदलती हुई जनांकिकीय, अधिक एकल परिवारों के साथ, अन्य लोग एवं गैर-पारंपरिक परिवार
- विकल्पों में वृद्धि, अनन्त विकल्पों के उपलब्ध होने के कारण उत्पादों एवं सेवाओं को चुनना एवं खरीदना कहीं अधिक कठिन
- प्रयोक्ता द्वारा उत्पन्न विषयवस्तु जो स्वअभिव्यक्ति एवं सामाजिक अंत:क्रिया के लिए अवसर प्रदान करती हैं।
- तीव्रतर, लघुतर एवं अधिक यूजर फ्रेंडली होते मोबाइल उपकरण
- सोशल नेटवर्कों का बढ़ता हुआ महत्व
- मल्टी चैनल रणनीतियां एवं न्यूज मीडिया के प्रकारों के बीच अंतर का विलोपन

अब यह तथ्य है कि विश्व के अधिकांश समाचार पत्रों का प्रसार इंटरनेट से मिलने वाली अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण विशेषकर संतृप्त बाजारों में घट रहा है।

समाचार पत्रों की बढ़ती प्रसार संख्या

आईआरएस 2011 की दूसरी त्रैमासिक रिपोर्ट यह बताती है कि दैनिक जागरण की प्रसार संख्या सर्वाधिक है। कई समाचार पत्रों के प्रसार में पर्याप्त वृद्धि हुई है जिसमें शामिल हैं दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर इत्यादि। इसी प्रकार राजस्थान पत्रिका,पंजाब केसरी एवं नई दुनिया जैसे कुछ समाचार

पत्रों के प्रसार में गिरावट भी दर्ज हुई है। आरएनआई की नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक हिंदी समाचार पत्रों के पंजीकरण में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

भारतीय समाचार पत्रों की नाकारात्मक प्रवृत्तियां

भारतीय समाचार पत्रों में कई नाकारात्मक प्रवृत्तियां भी देखी गई हैं और कई विशेषज्ञों ने इस ओर संकेत भी किया है। भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस जी.एन. रे ने भारतीय प्रिंट मीडिया के कई दोष गिनाए हैं। जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों का संक्षेप में उल्लेख किया जा सकता है।

निगमीकरण (कॉरपोरेटाइजेशन), एकाधिकार, अनाचार एवं भ्रष्टाचार ,पेड न्यूज, मीडिया ट्रॉयल एवं विज्ञापनदाता कंपनियों की प्रभुता भारतीय समाचार पत्रों की कुछ महत्वपूर्ण नाकारात्मक प्रवृत्तियां हैं। अब बड़े मीडिया घरानों में से अधिकांश भाग पर कॉरपोरेट घरानों का नियंत्रण है। जो उन्हें वाणिज्यिक उद्यमों की तरह चला रहे हैं। इन समाचार पत्रों का प्रमुख उद्देश्य अधिकतम राजस्व अर्जित करना रह गया है।

आधुनिक मॉस मीडिया की एक अन्य समस्या एकाधिकार है। कुछ निश्चित समाचार पत्र ही देश के अधिकतम शहरों की खबरों को कवर कर रहे हैं। कई प्रकार के अनाचार भी इस मॉस मीडिया में विकसित हुए हैं। पीत पत्रकारिता ऐसी ही एक मध्यम आकार के समाचार पत्रों द्वारा अपनाया गया अनाचार है। इसी प्रकार ब्लैकमेलिंग भी प्रिंट मीडिया के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। सूचना में विकृति या तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जाना भी एक अन्य मुख्य दोष है।

इस आर्थिक परिवर्तन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि स्वयं आदिवासी महिलायें इसका नेतृत्व कर रही हैं। आधुनिक आर्थिक कौशल एवं प्रबंधन को लेकर उनमें चेतना बढ़ी है। पुष्पा टर्की और प्रभावती हंसदा[12] जैसी महिलायें इस प्रकार के आर्थिक आंदोलन को नेतृत्व प्रदान करते हुए आदिवासी महिलाओं के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने का सचेष्ट एवं सफल प्रयास कर रही है।[13]

यह सही है कि पिछले दो दशकों में भारत की समूची आबादी और वंचित वर्ग समूहों की औसत आमदनी में इजाफा हुआ है। इसे मापने वाली गरीबी रेखा में भी गिरावट आई है। हालांकि, समग्रता के लिए इससे कहीं ज्यादा असरदार नतीजे चाहिए। समग्रता की अवधारणा के लिए जो ज्यादा प्रशस्त अवधारणा अर्थात् समावेशी विकास का इस्तेमाल किया गया है उसके तहत भारत का रिकॉर्ड निराशा करने वाला रहा है।

भारत के वंचित वर्ग समूहों में मुंडा जनजाति की महिलाएँ प्रमुख हैं। भारत की स्वतंत्रता के उपरान्त ही इनकी आर्थिक स्थिति के उन्नयन हेतु केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में वंचितों तक विकास की धारा को पहुँचाने हेतु समावेशी विकास की अवधारणा को अपनाया गया।

समावेशी विकास भारत के लिए कोई नई अवधारणा नहीं है। सदियों पूर्व यहाँ सर्वे भवंतु सुखिन: की सामाजिक परिकल्पना व्यक्त की गई थी लेकिन एक नई विश्व व्यवस्था की संरचना के संदर्भ में विकास के एक आयाम के रूप में समावेशी विकास को देखने-समझने की आवश्यकता है। 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) की सर्वाधिक महत्वपूर्ण अपेक्षा समावेशी विकास ही है।[14]

समावेशी विकास में आर्थिक विकास, उच्च घरेलू विकास दर तथा ज्यादा राष्ट्रीय आय की प्राप्ति होती है जिसका लाभ समाज के कमजोर वर्गों सहित सभी वर्गों तक समान रूप से पहुँचता है। भौगोलिक व आर्थिक असमानताएँ घटती है तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ पर्यावरण, पौष्टिक भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं तक सभी की पहुँच समान रूप से होती है।[15]

समावेशी विकास का ही एक प्रमुख घटक वित्तीय समावेशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य समाज के असुरक्षित और कमजोर वर्गों को निवेश के अवसर और आर्थिक वृद्धि का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आसान शर्तों पर धन मुहैया कराना है। इसका लक्ष्य जमा और भुगतान खाता, साख बीमा और पेंशन जैसे व्यापक वित्तीय सेवाओं को वृहत् स्तर पर सुलभ कराना है। इसके साथ-साथ व्यापार के लिए अवसर, शिक्षा, सेवानिवृत्ति के लिए बचत और आपात ऋण सहित जोखिमों के लिए बीमा आदि भी शामिल है।

वर्तमान सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों से भविष्य की मंशा स्पष्ट होती है। इसमें वंचित वर्ग खासकर जनजातिय क्षेत्रों के निवासियों के सशक्तिकरण की नीयत झलकती है। सरकार ने जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए वन-बंधु कल्याण योजना की शुरूआत की है। वर्ष 2014-15 में 100 करोड़ राशि का प्रावधान किया है।[16] झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़िसा सहित पूर्वोत्तर भारत के जनजातीय क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं को संबद्ध करने की कोशिश भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने जनजाति विकास के लिए नव गठित नीति आयोग को भी निर्देशित किया है। जनजातिय मुंडा महिला समाज में परिवर्तन और विकास के लिए सरकार प्रौद्योगिकी की पहुँच भी सुलभ कराने की कवायद कर रही है।

प्रधानमंत्री जन-धन योजना, विद्यालयों में बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभिदान, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल स्वच्छता अभियान और मिशन इन्द्रधनुष जैसे पहल मुंडा महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तीकरण की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। अब प्रत्येक मुंडा महिलाओं को स्वयं का बैंक खाता रखना संभव हो गया है। अब उनकी कमाई के पैसे पर उनका पूर्ण नियंत्रण होगा। सरकार द्वारा उनके खाते में स्वयंमेव सब्सीडी व छात्रवृत्ति की अन्य राशियाँ मिलेंगी। उनका यथोचित विकास होगा तथा वे समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगी।

यह उल्लेखनीय है कि कोई भी समाज सदा के लिए रूढ़ नहीं रह सकता है क्योंकि परिवर्तन एक शाश्वत नियम है।[17] इसलिये आदिवासी समुदाय की महिलाओं की स्थिति में भी परिवर्तन हुआ है। बिहार, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश की आदिवासी महिलाओं में इस परिवर्तन को स्वत: देखा जा सकता है। इन्होंने जीवन के प्रति नये नजरिये को स्वीकार करने की कोशिश की हैं। इनके जीवन स्तर, व्यवहार, प्रवृति एवं अन्य मनोवैज्ञानिक चेतना जैसे इच्छा, अनुभव, विचार आदि में यह परिवतन सहज अवलोक्य है।[18]

जनजातिय क्षेत्रों में औद्योगिकरण की प्रक्रिया ने स्वाभाविक रूप से शहरीकरण को जन्म दिया। शहरीकरण एवं औद्योगिकरण ने इस क्षेत्र से बाहर के प्रशिक्षित श्रम-संधाधन को आकर्षिक किया।[19] इतना ही नहीं अप्रशिक्षित श्रमिकों के रूप में आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों के लिए भी रोजगार के नये अवसर को औद्योगिकरण ने जन्म दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि बाहरी समुदायों एवं

स्थानीय आदिवासी समुदायों के बीच परस्पर सम्पर्क दृढ़ हुआ। आदिवासियों ने बाहरी संस्कृति के मुख्य प्रगतिशील तत्वों को स्वेच्छा से एवं स्वाभाविक रूप से अंगीकार किया है।[20]

उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट होता है कि आज औद्योगिकरण, नगरीकरण केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा किये जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप मुंडा जनजातीय जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी हैं। इस सन्दर्भ में यह विचारणीय तथ्य है कि यह परिवर्तन सम्पूर्ण जनजातीय ग्रामीण समुदाय में एक समान नहीं है। ऐसे गाँवों में जो नगरों अथवा औद्योगिक केन्द्रों के अधिक समीप है, उन गाँवों की अपेक्षा अधिक परिवर्तन हुये हैं, जो नगरों अथवा औद्योगिक केन्द्रों से दूरी है। एक ही जनजातीय गाँव में औद्योगिकरण तथा नगरीकरण की प्रक्रिया ने उन व्यक्तियों के जीवन को अधिक व्यापक रूप से प्रभावित किया है, जो नगरों के प्रत्यक्ष सम्पर्क में है अथवा किसी औद्योगिक केन्द्र में कार्यरत है। शेष मुंडा ग्रामीण जनजातियों में आज भी प्रथागत जीवन शैली के अभिलक्षण दृष्टिगोचर होते हैं।

आज भी आदिवासी महिलायें आर्थिक रूप से मजबूत स्थिति में नहीं है। कार्य क्षेत्र में लैंगिक भूमिका के प्रभावशाली रूप से काम करने के कारण वे उत्पादक कार्यों से मरहूम है। साथ ही सुरक्षात्मक कानूनों का क्रियान्वयन भी सुचारु रूप से नहीं होने से महिला कामगारों को काम के बदले उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पाता है। बिचौलियों के द्वारा भी उनका आर्थिक शोषण होता है। पुनः सरकार की योजनाओं में भी ढांचागत दोष हैं। सरकारी की आदिवासी नीति भी दोषपूर्ण है।

आज मुद्रास्फीति की दर भी तीव्र स्तर पर है। इससे इन्हें ही सबसे ज्यादा कष्ट होता है क्योंकि अधिकांश आदिवासी महिलायें असंगठित क्षेत्रों में काम करती है जहाँ मुद्रास्फीति मापांक की अवधारणा नहीं है। इससे उन्हें इसके अनुरूप भत्ता नहीं मिलता है। इनके बचत का स्तर प्रभावित होता है और वे गरीबी के दुष्चक्र से नहीं निकल पाती है। इसलिए मुद्रास्फीति की वृद्धि दर पर कठोर नियंत्रण की आवश्यकता है। उसी प्रकार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और कारगर बनाने की आवश्यकता है। सरकार को इसके अलावा आदिवासियों के लिए अन्य वनोत्पाद आधारित लघु उद्योगों को प्रसारित करने पर जोर देना होगा। इन विविधोपायों से मुंडा महिलाओं के वर्तमान जीवन दशा में तो सुधार होगा ही, सुन्दर भविष्य की संभावना भी बलवती होगी।

हालांकि वर्तमान सरकार विगत् दो वर्षों में समावेशी विकास का आगाज ही कर पायी है। अभी बहुत कुछ होना बाकी है। आवश्यकता इस बात की है कि समावेशी वित्तीय विकास मॉडल मुंडा महिलाओं के संदर्भ में अनुकूल हो। जनजातिय महिला विकास के लिए भारतीय मानक, पद्धति और प्रक्रिया गढ़े जाएँ तभी यह सार्थक और सफल सिद्ध होगा।

संदर्भ सूची :

1. यू. एम. राव, ट्राइबल वीमेन इन इंडिया, एबीडी दिल्ली 2006, पृ. 52
2. टारगेटिंग द जेंडर, गर्ल्सा एजुकेशन इन झारखंड, प्रेजेंटेशन बाई वीमेन कमीशन, 154 अक्टूबर, 2003, राँची
3. झारखंड, डाटा, हाइलाईट्स व सेडुल्ड ट्राइब्स, सेशन 2001, स्रोत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, दिल्ली
4. झारखण्ड क्षेत्र के लिए 1998-99 में यह सर्वे किया गया था (स्रोत डा. सुषमा सिनहा-बिहार में जनजातीय महिलाओं का सशक्तिकरण, पृ. 63)
5. भारत, पृ. 792-793
6. भारत, : 2005, प्रकाशन विभाग, दिल्ली, पृ. 768

7. वही, पृ. 767
8. वही
9. नदीम हसनैन, ट्राइबल इंडिया, 6वां संस्करण, नई दिल्ली, 2005, पृ. 131
10. स्वाधीन, श्री झौर भूमिकल्या जो महिला सशक्तिकरण के लिए आदिवासी क्षेत्र में कार्यशील हैं, भारत सरकार के सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत निर्बंधित है।
11. स्रोत, http: knews. webIndia 123. com) p. 18, 2007.
12. वही
13. योजना-अगस्त, 2015, पृत्र 15 (श्रीपद मोतराम- भारत का समग्र विकास : अवधारणाएँ और साक्ष्य)
14. वही, पृ. 56
15. वही, पृ. 34
16. वही, पृ. 57
17. सुषमा सहाय प्रसाद, ट्राइबल वीमेन लेबरर्स : आस्पेक्ट्स ऑफ इकोनॉमिक एण्ड फिजिकल एक्स., ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1988, पृ. 143
18. वही
19. शशांक शेखर सिन्हा, आदिवासी वीमेन इन ट्राजिशन: रिविजिटिंग झारखण्ड (1880 से 1980), शक्ति काम व विश्वभमय पति (सं.), एक्सप्लोरिंग जेंडर इक्वेंश्स : कोलोमिनयल एंड पोस्टकोलोनियल इंडिया, नहरू मेमोरियल म्यूजिम एंड लाइब्रेरी, नई दिल्ली, 2005, पृ. 179
20. नदीम हसनैन, पूर्वोक्त, 2007

और गाँधीजी बोल उठे – 'चम्पारण की लड़ाई फतह हो गई!'

विनीता कुमारी

शोध छात्रा, स्नातकोत्तर, नेट यू.जी.सी., इतिहास विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

भारत में असफल किन्तु 'दक्षिण अफ्रीका में एक सफल वकील से मानवतावादी वकील और फिर मानवीय मूल्यों के रक्षक बनने की कहानी मोहनदास करमचंद गाँधी के महात्मा बनने की कहानी है। दक्षिण अफ्रीका में वे बेजुबान भारतीय कूलियों के रक्षार्थ अपना विलक्षण हथियार 'सत्याग्रह' लेकर वहां की शक्तिशाली श्वेत सरकार से उलझ गये। दक्षिण अफीका प्रवास में अपने सत्याग्रह तकनीक से वहाँ के वैध शासक जनरल स्मट्स को चमत्कृत करके और वहाँ बसे भारतीयों को जीवन जीने योग्य नागरिक अधिकार की प्रारंभिक किश्त दिलाकर गाँधीजी ने सन् 1915 ई0 में भारत भूमि पर हमेशा के लिए वापसी की। भारत भूमि पर उन्हें अगले 30 वर्षों तक उसी श्वेत शासनतंत्र से भारत के बेजुबान जनता के लिए संघर्ष में उतरना था, ऐसा तब वे नहीं जानते थे। अपने गुरु (गोपाल कृष्ण गोखले) के कहने पर भारतीय राजनीति को पार्श्व से समझ चुके गाँधीजी ने अगले एक वर्ष तक देश का भ्रमण किया। सन् 1916 ई0. में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में गाँधीजी ने भाग लिया और वही एक कृशकाय भारतीय कृषक राजकुमार शुक्ल ने उन्हें अपने गृह जिले (चम्पारण) में चलकर वहाँ के किसानों की दुर्दशा देखने के लिए आग्रह किया। गाँधीजी न तो चम्पारण से परिचित थे नही राजकुमार शुक्ल से। किन्तु वे किसान की दृढ़ता और गाथा से द्रवित हो उठे।

राजकुमार शुक्ल ने उन्हें चम्पारण आकर वहाँ के किसानों की समस्या, जो बेतियाराज और निलेह ठीकेदारों की मिलीभगत से अतिशय कष्ट झेल रहे थे, के निदान के लिए कुछ करने का आग्रह किया।

वैसे गाँधीजी ने उन्हें धैर्यपूर्वक सुना किन्तु कांग्रेस में उसपर प्रस्ताव रखने से स्वयं को अलग रखते हुए उन्होंने कहा, 'जब तक में अपनी आँखों उनकी दशा देख न लूं, तब तक कोई विचार प्रकट नहीं कर सकता। आप कांग्रेस में प्रस्ताव रखें लेकिन अभी मुझें अलग ही रहने दे।''[1] तब गाँधीजी को कहा मालूम था कि उस कृषक के निरंतर आग्रह को वे टाल नहीं पायेंगे और अप्रैल, 1917 में जिस चम्पारण में वे आर्थिक मुद्दे पर ब्रिटिश सत्ता से उलझेंगे वही चम्पारण समस्त भारत से उनका परिचय करा देगा। गाँधीजी ने निहित स्वार्थों और सत्ता के गठबंधन पर करारा प्रहार करके चम्पारण से भारत में सत्याग्रह का बिगुल फूंका जिसने आजादी की लड़ाई की दिशा ही बदल दी। राजकुमार शुक्ल के दृढ़ निश्चय ने गाँधीजी के भारत में पहले सत्याग्रह को सफल बनाया।

भारत में यूरोपीय निलहों के भारतीय कृषकों पर अत्याचार और अमानवीय कृत्यों का लंबा इतिहास था। बेतिया राज के शाह खर्चों ने उन्हें इंग्लैण्ड का कर्जदार बना दिया और कर्ज की शर्त्तों को पूरा करने के लिए महाराजा हरेन्द्र किशोर सिंह ने बेतिया राज के 417 गाँवों को 1883 ई0. में 37 वर्षों के लिए निलहों को स्थायी पट्टा पर दे दिया।[2] यहीं से जन्म हुआ चम्पारण के कृषकों पर थोपी हुई 'तीन कठिया व्यवस्था।'

चम्पारण के किसान अपनी ही जमीन के 3/20 हिस्सें में नील की खेती उसके असल मलिकों के लिए करने के कानून से बंधे हुए थे। यह नील उन्हें निलहे गोरों की नील की कोठियों को देना पड़ता था। इस प्रथा को वहाँ 'तीन कठिया' कहा जाता था। बीस कट्ठे का ऊपजाऊ जमीन पर किसान नील उगाने के लिए कानूनन बाध्य था। यह व्यवस्था अत्यंत निंदनीय थी। इस व्यवस्था ने चम्पारण में गरीबी, उत्पीड़न, अमानवीय व्यवहार एवं निलहों के अत्याचार को बढ़ाया। निलहों के अत्याचार से तंग आकर कृषकों ने चम्पारण से पलायन कर दिया बहुतों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, याचिकाएं, भेजी और सन् 1907-08 में विद्रोह भी किया जिसे सरकार ने बेरहमी से दबा दिया। समाचारपत्रों में भी कृषकों पर होने वाले अत्याचारों की गुंज सुनाई देने लगी। बिहार से प्रकाशित होने वाले पत्रों में इस विषय पर लेख छपे, जैसे- बिहारी और मिथिला मिहिर। प्रताप (कानपुर), अभ्युदय (इलाहाबाद), भारत मित्र (दैनिक : कलकत्ता), अमृत बाजार पत्रिका (कलकत्ता), हितवादी (कलकत्ता) इत्यादि पत्रों ने कृषकों का पक्ष लिया।[3]

बेतियाराज और निलहे ठीकेदारों के चक्रव्यूह में फंसे चम्पारण के किसानों को निजात दिलाने के लिए अप्रैल, 1917 में चम्पारण (मोतीहारी) में गाँधीजी का पर्दापण हुआ। गाँधीजी की यात्रा का उद्देश्य इलाके में फैल जाने से लोग उनसे मिलने को बेचैन हो उठे।

गाँधीजी के अहिंसक प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि चम्पारण की जनता को निलहे गोरों के अत्याचारी चंगुल से छूटकारा मिला और चम्पारण से तीन कठिया की कलंकिल व्यवस्था समाप्त हुई।

जर्मनी में कृत्रिम नील बन जाने और निलहे गोरों को इसकी जानकारी हो जाने पर भी उन्होंने किसानों का शोषण करने के लिए एकरारनामें पर लिखवा लिया था कि इस व्यवस्था से छूटकारा पाने के लिए वे मुआवजा देंगे।[4] किन्तु किसानों को जब पता चला कि अंग्रेजों ने उनपर दोहरा प्रहार किया है तो वे मुआवजे की रकम वापसी की मांग पर अड़ गये।[5]

गाँधीजी ने चम्पारण पहुँचकर पहले विरोधी पक्ष से मिलना चाहा जिन्होंने मिलने से इन्कार किया। उसके उपरांत वे तिरहुत डिविजन के कमिशनर से मिले। उसने गाँधीजी को आगे बढ़े बिना तिरहुत छोड़ देने का आदेश दिया। गाँधीजी ने तिरहुत नहीं छोड़ने का मन बना लिया था और वे मोतीहारी पहुँच गये। वहाँ उन्हें सरकारी आज्ञा मिली कि वे चम्पारण छोड़कर चले जाये। गाँधीजी ने आज्ञा प्राप्ति की रसीद पर लिख दिया कि वह उसकी अवज्ञा करेंगे। इस पर उन्हें अदालत में हाजिर होने का सम्मन मिला। गाँधीजी ने राजेन्द्र प्रसाद को अपने मित्रों के साथ आ जाने का बुलावा भेजा। गाँधीजी ने सत्याग्रह, कानून की अवज्ञा के साथ-साथ अपना अपराध स्वीकार कर सरकार को चक्कर में डाल दिया। सरकार ने उनसे दो घंटें के लिए जमानत मांगा।[6] परंतु गाँधीजी ने देने से इंकार किया। मैजिस्ट्रेट को बिना जमानत के ही उन्हें छोड़ना पड़ा। दो घंटे की जमानत न देने वाले गाँधीजी के मुकदमें की सुनवाई के लिए जब अदालत दोबारा बैठी तब मैजिस्ट्रेट ने कहा कि फैसला कुछ दिनों बाद होगा। राजेन्द्र प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, मौलाना मजरुल हक इत्यादि कई वकील वहाँ पहुँचे।

गाँधीजी ने पूछा कि अगर मैं जेल चला जाऊ तो आप लोग क्या करेंगे? उन्होंने जवाब दिया कि वापस चले जायेंगे।

गाँधीजी ने पूछा - ''तब किसानों पर जो अन्याय हो रहा है उसका क्या होगा?''[7] वकीलों ने आपस में सलाह करके जवाब दिया कि वे भी उनके पीछे जेल जाने को तैयार है। लोग क्षण भर को सत्ता के दण्ड का भय छोड़कर अपने नये मित्र के प्रेम की सत्ता के अधीन हो गये। गाँधीजी बोले - 'चम्पारण की लड़ाई फतह हो गई।[8]

गाँधीजी के विरुद्ध मुकदमा वापस हो गया और मैजिस्ट्रेट ने उन्हें कमीशन बैठाने का आश्वासन दिया। जून, 1917 में गाँधीजी को बिहार के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर एडवर्ड गेट ने बुलाया और कहा कि वे स्वयं एक जाँच समिति नियुक्त करना चाहते है; जिसमें गाँधीजी को एक सदस्य नियुक्त करना चाहते है। सरकारी जांच में निलहे गोरों के विरुद्ध गवाहियों का पुलिंदा जमा हो गया और कमीशन ने किसानों की सारी शिकायतों को सही ठहराया। कमीशन ने निलहे गोरों ने किसानों से जो रकम अनुचित तरीके से वसूल की थी उसका कुछ अंश लौटाने और 'तीन कठिया' के कानून को रद्द करने की सिफारिश की। निलहे गोरों ने 25 प्रतिशत लौटाने का प्रस्ताव रखा।[9] गाँधीजी ने विरोधी पक्ष से सुलह सफाई की तकनीक के आधार पर यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस प्रकार गाँधीजी के सत्याग्रह तकनीक से अमानवीय प्रथा की समाप्ति हुई। वहाँ के किसानों को नील के अभिशाप से मुक्ति मिली।

गाँधीजी द्वारा भारत भूमि पर सत्याग्रह का यह पहला सफल प्रयोग था। इससे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक नयी दिशा बोध, नया नेतृत्व और अहिंसा और सत्य पर आधारित एक नई तकनीक प्राप्त हुई। जिसे अपनाकर बिना रक्तपात के देश ने महात्मा गाँधी की अगुआई में स्वतंत्रता प्राप्त की।

चम्पारण सत्याग्रह का भारत की आजादी की लड़ाई और गाँधीजी की जिंदगी में क्या स्थान रहा यह गाँधीजी ने स्वयं अभिव्यक्त किया है।

गाँधीजी के शब्दों में ''मैनें वहां ईश्वर का अहिंसा का और सत्य का साक्षात्कार किया।''[10] यही से भारतीय राजनीति में गाँधी युग का आरंभ हुआ।

लूई फिशर के शब्दों में ''जब मैं 1942 ई0. में सेवाग्राम आश्रम में गाँधीजी से पहली बार मिला तो उन्होंने मुझसें कहा; मैं तुम्हें बतलाऊँगा कि वह कौन-सी घटना थी, जिसके कारण मैनें अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर जोर देने का निश्चय किया। यह घटना 1917 ई0. की है''।[11]

गाँधीजी के लिए कृषकों के मसले को सुलझा लेना भर ही कफी नहीं था। जब तक जाँच चली गाँधीजी वहीं रहे और उस इलाके की दूसरी सामाजिक समस्याओं ने उन्हें कम प्रभावित नहीं किया। उन्होंने देखा कि उस इलाके की सामाजिक सांस्कृतिक जीवन में शिक्षा और स्वच्छता के प्रति सामूहिक चेतना का सर्वथा अभाव था। छः गाँवों में प्राथमिक विद्यालय खोले गये। स्वास्थ्य की बदहाली दूर करने के लिए एक चिकित्सक तैयार किया।

चम्पारण की घटना ने गाँधी और देश दोनों की धारा बदल दी। उन्होंने कहा : 'जो कुछ मैंने किया वह बहुत मामूली चीज थी। मैंने घोषणा कर दी कि मेरे ही देश में अंग्रेज लोग मुझपर हुक्म नहीं चला सकते''।[12]

गाँधीजी ने इस पूरे प्रकरण में अत्यन्त सहज भाव से अपने उस मानवीय कर्त्तव्य का निर्वहन किया, जो उन्होंने अपने अफ्रीका प्रवास के दौरान निर्धारित कर लिया था 'प्रत्येक आँख के आँसू

पोंछना।' किन्तु भारत में जो राजनीति उस समय प्रचलित थी उससे यह बिल्कुल भिन्न प्रकृति की थी। गाँधीजी आमजनों की समस्या को लेकर ब्रिटिश साम्राज्य से उलझ पड़े। यही वह आरंभ बिंदु था जिसमें गाँधी के स्वराज्य के मानवीय पहलूओं की परते खुलनी शुरु हुई। इसी प्रकरण से पता चल गया कि गाँधीजी की राजनीति आम जनता के सरोकार के लिए होने वाली थी। वे बेजुबान भारतीयों का पक्ष लेकर ब्रिटिश नौकरशाही से संघर्ष में उतरे।

गाँधीजी ने इस असमान संघर्ष में जनता की एकता के महत्व को उजागर कर दिया। साथ ही यह भी साबित कर दिया कि पक्ष यदि न्याय संगत है ते भयभीत होने की जरुरत नहीं और युद्ध हमेशा अपने संसाधनों की सहायता से ही जीती जाती है।

चम्पारण ने वह संकेत दे दिया कि गाँधीजी आने वाले समय में भारत में क्या करने वाले थे। 'He had forced the mighty Bihar government to apply remedies to long neglected grievances".[13]

यह एक व्यवहारिक उपलब्धि थी जो बिना किसी हिंसा के हासिल कर ली गयी थी। भारतीय राजनीतिक मंच से अपने वक्तश्त्व कला का परिचय देने वाले नेताओं और बड़े-बड़े प्रस्तावों को पारित करने वाले काग्रेस के अग्रणी नेताओं के लिए यह एक सबक बना। गाँधीजी ने मौके पर किसानों की समस्या की छानबीन करके, एक मुर्खतापूर्ण आदेश की अवज्ञा करके और जेल भुगतने की तत्परता दिखाकर एक नया दृश्टांत रख दिया।

भारत का युवा वर्ग जो भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रियता और ऊर्जा तो चाहता था किन्तु आतंक और हिंसा के रास्ते पर नही चलना चाहता था, उनके लिए 'चम्पारण सत्याग्रह' एक नये तरह की राजनीति का उदाहरण बनकर सामने आया। यह भारतीय राजनीति में एक नये हवा के झोंके की तरह था। अब उनके सामने एक नये तरह का नेता था जिसके पास अपने प्रभावशाली हथियार (सत्याग्रह) और गैर पारंपरिक छवि दोनों ही थी। दो व्यक्ति विशेष रुप से प्रभावित हुए जो अगले तीस वर्षों तक गाँधीजी के प्रमुख सिपहसालार बने रहे। ये थे जवाहर लाल नेहरु और वल्लभ भाई पटेल। इसके अलावे इसी आंदोलन से उनके साथ जुड़े डॉ० राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय आजादी की लड़ाई में आजीवन गाँधीजी के साथ उनके हर सत्याग्रह में सहयोगी की भूमिका में रहे।

चम्पारण सत्याग्रह के दौरान गाँधीजी के सहयोगियों में प्रमुख थे : श्री राजकुमार शुक्ल, मौलान मजरुल हक, ब्रज कियोर प्रसाद, गया प्रसाद, हसन इमाम, सच्चिदानंद सिन्हा, पीर मुहम्मद मुनिस और राजेन्द्र प्रसाद।

चम्परण विजय ने गाँधीजी को अपने गृह राज्य (गुजरात) में भी लोकप्रियता दिलाई और वे गुजरात सभा के अध्यक्ष बने।[14] यह गुजरात की एक निरीह संस्था थी जो सरकार को प्रस्ताव और ज्ञापन भेजने का कार्य करती थी। इसी समय वल्लभ भाई पटेल इसके सचिव बने जो उस समय म्युनिसिपल कांसिलर थे। वे चम्पारण आंदोलन से पूर्व गाँधीजी से असहमत थे अब गाँधीजी से पूर्ण सहमत हो गये।

बिहार के इस हिस्सें में गाँधीजी के आगमन और उनके भारत में पहले सत्याग्रह आंदोलन की सफलता; जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खुशी से भाग लिया, ने यह सिद्ध कर दिया कि जनता हर उस सच्ची पुकार पर निकल पड़ती है जिसमें उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान का विश्वास होता है।

संदर्भ सूची : (REFERENCE)

1. चौबे, डॉ0 बादशाह, बेतियाराज और चम्पारण के किसान, इम्प्रेशन पब्लिकेशन, पटना, 2011, पृष्ठ-159.
2. वहीं, पृष्ठ - 100
3. DATTA, DR. KALI KINKAR, GANDHIJI IN BIHAR, Published by Government Bihar, 1969, पृष्ठ - 3
4. फिशर लुई, गाँधी की कहानी, हिन्दी अनुवाद : चन्द्रगुप्त वार्ष्णेय) सत्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, 1954, नई दिल्ली, पृष्ठ - 86.
5. वहीं,
6. वहीं, पृष्ठ - 87
7. वहीं
8. वहीं
9. वहीं, पृष्ठ - 88
10. गाँधी, मोहनदास करमचंद, मेरी जीवन कथा (हिन्दी अनुवाद : भारतन कुमारप्पा) नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पांचवा पुनर्मुद्रण : 2014, पृष्ठ - 78
11. फिशर, लुई (पूर्वोक्त) पृष्ठ - 85
12. वहीं, पृष्ठ - 89
13. MOON, PENDEREL, GANDHI AND MODERN INDIA THE ENGLISH UNIVERSITIES PRESS, LONDON, 1968, पृष्ठ - 70
14. वहीं, पृष्ठ - 71

भारत-बर्मा संबंध (1900-1923)

इन्द्रकान्त

शोध छात्र, इतिहास विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (सारण) बिहार

क्रान्तिकारिता का संबंध

बर्मा और भारत की राजनीति में क्रान्तिकारिता के संदर्भ में बर्मा और भारतीयों की संयुक्त भूमिका रही है । 21 अप्रैल 1913 में ओरेगोन (अमेरीका) में एक ''पैसिफिक कास्ट हिन्दुस्तान एसोशियेशन'' की स्थापना की गई थी ।[1] इसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश सत्ता से मुक्त कराना था । वे सशस्त्र विद्रोह और प्रतिरोध में विश्वास रखते थे। इनकी एक पत्रिका भी उस वर्ष नवम्बर से निकलने लगी जो साप्ताहिक थी। इस का नाम था 'गदर' और यह उर्दू भाषा में लिखी जाती थी। सैन फ्रांसिस्को के जुगान्तर आश्रम से यह निकलता था। इस पत्रिका के माध्यम से 1913 में सैन फ्रांसिस्को में ही स्थापित हिन्दुस्तान गदर पार्टी के भी क्रान्तिकारी विचार प्रसारित होने लगे थे। गदर पार्टी के संस्थापक और महासचिव थे लाला हरदयाल। उन्होंने 'गदर' का प्रचार शंघाई, मलय, स्याम, बर्मा, फिलीपीन एवं डच ईस्ट इण्डिज में भी किया। इसका गुजराती संस्करण खेमचंद दामजी निकालते थे जो अमेरिका में आने के पूर्व बर्मा में रह चुके थे।[2]

बर्मा में 'गदर' पत्रिका के अतिरिक्त दूसरे पत्र भी आने लगे। 'जेहान-इ-इस्लाम' एक ऐसा ही पत्र था। यह 1914 के मई में सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन अंकारा (कस्टेंटिनोपुल) से होता था। इसमें दक्षिण पूर्वी एशिया के मुसलमानों में राष्ट्रवाद जागृत करने के लिए प्रेरक लेख छपते थे। यह अरबी, तुर्की और हिन्दी भाषा में छपती थी जिसे रंगून के मुसलमान बड़े चाव से पढ़ा करते थे।

रंगून में पंजाब के बहुत सारे मुसलमान रहा करते थे। इनमें एक थे अबू सैय्यद जो पहले शिक्षक थे और बाद में क्लर्क हो गए। 1912 में वे रंगून छोड़कर मिस्र आ गये और वहाँ से उन्होंने 'जेहान-इ-इस्लाम' का उर्दू संस्करण निकालना आरंभ किया। इसमें ईसाई धर्म की घोर निन्दा रहती थी। 1914 के अगस्त में इस पत्रिका पर अंग्रेज सरकार ने 'सी कस्टम ऐक्ट' के अन्तर्गत प्रतिबंध लगा दिया। इन अबू सैय्यद से हरदयाल का प्रगाढ़ नैकट्य था। सैय्यद ने यंग तुर्क पार्टी के तेवफिक बे को 1913 में रंगून भेजा था। तेवफिक ने वहाँ एक व्यापारी अहमद मुल्ला दाउद को रंगून के तुर्क कौंसल का पद प्रदान किया। इस्लामी एकता के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास में बर्मा के मुसलमानों को भी जोड़ा जा रहा था और उनसे आशा की जा रही थी कि वे अंग्रेजों की सत्ता का विरोध करें। इन संगठनकर्त्ताओं ने एक अन्य प्रमुख नाम नेयाजी बे का था।[3] 1914 के अगस्त में नेयाजी ने बैंकाक में संगठन का काम आरंभ किया पर स्याम की सरकार ने उसकी मनाही कर दी। संगठन के निर्देश में बर्मा और स्याम के बीच 1914 में गुप्त सुरंगें पाकोह, उत्तरी स्याम के पास, बनाई जा रही थी ताकि बर्मा से हथियार मंगाये जा सके।[4]

भारत के बंगाल में विद्रोह करवाने के लिए जर्मनी बहुत अधिक प्रयासरत था। 'एन एकाउण्ट ऑफ दि रिवोल्यूशनरी औरगनाइजेशन्स इन बेंगाल अदर दैन दि ढाका अनुशीलन समिति अप टू 1915' नामक एक गोपनीय विवरण में[5] यह विवृत है कि किसी जर्मन व्यक्ति ने विद्रोह फैलाने के लिए गुप्त रूप से बंगाल मे शस्त्रास्त्र और धन लाने की कोशिश की थी। 1917 में पता चला कि इस षडयंत्रकारी का नाम विन्सेण्ट क्राफ्ट था। पर अंग्रेजों ने उसे उसके पूर्व ही पकड़ लिया था जिससे कलकत्ते में भयंकर रक्तपात होना संभव नहीं हो सका। पकड़े जाने पर षडयंत्रकारी ने भेद खोला कि योजना बर्मा को केन्द्र बनाकर जावा के बटाविया, स्याम के बैंगकोक और एशिया में विद्रोह करवाने की थी तथा इस उद्देश्य से रंगून में बहुत मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक सामग्री इकट्ठी कर ली गयी थी । बर्मा में लगभग पांच हजार रायफल पहुँचाये जा चुके थे । वाशिंगटन के जर्मन दूतावास के सीक्रेट सर्विस चीफ फ्रांजवन पापेन को आदेश दिया गया था कि वह अमेरिका के बाजार से दस-बीस हजार रायफल एवं विस्फोटक भारत भेजे।

पर भारत भेजने के क्रम में अंग्रेजों की विरोधी सतर्कता बहुत आड़े आयी । एक क्रान्तिकारी नरेन्द्र नाथ चटर्जी (एम०एन० राय के नाम से अधिक प्रसिद्ध) के परामर्श पर अंतत: हथियारों को बंगाल के सुन्दरवन में छिपाने का निर्णय हुआ । किन्तु वह भी सुरक्षित नहीं पाया गया तो चटगांव के पास हटिया नामक कस्बे में भेजने की योजना बनी। वहाँ जतीन्द्र नाथ मुखर्जी (बाघा जतिन नाम से अधिक प्रसिद्ध) शस्त्र-सामग्री की प्रतीक्षा कर रहे थे। किसी के भेद खोल देने पर अंग्रेज सतर्क हो गये, जतीन्द्र नाथ और पुलिस में गोलीबारी हो गई जिसमें वह वीर क्रान्तिकारी मारे गये।

जर्मनी से भारत आने के दो मुख्य मार्ग थे। इनमें एक फारस और अफगानिस्तान होकर आता था और दूसरा रंगून होकर कलकत्ता पहुँचता था। अंग्रेजों ने इन दोनों मार्गों पर अपनी निगरानी कड़ी कर दी। ऊपरी बर्मा से भी भारत में घुसा जा सकता था तो वहाँ भी सैन्य गश्त बढा दी गयी।

1917 के उपरान्त स्याम के अंग्रेजों के पक्ष में हो लेने के बाद जर्मनी ने भारत में विद्रोह फैलाने के लिए धन और हथियार भेजने की नीति त्याग दी। अनिल बरन गांगुली के एक विवरण[6] से ज्ञात होता है कि भारतीयों ने सहयोग के नाम पर जर्मनी से आई राशि में बहुत अधिक घपला किया था, जिससे जर्मनी का हौसला टूट गया। ऐसी ही बेईमानों का एक मुखिया था डॉ० चंद्रकांत चक्रवर्ती।

पर इंग्लैण्ड के विरूद्ध जर्मनी का साहित्यिक प्रचार चलता ही रहा। जर्मनी ने इसके लिए बौद्ध धर्म के अध्ययन को एक हथियार बनाया। इससे लाभ यह था कि इससे बर्मा समेत दक्षिणी पूर्वी एशिया के देशों के अतिरिक्त भारत में भी जर्मनी के प्रति सद्भाव विकसित हो सकता था। जर्मनी द्वारा किये गये बौद्ध धर्म के अध्ययनों से ऐसा हुआ भी।

मण्डाले-षडयंत्र पर मुकदमा के सिलसिले में यह पता चला कि लाला हरदयाल, रास बिहारी बोस और बरकुतल्ला ने घनिष्ट सम्पर्क कर विद्रोह की योजना बनायी थी। इसमें शामिल सोहन लाल पाठक और हसन खान सिंगापुर से भागकर बर्मा में चले आये थे। यहाँ इन दोनों ने डफरीन स्ट्रीट में अपना राजनीतिक केन्द्र बनाया।[7] पर पाठक पकड़े गये और उन्हें मृत्युदंड मिला। शिवदयाल कपूर नामक एक सिक्ख जर्मनी के कहने पर स्याम से बर्मा आने वाले क्रान्तिकारियों को (जर्मनी द्वारा भेजे गये) धन दिया करते थे। एक अन्य नाम इस संदर्भ में बर्मा में रह रहे मुर्तजा हुस्सैन उर्फ मूलचन्द का था। हुस्सैन ने कानपुर में, जिलादार के पद पर रहकर 2000 रूपयों का गबन किया था, पर किसी प्रकार वह रंगून चला आया था और वहाँ क्रांतिकारी आतंकवाद में सम्मिलित हो गया। कालान्तर में वह भी पकड़ा गया। पता चला कि बकरीद के दिन उसके लोग रंगून में क्रान्ति करने वाले थे।[8]

बर्मा में रहने वाले अफगान अंग्रेजों के सत्ता के विरोधी थे, अतएव वे वहाँ के 'गदर' समूहों को सहयोग देते थे। इनमें एक मसीदी नामक अफगानी, शस्त्रास्त्र एवं विस्फोटक सामग्रियों का आयात-निर्यात करता था।

गदर पार्टी में सिक्खों की बहुत बड़ी भूमिका रहती थी। जर्मनी ने सिक्खों को बहुत अधिक प्रोत्साहित भी किया था। जब ऊपरी बर्मा को अंग्रेजों ने जीता तो वहाँ रेलवे लाईन बिछाना शुरू कर दिया तो इस काम में बहुत से सिक्ख भी लगाये गये थे। भूपेन्द्र नाथ दत्त के अनुसार[9] इन सिक्खों में बहुत से सिक्ख जर्मनी से मिले हुए थे। इन्होंने भारतीय क्रान्तिकारियों को स्याम से बर्मा आने में बहुत सहायता की थी। सिक्ख रेल कम्पनियों के अतिरिक्त पुलिस विभाग, तेल कंपनियों आदि में भी नौकरी कर रहे थे। जेल विभाग के एक कर्मचारी एस० गंगासिंह एवं उसके साथियों के प्रयास से मेमियो में 'खालसा दिवान' स्थापित हुआ।[10] भारतीय विद्रोह मे सिक्खों के सहयोग का सबसे बड़ा उदाहरण[11] उनके द्वारा सुभाष चंद्र बोस को दिया गया समर्थन था।

सिक्खों, पंजाबियों एवं पठानों के सम्मिलित प्रयास से संभावित किसी भी विद्रोह से बर्मा के अंग्रेज अधिकारी सदैव आशंकित रहते थे। उनकी चिन्ता चीन-बर्मा एवं स्याम-बर्मा की सीमा की सुरक्षा को लेकर भी रहती थी क्योंकि विद्रोही उनका उपयोग करते थे। इसी के लिए 7 करोड़ के खर्च से चटगांव-आकियाव-मुन्हिला नामक 450 मील लम्बा रेलमार्ग, 605 करोड़ के खर्च से मणिपुर रेलमार्ग (385 मील लम्बा) और हुकोंग वैली रूट (चीन से संबंधित) पर रेलमार्ग (284 मील लम्बा तथा 30 करोड़ से बनने वाले) बनाने की योजनाएँ बनी थी।[12]

बर्मा के म्यावादी में जून 1915 में 'गदर' का बहुत सा साहित्य अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया था। इसमें रंगून के अली अहमद और फयम अली को संबंधित दो पत्र भी सम्मिलित थे। इससे यह प्रमाणित हो गया कि बर्मा के मुसलमानों ने 'गदर' की योजनाओं में बहुत सहयोग दिया था।

बर्मा-स्याम सीमा विद्रोह मार्ग बन गया था। ब्रिटिश पदाधिकारियों ने अन्य उपायों के साथ एक उपाय स्याम के पुलिस अधिकारियों को घूस देने का भी अपनाया ताकि वे अधिकारी क्रान्तिकारियों को बर्मा में नहीं आने दे। 15.07.1915 की एक गोपनीय रिपोर्ट में एस०आर० हिग्नेल ने ऐसी ही मांग की थी[13] ताकि विद्रोही और विद्रोह-सामग्री दोनों को स्याम में ही रोक लिया जा सके।

बर्मा में अपनी मिलिट्री पुलिस के संगठन पर भी अंग्रेज अधिकारियों की चिन्तातुर आंखे पड़ी। इस संगठन में भी विद्रोह फैलाने की कोशिशें हो रही थी। 29.06.1915 के अपने एक गोपनीय रिपोर्ट में सी०आर० क्वीवलैण्ड ने स्थिति की गंभीरता सूचित की थी।[14] वस्तुतः बर्मा की इस सेना में अधिक संख्या में विद्रोह से प्रभावित हो सकने वालों की थी। द्रष्टव्य है एक संबंधित चार्ट -

बर्मा मिलिट्री पुलिस में कार्यरत[15]

हिन्दुस्तानी मुसलमान	1212
पंजाबी मुसलमान	2646
सिक्ख	3942
हिन्दुस्तानी हिन्दू	2701
पंजाबी हिन्दू	104
डोगरा	246

गोरखा	2669
गढवाली	350
कुमायूनी	457
मरहट्टा	97
आसामी जोरवन	28
करेन	712
काछिन	592
शान	51

रिपोर्ट में कहा गया कि पूरी संख्या में की आधी संख्या के लोग कभी भी धोखा दे सकते हैं। इनमे मुसलमानों और सिक्खों से विशेष चिन्ता थी।

इस प्रकार बर्मा और भारत की राजनीति में हिन्दुओं के अलावे जर्मनी, अफगानों, सिक्खों एवं भारत के मुसलमानों की भी एक विशेष भूमिका थी।

संदर्भ ग्रंथ

1. Kalyan Kumar Banerjee, *Indian Freedom Movement: Revolution in America*, Calcutta, Jijnasa, 1969, P–9.
2. Sedition Committee Report, P–120.
3. Arun Bose, 1984, *Indian Revolutionaries in Thailand till 1941*, People Publishing House, P–132.
4. Ibid, P–134.
5. File No. VA-43 of 1917; Nixon Report, Calcutta (State Archives, W. Bengal).
6. Thomas G. Fraser, *Germany and Indian Revolution 1914-18*, Journal of Contemporary History, Vol. XII, 255-272.
7. इनकी स्मृति आदर से की जाती है। इन्होंने स्याम-बर्मा की जर्मन योजना से संबंधित अपने संस्मरण लिखे हैं।
8. Petri Report, P–11.
9. Bhupendra Nath Datta, *Bharater Dritya Swadhinatasangram*, Calcutta, 1983, P–227.
10. Khuswant Singh, The Sikhs in Burma; *The Sikh Review*, Vol. IX, 1961, No. 5, P–34.
11. Nisith Ranjan Ray (ed.) *Challenge, Saya of Indian stmaale of for Freedom*, Delhi, 1948.
12. Govt. of India, Foreign Department, External A Proceedings, Nov. 1912 No. 1.
13. Home Poll, August 1915, File No. 414-439 (Part B).
14. Ibid.
15. Ibid.

डॉ० लोहिया का आर्थिक दर्शनः एक दृष्टि में

मनोरंजन कुमार 'मयंक'

शोध छात्र, इतिहास, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

डॉ० लोहिया समाजवादी अर्थशास्त्रियों में महत्वपूर्ण स्थान रखतें हैं। बर्लिन विश्वविद्यालय में उनको समाजवादी अर्थशास्त्र का अध्ययन करने का अवसर मिला था। डॉ० लोहिया के आर्थिक विचारों का अध्ययन करने से पूर्व यह ज्ञात कर लेना आवश्यक है कि समाजवाद में आर्थिक तत्व का महत्व सर्वाधिक है। वैज्ञानिक समाजवाद के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने आर्थिक तत्व को समाज का निर्णायक तत्व कहा है। उनके मतानुसार समाजिक विकास की प्रगति और दिशा, उत्पादन और विनियम की रीतियों पर निर्भर करती है। अपने जीवन के सामाजिक उत्पादन में मनुष्य ऐसे निश्चित संबंधों में बँधते हैं जो अपरिहार्य एवं उनकी इच्छा से स्वतंत्र होते हैं। इन्हीं उत्पादन - संबंधों के योग से समाज की आर्थिक प्रणाली बनती है। यही वासतविक आधार होता है जिसपर वैधानिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं का निर्माण होता है। फ्रेडरिक ऐंजिल्स ने भी इसी सिद्धांत का वर्णन करते हुए लिखा है, ''समस्त सामाजिक परिवर्तनों तथा राजनीतिक क्रांतियों के अन्तिम कारण न तो मनुष्य के मस्तिष्क में और न उनके चरम सत्य और न्याय - संबंधी विशेष ज्ञान में पायें जाते हैं।'' स्पष्टतः सामाजिक उन्नति और विकास की दिशा उत्पादन तथा विनियत की रीतियों पर निर्भर है। डॉ० लोहिया मार्क्स के आर्थिक चिन्तन की अपरिहार्यता को स्वीकारते हुए अनार्थिक कारणों से पड़ने वाले प्रभुत्व को भी महत्व देते हैं। उनकी दृष्टि से धार्मिक महत्वाकांक्षा से शक्ति का मद, यश-लिप्सा, स्त्री-पुरूष के बीच परस्पर आकर्षण आदि भी सामाजिक स्थिति के संयोजन में गंभीर भूमिका का निर्वाह करते हैं। इतिहास की केवल आर्थिक व्याख्या ही नहीं वरन् एक नैतिक, सौन्दर्यमूलक, राजनीतिक, धार्मिक तथा वैज्ञानिक व्याख्या भी है, किन्तु फिर भी आर्थिक तत्व की विशेष महत्ता को ठुकराया नहीं जा सकता। सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक उथल-पुथल में विश्वास करने वाले डॉ० लोहिया आर्थिक क्रान्ति की प्रधानता को स्वीकार करते हैं। मार्क्स एवं एंजिल्स नें आर्थिक क्रान्ति की प्रधानता और अपरिहार्यता को स्वीकार करते हैं। मार्क्स एवं एंजिलस ने आर्थिक तत्व पर आवश्यकता से अधिक बल दिया है, और इनमें कोई संदेह नहीं कि अनार्थिक कारणों से आर्थिक कारण समाज पर अधिक प्रभाव डालते हैं। इसलिए डॉ० लोहिया ने अमीरी-गरीबी के अन्तर को समग्र विषमताओं का मूल मानते हुए आठ आधारभूत आर्थिक सिद्धान्त प्रस्तुत किये हैं:- (1) वर्ग-उन्मूलन (2) मूल्य-नीति (3) भूमि - नीति (4) भूमि का पुनर्वितरण (5) आर्थिक विकेन्द्रीकरण (6) अन्न-सेना व भू-सेना (7) राष्ट्रीयकरण अथवा समाजीकरण (8) खर्च पर सीमा।[1]

डॉ० लोहिया के आर्थिक चिंतन को उपर्युक्त आठ विन्दुओं के अन्तर्गत विश्लेषणात्मक दृष्टि से अध्ययन करते हुए देखें तो सहज इस निष्कर्ष पर पहुँच सकेंगे कि उनकी दृष्टि में विशेषतया भारत

और भारत जैसे अन्य पिछड़े व अल्प-विकसित राष्ट्र थे जिनका समाजवादी आर्थिक चिंतन विस्तृत, गहन और तर्क - संगत था।

आर्थिक हितों की असमानता का कारण वर्ग - निर्माण है। उत्पादन, विनिमय तथा वितरण पर एकाधिकार रखने वाले अन्ततोगत्वा शोषक बन जाते हैं। साथ ही दूसरा वर्ग शोषित बन जाता है। मार्क्स, ऐंजिल्स, बुखारिन आदि वर्गोत्पत्ति का कारण आर्थिक मानते हैं। डॉ० लोहिया इस विचार को एकांगी सत्य मानते हुए वर्ग - निर्माण के कारणों में सामाजिक तथा बौद्धिक कारण भी जोड़ते हैं। दौलत, बुद्धि, स्थान आदि के हिसाब से समाज में गिरोह बनते हैं जिन्हें वर्ग कहते हैं।[2] उनका ये मत सटीक तथा यथार्थ है। यही उनके चिन्तन की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक (बौद्धिक) व्यवस्थाओं को प्रत्येक समाज में भिन्न मानते हुए इस बात पर जोड़ देते हैं कि प्रत्येक समाज की वर्ग - व्यवस्था का गहन अध्ययन होना चाहिए और तदनुसार उस व्यवस्था में परिवर्तन हेतु अलग - अलग कदम एक साथ उठाने चाहिए। विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्ति उनकी दृष्टि में शोषक है। विशेषाधिकार जन्म से भी हासिल होते हैं और प्रयत्नों से भी प्राप्त किये जाते हैं। अपने देश में लोहिया तीन प्रकार के विशेषाधिकार की बात करते थे - जाति, सम्पत्ति और भाषा।

भारत में डॉ0 लोहिया ने वर्ग - व्यवस्था का गहन अध्ययन कर उसे अत्यन्त मौलिक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक वर्गयुक्त समाज में मुख्य वस्तु है - शोषण! जो शोषण कर सकते हैं, वे अधिक लाभ का अर्जन करते हैं। जो शोषण नहीं कर सकते उनका शोषण होता है। शोषणकर्ताओं का साधन विशेषाधिकार होता है। विशेषाधिकार एक ऐसा अवसर हे जो समाज में बहुत छोटे से हिस्से को मिलता है। भाषा संबंधी विशेषाधिकार से डॉ० लोहिया का तात्पर्य अंग्रेजी भाषा के ज्ञान से है। आज धन और प्रतिष्ठा अंग्रेजी से जुड़ी हैं करोड़ों ये सोंचते हैं कि वे तो अंग्रेजी नहीं जानते, शासन कैसे चलायेंगे। इस प्रकार प्रजातांत्रिक राज्य में करोड़ों लोग हीन भावना से ग्रस्त हो गये हैं। भाषा के आधार पर वर्तमान में ही नहीं अपितु 1500 वर्षो से शोषक और शोषित वर्ग अस्तित्व में रहें हैं। डॉ० लोहिया ने स्पष्ट किया कि ''बुनियादी बात यह है कि गत 1500 सालों से हिन्दुस्तान की संस्कृति में अजीब फूट चली आ रही है। एक तरफ तो कुछ लोगों की सामन्ती - भाषा, सामन्ती - भूषा, सामनती - भोजन और सामन्ती लोगों की लोक - भाषा, लोक - भूषा, लोक - भोजन और लोक - भवन रहा है। उदाहरण के लिए किसी जमाने में संस्कृत सामन्ती भाषा, जबकि प्राकृत, अपभ्रंश और पाली लोक भाषाएँ, अरबी और फारसी सामन्ती भाषा जबकि हिन्दी, उर्दू, तमिल, बंगाली आदि लोक भाषाएँ रही हैं। आज अंग्रेजी सामन्ती भाषा है और हिन्दी, तमिल, तेलगू, मराटी वगैरह लोक - भाषाएँ।''

वर्ग निर्माण का दूसरा कारण जाति - संबंधी विशेषाधिकार है। भारतीय ग्रंथ इस बात के प्रमाण हैं कि जाति (वर्ग) का निर्माण कार्य-विभाजन के लिए किया गया था। उनमें छोटे - बड़े और ऊँच - नीच का कोई भेद भाव नहीं था। सहयोग के आधार पर सामाजिक विकास ही इस विभाजन का लक्ष्य था, किन्तु डॉ० लाहिया की समानता इससे बिल्कुल भिन्न है। उनका मत है कि विश्व के इतिहास में सबल और निर्बल के बीच युद्ध हुए। सबलों ने निर्बलों को पराजित कर उन्हें तबाह कर डाला, किन्तु भारतवर्ष की विशेषता यह रही कि विजयी वर्ग ने पराजित वर्ग को नष्ट न कर केवल उनके अधिकारों को सीमित किया और अपने जीवन का एक अंग उन्हें बना लिया। इस ''हारे का नाश करने के बजाय उसकी आमदनी को बाँध रखने के प्रयास से जाति की उत्पत्ति हुई।'' विजयी वर्गद्विज और पराजित वर्ग शूद्र कहलाया। जैसे - जैसे समय बीतता गया, द्विज - अद्विज को अधिकाधिक हीन बनाता गया। सारा का सारा शूद्र समुदाय निर्जीव, व्यक्तिहीन और उदास बनता चला गया। डॉ० लोहिया ने इस अन्तर पर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए निष्कर्ष निकाला है कि ''जाति

देश को तोड़ती है, वह आत्म संतुष्टि हेतु वर्ग – विशेष के बहुसंख्यक छोटे – छोटे पोखरे बनाती है। हर एक पोखर को अपने छोटे से घेरे की भलाई में ही दिलचस्पी रहती है। मूल्यों की एक विषय सीढ़ी ने हर एक जाति को कुछ दूसरी जातियों के ऊपर खड़ा कर दिया।''

वर्ग – निर्माण का विशेषाधिकार सम्पत्ति है। लोहिया आर्थिक विषमता को अन्य विषमताओं से अधिक महत्व देते थे, क्योंकि वर्ग उत्पत्ति का मुख्य कारण आर्थिक विषमता ही है। उन्होने यदि एक ओर आठ आने अथवा एक रूपया रोज–कमाने वाले के कष्टमय जीवन को सहानुभूतिपूर्वक देखा था।

संक्षेप में डॉ० लोहिया का आर्थिक चिन्तन मानवता के धरातल पर आधारित है। साथ ही उनका समाजवाद मानवीय आधार पर ही नहीं खड़ा है अपितु उसमें व्यक्ति व समाज दोनों की समन्वित चेष्टाएँ उभारने का यत्न किया किया गया हे। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए उनके उपर्युक्त आर्थिक चिंतन पर विचार किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि वे मानव को मानव बनाये रखने के पक्ष में भोग और योग के मध्यम मार्ग की अनुमति देना चाहते थे।

पाद – टिप्पणियाँ

1. मार्क्स, कार्ल एवं ऐंजिल्स : ''संकलित रचनाएँ'' भाग – 1 पृ0 – 55
2. डॉ० राममनोहर लोहिया : ''मार्क्स, गाँधी एण्ड सोशलिज्म'', 1963, पृ0 – 187
3. कृष्ण नन्दन ठाकुर : डॉ० राममनोहर लोहिया के आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक विचार, पृ0 – 38

हिन्दी

मनीषी कथाकार व्यक्तित्त्वः आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री

डॉ॰ नीलम कुमारी

एम॰ए॰, पी-एच॰डी॰, हिन्दी विभाग, आदर्श इन्टरमीडिएड महाविद्यालय, सराय, वैशाली

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का नाम स्मरण करते ही यह सर्वतो भाव ज्ञात होता है कि वे एक विराट एवं विलक्षण साहित्यकार हैं जिन्होंने हिन्दी साहित्य की सभी विधाओं पर अपनी कलम चलाई है एवं श्रीवृद्धि की है। देवी सरस्वती का तो वरदहस्त उनपर विशेष रूप से रहता आया है। आचार्य नलिनविलोचन शर्मा के कथानानुसार- 'छायावाद में निराला, प्रसाद, पंत और महादेवी के बाद पाँचवा नाम आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का है।'[1] प्राप्त जानकारियों से यह ज्ञातव्य है कि हिन्दी में शास्त्री जी को लाने का पुनीत कार्य निराला ने ही किया है। जीवन के प्रारंभिक समय में आचार्यश्री संस्कृत में ही रचना करते रहते और कालिदास एवं भवभूति के बाद संस्कृत के साहित्य के विपुल भंडार को और भी भरते होते किन्तु, हिन्दी भाषियों के लिए यह एक सौभाग्य की बात है कि हिन्दी साहित्य जगत में कवि सम्राट निराला के उपरांत आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का आगमन हुआ है।

आचार्य श्री का साहित्य-संसार विराट है, जिसमें हिन्दी साहित्य की कोई भी विधा अछूती नहीं है। भाषा, संशलिष्ट एवं शैली में ताजगी है, शब्द संयोजन एवं सम्प्रेषण का संयोग अनुपम है। गया जिले के मैगरा ग्राम में सन् 1916 ई॰ के माघ द्वितीया को जन्मे जानकीवल्लभ शास्त्री निर्जन वन-मरूस्थल का यह प्रतिभा-पुरुष साहित्य संसार का छायावाद से लेकर प्रगतिवाद की हर लहर को उठते-गिरते देखा है। उन्होंने अपने आप को वादों के चक्रव्यूह से अलग रखकर अपनी राह अलग बनाई। आचार्य श्री ने जिस जीवन शैली का निर्माण, धारण एवं निर्वहन किया वह किसी भी साहित्यकार के लिए कल्पना का विषय हो सकता है। जिन्दगी के तमाम कठिनाईयों से रूबरू होते रहे शास्त्री जी को उन्हीं के शब्दों ने उन्हें संबल एवं दृढ़ विश्वास दिया है-''मेरे पथ में ने विराम रहा / कुछ दूर और, कुछ दूर और / करता मैं आठों याम रहा।''[2]

जिस लेखनी को सहेजकर हिन्दी व संस्कृत साहित्य ने अपनी जीवतंता पाई ऐसे उत्तर छायावादी मूर्धन्य साहित्यकार आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री अपनी शब्द-साधना से आठ दशक से उन्होंने न सिर्फ काव्य-जगत पर गंभीर प्रभाव व भावी पीढ़ी के मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ी है बल्कि इस कालजयी रचाकार ने अपनी रचना से निरंतर निश्छल प्रेम व स्नेह की गंगा प्रवाहित की है। शास्त्रीजी की काव्य-परम्परा का अपना विशिष्ट स्थान है क्योंकि शास्त्रीजी अपनी शर्तों के शब्द-साधक है। सहज भाव से कही गई उनकी बातें उनकी उत्कृष्टता का सही मापदण्ड है।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री जीवन पर्यन्त विभिन्न विधाओं में लिखते रहे, लिखने का अंदाज उनका अपना था, उन्होंने किसी अन्य की कृति का अनुकरण नहीं किया। आचार्य श्री का खुद का

मानना है कि –''हमारे अन्तर्रात्मा से जो चीज निकलती है वही असली चीज है, वहीं रस का आस्वादन भी होता है और कहानी या कोई भी विधा केवल वाणी का विधान नहीं हैं, वह वाणी की तपस्या और साधना का ललित संघर्ष भी है।''[3] शास्त्री जी ने पचास से अधिक कहानियाँ लिखी है इसलिए उनका कहानीकार रूप भी काफी विस्तीर्ण है। प्राप्त रचनाओं से ज्ञातव्य है कि उनकी कहानियाँ चौथे और पाँचवे दशक में लिखी गई थी, जो उनके रचनात्मक जीवन का प्रथम चरण प्रतीत होता है। इनकी कहानियों का गद्य एक अलग कोटि का है, जो परिवेश और चरित्र से जुड़कर चलता है और जिसका सम्बन्ध भावना और यथार्थ दोनों से है। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री ने कहानी के उद्देश्य के सम्बन्ध में अपना विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि– ''कहानी का उद्देश्य न तो मनोरंजन ही है और न शिक्षा ही। उसका उद्देश्य है स्वाभाविक रीति से सौन्दर्य और आनन्द को प्रतिफलित करना।''[4] शास्त्रीजी की कहानियों की कथाएँ काल्पनिकता से कोसो दूर और वास्तविक जीवन की घटनाओं से जुड़ी हुई है उनकी कहानियों में व्यथा अँगराई लेते हुए नजर आती है सुख का स्वर नहीं सुनाई देता है उनके अनुसार ''चूँकि चिता की लपटे हैं, उनमें खस की खुशबू सम्भव नहीं।''[5] पुनः उन्होंने अपनी कहानियों में अपनायी जाने वाली शैली के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि–''मेरी शैली अच्छी है या बुरी पता नहीं। मगर वह किसी की नकल नहीं है, इतनी सी असलियत मैं जानता हूँ।''[6] शास्त्री जी के द्वारा लिखित उनकी कहानियों का संकलन चार पुस्तकों में किया गया है, वे पुस्तकें हैं –'कानन', 'अपर्णा', 'लीलाकमल' और 'बाँसो का झुरमुट'।

'कानन' आचार्य श्री का प्रथम कहानी संग्रह है। इसका प्रकाशन वर्ष 1940 ई॰ है। यह पुस्तक आचार्य श्री ने अपनी छोटी बहन स्व॰ सुमित्रा की शेष-स्मृति के नाम समर्पित किया है। इस संग्रह में कुल ग्यारह कहानियों का संग्रह किया गया है। इस पुस्तक की अधिकांश कहानियाँ स्त्री और पुरुष के प्रेम पर आधारित है तथा उनके मिलने एवं बिछुड़ने में प्राप्त असफलताओं के आधार पर कथा का विकास दर्शाया गया है।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री कृत 'अपर्णा' कहानी-संग्रह का प्रथम प्रकाशन सन् 1941 ई॰ में हुआ था। इस संग्रह को आचार्य श्री ने अपनी प्रथम पत्नी स्व॰ श्रीमती चन्द्रकला देवी को श्रद्धा सुमन स्वरूप समर्पित किया है। इस कथा-संग्रह में आचार्य श्री ने कुल दस कहानियों का संकलन किया है। इस कथा-संग्रह से प्रभावित होकर महाकवि निराला ने लिखा है –''मैंने शास्त्राचार्य पं॰ जानकीवल्लभ जी की लिखी 'अपर्णा' पुस्तक देखी। कहानियाँ है, रोचक, सरल, काव्यमयी। गद्य में जानकीवल्लभ शास्त्री ने चार-चाँद लगा दिए हैं। हिन्दी उनके हाथ में कली की तरह दल खोलती जा रही है। पुस्तक भाव और भाषा दोनों की दृष्टि में यथेष्ट बन पड़ी है इसका अधिक प्रचार हिन्दी के सँवारने का साधन होगा।''[7]

'लीलाकमल' कहानी-संग्रह आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री द्वारा लिखित एक संयुक्त रचना है जिसमें कहानियों के साथ-साथ एंकाकियों का भी संकलन हुआ है। इस कहानी संग्रह के अंत में 'वर्षा मंगल' नाम की कविताओं का काव्यानुवाद भी अंकित हुआ है। इस कथा-संग्रह में आचार्य श्री ने समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता पर चोट करते हुए स्त्री जीवन की व्यथा पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस पुस्तक में कुल सात कहानियाँ तीन एकांकी एवं एक कविता का काव्यानुवाद संकलित है। इस कथा-संग्रह का प्रकाशन वर्ष 1955 ई॰ में हुआ था।

'बाँसो का झुरमुट' आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री द्वारा 1941 ई॰ में लिखी गई उनकी प्रारंभिक कहानियों का एक संग्रह है प्रकाशन की दृष्टिकोण से यह आचार्य जी की अन्तिम कृति मानी जाती है। इस कथा-संग्रह में सन् 1935 से 1945 ई॰ के मध्य लिखी गई कुल ग्यारह कहानियों का संकलन किया गया है। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री ने अपने प्रथम तीनों कथा-संग्रहों की प्रथम कहानी को

एवं चतुर्थ तथा अन्तिम कथा-संग्रह की अन्तिम कहानी को विशिष्टता देकर प्रत्येक संग्रह का नामकरण भी उसी कहानी के शीर्षक पर किया है।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री जी की कहानियों के भावों एवं कलात्मक लेखनी से प्रसन्नचित्त होकर महाकवि निराला ने लिखा है-''श्री जानकीवल्लभ शास्त्री शास्त्राचार्य, हिन्दी के श्रेष्ठ कवि, आलोचक और कहानी लेखक है। अपनी प्रतिभा, विद्वता, लेखन-कौशल और दिव्य-व्यवहार से उन्होंने अनेक बार मुझपर अपनी गहरी छाप डाली है। हिन्दी के साहित्यिक उत्थान में बिहार की इस प्रतिभा को मानना पड़ता है। जानकीवल्लभ शास्त्री यहाँ के और समस्त हिन्दी भाषी प्रांतों के प्रतिभाशालियों में एक है। सेच तो यह है कि वे सामयिक हिन्दी काव्य-धारा और सामयिक प्रकाशन शैली के एक सुन्दर प्रतिनिधि है।''[8]

आचार्यश्री के साहित्य-सृजन का मूल्यांकन करना समुद्र को तैरकर पार करने जैसा असंभव दुस्साहस प्रतीत होता है। उनका विराट व्यक्तित्व जो किसी अर्थ में नदी के तट पर खड़े उस विशालकाय जहाज के समान प्रतीत होता है जो अपने जीवन की चिन्ता किए बिना नदी के प्रवाह को निहारता और गति देता रहता है। जानकीवल्लभ शास्त्री केवल तन से ही नहीं बल्कि मन से भी हिमालय की ऊँचाइयों के समान ऊपर उठे हुए थे। उनके विषय में जानने के लिए हम जितनी गहराई में जाएँ वह कम ही लगता है। कभी-कभार उनकी रचनाओं में जल पड़ने वाली सूर्य की सुनहरी किरणों से निकली इन्द्रधनुषी झलक झिलमिलाने लगती है।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री सफलता के शीर्ष शिखर पर चमकने वाले एक ऐसे मणिरत्न के समान है जो संगीत के महान साधक एवं जीवन के चढ़ते-उतरते समय चक्र के प्रत्यक्ष दर्शक एवं उपन्यास, कहानी, संस्मरण, गीतिनाश्यों के सिद्ध रचनाकार हैं। साहित्य-सिद्धान्त समीक्षा एवं प्राच्य भारतीय साहित्य जैसी खूबियाँ इनके दिल से निकलने वाली ऐसी-प्रेरणा किरण हैं जिन्हें महसूस तो हम करते है परन्तु उन्हें व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्दों की कमी पड़ जाती है। तत्पश्चात् अतीत और वर्तमान का स्मरण कर उनके जीवन की वेदना फूट पड़ती है-''मेरी बेल प्यार की मुस्कानों और दुलार के आँसूओं से कभी नहीं सींची गई। चढ़ी तो काँटों पर, मुरझाई तो वीराने में''[9]

संदर्भः

1. बेला स्मृति-विशेषांक, पृ॰ 146
2. बेला महावाणी अमृत-पर्व, पृ॰ 110
3. बेला पत्रिका, जुलाई-अगस्त-2009, पृ॰ 2
4. आचार्य कवि श्री जानकीवल्लभ शास्त्री, व्यक्तित्व और कृतित्व, पृ॰ 78
5. वही, पृ॰ 78
6. वही, पृ॰ 78
7. आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का कथा-साहित्य, पृ॰ 86
8. बेला महावाणी अमृत-पर्व, पृ॰ 64
9. आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री, हंस बलाका, पृ॰ 35

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005: एक समीक्षा

सुनील कुमार

शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

सूचना का अधिकार अर्थात राईट टू इन्फॉरमेशन। सूचना का अधिकार का तात्पर्य है, सूचना पाने का अधिकार, जो सूचना अधिकार कानून लागू करने वाला राष्ट्र अपने नागरिकों को प्रदान करता है। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को अपनी कार्य और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है।

लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन कालान्तर में अधिकांश राष्ट्रों ने अपने दायित्वों का गला घोटते हुए पारदर्शिता और ईमानदारी की बोटियाँ नोंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी और भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े कीर्तिमान कायम करने को एक भी मौका अपने हाथ से गवाना नहीं भूले। भ्रष्टाचार के इन कीर्तिमानों को स्थापित करने के लिए हर वो कार्य किया जो जनविरोधी और अलोकतांत्रिक हैं। सरकारे यह भूल जाती है कि जनता ने उन्हें चुना है और जनता ही देश की असली मालिक है एवं सरकार उनकी चुने हुई नौकर। इसलिए मालिक होने के नाते जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है, कि जो सरकार उनकी सेवा है, वह क्या कर रही है? प्रत्येक नागरिक सरकार को किसी ने किसी माध्यम से टेक्स देती है। यहां तक एक सुई से लेकर एक माचिस तक का टैक्स अदा करती है। सड़क पर भीख मांगने वाला भिखारी भी जब बाजार से कोई सामान खरीदता है, तो बिक्री कर, उत्पाद कर इत्यादि टैक्स अदा करता है। इसी प्रकार देश का प्रत्येक नागरिक टैक्स अदा करता है और यही टैक्स देश के विकास और व्यवस्था की आधारशिला को निरन्तर स्थिर रखता है। इसलिए जनता को यह जानने का पूरा हक है कि उसके द्वारा दिया गया, पैसा कब, कहाँ, और किस प्रकार खर्च किया जा रहा है? इसके लिए यह जरूरी है कि सूचना को जनता के समक्ष रखने एवं जनता को प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया जाए, जो एक कानून द्वारा ही सम्भव है। सूचना का अधिकार अर्थात राईट टू इन्फॉरमेशन। सूचना का अधिकार का तात्पर्य है, सूचना पाने का अधिकार, जो सूचना अधिकार कानून लागू करने वाला राष्ट्र अपने नागरिकों को प्रदान करता है। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को अपनी कार्य और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है।

लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन कालान्तर में अधिकांश राष्ट्रों ने अपने दायित्वों का गला घोटते हुए पारदर्शिता

और ईमानदारी की बोटियाँ नोंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी और भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े कीर्तिमान कायम करने को एक भी मौका अपने हाथ से गवाना नहीं भूले। भ्रष्टाचार के इन कीर्तिमानों को स्थापित करने के लिए हर वो कार्य किया जो जनविरोधी और अलोकतांत्रिक हैं। सरकारें यह भूल जाती है कि जनता ने उन्हें चुना है और जनता ही देश की असली मालिक है एवं सरकार उनकी चुने हुई नौकर। इसलिए मालिक होने के नाते जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है, कि जो सरकार उनकी सेवा है, वह क्या कर रही है? प्रत्येक नागरिक सरकार को किसी ने किसी माध्यम से टेक्स देती है। यहां तक एक सुई से लेकर एक माचिस तक का टैक्स अदा करती है। सड़क पर भीख मांगने वाला भिखारी भी जब बाजार से कोई सामान खरीदता है, तो बिक्री कर, उत्पाद कर इत्यादि टैक्स अदा करता है। इसी प्रकार देश का प्रत्येक नागरिक टैक्स अदा करता है और यही टैक्स देश के विकास और व्यवस्था की आधारशिला को निरन्तर स्थिर रखता है। इसलिए जनता को यह जानने का पूरा हक है कि उसके द्वारा दिया गया, पैसा कब, कहाँ, और किस प्रकार खर्च किया जा रहा है? इसके लिए यह जरूरी है कि सूचना को जनता के समक्ष रखने एवं जनता को प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया जाए, जो एक कानून द्वारा ही सम्भव है। अंग्रजों ने भारत पर लगभग 250 वर्षो तक शासन किया और इस दौरान ब्रिटिश सरकार ने भारत में शासकीय गोपनीयता अधिनियम 1923 बनया, जिसके अन्तर्गत सरकार को यह अधिकार हो गया कि वह किसी भी सूचना को गोपनीय कर सकेगी।

सन् 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ, लेकिन संविधान निर्माताओ ने संविधान में इसका कोई भी वर्णन नहीं किया और न ही अंग्रेजो का बनाया हुआ शासकीय गापनीयता अधिनियम 1923 का संशोधन किया। आने वाली सरकारों ने गोपनीयता अधिनियम 1923 की धारा 5 व 6 के प्रावधानों का लाभ उठकार जनता से सूचनाओं को छुपाती रही। सूचना के अधिकार के प्रति कुछ सजगता वर्ष 1975 के शुरूआत में "उत्तर प्रदेश सरकार बनाम राज नारायण" से हुई। मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में हुई, जिसमें न्यायालय ने अपने आदेश में लोक प्राधिकारियों द्वारा सार्वजनिक कार्यो का व्यौरा जनता को प्रदान करने का व्यवस्था किया। इस निर्णय ने नागरिको को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दायरा बढ़ाकर सूचना के अधिकार को शामिल कर दिया। वर्ष 1982 में द्वितीय प्रेस आयोग ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम 1923 की विवादस्पद धारा 5 को निरस्त करने की सिफारिश की थी, क्योंकि इसमें कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया था कि 'गुप्त' क्या है और 'शासकीय गुप्त बात' क्या है? इसलिए परिभाषा के अभाव में यह सरकार के निर्णय पर निर्भर था, कि कौन सी बात को गोपनीय माना जाए और किस बात को सार्वजनिक किया जाए। बाद के वर्षो में साल 2006 में 'विरप्पा मोइली' की अध्यक्षता में गठित 'द्वितीय प्रशासनिक आयोग' ने इस कानून को निरस्त करने का सिफारिश किया। सूचना के अधिकार की मांग राजस्थान से प्रारम्भ हुई। राज्य में सूचना के अधिकार के लिए 1990 के दशक में जनान्दोलन की शुरूआत हुई, जिसमें मजदूर किसान शक्ति संगठन (एम.के.एस.एस.) द्वारा अरूणा राय की अगुवाई में भ्रष्टाचार के भांडाफोड़ के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम के रूप में हुई। 1989 में कांग्रेस की सरकार गिरने के बाद बीपी सिंह की सरकार सत्ता में आई, जिसने सूचना का अधिकार कानून बनाने का वायदा किया। 3 दिसम्बर 1989 को अपने पहले संदेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने संविधान में संशोधन करके सूचना का अधिकार कानून बनाने तथा शासकीय गोपनीयता अधिनियम में संशोधन करने की घोषणा की। किन्तु बीपी सिह की सरकार तमाम कोशिसे करने के बावजूद भी इसे लागू नहीं कर सकी और यह सरकार भी ज्यादा दिन तक न टिक सकी।

वर्ष 1997 में केन्द्र सरकार ने एच.डी शौरी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करके मई 1997 में सूचना की स्वतंत्रता का प्रारूप प्रस्तुत किया, किन्तु शौरी कमेटी के इस प्रारूप को संयुक्त मोर्चे की दो सरकारों ने दबाए रखा। वर्ष 2002 में संसद ने 'सूचना की स्वतंत्रता विधेयक (फ्रिडम ऑफ इन्फॉरमेशन बिल) पारित किया। इसे जनवरी 2003 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिली, लेकिन इसकी नियमावली बनाने के नाम पर इसे लागू नहीं किया गया। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यू.पी.ए.) की सरकार ने न्युनतम साझा कार्यक्रम में किए गए अपने वायदो तथा पारदर्शिता युक्त शासन व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने के लिए 12 मई 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 संसद में पारित किया, जिसे 15 जून 2005 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली और अन्ततः 12 अक्टूबर 2005 को यह कानून जम्मू-कश्मीर को छोड़कर पूरे देश में लागू किया गया। इसी के साथ सूचना की स्वतंत्रता विधेयक 2002 को निरस्त कर दिया गया। इस कानून के राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने से पूर्व नौ राज्यों ने पहले से लागू कर रखा था, जिनमें तमिलनाडु और गोवा ने 1997, कर्नाटक ने 2000, दिल्ली 2001, असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं महाराष्ट्र ने 2002, तथा जम्मू-कश्मीर ने 2004 में लागू कर चुके थे। सूचना का तात्पर्यः रिकार्ड, दस्तावेज, ज्ञापन, ई:मेल, विचार, सलाह, प्रेस विज्ञप्तियाँ, परिपत्र, आदेश, लांग पुस्तिका, ठेके सहित कोई भी उपलब्ध सामग्री, निजी निकायो से सम्बन्धित तथा किसी लोक प्राधिकरण द्वारा उस समय के प्रचलित कानून के अन्तर्गत प्राप्त किया जा सकता है।

सूचना अधिकार का अर्थः इसके अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आते है-

1. कार्यो, दस्तावेजों, रिकार्डो का निरीक्षण।
2. दस्तावेज या रिकार्डो की प्रस्तावना। सारांश, नोट्स व प्रमाणित प्रतियाँ प्राप्त करना।
3. सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना।
4. प्रिंट आउट, डिस्क, "लॉपी, टेप, वीडियो कैसेटो के रूप में या कोई अन्य इलेक्ट्रानिक रूप में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सूचना का अधिकार अधिनियम् 2005 के प्रमुख प्रावधानः
5. समस्त सरकारी विभाग, पब्लिक सेक्टर यूनिट, किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता से चल रहीं गैर सरकारी संस्थाएं व शिक्षण संस्थान आदि विभाग इसमें शामिल हैं। पूर्णतः से निजी संस्थाएं इस कानून के दायरे में नहीं हैं लेकिन यदि किसी कानून के तहत कोई सरकारी विभाग किसी निजी संस्था से कोई जानकारी मांग सकता है तो उस विभाग के माध्यम से वह सूचना मांगी जा सकती है।
6. प्रत्येक सरकारी विभाग में एक या एक से अधिक जनसूचना अधिकारी बनाए गए है, जो सूचना के अधिकार के तहत आवेदन स्वीकार करते हैं, मांगी गई सूचनाएं एकत्र करते हैं और उसे आवेदनकर्ता को उपलब्ध कराते हैं।
7. जनसूचना अधिकारी की दायित्व है कि वह 30 दिन अथवा जीवन व स्वतंत्रता के मामले में 48 घण्टे के अन्दर (कुछ मामलों में 45 दिन तक) मांगी गई सूचना उपलब्ध कराए।
8. यदि जनसूचना अधिकारी आवेदन लेने से मना करता है, तय समय सीमा में सूचना नहीं उपलब्ध कराता है अथवा गलत या भ्रामक जानकारी देता है तो देरी के लिए 250 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 25000 तक का जुर्माना उसके वेतन में से काटा जा सकता है। साथ ही उसे सूचना भी देनी होगी।
9. लोक सूचना अधिकारी को अधिकार नहीं है कि वह आपसे सूचना मांगने का कारण नहीं पूछ सकता।

10. सूचना मांगने के लिए आवेदन फीस देनी होगी (केन्द्र सरकार ने आवेदन के साथ 10 रुपए की फीस तय की है। लेकिन कुछ राज्यों में यह अधिक है, बीपीएल कार्डधारकों को आवेदन शुल्क मे छुट प्राप्त है।
11. दस्तावेजों की प्रति लेने के लिए भी फीस देनी होगी। केन्द्र सरकार ने यह फीस 2 रुपए प्रति पृष्ठ रखी है लेकिन कुछ राज्यों में यह अधिक है, अगर सूचना तय समय सीमा में नहीं उपलब्ध कराई गई है तो सूचना मुफ्त दी जायेगी।
12. यदि कोई लोक सूचना अधिकारी यह समझता है कि मांगी गई सूचना उसके विभाग से सम्बंधित नहीं है तो यह उसका कर्तव्य है कि उस आवेदन को पांच दिन के अन्दर सम्बंधित विभाग को भेजे और आवेदक को भी सूचित करे। ऐसी स्थिति में सूचना मिलने की समय सीमा 30 की जगह 35 दिन होगी।
13. लोक सूचना अधिकारी यदि आवेदन लेने से इंकार करता है। अथवा परेशान करता है। तो उसकी शिकायत सीधे सूचना आयोग से की जा सकती है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं को अस्वीकार करने, अपूर्ण, भ्रम में डालने वाली या गलत सूचना देने अथवा सूचना के लिए अधिक फीस मांगने के खिलाफ केन्द्रीय या राज्य सूचना आयोग के पास शिकायत कर सकते है।
14. जनसूचना अधिकारी कुछ मामलों में सूचना देने से मना कर सकता है। जिन मामलों से सम्बंधित सूचना नहीं दी जा सकती उनका विवरण सूचना के अधिकार कानून की धारा 8 में दिया गया है। लेकिन यदि मांगी गई सूचना जनहित में है तो धारा 8 में मना की गई सूचना भी दी जा सकती है। जो सूचना संसद या विधानसभा को देने से मना नहीं किया जा सकता उसे किसी आम आदमी को भी देने से मना नहीं किया जा सकता।
15. यदि लोक सूचना अधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर सूचना नहीं देते है या धारा 8 का गलत इस्तेमाल करते हुए सूचना देने से मना करता है, या दी गई सूचना से सन्तुष्ट नहीं होने की स्थिति में 30 दिनों के भीतर सम्बंधित जनसूचना अधिकारी के वरिष्ठ अधिकारी यानि प्रथम अपील अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील की जा सकती है।
16. यदि आप प्रथम अपील से भी सन्तुष्ट नहीं हैं तो दूसरी अपील 60 दिनों के भीतर केन्द्रीय या राज्य सूचना आयोग (जिससे सम्बंधित हो) के पास करनी होती है। विश्व पांच देशों के सूचना के अधिकार का तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए पांच देशों स्वीडन, कनाडा, फ्रांस, मैक्सिको तथा भारत का चयन किया गया और इन देशों के कानून, लागू किए वर्ष, शुल्क, सूचना देने की समयावधि, अपील या शिकायत प्राधिकारी, जारी करने का माध्यम, प्रतिबन्धित करने का माध्यम आदि का तुलना सारणी के माध्यम से किया गया है।

विश्व में पांच देश स्वीडन, कनाडा, फ्रांस, मैक्सिको और भारत के सूचना का अधिकार कानून का तुलनात्मक अध्ययन निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत है- विश्व में सबसे पहले स्वीडन ने सूचना का अधिकार कानून 1766 में लागू किया, जबकि कनाडा ने 1982, फ्रांस ने 1978, मैक्सिको ने 2002 तथा भारत ने 2005 में लागू किया।

1. विश्व में स्वीडन पहला ऐसा देश है, जिसके संविधान में सूचना की स्वतंत्रता प्रदान की है, इस मामले में कनाडा, फ्रांस, मैक्सिको तथा भारत क संविधान उतनी आजादी प्रदान नहीं

करता। जबकि स्वीडन के संविधान ने 250 वर्ष पूर्व सूचना की स्वतंत्रता की वकालत की है।

2. सूचना मांगन वाले को सूचना प्रदान करने की प्रक्रिया स्वीडन, कनाडा, फ्रांस, मैक्सिको तथा भारत में अलग-अलग है जिसमें स्वीडन सूचना मांगने वाले को तत्काल और निशुल्क सूचना देने का प्रावधान है।
3. सूचना प्रदान करने लिए फ्रांस और भारत में 1 माह का समय निर्धारित किया गया है, हालांकि भारत ने जीवन और स्वतंत्रता के मामले में 48 घण्टे का समय दिया गया है, किन्तु स्वीडन अपने नागरिको को तत्काल सूचना उपलब्ध कराता है, जबकि कनाडा 15 दिन तथा मैक्सिको 20 दिन में सूचना प्रदान कर देता है।
4. सूचना न मिलने पर अपील प्रक्रिया भी लगभग एक ही समान है। स्वीडन में सूचना न मिलने पर न्यायालय में जाया जाता है। कनाडा तथा भारत में सूचना आयुक्त जबकि फ्रांस में संवैधानिक अधिकारी एवं मैक्सिको में 'द नेशनल ऑन एक्सेस टू पब्लिक इनफॉरमेशन' अपील और शिकायतों का निपटारा करता है।
5. स्वीडन किसी भी माध्यम द्वारा तत्काल सूचना उपलब्ध कराता है जिनमें वेबसाइट पर भी सूचना जारी किया जाता है। कनाडा और फ्रांस अपने नागरिको को किसी भी रूप में सूचना दे सकता है, जबकि मैक्सिको इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचनाओं का सार्वजनिक करता है तथा भारत प्रति व्यक्ति को सूचना उपलब्ध कराता है।
6. गोपनीयता के मामले में स्वीडन ने गोपनीयता एवं पब्लिक रिकार्ड एक्ट 2002, कनाडा ने सुरक्षा एवं अन्य देशों से सम्बन्धित सूचनाएँ मैनेजमंट ऑफ गवर्नमेण्ट इन्फॉरमेशन होल्डिंग 2003, फ्रांस ने डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 1978 तथा भारत ने राष्ट्रीय, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा तथा अधिनियम की धारा 8 में उल्लिखित प्रावधानों से सम्बन्धित सूचनाएँ देने पर रोक है।

निष्कर्ष

सूचना का अधिकार कानून आज विश्व के 80 से देशों के लोकतंत्र की शोभा बढ़ा रही है। जिन देशों ने सूचना के अधिकार को महत्ता दी है बेशक उनमें से स्वीडन को भूलाया नहीं जा सकता। अगर साफ शब्दों में कहा जाए तो स्वीडन सूचना अधिकार कानून की जननी है, उससे भी महान स्वीडन का संविधान है, जिसने पूरी दुनिया में पुराना संविधान होने का दावा किया, जिसमें सूचना का अधिाकार को अपने दामन समेटे हुए लोकतंत्र को परिभाषित किया गया है। अन्य देशों ने जहाँ सूचना देने के लिए समयसीमा निर्धारित कर रखी है, वहीं स्वीडन ने सूचना तत्काल और निशुल्क दिए जाने की पैरवी की है।

मैक्सिको ने जहां खुद ही अपने नगारिको को सूचना लेने और सरकार को सूचना स्वत: प्रकाशित करने का निर्देश दिया है, जिसने लोगो का आजादी का एक नया पंख लगा दिया है। स्वत: सूचना जारी करने का निर्देश तो भारत की सरकार ने भी दिया है, लेकिन किसी भी राज्य और केन्द्र के विभाग ने इसकी कोई पहल नहीं की। भारत में लोक सेवको, राजनेताओं और नौकरशाहो ने इस कानून को बकवास कहकर बंद करने की मांग उठाते रहते है। खुद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह ने इस कानून के दायरे को कम करने और गोपनीयता बढ़ाने की वकालत की है। भारत में इसकी स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि खुद सरकार ही इस कानून को लेकर गम्भीर नहीं नजर आती।

वर्तमान प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आरटीआई किसी को खाने के लिए नहीं देता' ऐसे बयानों से सरकार की मंशा जग जाहिर हो चुकी है। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति भी निष्पक्षता से नहीं किया जाता। पूर्व नौकरशाहों और अपने चहेतो को इस कानून का मुहाफ़िज के रूप में सूचना आयुक्त बनना भ्रष्टाचार और दोहरी नीति का उदाहरण है। भ्रष्टाचार की मुखालिफत और पारदर्शिता के हामी भरने वाले सियासी लोग और सियासी दल आरटीआई के दायरे में आने का विरोध कर चुके है और सत्ताधारी व विपक्षी दल सभी मिलकर एकजुट कर इस कानून के दायरे में न आने के लिए एक मंच पर नजर आते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. जैसवाल श्रीचन्द, मीडिया(केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की त्रिमासिक मासिक पत्रिका), प्रकाशक: केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, दिल्ली, प्रवेशांक/अप्रैल-जून 2006
2. भसीन अनीश, जानिए मानवाधिकारों को, प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन, 2011
3. फाडिघ्या डा0 बी0एल0, लोक प्रशासन, साहित्य भवन पब्लिकेशन, 2013
4. सिंह जेपी, समाजशास्त्र: अवधारणा एवं सिद्धान्त, पीएचआई लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, 2013

ब्रिटिश भारत में छापखाना (प्रेस) एवं इसका प्रभाव

कुमारी रीना

शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

जनवरी 1780 में भारत में प्रथम अखबार साप्ताहिक 'बंगाल गजट' कलकत्ता से प्रकाशित हुआ। जिसे इसके संस्थापक जे.ए. हिकी के नाम पर 'हिकी गजट' भी कहा जाता है। 1784 में 'कलकत्ता गजट' का प्रकाशन हुआ जो बंगाल सरकार के आधिकारिक प्रवक्ता की तरह था। 'समाचार दर्पण' भारतीय भाषाओं में प्रथम अखबार था जिसका प्रकाशन 1818 में बंगला भाषा में प्रारंभ हुआ। इसके प्रकाशन में प्रसिद्ध श्रीरामपुर मिशनरी के विलियम वार्ड, विलियम केरी तथा जोशुआ मार्यमैन का महत्त्वपूर्ण योगदान था। प्रेस का विस्तार सन् 1835 से 1857 के बीच अन्य शहरों-दिल्ली, आगरा, ग्वालियर तथा लाहौर में हुआ, लेकिन 1857 के विद्रोह के प्रारंभ के 33 प्रतिशत प्रकाशनों में सिर्फ 6 बचे रह सके। भारतीय भाषाओं के प्रेस को लिट्टन के 1878 के वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट पग ने कुचल दिया।

1870 में आम डाक सेवा व्यवस्था के प्रारंभ होने के कारण सभी दूरियों के लिए एक समान डाक दर का निर्धारण हुआ। ऊर्जा चलित छपाई के प्रेस का आविष्कार इस काल की दूसरी महत्त्वपूर्ण घटना थी। सर्वप्रथम 'स्टेट्समैन' ने घूर्णी मशीन छपाई का आयात किया। 1866 में ही 'रायटर' का कार्यालय भारत में स्थापित हो गया। 'एसोसिएटिड प्रेस ऑफ इंडिया' की स्थापना इस काल की अन्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है, हाँलाकि ए.पी.आई. के विचार पूर्वाग्रह से प्रेरित थे। कांग्रेस का गठन पत्रकारिता के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण घटना है। बंबई में 'इलस्ट्रेटेड वीकली' (1878) की स्थापना हुयी तथा कलकत्ता में 'कैपिटल' (1888)के प्रकाशन का प्रारंभ व्यावसायिक एवं वित्तीय साप्ताहिक के रूप में हुआ। प्रेस का और भी बीसवीं शताब्दी में विस्तार हुआ।

1913 में फिरोजशाह मेहता की प्रेरणा से 'बॉम्बे क्रोनिकल' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 'लीडर' का प्रकाशन पंडित मदन मोहन मालवीय ने इलाहाबाद से शुरू किया। यह नरम दल का प्रवक्ता सिद्ध हुआ। होम रूल आंदोलन को लोकप्रिय बनाने के लिए एनी बेसेंट ने 'मद्रास स्टैंडर्ड' का प्रकाशन प्रारंभ किया तथा बाद में उसका नाम 'न्यू इंडिया' रखा। 1918 में बी.एस. श्रीनिवास शास्त्री के संपादन में 'सर्वेंट ऑफ इंडिया' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। मोती लाल नेहरू ने 1919 में 'इंडीपेंडेंट' की स्थापना की जो सिर्फ चार वर्षों तक चला। 1919 में के.एम. पणिक्कर के संपादन में 'हिन्दुस्तान टाइम्स' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। बाद में यह स्वराज पार्टी का आधिकारिक पत्र बन गया। गांधी का

भी भारत में पत्रकारिता के विकास में योगदान रहा है। दक्षिण अफ्रीका में उन्होनें 'इंडियन ओपीनियन' तथा भारत में 'यंग इंडिया' (अंग्रेज़ी साप्ताहिक) तथा 'नवजीवन' (गुजराती साप्ताहिक) का प्रकाशन किया। 1920 में हिन्दी दैनिक 'आज' की स्थापना हुयी जो कांग्रेस के कार्यक्रमों का समर्थक था।

1927 में भारत की प्रथम राष्ट्रीय समाचार एजेंसी, 'फ्री प्रेस ऑफ इंडिया' की स्थापना हुई। एनी बेसेंट, एम.आर. जयकर, पुरुषोत्तम दास ठाकुरदास, जी.डी. बिड़ला तथा बालंचद हीराचंद ने इसे वित्तीय सहयोग प्रदान किया तथा एस. सदानंद इसके व्यवस्था निदेशक थे। अनेक राष्ट्रवादी समाचार पत्रों की स्थापना सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय हुई।

1933 में 'इंडियन एक्सप्रेस' तथा 'दीनमणि' (तमिल) की मद्रास में स्थापना हुई। मुस्लिम लीग के समर्थन में 'स्टार ऑफ इंडिया' का प्रकाशन कलकत्ता में प्रारंभ हुआ जबकि जिन्ना ने 'डॉन' की स्थापना की। 1930 के अंत में 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के समकक्ष हिन्दी 'हिन्दुस्तान' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ तथा साप्ताहिक 'ब्लिट्ज' का प्रकाशन बंबई में 1941 में प्रारंभ हुआ। सन् 1882 से 1907 तक कोई अलग प्रेस विधेयक नहीं लाया गया तथा राजद्रोह का दमन भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के तहत किया गया।

1908 में समाचार पत्र (अपराध के लिए प्रोत्साहन) विधेयक पारित हुआ। सन् 1910 के भारतीय प्रेस विधेयक का उद्देश्य प्रैस को वैध विवादों के अंतर्गत सीमित रखना था। कई प्रेसों तथा समाचार पत्रों का प्रकाशन सन् 1908 एवं 1910 के विधेयकों के कारण बंद हो गया। प्रेस की स्वतंत्रता पर 1930 के भारतीय प्रेस अध्यादेश ने और भी अंकुश लगा दिया क्योंकि अब अपराध की परिभाषा और भी व्यापक कर दी गयी थी। किसी भी प्रकार के कांग्रेसी प्रचार के प्रकाशन पर सन् 1931 के भारतीय प्रेस (आपातकालीन अधिकार) विधेयक ने प्रतिबंध लगा दिया। इसकी समाप्ति स्वतंत्रता के बाद हुई।

मुख्यत: श्रीरामपुर के मिशनरियों तथा पोर्ट विलियम कॉलेज के सहयोग से आधुनिक बांग्ला साहित्य आगे बढ़ा और विकसित हुआ। 1778 में नाथानील बी. हालहेड ने बांग्ला व्याकरण प्रकाशित की। 1801 में विलियम कैरे ने बाईबिल का अनुवाद बांग्ला में किया। इस प्रकार बांग्ला काव्य का विकास 19वीं शताब्दी में संस्कृत, अरबी और फारसी शब्दों के मिलने से हुआ। पहला बांग्ला काव्य रामराम बसु द्वारा लिखित 'राजा परातादित्य चरित' से हुआ जिसका प्रकाशन 1802 में हुआ था। बाद में इसी लेखक ने एक अन्य पुस्तक 'लिपि माला' का संकलन किया। मृत्युंजय विद्यालंकार ने 1802 में 'बातीसा सिंहासन' लिखा। इसी लेखक ने तीन अन्य महत्त्वपूर्ण पुस्तकें–'हितोपदेश', 'राजबाली', 'वेदांत-चंद्रिका' तथा प्रबोध-चंद्रिका लिखी। 1815 में राजा राममोहन राय ने अपनी पुस्तक वेदांत ग्रंथ को प्रकाशित किया। 1815 और 1830 के बीच राममोहन राय ने बांग्ला में तीस किताबें लिखी। उन्होंने कुछ उपनिषदों का बांग्ला अनुवाद भी किया। 'भगवद्गीता' का बांग्ला में अनुवाद इनकी ही देन है। बंकिम चंद्र, शरत चंद्र चटर्जी, रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, प्यारीचाँद मित्रा तथा टेक चंद्र ठाकुर ने बांग्ला काव्य को अपनी कीर्ति से काफी उन्नत बनाया। इसके पश्चात् बांग्ला काव्य धीरे-धीरे पूर्णता की ओर अग्रसर होता गया। आधुनिक बांग्ला साहित्य के जन्मदाता ईश्वर चंद्र विद्यासागर (1820-91) माने जाते हैं। 1854 में इन्होंने 'शंकुतला', 1860 में 'सीता बनवास' तथा 1869 में 'भ्रांति विलास' काव्य की संरचना की। निम्नलिखित बांग्ला साहित्य के लेखक तथा

नाटककार थे–चारु चंद्र बनर्जी, इंदिरा देवी, अनुरूपा देवी, निरूपमा देवी, सुरिंद्र मोहन मुखर्जी, राखाल दास बनर्जी, गोकुल चंद्र नाग, सिलजा नंद मुखर्जी, विभूतिभूषण बनर्जी, रविंद्र नाथ पैत्र, राजशेखर बसु, प्रबोध कुमार सान्याल, सीता देवी और शांता देवी।

संदर्भ

रमेश नन्दन: भारतीय पत्रकारिता का इतिहास, 2008
संजीव सिंह: ब्रिटिश भारत में प्रेस, 2009
हरिमोहन: आधुनिक जनसंचार और हिन्दी, 2006.
जय प्रकाश पाण्डेय: आधुनिक जनसंचार माध्यम में हिन्दी, 2015.
कृष्ण कुमार रत्तु: आधुनिक मीडिया एवं दृष्टि, 2012
महेन्द्र मलहोत्रा: आधुनिक मीडिया एवम् समाचार, 2012

वैश्वीकरण की राजनीति और भारत

अंजनी कुमार घोष

सह प्राध्यापक, स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग, एस एस कॉलेज, जहानाबाद, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार)

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ और उसके नेतृत्व में पूर्वी यूरोपीय देशों में साम्यवाद के अधीन सर्वाधिकारवादी सरकारों की स्थापना हुई। इसके बाद पूँजीवाद और साम्यवाद के बीच एक लम्बा शीत युद्ध चला। परिणामस्वरूप विश्व में अनेक ऐसी घटनाएँ घटी जिससे पूरा विश्व प्रभावित हुआ, परंतु बीसवीं सदी के अंतिम दशक में 'ग्लासनोत्म' और 'पेरेस्त्रेइका' की नीति के कारण सोवियत साम्यवादी व्यवस्था का विघटन हुआ और दो ध्रवीय से एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बना। राज्य नियंत्रित आयोजनागत विकास के स्थन पर माँग और पूर्ति से संचालित बाजारी अर्थव्यवस्था को अपनाया गया। आर्थिक नीतियों में एक दूसरे के कट्टर विरोधी पूर्वी जर्मनी और पश्चिमी जर्मनी का एकीकरण हो गया। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली से मीलों दूर साम्यवादी चीन ने छद्म तरीके से पूँजीवादी नीतियों को अपना लिया। सोवियत संघ के विघटन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व की एकमात्र महाशक्ति के रूप ऊभर कर सामने आया। अमेरीका के नेतृत्व में 'विश्वबैंक', 'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष' तथा 'गैट' के स्थान पर आस्तित्व में आए W.T.O (अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) ने आर्थिक क्षेत्र में जिस नीति को अपनाने के लिए तृतीय विश्व के देशों पर दबाब डाला उसे L.P.G अर्थात् Liberalization (उदारीकरण), Privatization (नीजीकरण) तथा Globalization (वैश्वीकरण) की नीति कहा जाता है।

उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीतियाँ एक दूसरे के साथ इतना अवगुठित है कि उन्हें पूरी तरह से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। वैश्वीकरण दो धारी तलवार है। विकास की संभावनाएँ दिखाती है तो विनाश के भी इसमें पर्याप्त तत्व मौजूद हैं। आदित्य निगम ने इसे 'उपनिवेश्वाद का नया दौर' की संज्ञा दी है।[1] न्यूयार्क टाईम्स के विदेशी मामलों के विशेषज्ञ टॉम्स एल0 फिडमैन का कहना है कि भूमंडलीकरण का अर्थ है- अमरीकीकरण अर्थात बीग मैक्स से मिकी माउस तक का विश्व के पैमाने पर विस्तार करना।[2] वाशिंगटन आमराय में यद्यपि इस बात को नकारते हैं, किंतु फ्रांसीस फुकुयामा स्पष्ट कहते है-

> *''मैं समझता हूँ कि भूमंडलकरण अमरीकीकरण ही है और यही कारण है कि कुछ लोग इसे पसंद नहीं करते।''*[3]

शाब्दिक रूप से वैश्वीकरण का तात्पर्य विभिन्न देशों द्वारा अपनायी जानेवाली उन आर्थिक नीतियों से है, जिनमें उतपत्ति के साघनों श्रम पूँजी, टेक्नालॉजी, कच्चा माल तथा विचारों के आदान-प्रदान में किसी प्रकार की कानूनी बाधा न हो अर्थात् वैश्वीकरण के अंतर्गत एक देश स्वयं को शेष विश्व के साथ मुक्त भाव से जोड़ने का प्रयास करता हो।

भारत में वैश्वीकरण को अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के पथ पर ले जाने के लिए नये ईंधन 'L.P.G.' के प्रमुख घटक के रूप में वर्ष 1991-92 में उस समय अपनाया गया जब वर्ष 1990-91 में उत्पन्न आर्थिक संकट, जो मुख्य रूप से इराक-अमरीकी हमले से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आये उछाल से भारत के आयात बिल के कई गुना बढ़ जाने का परिणाम था। इससे उबरने के लिए अपनायी गयी नीतियों में नियंत्रणों को हटाया गया, विनियमों को ढ़ीला किया गया, विदेशी निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए उन्हें न केवल आमंत्रित किया गया बल्कि उन्हें वे समस्त सुविधाएँ प्रदान की गयी, जिनकी वे माँग करते चले आ रहे थे। घरेलू उद्यमियों को भी अनेक प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की गयी। सरकारी नियंत्रण अर्थात् लाइसेंस एवं इंस्पेक्टर राज को समाप्त किया गया। आर्थिक क्षेत्र के उन्मुक्त वातावरण में उद्यमियों तथा निवेशकों को खुले दिल से कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया। निजीकरण के नाम पर सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र के उन्मुक्त वातावरण में उद्यमियों तथा निवेशकों को खुले दिल से कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया। निजीकरण के नाम पर सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में हस्तांतरित किये जाने की नीति अपनायी गयी। वैश्वीकरण को हर मर्ज की दवा बताते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को शेष विश्व से सक्रिय रूप में जोड़े जाने की नीति अपनायी गई। विदेशी वस्तुओं तथा विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी के बिना रोके-टोके के आने के सारे मार्ग खोल दिए गए। वैश्वीकरण के समर्थकों ने बढ़-चढ़ कर यह दावा किया कि इससे न केवल विकासशील देशों के आर्थिक विकास में तेजी आएगी, बल्कि बेरोजगारी को नियंत्रित करते हुए विश्व निर्धनता को दूर करने में मदद मिलेगी।

निजीकरण के प्रारंभिक दौर में सरकार ने घोषणा की कि घाटे में चल रहे सार्वजनिक उपक्रमों को ही बेचा जाएगा। तत्कालीन केन्द्रीय वित्तमंत्री डा0 मनमोहन सिंह ने वर्ष 1993-94 का बजट पेश करते हुए कहा ''इसमें किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए कि तमाम प्रयासों के बावजूद कुछ सार्वजनिक उपक्रम लगातार घाटे में चल रहे हैं, ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में हस्तांतरित करना सरकार की प्राथमिकता होगी।''[4] वर्ष 1997-98 के बजट भाषण मे तत्कालीन वित्त मंत्री पी0 चिदम्बरम ने कहा था- ''संयुक्त मोर्चा सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की ऐसी कम्पनियों की पहचान करेगी जिन्हें तुलनात्मक रूप से लाभ प्राप्त है, ऐसी कम्पनियों को सहायता देकर वैश्विक महारथी बनाया जाएगा।''[5] लेकिन पिछले अनुभवों को देखा जाय, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार ने उन उपक्रमों को भी बेचा है जो लाभ अर्जित कर रही थी। जैसे- 'बालकों', 'विदेश संचार निगम लिमिटेड', 'सी0एम0सी0', आई0बी0पी0 आदि।

विश्व में वैश्वीकरण और उनके समर्थकों की वार्षिक बैठक की स्थली डावोस, स्वीट्जरलैंड का एक शहर ही नहीं बल्कि वैश्वीकरण का प्रतीक बन गया है। वह यह मानता है कि विश्व में पूँजी का संचरण मक्त रहें, राष्ट्रराज्यों की सीमा के प्रतिबंध सांस्कृतिक धार्मिक अथवा नस्ली आग्रह इन सबसे परे पूँजी का बहाव अपना स्वरूप अपनी धारा का रूख खुद तय करेगा और इसके उपासक किसी देश, जाति या धर्म की छाप से अलग, निरंतर धुमंतू विश्व नागरिक होगें। परंतु यह दर्शन कइयों को अस्वीकार है। इसलिए भूमंडलीकरण के समर्थकों और विरोधियों के बीच भारत समेत पूरी दुनिया में दावोस की वार्षिक बैठक सड़कों से लेकर मीडिया तक में दो अतिवादी और परस्पर विरोधी प्रतिक्रियाएँ पैदा करती है। एक ओर सैम्युल हंटिंगडन जैसे वे लोग है जिनके अनुसार ''वैश्वीकरण राज्य के बजाय सिर्फ बाजार के प्रति निष्ठा माँगता है, और बाजार के यायावर उपासक सम्पन्नता की होड़ में लगकर उदात्त राष्ट्रीय भावनाएँ और उनसे निकली देश विरादरी या परिवारिक जिम्मेदारियाँ

भूल रहें है, वे खुद को विश्व नागरिक मानते हैं, किसी देश विशेष का नागरिक नहीं।''[6] अत: अगर उनके इर्द-गिर्द बाजार से केट लोगों किी विपन्न भीड़ हो तो वे उससे विचलित नहीं होते। ऐसी सोच के चलते दुनियाँ में सम्पन्न और विपत्र देशों और उन देशों के भीतर भी पूँजीवाद के बीच खतरनाक, गुप्त और गहरी खाइयाँ बनती जा रही है। यदि हम न चेते तो एक दिन इनकी हलचलों से ऐसा भीषण जलजला आएगा, जो विश्वभर में सम्पन्नता की इन सभी मायानगरियों को एक साथ देखते-देखते मिट्टी मे मिला देगा। जब ऐसा होगा तो दुनियाभर में सिर्फ बाजार ही नहीं राज-समाज और नीति-निर्माण सभी बुरी तरह प्रभावित हो जाएँगें, आश्चर्य नहीं, कि डर और शंका का लाभी उठाकर साम्राज्यवादी तानाशाह सत्ता हाथ में ले लें। अभी हाल में अमरीकी और अन्य विकसित देशों में आर्थिक मंदी आने से तथा आउट सोर्सिग से जो बेरोजगारी बढती है तथा भारत चीन में नए और पुराने ढर्रे के रोजगारों में लगे लोगों के बीच जैसी विषमता दिख रही है, उसे वैश्वीकरण विरोधी घड़ा आनेवाली इसी अफरा-तफरी का पूर्वानुमान मान रहा है।

वैश्वीकरण के समर्थक कहते हैं कि हटिंगउन जैसे बाल की खाल खींचने वाले लोग बेकार घबरा रहे हैं। देशों की सांस्कृति और नागरिकों की मानसिकता तथा जीवनशैली दो अलग-अलग बातें हैं। यह ठीक है कि वैश्वीकरण से देशों की सांस्कृतिक अस्मिता सुरक्षित नहीं है क्योंकि उसे सीानीय तत्व ही प्रत्येक देश में अलग-अलग गढ़ते हैं। और गढ़ते रहेगें। भूमंडलीकरण लोगों में एक नयी तरह की मानसिकता और भिन्न तरह की जीवनशैली रच रहा है। इस सोच और जीवन शैली का स्थानीय संस्कृति से टकराव होना कोई जरूरी नहीं है। आखिर वैश्वीकरण भी तो ढ़ाई सौ वर्ष पुरानी राष्ट्रराज्य की परम्परा के विकास से ही ऊपजा है उसके प्रतिनिधियों की जीवनशैली या उनके विचार उसी मूल परम्परा के दुश्मन भला कैसे बन सकते है। वैश्वीकरण से तो इच्छुक देशों को उपलब्ध हो सकने वाले बाजार पूँजी निवेश संभावनाएँ और मुनाफे की मात्रा अकल्पनीय तौर से बढ़ेगी। वे यहाँ चीन का उदाहरण देते हैं। आज वहाँ हो रहा पूँजी निवेश, विश्व के सबसे सम्पन्न देश अमरीका से भी अधिक है। भारत में भी इससे लाखों नौकरियाँ और बड़े साझा उपक्रम बने हैं, तथा वर्षों बाद हमारी सिसकती-खिसकती विकास दर में भी तेजी दिख रही है। इसलिए पूँजी, श्रम और उत्पादों के मुक्त संचरण से डर कैसा? हमें तो इसका हाथ बढ़ाकर स्वागत करना चाहिए।[7]

स्थूल अर्थो में ये तमाम बातें सुनने में तो सही लगती है, लेकिन सूक्ष्म अर्थों में हम देखते है। तो इन तर्कों में कई तरह की खामियाँ नजर आती हैं। एक दर्शन के रूप में मुक्त बाजार चाहें जितना ही व्यापक और सूक्ष्मदर्शी क्यों न हों, यह मानना ही पड़ेगा कि उसके जमीन पर उतारनेवाला मनुष्य स्वभाव आज भी अनिश्चित और परिवर्त्तनशीन भी है। इसलिए हम कई बार देखते हैं कि पूँजी, श्रम और उत्पादों का स्पष्ट किताबी मान्यताओं या दो-टूक अदालती आदेशों के आधार पर दुनिया में संचरण उतना नहीं होता जितना कि धर्म, जाति और नस्ल से जुड़ी सांस्कृतिक मान्यताओं और सत्तारूढ़ राजनैतिक पार्टियों के हितों के आधार पर। इसलिए भूमंडलीकरण का सही और ईमानदार मूल्यांकन करने के लिए हम सिर्फ दार्शनिक वक्तव्यों एवं तर्कों के सहारे बहुत दूर तक नहीं जा सकते हैं- दरअसल 21वीं सदी के इस विराट दर्शन और उसके फलादेशों की पड़ताल दुनिया के विभिन्न देशों की व्यवस्था ओर उसके अंतरविरोधी के साथ करनी पड़ेगी। हमे स्वीकार करना पड़ेगा, कि कई बार अपने देशों की नीतियाँ बनाते वक्त लोकतांत्रिक पूँजीवाद समर्थक सरकारें भी अपने फैसले कर्तव्यवश कम और पार्टी हित में अधिक लेती हैं। पूँजी की आवक-जावक के लिए फाटक खोलते और बंद करते हुए अमरीका या यूरोप या पड़ोसी पाकिस्तान की सरकार जो तर्क देती है, वे

इसलिए कभी तर्कसंगत तो कमी अनर्गल भी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ विकासशील देशों में रोजगार देने का दावा करती है जबकि अमरीका की लगभग आधी आबादी आज भी बेरोजगार है, कितना बड़ा फरेब है, और भूमंडलीकरण की राजनीति का सच भी। ऐसे अवसर पर गाँधी जी की यह उक्ति याद आती है कि ''दुनिया की जनसंख्या चाहे कितनी भी क्यों न हो धरती माता सबका पेट भी सकती है परंतु एक लालची का पेट नहीं भर सकती है।''[8] इस तरह वैश्वीकरण की राजनीति के संबंध मे रामविलास शर्मा की यह पंक्ति सत्य प्रतीत होती है कि:-

''मुझको हर बात का जवाब न दो,
प्यास पानी की है, शराब न दो।
जिसको पढ़कर हम गिरे इतना,
कम से कम अब तो वह किताब न दो।''

देश के भीतर भी विभिन्न प्रकार के अलाभकारी सार्वजनिक उपक्रम लगाने, बेचने या बंद करने के फैसले कभी राष्ट्रहित की चिंता से उपजते है तो कभी किसी गुप्त स्वार्थों की पूर्ति और गठजोड़ के पक्ष मे पेश किया जा रहा एक-एक छलावा से होते हैं। इसलिए मुक्त मंडी और उससे जुड़ी मानसिकता कितनी उचित या अनुचित है इसका फैसला हम ताबड़तोड़ दिए जा रहे आत्यंतिक किस्म के लोकप्रिय धारणाओं के बूते नहीं कर सकेगें। क्योंकि फैसला स्याह या सफेद नहीं हो सकता।

लेखक टॉम्स मान ने कहा था, कि हमारे समय में मानव नियति अपने को राजनीति के माध्यम से व्यक्त करती है। भारत में भूमंडलीकरण भी राज्य और राजनीति से दो स्तरों पर जुड़ कर हमारे सामने आया है। एक घटना के स्तर पर और दूसरा राजकीय स्तर पर एक तरह से तो इससे भारत का भला हुआ है। क्योंकि एक बार व्यक्तिगत इच्छा या गठजोड़ की जरूरतों के चलते नई आर्थिक नीतियाँ चल पड़ी तो उनके प्रभाव ने सभी पार्टियों को इस बात के लिए मजबूर कर दिया कि अपनी पारम्परिक नियतिवाद कपमंडूकता को छोड़कर वे अपनी स्थिति और नीतियों की निर्गम परीक्षा करें। वे खुद को अपनी क्षमताओं अक्षमताओं के आइने में देखें और बाहर आकर शेष संसार के बाजारों से उनके राज समाज से चुनौतीभरा साक्षात्कार करें, तभी वह सत्ता में टिक सकती है। दरअसल राजनीति राज्य और समाज दोनो क्षेत्रों में भारतीय स्थिति को जटिल बना दिया है। हम सबको साहित्य और अकादमिक शोध रपटें ही नहीं बल्कि मुक्त बाजार भी आज इस बात पर विचलित और बाध्य कर रहा है, कि अपनी गरीबी की रेखा या मिश्रित अर्थव्यवस्था या प्रतिव्यक्ति आय संबंधी पुरानी भावुक अवधारणाओं को बदलें। एक तरफ हम मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा और अंग्रेजी भाषा और उसके विश्व बाजार के महत्त्व को माने, दूसरी तरफ खुलते जा रहे देशी घरेलू बाजार की आम जनभावनाओं से अपने असली आर्थिक, राजनीतिक रिश्ते और सरोकार भी ठीक से समझें, और भाषाई दुराग्रह छोड़कर पैसा उन भाषाओं के विकास में पूँजी न्योतें, लगायें, जो बाजार-व्यापार फैलाने में मददगार हो। जीवनशैली तथा अध्ययन के क्षेत्रों में अपनी परम्परा से लगभग उखड़े अनेक भारतीय पूँजीपतियों, अहिन्दीभाषी, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक दलों के आगे वैश्वीकरण दो टूक प्रश्न पूछ रहा है। क्या वे भारतीय भाषाओं के अध्ययन को अपने लिए पूरी इतना जरूरी है तो क्या वे अपने पुराने सोच से उबर कर हिन्दी जैसी व्यापक भाषा से अंतरगता बनायेगें? कड़ी बौद्धिक तथा भौतिक चुनौतियों का सामना हमारे राज-समाज और बुद्धिजीवियों ने अक्सर उस कछुए की तरह किया है जो चुनौती सामने आने पर अपने खोल मे सिर-पूँछ छुपा कर अपने को स्वत: सम्पूर्ण और सुरक्षित मानने

का भ्रम पाल बैठते है। जब भाषाओं पर सवाल उठता है तो हम अनेकता में एकता के अथवा हिन्दी हटाओ, अंग्रेजी को सेतू बनाओ या त्रिभाषा जैसे एक गड़बड़ फार्मूले की धूँध छोड़ देते हैं। निजी बनाम सार्वजनिक क्षेत्र की बहस उठी तो हमारे नेता दो टूक राय देने के बजाय गठजोड़ के घटको से खर्चीला और अनुत्पादक समझौता कर लेते हैं। पर ऐसा अवसरवाद नई डगर पर हमें बहुत दूर नहीं ले जा सकेगा। विश्वमंडी में जितनी दूर हम आ गए हैं, वहाँ आकर हमें अपना कच्छप अवतार छोड़ना होगा। कुएँ से निकले बिना हम कूपकंडको के लिए दूसरा कुँआ नहीं बना सकते। हमारे ज्यादातर अर्थशास्त्रियों, समाजशास्त्रियों और आर्थिक पत्रकारिता करने वालों का नकली चेहरा समाजवाद और मार्क्सवाद की माला जपने के बाद भी अपने से अलग वर्गों से भाषा और रोजमर्रा के संदर्भों में कटी हुई है। बदलती हुई परिस्थितियों के साथ बदलने और समय के साथ चलने में खुद को असमर्थ पा कर ही प्रायः यह पूरा वर्ग

भूमंडलीकरण पर घायल शेर की तरह दहाड़ता रहा है या फिर अंदर ही अंदर अपनी समृद्धि की गुप्त गाटियॉ बिछाकर वह इसका तर्क बिना समर्थन कर रहा है। उनकी तुलना में जमीनी स्तर के कामों और ग्रामीण स्तर की अनगढ़ भाषाई पत्रकारिता राज समाज की बदलती जरूरतों और पूँजी-संचरण की दिशा और खतरों से सचेत करने में खुद को कहीं अधिक व्यवहारिक, सक्षम और ईमानदार प्रमाणित कर रही है। रातोरात अमरीकी या ब्रिटिश लहजे की कामचलाऊ अंग्रेजी और कम्प्यूटर गणना पद्धतियाँ अपना कर नई तरह की नौकरियों से अपना भविष्य सवारने में और साथ ही भाषाई माध्यम से देश की राजनीति समझने और बाँचने में यह वर्ग देरी नहीं लगा रहा उनकी तुलना में उनसे कहीं ज्यादा पढ़े लिखे उच्च मध्य वर्ग के लोग अभी भी असली भारतीय इतिहास के कोहरे और अंतर्द्वनदों के अन्भ्यस्त है। अपने स्वार्थों के बुते वे वैश्वीकरण से या तो उत्कट प्रेम करते हैं या वेपनाह धृणा। इसे गहरायी से समझने की कोशिश वे प्रायः नहीं करते।

युगसंधि की इस हलचल भरी बेला में देखने और समझने लायक सबसे बड़ी जरूरत यह है कि राष्ट्र-राज्य का मूल जनहितकारी स्वरूप बाजार के अनियंत्रित दवाबों से एक सीमा से अधिक विकृत न हो, और जनप्रतिनिधियों शासकों के पास हर वक्त हर हाल में स्वार्थपरकता और हिंसक प्रवृतियों पर लगाम साधने लायक न्यूनतम क्षमता और इच्छा शक्ति बची रहे। यह जरूरत है, ताकि सभ्य समाज को मत्सय न्याय से बचाया जा सके।

इसके बिना अर्निबाध पूँजी बहाब को लम्बे अरसे तक कायम नहीं रखा जा सकता। इसके लिए हमारे पूँजीपतियों प्रबंधन विशेषज्ञों और आर्थिक नीति-निर्धारकों को देशी राजनीति के प्रति अपना चुहलभरा अवहेलना भाव त्याग कर अपने राष्ट्र-राज्य के कायदे-कानूनों को पूरा आदर और महत्व देना होगा। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि देशों के भीतर पूँजी के इस महासागर में अभी भी उठ सकने वाले झंझावातों और सुनामियों के प्रकोप से अपने उद्यमियों और श्रमिकों को यथासंभाव रक्षा कर सकने योग्य राजकीय संस्थान मजबूती से कायम रहे। इसके लिए राजनेतओं और पूँजीपतियों, दोनों को अपनी नजरें सिर्फ पूँजी की धारा से हटाकर देश के भीतर बन रही परिस्थितियों पर भी केन्द्रित करनी होगी। उन्हें अपने घरेलू उपक्रमों की कार्यक्षमता उसके श्रमिकों की हुनरमंदी और निवेश तीनों का लगातार नवीनीकरण करना होगा, भले ही कई बार यह करना खर्च क्यों नहीं बढ़ाता हो। अंत में, चटपट कमाए मुनाफे से छकी सरकारों तथा कारपोरेट जगत को अपने राजमिडास जैसे लालच और अहंकार को नियंत्रित करना ही नहीं सीखना होगा, दुर्दिन के लिए पर्याप्त बचा कर न

रखने और बिना सोचें समझे कमाया पैसा बर्बाद करने की नवधनाढ्य प्रवृतियों से भी छुटकारा पाना होगा क्योंकि:-

''अब आँधियां ही करेंगी रोशनी का फैसला,
जिस दीये में तेल होगा जितना, वह करेगा प्रकाश उतना।''

संदर्भ सूची

1. आधुनिकता के आइने मे दलित पृ0 397 प्रकाशक वाणी प्रकाशण नई दिल्ली, 2005
2. सांस्कृतिक समुच्चय पृ0 52 वार्षिकी - 2005
3. सांस्कृतिक समुच्चय पृ0 57, 58 वार्षिकी - 2005
4. हिन्दुस्तान दैनिक 1 मार्च 1993
5. हिन्दुस्तान दैनिक 2 मार्च 1997
6. दलित साहित्य एवं चिंतन का दलित समाज के उत्थान में योगदान पृ0-82 यू0जी0सी0 लघु शोध प्रबंध, शोधप्रज्ञ- डा0 शिववन्द्र
7. हिन्दुस्तान दैनिक सितम्बर 2005
8. विचार वल्लरी पृ0 25 कुमार बुक डिपो, अशोक राजपथ, पटना।

संस्कृत

महाकवि भवभूति का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

डॉ० प्रसून दत्त सिंह

स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

भवभूति के तीनों रूपकों में उनके परिवार के विषय में चर्चाएँ हैं। महावीरचरित की प्रस्तावना में सुत्रधार, नाटक के रचयिता का परिचय देते हुए कहता है कि दक्षिणपथ में पद्मपुर नामक नगर में तैत्तिरीय शाखा के काश्यपगोत्री, पंक्तिपावन, पंचाग्नि के उपासक, अंगीकृत के निर्वाहक, सोमपान करने वाले, 'उदुम्बर' इस उपाधि के धारण करने वाले, ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण रहते हैं। उसी वंश में वाजपेय यज्ञ करने वाले, कीर्तनीय नाम वाले, पवित्र यश वाले महाकवि भट्ट गोपाल के पंचमपौत्र, पवित्र कीर्ति नीलकंठ तथा जतुकर्णी के पुत्र श्रीकण्ठ इस उपाधि से समन्विय, व्याकरण, मीमांसा और तर्कशास्त्र के आचार्य कवि भवभूति हमारे मित्र हैं, यह आप भी जानें। महर्षियों में अंगिरा के सदृश एवं परमहंसों में प्रधान अन्वर्थनामा ज्ञाननिधि उनके गुरू थे। भवभूति को सूत्रधार श्रीत्रियपुत्र भी कहता है।

उत्तररामचरित की प्रस्तावना में भवभूति के विषय में संक्षिप्त किन्तु महावीरचरित सें साम्य रखता हुआा तथ्य मिलता है। केवल उनके गुरू के नाम की चर्चा नहीं है।

मालतीमाधव में जो परिचर्चा है वह महावीरचरित की तरह ही है किन्तु इसमें विशेष बात यह है कि कवि का नटों से मैत्री-भाव माना गया है तथा कहा गया है कि उन्होने स्वयं गुण-बहुला इस कृति को हमारे सूत्रधार के हाथों में समर्पित किया है। इसके साथ ही कवि की अपनी घोषणा होती है कि जो व्यक्ति हमारे प्रति या हमारे कृतियों के प्रति अवज्ञा का भाव रखते हैं, वे अत्यंत तुच्छ या सीमित बुद्धिवाले होते हैं, उनके लिए हमारा यह रूपक-प्रणयन रूप प्रयास भी नहीं है। मेरा कोई समानधर्मा-समानगुणवाला अतएव मेरी रचनाओं का मर्म जाननेवाला व्यक्ति अवश्य ही उत्पन्न होगा, क्योकि यह काल असीमित है और यह पृथ्वी भी अत्यंत विस्तीर्ण है। कवि अपने गुणों को महनीय मानता है क्योंकि अपने गुणों के अनुरूप नाम वाले भगवान ज्ञाननिधि उसके गुरू हैं।

महावीरचरित और मालतीमाधव के उल्लेखों में से एक अन्तर दृष्टिगत होता है। महावीरचरित में महाकवे पञ्चमः सुगृहीतनाम्नों भट्टगोपालस्य पौत्रः यह निर्देश मिलता हैं, जबकि मालतीमाधव में महाकवेः पंचमः यह नहीं उद्धृत है। टीकीकारों ने महाकवेः को भट्टगोपालस्य का विशेषण बताया है जबकि पंञ्चमः को पौत्र का, किन्तु एक साथ नहीं रखकर दोनों को दूर-दूर रखना उचित प्रतीत नहीं होता। यदि यह अर्थ होता कि महाकवि और अन्वर्थ नामवाले भट्टगोपाल के पंचम पौत्र, तो कवि ने ऐसा लिखा होता कि महाकवेंः सुगृहीमनाम्नों भट्टगोपालस्य पंचमः पौत्र, जबकि उन्होने लिखा है - तत्र भवतो वाजपेयमाजिनो महाकवेः सुगृहीमनाम्नों भट्टगोपालस्य पंचमः पौत्र इससे दस अर्थ की अधिक संभावना होती है कि महाकवि नामक व्यक्ति से संशश्रेणी में पांचवे भवभूति रहे होंगे।इस तरह भट्टगोपाल में से दो श्रेणी ऊपर महाकवि नाम के भवभूति के पूर्वज रहे होंगे।

तीनों रूपकों में प्राप्त संकेतों से यह स्पस्ट होता है कि भवभूति का जन्म तैत्तिरीयशाखा के, काश्यपगोत्र के श्रोत्रिय पंक्तिपावन, पंचाग्नि के उपासक, उद्म्बर उपाधि को धारण करने वाले तथा वाजपेय यज्ञ करनेवाले ब्रह्मणों के श्रेष्ठ कुल में हुआ था। अपनी उपस्थिति से पंक्ति में बैठनेवालों का पवित्र करनेवाले ब्राह्मण को पंक्तिपावन की जाता था। ऐसे ब्राह्मण वेदांगों में निष्णात होते थे, ज्येष्ठ साम पढे होते थे, नचिकेम अग्नि में होम के संपादक होते थें, जो पंचाग्नि रखते थे, त्रिसुपर्णा पढे रहते थे, वेदाध्ययन के उपरानत समावर्तन स्नान किये रहते थे तथा ब्रह्म-विवाह वाली संस्कृतमाला की सन्तान होते थे।

मनु ने वेदज्ञ, सहस्त्र गायों का दान करनेवाले एवं सौ वर्ष का अवस्था वाले ब्राह्मण को पंक्तिपावन कहा है। इस तरह यह स्पष्ट होता है कि भवभूति पंक्तिपावन ब्राह्मण थे। वे प्रख्यात क्षत्रिय ब्राह्मणों के कुल में उत्पन्न हुए थे, जिस कुल में वाजपेय यज्ञ भी किए गए थे। इनके पितामह का नाम भट्टगोपाल था। पिता का नाम नीलकण्ठ तथा माँ का नाम जतुकर्णी। भवभुति ने सवयं भी कहा है कि पूर्वज तत्वनिर्णय के लिए निरन्तर शास्त्र-श्रवण श्रेष्ठ कर्म यथा यज्ञादि-अनुष्ठान एवं तड़ाग आदि के निर्माण के लिए धनों का, संतान के लिए पत्नी तथा तपस्या के लिए आयु का आदर करते थे।[1]

इनके अपने ही नाम के संबंध में टीकाकारों ने विवाद खड़ा कर दिया है। कुछ लोग श्रीकण्ठ इनका वास्तविक नाम तथा भवभूति को उपाधि मानते हैं। जगद्धर श्रीकण्ठ को भवभूति का वास्तविक नाम मानते हैं, और भवभूति को उपाधि श्री सरस्वती कण्ठे यस्य स श्रीकण्ठः। तद्वाचक पदलान्छनं चिन्ह यस्य सः नाम्न श्रीकण्ठः प्रसिद्ध या भवभूतिरित्यर्थः।[2]

घनश्याम ने भी श्रीकण्ठ को दनका नाम माना है, जबकि भवभूति को उपाधि श्रीकण्ठ नामा साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः दतिश्लोक निर्माणवेलागुणावशादाननदमरिते न राज्ञैव भवभूतिरिति ख्यायितः कविः।[3] वीरराघव[4], त्रिपुरारि[5], भी श्रीकण्ठ को ही भवभूति का उचित नाम मानते हैं। ये विद्वान श्रीकण्ठ को इनका वास्तिविक नाम बतलाते हैं और भवभूति को उपाधि। श्रीकण्ठ इति पदं याब्दों लान्छनं नाम यस्य सः अथवा श्रीकण्ठस्थ शिवस्य पदे पादावेव लांछनं यस्य इति श्रीकण्ठः। इनके अनुसार साम्बापुनातु भवभूति पवित्रमूर्तिः जथा गिरिजायाः कुचौवन्दे भवभूतिसिताननौ, इन उद्धरणें से स्पष्ट होता हैकि भवभूति यह उपाधि विद्वत समाज द्वारा प्रदत्त थी, किन्तु अन्य विद्वान ऐसा नहीं मानते काणे ने उचित सम्मति प्रकट की है कि किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में भवभूति को छोड़कर श्रीकण्ठ नाम नहीं आया है।

अतः भवभूति ही उनका वास्तविक नाम था।[6] भवभूति के कण्ठ में वाग्देवी विराजमान रहती थीं अतः उनके लिए श्रीकण्ठ यह विशेषण प्रयुक्त हुआा था।[7] श्रीकण्ठ इस उपाधि से हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि वे संस्कृत पद्यों का सुन्दर गायन करते रहें होंगे तथा विद्या को कण्ठस्थ करने का उन्हे अपूर्व अभ्यास रहा होगा। जो लोग श्रीकण्ठ नाम के लिए यह तर्क देते हैं कि पिता का नीलकण्ठ होने से पुत्र का नाम श्रीकण्ठ ही सम्यक प्रतीत होता है, वे यह भूल जाते हैं कि नीलकण्ठ के पिता का नाम भट्टगोपाल था और उने भी पहले उनके पितामह का नाम महाकवि था। वसतुतः भवभूति को ही उनका वास्तविक नाम मानना उपयुक्त है, सवयं भवभमति के द्वारा मालतीमाधव में भवभमतिनामा इस निर्देश से भी यही विचार संगत प्रतीत होता है। वाक्पतिराज, राजशेखर, कलहण,

गोवर्धनाचार्य आदि ने भी अपने ग्रन्थों में भवभूति इस नाम की चर्चा की है। दीपशिखा कालिदास, आतपत्रभरवि, घष्टामाघ, आदि उपाधियों से उकत कवि नहीं प्रचलित रहें हैं, प्रत्युत् उपाधिविहिन नामों से ही वे प्रसिद्ध रहें हैं, अतः भवभूति यह महाकवि की उपाधि थी, यह कहना सर्वथा उपयुक्त नहीं प्रतीत होता। वसतुतः श्रीकण्ठ ही उनकी उपाधि रही होगी या घर के लोगों के लिए प्रचलित उपनाम रहा होगा। भवभूति के संबंध में तथा उम्बेक का उभेद निरूपण या पार्थक्य निरूपण इस संबंध में श्री काणे तथा मिराशी ने विस्तृत विवेचन से इसे स्पष्ट किया है कि दोनों व्यक्तित्व के नाम थे, अतः प्रकृत में उस पर विचार नहीं किया जाता।[8]

भवभूति ने अपने गुय का नाम महावीरचरित और मालतीमाधव में ज्ञाननिधि बतलाया है। महावीरचरित में एक स्थान पर प्रकारान्तर से उन्होंने अपने गुरू ज्ञाननिधि की चर्चा की है - किसेकदेशेन महाज्ञाननिधेर्माहात्म्यम पहि्यते।[9] अपने गुरू को उन्होंने अंगिरा ऋषि के समान तथा परमहंसो में अग्रगण्य एवं यथार्थनामा बतलाया है जिससे स्पष्ट होता है कि वस्तुतः ज्ञानविज्ञान के निधि थे। स्वयं भवभूति का ज्ञान अत्यन्त विशद् था। स्वयं वे विदर्भभूमि में जन्में थे जो सरस्वती के पुत्रों की भूमि था।[10]

मालतीमाधव की प्रस्तावना में उन्होने स्वयं ही कहा है कि वेद, उपनिषद्, सांख्य, योग इन समग्र शास्त्रों का अध्ययन-ऩल उनके रूपकों में प्रतिबिम्बित होता है। वाणी की प्रौढ़ि और उदारता तथा अर्थ का गौरव, इन दोनों को उनके पाण्डित्य और वैदग्ध्य के सम्मिलन ने अपूर्व प्रणाली से इन रूपकों में विनियोजित किया है।[11] मालतीमाधव का सूत्रधार इसमें श्रृंगार आदि विभिन्न रसें के सफल निबन्धन, पात्रों का यथार्थ प्रत्यंकन तथा विभिन्न कलाओं का निबन्धन पाता है।[12] कवि ने अपने इस प्रकरण को सर्वातिशायी बतलाया है।[13]

स्वयं वागधिष्ठात्री देवी उनकी वश्या हैं - वशंवदा।[14] प्रकृत में उनकी व्युत्पत्ति के संबंध में विस्तार अनपेक्षित है, अतः संकेत मात्र दिया गया है। केवल एक तथ्य का उनके जीवन के संबंध में विवेचन आवश्यक है और वह है भवभूति का समग्र जीवन अभावों तथानिराशाओं से परिपूर्ण होना। उनके रूपकों में यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उन्हे अपने जीवन में दचित अभिव्यक्ति नहीं मिली। यही कारण है किउन्होंने अपने से पूर्ववर्ती किसी कवि का उल्लेख नहीं किया। केवल आदिकवि के प्रति उन्होंने सम्मान का भाव प्रदर्शित किया है।

कालिदास ऐसे अप्रतिम प्रतिमासम्पन्न कवि का भवभूति द्वारा अनुल्लेख समाज के प्रति उनके आक्रोश का सूचक है। जब दूसरे आदर नहीं करें तो व्यक्ति सवयं ही अपनी वस्तु का मूल्य लोगों को समझाना चाहता है। ये ब्रह्माणतियं देवी वाग्वाश्येवानुवर्तत, मुम्नां रसानां गहनः प्रयोगः,अस्ति वा कुतसिचदेवभूतं महादुभूतं विचित्ररमणीयोज्जवलं प्रकरणम् वे नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां जानन्ति ते किमपि तान्प्रति नैष यत्नःआदि अभिव्यक्तियाँ इसी को संकेतित करती हैं। परंच कवि को विश्वास है कि उसका समानधर्मा अवश्य होगा, जो उसकी रचनाओं के मर्म को समझेगा।

संदर्भः-

1. मालतीमाधव, 1/5.
2. वही, पृष्ठ 8 टीका से उद्धृत।
3. उत्तररामचरितम्, काणे, पृष्ठ 2.

4. श्रीकण्ठपदलांछनं पितृकृतनामेदम्। ख्र भवभूतिर्नाम साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः इति श्लोकरचनासन्तुष्टेन राज्ञा भवभूतिरिति ख्यापितः। किंचास्मैकवये ईश्वर एवं भिक्षारू पेणागत्य भूतिं दतवानिति वदन्ति। एवं च भवाद्मगवतो मूर्तियस्येति भवभूतिरित्यन्यर्थ इत्याहुः।
   - वीरराघव, महावीरचरित पर।
5. भवभूतिरिति व्यवहारे तसयैव नामान्तरम्।
   - त्रिपुरारि मालतीमाधव पर।
6. U.R.C., introduction, Kane, p.2.
7. लोकातिगकविशक्तिदर्शनाद्वाग्देवी नित्यकालमस्य कण्ठे वसतीति मत्वा तदानीन्तनैः भवभूतेः श्रीकण्ठ इति विशेषणं परिकल्पितम्।
   - महाकवि भवभूति, पृष्ठ 7.
8. द्रष्टव्य U.R.C., Introd, kane and Bhavbhuti, Mirashui.
9. महा0, पृष्ठ 74.
10. सोयिं सुभुपुरी विदर्भविषयः सारस्वतीजन्ममूः।।
    - वाल रा0 ए0, 10/74.
11. मालतीमाधव, 1/7.
12. वही, 1/4.
13. अस्ति वा कुतनिश्चदेवंभूतं महाद्भुत विचित्ररमणीय प्रकरणम्
14. उत्तर 0, 1/2.

संस्कृत

हमारे संस्कृति में संस्कार

मनीष कुमार भारती

शोध छात्र, संस्कृत, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

किसी भी देश एवं राष्ट्र का प्राण उसके संस्कृति होती है क्योंकि यदि कोई उसकी अपनी संस्कृति नहीं तो संसार में उसका अस्तित्व ही क्या? पसन्तुसंस्कृति का क्या अर्थ है भारतीयों से आर्य संस्कृति है यह नही बतलाया जाता है। लोग अंग्रेजी शब्द 'कल्चर' का अर्थ कहते है। संस्कृति परन्तु संस्कृति भाषा का शब्द है। इसलिए संस्कृति शब्द से अर्थ संस्कृत व्याकरण के अनुसार ही होना चाहिए। 'सम' उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से भूषण अर्थ में सुट् का आगत करके क्तिन् प्रत्यय करने से संस्कृति शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है। भूषण भूत सम्यक् कृति इसलिए भूषणभूत सम्यक् कृतियों का सत्पूर्ण क्षेत्र संस्कृति का क्षेत्र है।

पशु पक्षी कीट पतंगादि भोग योनियों में जीव की चेष्टायेंक रने में समर्थ होता है। इसलिए सम्यक् चेष्टा या कृति संस्कृति का प्रयोग मनुष्य के संबंध में ही किया जा सकता है। इसलिए मनुष्य की भूषण भूत सम्यक कृति या चेष्टा ही संस्कृति है।

जिन चेष्टाओं के द्वारा मनुष्य अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में उन्नति करता हुआ सुख शांति प्राप्त करे वे चेष्टायें ही उसके लिए भूषण भूत सम्यक् चेष्टायें कही जा सकती है अथवा मनुष्य की आधि भैतिक आधि दैविक और अध्यामित्क उन्नति के अनुकूल चेष्टायें ही उनकी भूषण भूत सम्यक् चेष्टाऐ है या मनुष्य की व्यैक्तिक सामाजिक आर्थिक राजनैतिक धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में लौकिक-परलौकिक अभ्यूदय के अनुकूल देहेन्द्रय, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार की चेष्टा ही उसके भूषणभूत सम्यक् चेष्टा या संस्कृति है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मनुष्य के लौकिक-पारलौकिक सर्वाभियुद्य के अनुकूल आचार-विचार हों संस्कृति है

किसी जाति के लिए लौकिक-पारलौकिक विश्वास का आधार उस जाति का दर्शन शास्त्र होता है। दर्शन शास्त्र सत्यासत्य विवेचनात्मक ज्ञान परख होता है। मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ, कहाँ जाऊँगा, इस नाना नाम रूपमय जगत का सच्चा स्वरूप क्या है इसका कर्ता कौन है। वह जड़ है या चेतन और परम सुख शांति का क्या स्वरूप है आदि का समाधान दर्शन शास्त्र से होता है। कोई जाति अपने दर्शन शास्त्र के अनुसार इहलोक और परलोक का जो स्वरूप निर्णय करती है उसी के अनुरूप लौकिक-पारलौकिक उन्नित का मार्ग प्रदर्शक उस जाति का आचार शास्त्र होता है। आचार शास्त्र या धर्म शास्त्र विधि निरोधात्मक कर्तव्य संबंधी आज्ञा प्रदायक कर्म परक होता है। किसी जाति का धर्म शास्त्र अपने दर्शन शास्त्र प्रतिपादित लौकिक-पारलौकिक अभ्युदय में सहायक जिन कर्मो या आचार विचारों का विधान करता है। वे कर्म ही उस जाति के लिए कर्त्तव्य होते है और उन्ही के द्वारा वह जाति अपनी लौकिक-पारलौकिक उन्नित मानती है। उससे स्पष्ट है कि किसी जाति के धर्म शास्त्र

द्वारा प्रतिपादित आचार-विचार ही उस जाति की संस्कृति का सवरूप होता है। अर्थात संस्कृति का आधार धर्म शास्त्र या धर्म ग्रन्थ ही है।

मनुष्य को अल्पशक्ति और सीमित सामर्थ से अनन्त शक्ति और अपरिमित सामर्थ की ओर अथवा जीव भाव से ईश भाव या ब्रह्म भाव की ओर स्वाभाविक रूप से अग्रसर करने वाले इस वर्णाश्रम व्यवस्था का आर्य संस्कृति के प्रत्येक बातें रहस्यपूर्ण विशेषतामय है। आर्य संस्कृति वर्ण संकर्ता में समाज एवं राष्ट्र का विकाश देखती है। आर्य संस्कृति का वैदिक इतिहास बतलाया है कि 432000 वर्ष का कलयुग होता है। इसके द्विगुण, त्रिगुण एवं चतुरगुण, क्रमशः द्वापर त्रेत और सतयुग होते है। चारों युग मिलकर एक महायुग कहलाता है और 71 महायुगों का एक मनवंतर होता है। एक मनवंतर में काल प्रमापक मनु और देवाराज इन्द्रादि बड़े-बड़े देव पदाधिकारी बदल जाते है। और उनके स्थान पर नये पदाधिकारी आ जाते है। ऐसे 14 मनवंतरों का एक कल्प होता है वर्तमान कल्प के प्रारम्भ में वैवस्वत मनु नामक मनु भृगुअंगिरा आदि ऋषिगण उत्पन्न हुए थे। और उनके द्वारा गोत्र तथा प्रवरों की सृष्टी हुई थी उस समय से लेकर आजतक आर्य जाति में गोत्र और प्रवरों का यथाक्रम अखण्ड संबंध चला आ रहा है। इस प्रकार गोत्र प्रवर के संबंध सं आर्य संस्कृति में जाति के आधार पर विवाहादि संबंध द्वारा रज वीर्य की शुद्धि ही हिन्दू जाति के चिरंजीवी होने का प्रधान कारण है। वृद्ध पूजा हिन्दू संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है।

अभिवादनशीलस्य नित्यम् वृद्धोपसेविनः

चत्वारि तस्य वर्धान्ते, आयुर्विद्या यशोबलम्।।

नारी को शक्ति का प्रतीक मानकर उसकी पूजा करना आर्य जाति में ही स्वीकार किया है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्तेतत्र देवताः।

आर्य संस्कृति में घृणा के लिए स्थान नहीं है 'शूनिचैव श्वपाकेच पंडिमा समदर्शिनः' का सिद्धांत माना जाता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना आर्य संस्कृति में ही है। इसलिए हम स्पष्ट कह सकते हैं कि 'चतुष्पादपूर्ण' एवं 'चतुवर्ग फलप्रद' अपनी पहली विशेषताओं के कारण ही आर्य संस्कृति सर्वकल्याणकारी अमर और विश्व की सम्पूर्ण संस्कृतियों की जननी है।

कुछ सवदेशी एवं विदेशी आलोचक पंगवों ने नारी के प्रति सम्मान की वैसी भावना नहीं दर्शायी है जितनी सद्भाव सम्मान एवं समादर आर्य संस्कृति में नारियों के लिए है। आर्य संस्कृति में ना ओर नारी का जितना सर्वांगिन विवेचन देखने को मिलता हैउतना अन्यत्र कहीं नहीं। मुसलमानों में तो औरतों को वासनापूर्ति का एक खिलौना मात्र समझा है, ईसाई भी स्त्रियों के साथ समान वर्ताव के बहाने उन्हें विलासिता की सामग्री मात्र समझते हैं।

इसके विपरीत आग्र संस्कृति में (आर्य धर्म में) नारी को अत्यंत सम्मानपूर्ण स्थान पर प्रतिष्टित किया गया है। जीवन मार्ग में प्रस्तुत होने वाले बालक को वेद सबसे पूर्व स्त्री का सम्मान करना सीखाता है।

संस्कृत

काशी का धार्मिक जीवन

राधिका कुमारी

शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

काशी के इतिहास को देखने से पता चलता है कि यहाँ वैदिक विश्वासों के साथ-साथ नाग और यक्ष की पूजा का भी प्रभाव था। उस युग में भी शिव पूजा अवश्य प्रचलित होगी, पर इसका विस्तार गुप्त-युग में अधिक बढ़ा। काशी बौध-धर्म का भी एक प्रधान क्षेत्र बना रहा, पर पुरातात्विक अवशेंषों के आधार पर यही का जा सकता है कि वह सारनाथ तक ही सीमित था, वाराणसी क्षेत्र में तो शैव धर्म का ही बोलबाला था।[1]

सातवीं सदी में यवान चवाड़ ने भी यह बाल परिलक्षत की। अनेक धर्मो का अड्डा रहते हुए भी वाराणसी शैव धर्म की ही केन्द्र थी और अब भी है। पौराणिक साहित्य भी बानारस के शिवलिगों की महिमा से भरा पड़ा है। समय की गति के अनुसार जैसे-जैसे काशी का इतिहास आगे बढ़ता है, वैसे - वैसे शिवलिंगों की संख्या भी बढ़ती जाती है तथा चित्र-विचित्र वेश वाले योगियों और सन्यासियों की भी।[2]

काशी पुरी के जन्मारंभ से ही धार्मिक विशेषता भी उसके साथ जुड़ गया थी। यहाँ पहले यक्षों की पूजा होती थी काशी में कई तरह के पूजा स्थान अभी तक है, जिन्हें वीर या चौड़ा कहते हैं। जहुरावीर और बुल्लावीर प्रसिद्ध है, जो भारहुत से मिली हुई चुलकोका यक्षियों के ढ़ंग पर छोटे और बड़े बीर संज्ञा वाले देवता थे। काशी विश्वविद्याालय में भी बीरों के कई चौरे अभी तक लगते हैं। मत्स्यपुराण की एक कथा के अनुसार काशी के हरिकेश यक्ष ने शिव की अखंड भक्ति करके काशी में स्थायी रूप से बसने का वरदान प्राप्त किया।[3] तब से उसने शिव-पूजा का प्रचार और यक्ष-पूजा की पुरानी परंपरा को शिव- पूजा ने आत्मसात का लिया और उसी के अनुसार काशीपुरी का धार्मिक विकास होने लगा। इसका प्रत्यक्ष फल यह हुआ कि काशी के धुल-कोट के भीतर अनेक शिवस्थानों की जींव पड़ी, जिनका उल्लेख काशी खण्ड एवं तीर्थकल्पतरू ग्रंथ में पाया जाता है। राजघाट की खुदाई में जो मिट्टी की मुहर मिली है, उसने पहली बार काशी के प्राचीन इतिहास की, लगभग एक सहस्त्र वर्श (200 ई० पू० से 800 ई0 पू० तक) की समाग्री का उद्घाटन किया है। पुराणों में आये हुए कुछ शिवलिंगों के अस्तित्व का समर्थन पुरातत्व की समाग्री से हो रहा है।

काशी का धार्मिक महात्म्य बहुत अधिक है। पुराणों में ऐसा उल्लेख आया है कि ब्रह्महत्या का अपराधी अविमुक्त में प्रवेश करने मात्र से ही पापमुक्त हो जाता है और यदि वहाँ मृत्यु को प्राप्त करता है तो उसे मोक्ष मिलता है। अविमुक्त में प्रवेश करते ही सभी प्रकार के प्राणियों के पूर्वजन्मों के हजारों पाप क्षणमात्र में नष्ट हो जाते हैं। धर्म में आसक्ति रखनेवाला व्यक्ति काशी में मृत्यु होने पर पुनः संसार को नहीं देखता। संसार में योग के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती, किन्तु अविमुक्त में योगी को मोक्ष सिद्ध हो जाता है।[4] कुद स्थलों पर वाराणसी तथा वहां की नदियों के संबंध में रहस्यात्मक संकेत भी मिलते हैं। उदाहरणार्थ 'असी' को 'इड़ा', 'वरणा' को 'पिंगला',

अविमुक्त को 'सुषुम्ना' तथा इन तीनों के सम्मिलित स्वरूप को काशी कहा गया है।[5] परंतु लिंगपुराण का इससे भिन्न मत है। वहाँ असी, वरणा और गंगा को क्रमशः पिंगला, इडा तथा सुषुम्ना कहा गया है।

पुराणों में कहा गया है कि काशी क्षेत्र के एक - एक पग में एक - एक तीर्थ की पवित्रता है।[6] काशी की तिलमात्र भूमि भी शिलिंग से अछूती नहीं है। जेसे काशीखण्ड के दसवें अध्याय में ही 64 लिंगों का वर्णन है। ह्वेनसांग के अनुसार उसके समय में काशी में सो मन्दिर थे और एक मन्दिर में भगवान महेश्वर की 100 फीट ताँबे की मूर्ति थी। किन्तु दुर्भाग्यवश विधर्मियों द्वारा काशी के सहस्त्रों मन्दिर विध्वस्त कर दिए गए और उनके स्थान पर मस्जिदों का निर्माण किया गया। औरंगजेब ने तो काशी का नाम महम्मदाबाद रख दिया था। परन्तु यह नाम चला नहीं और काशी में मन्दिर फिर बनने लगे।

भगवान विश्वनाथ काशी के रक्षक हैं और उनका मन्दिर सर्वप्रमुख है। ऐसा विधान है कि प्रत्येक काशीवासी नित्य गंगा स्नान करके विश्वनाथ का दर्शन करना चाहिए। पर औरंगजेब के बाद लगभग 100 वर्षो तक यह व्यवस्था नहीं रही। शिवलिंग को तीर्थयात्रियों के सुविधानुसार यत्र - तत्र स्थानांतरित किया जाता रहा।[7] वर्तमान मन्दिर अठारहवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में रानी अहल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित हुआ। अस्पृश्यता का जहाँ तक प्रश्न है, प्रतिदिन प्रातः ब्रह्मबेला में मणिकार्णिका घाट पर गंगा स्नान करके प्राणियों द्वारा ग्रहण की गयी अशुद्धियों को धो डालते हैं।[8]

कुछ पुराणों के अनुसार काशी में रहकर तनिक भी पाप नहीं करना चाहिए क्योंकि इसके लिए बड़ेही कठोर दंड का विधान है। तीर्थस्थान होने के कारण यहाँ पूर्वजों अथवा पितरों का श्राद्ध और पिंडदान किया जा सकता है। किन्तु तपस्वियों द्वारा काशी में मठों का निर्माण अधिक प्रशंसनीय है। साथ ही, यह भी कहा जाता है कि प्रत्येक काशीवासी को प्रतिदिन मणिकर्णिका घाट पर स्नान करके विश्वेश्वर का दर्शन करना चाहिए। किसी अन्य स्थल पर किए गये पाप काशी आने पर नष्ट हो जातें हैं, किन्तु काशी में किए गए पाप दारूण यातनादायक होते हैं। जो काशी में रहकर पाप करता है, वह पिशाच हो जाता है। वहाँ इस अवस्था में सैकड़ों वर्षो तक रहकर परमज्ञान को प्राप्त होता है, तदुपरांत उसे मोक्ष मिलता है।[9] काशी मे रहकर जो पाप उन्हें यमयातना सहनी पड़ती है, चाहे वह काशी में मरें या अन्यत्र। जो काशी में रहकर पाप करते हैं वे कालभैरव द्वारा दण्डित होते हैं। काशी में पाप करके कहीं अन्यत्र कहीं अन्यत्र मरते हैं, वे राम नामक शिव के गण द्वारा सर्वप्रथम यातना सहते हैं, तत्पश्चात् वे कालभैरव द्वारा दिये गये दण्ड को सहस्त्रों वर्षो तक भोगते हैं। फिर वे नश्वर योनी में प्रविष्ट होते हैं और काशी में मरकर निर्वाण (मोक्ष या संसार से मुक्ति) पाते हैं।

1. (क) डॉ मोतीचनद्र - काशी का इतिहास, पृ0 27
   (ख) पं0 कुबेरनाथ सुकुल, वाराणसी वैभव, पृ0 32
2. डॉ मोतीचनद्र - दो शब्द, काशी का इतिहास, पृ0 10, तृ सं0 2003
3. मतस्यपुराण, 180/6-20.
4. मतस्यपुराण, 185/15-16.
5. स्कन्धपुराण, काशीखण्ड, 515
6. स्कन्धपुराण, काशीखण्ड, 59, 118
7. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 208
8. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 183
9. त्रिस्थलीसेतु, पृ0 168

संस्कृत

द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप

आशुतोश कुमार

शोधच्छात्रा, संस्कृत-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

1. प्रत्यक्ष प्रमाण की आवश्यकता

प्रमाणों की गणना में प्रत्यक्ष प्रमाण को ही सर्वप्रथम परिगणित किया जाता है। 'प्रत्यक्ष' पद 'प्रति' (सामने अथवा समीप अथवा-सम्बन्धित और अक्ष (नेत्रा) के संयोग से व्युत्पन्न होता है। जिसका तात्पर्य है- तात्कालिक ज्ञान। समस्त भारतीय शडास्तिक एवं त्रिविध नास्तिक दर्शन सम्प्रदाय प्रत्यक्ष प्रमाण के अस्तित्व को निर्बाध रूप से स्वीकार करते हैं। बाह्य जगत् में स्थित विषयों का ज्ञान प्राप्त करने में प्रत्यक्ष प्रमाण प्रथम साधन हैं। प्रत्यक्ष प्रमाण वास्तविकता के उस पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है (जो प्रत्यक्ष योग्य है) जिसका ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ग्रहण किया जा सकता है। इसलिए मधव तीनों प्रमाणों में (प्रत्यक्ष, अनुमान एवं शब्द) प्रत्यक्ष प्रमाण को सर्वाधिक प्रमाणिक और निश्चयात्मक मानते हैं।[1] अत: प्रमाण मीमांसा में भी सर्वप्रथम प्रत्यक्ष प्रमाण का ही निरूपण किया गया है। जिस कारण इसे ज्येष्ठ प्रमाण भी कहा जाता है।[2]

अनुमान प्रमाण अथवा शब्द प्रमाण बिना प्रत्यक्ष प्रमाण के स्वार्थ सिद्धि ही नहीं कर सकते हैं, क्योंकि अनुमान प्रमाण के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण आवश्यक है, अन्यथा पर्वत पर वह्नि की सिद्धि ही असम्भव हो जायेगी। उसी प्रकार शब्द प्रमाण के लिए प्रत्यक्षेन्द्रिय श्रोत ही परमावश्यक होता है।

2. प्रत्यक्ष पद के विभिन्न अर्थ

भारतीय दर्शन परम्परा में 'प्रत्यक्ष' पद तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है -प्रथम अर्थ है - प्रत्यक्ष ज्ञान का साधन जिसका आश्रय न्यायसूत्रादि परम्परा लेता है और जिसको द्वैत वेदान्त भी मानता है। द्वितीय अर्थ है- प्रत्यक्ष से उत्पन्न ज्ञान अर्थात् प्रत्यक्ष प्रमा। इसका आश्रय द्वैत वेदान्त और परवर्ती नैयायिक लेते हैं। तृतीय अर्थ है- ज्ञान का विषय। जिस प्रकार आत्मा है। इसका ग्रहण भी द्वैत वेदान्त सिद्धान्त में परिलक्षित होता है।

उपर्युक्त तीनों अर्थों का समेलित रूप ही प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। जिस प्रकार द्वैत वेदान्त के अनुसार 'निर्दोषार्थेन्द्रियसन्निकर्ष: प्रत्यक्षम्' अर्थात् दोष से रहित इन्द्रिय और विषय का सन्निकर्ष प्रत्यक्ष ज्ञान होता है।

3. द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप

प्रत्यक्ष प्रमाण के द्वारा प्रायश: उन विषयों का ज्ञान होता है, जो वर्तमान काल में उपस्थित होते हैं, आसन्न होते हैं एवं जिनका अस्तित्व पूर्णरूप से अव्यवहित होता है[3]। प्रत्यक्ष ज्ञान के साधनों को

दो प्रकार से परिभाषित किया जाता है, जो प्राचीन नैयायिकों से प्रभावित है। प्राचीन नैयायिक करण को 'व्यापारवद् असाधारणकारणम्'[4] रूप से स्वीकार करते हैं, इसी रूप को स्वीकार करके मधव ने प्रत्यक्ष को इस रूप में परिभाषित किया- 'अदुष्टमिन्द्रियम् प्रत्यक्षम्'[5] अर्थात् दोष रहित इन्द्रिय प्रत्यक्ष है। किन्तु इस रूप के पश्चात् नैयायिकों ने केवल 'असाधारणकारणम्'[6] रूप में करण को परिभाषित किया, जिससे द्वैत वेदान्त में भी प्रत्यक्ष को 'निर्दोषार्थेन्द्रियसन्निकर्षः प्रत्यक्षम्'[7] अर्थात् अर्थ और इन्द्रिय के दोष रहित संयोग (सन्निकर्ष) को प्रत्यक्ष रूप में परिभाषित किया गया है। न्याय सम्प्रदाय के समान ही द्वैत वेदान्त सम्प्रदाय भी इन्द्रियार्थासन्निकर्ष को प्रत्यक्ष प्रमाण के लिए आवश्यक अङ्गरूप में स्वीकर करता है।[8] क्योंकि जयतीर्थ के अनुसार 'पूर्णतः निर्दोष (दोष से रहित) अर्थों के सन्निकर्ष (संयोग) से उत्पन्न ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण हो सकता है।'[9] अन्यथा प्रमा की उत्पत्ति ही नहीं होगी। इसी कारण जयतीर्थ ने 'प्रमाणपद्धति' में अर्थविषयक दोषों का भी परिगणन किया है। जिनके कारण प्रत्यक्ष ज्ञान प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। वे दोष इस प्रकार है- अतिदूरत्व, अतिसामीप्य, सूक्ष्मता, व्यवधान, समानद्रव्याभिघात, अनभिव्यक्तत्व, सादृश्य इत्यादि।[10] जयतीर्थ इन्द्रियादि को दूषित करने वाले कारणों का निरूपण भी करते हैं। यथा - पाण्डुरोग, बुखार, सर्दी-जुकाम, लकवादि जैसी व्याधियाँ इन्द्रिय को दूषित या दोष ग्रसित कर देती है। उपर्युक्त दोषों का राहित्य होने पर ही शडिन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों से सन्निकृष्ट होकर प्रत्यक्ष प्रमा को उत्पन्न करती है। अतिदूरत्वादि अष्टविध दोषों का उल्लेख ईश्वरकृष्ण ने भी सांख्यकारिका में किया है।[11] सम्भवतः द्वैत वेदान्त सम्मत प्रत्यक्ष प्रक्रिया को दूषित करने वाले दोषों का निरूपण सांख्यकारिका से उद्धृत किया गया हो। द्वैत वेदान्ती मानते हैं कि उपर्युक्त दोष से युक्त इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह ज्ञान (यथार्थ) न होकर प्रमा के स्थान पर संशय अथवा विपर्ययादि (विपरीत या मिथ्या) ज्ञान[12] होता है।[13]

4. प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया में आवश्यक तत्त्व

द्वैत वेदान्ती इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष को अधिक विस्तारित और विश्लेषित नहीं करते, जिस प्रकार न्याय दर्शन संयोग, समवाय समवेतादि को करता है। द्वैत वेदान्ती अर्थ और इन्द्रिय के मधय केवल संयोग सबंध को ही मानते हैं। उनके अनुसार प्रत्येक इन्द्रिय तेजस से उत्पन्न होती है। जिस कारण इन्द्रियों में इतनी क्षमता होती है, कि वह अपने-अपने विषयों को प्रकाशित या व्यक्त कर सकती है। के.टी.पाण्डुरङ्गी के अनुसार प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया में इन्द्रियों के द्वारा चार तत्त्वों (विषयों) की आवश्यकता होती है।[14]जो इस प्रकार है -

1. प्रमातृ (साक्षिन्)
2. मनस्
3. इन्द्रिय
4. विषय (अर्थ)

इस प्रक्रिया में 'मनस्' की क्रियाशीलता अति आवश्यक है। किन्तु प्रत्यक्ष के यथार्थ होने के लिए किसी भी प्रकार के दोष का अभाव होना चाहिए। इन्द्रियाँ, विषय, अवान्तर व्यापार इत्यादि सभी दोष रहित होने चाहिए।

प्रमाणपद्धति में सर्वप्रथम इन्द्रियों का विश्लेषण किया गया है। जयतीर्थ के अनुसार इन्द्रियों से ज्ञानन्द्रियों का ही ज्ञान होता है।[15] द्वैत वेदान्त के अनुसार ज्ञानेन्द्रियाँ सात हैं। इनमें पाँच चाक्षुष्, घ्राणज, रासन, श्रोत एवं त्वक् इन्द्रियाँ हैं। जिनका स्वरूप अन्य भारतीय दर्शनों के समान ही है। शडिन्द्रिय अन्तःमन है और सप्तम साक्षी इन्द्रिय है। जिसकी परिकल्पना भारतीय दर्शन में नवीन है।

4.1 द्वैत वेदान्त में सप्त ज्ञानेन्द्रियों का द्विविध विभाजन

जयतीर्थ ने उपर्युक्त सात ज्ञानेन्द्रियों को दो वर्गों में विभाजित किया है- 1. प्रमातृ स्वरूप एवं 2. प्राकृत स्वरूप।[16]

1. प्रमातृ स्वरूप (साक्षी) - साक्षी एक विशुद्ध या परिशुद्ध इन्द्रिय है, जो वस्तुतः प्रमातृ स्वरूप है। साक्षी साक्षात् रूप (साक्षात्द्रष्टरि इति, यस्तु तदस्य अस्ति इत्यर्थे विहितः "इनि" इति प्रत्ययः स अत्र साक्षात्करोति इत्यर्थे विहितः इति तथा च साक्षात्करोति इति साक्षी) से ज्ञान को स्वरूपतः जान लेता है। द्वैत वेदान्त के अनुसार साक्षी एक प्रमाता का कार्य भी करता है और एक साधन का कार्य भी करता है।[17] पदार्थों का साक्षात् या प्रत्यक्ष जीव ही कर सकता है, वह जब स्वयं को विषयी बना लेता है, तब ज्ञेय भी साक्षी होता है। द्वैत वेदान्त के ज्ञान का सिद्धान्त प्राकृतेन्द्रिय से होने वाले प्रत्यक्ष और प्रमातृ स्वरूप प्रत्यक्ष पर आधारित है। द्वैत वेदान्त की मान्यता है कि ज्ञान की प्राप्ति प्राकृतेन्द्रिय एवं मनस् के द्वारा विषय के साथ संयोग से होती है और ज्ञान की प्रमाणिकता सदैव उसकी उत्पादिका इन्द्रियों की शुद्धता पर निर्भर करती है, किन्तु जो ज्ञान साक्षी इन्द्रिय या प्रमातृ स्वरूप के द्वारा होता है, वह कभी अयथार्थ और दोषयुक्त नहीं होता।[18] अतः प्रमातृ रूप से ज्ञात ज्ञान की प्रामाणिकता की परीक्षा भी आवश्यक नहीं है।

2. प्राकृत (शड्ज्ञानेन्द्रियाँ) - प्रकृति, अहंकारतत्त्व एवं पञ्च महाभूतादि से उद्भूत होने से शड्विध ज्ञानेन्द्रियां प्राकृत कहलाती है।[19] यहाँ द्वैत वेदान्त ने सांख्य दर्शन के तत्त्वों को ही प्राकृतेन्द्रिय रूपेण ग्रहण किया है। द्वैत वेदान्त में घ्राण, रसना, चक्षु, त्वक्, श्रोत एवं मनस् भेद से शड्ज्ञानेन्द्रियों का विवेचन हुआ है।[20] जिनके माध्यम से प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया सम्भव होती है। द्वैत वेदान्ती का मानना है कि ज्ञान कभी भी विषय से रहित नहीं होता है। कई बार ज्ञान ही ज्ञेय के रूप में उपस्थित होता है। विषय से रहित ज्ञान को स्वीकार करने से स्वसिद्धान्तविरोध दोष का भाव हो जाता है। जो उचित नहीं है। अद्वैत और विशिष्टाद्वैत में निर्विकल्पक ज्ञान सम्भव है। किन्तु द्वैत वेदान्त निर्विकल्पक को नहीं मानता है।

जयतीर्थ दो प्रकार के ज्ञान की चर्चा करता है- स्वरूप ज्ञान अर्थात् जिसका कारण साक्षी है और वृत्तिज्ञान अर्थात् जिसका कारण अन्य शड्ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। स्वरूप ज्ञान स्वयं में चेतन स्वरूप है, जिसका विश्लेषण किया जा चुका है। वृत्तिज्ञान मनस् के अधिकार में और मनस् से परिष्कृत भी होता है। यह स्वरूप ज्ञान के समान ही ज्ञान रूप है। वृत्ति ज्ञान के लिए मनस् का विषय से संयोग होना आवश्यक होता है, संयोग के पश्चात् मनस् अपने सामर्थ्य से विषय का ज्ञान उत्पन्न करता है। वृत्तिज्ञान कभी यथार्थ होता है और कभी अयथार्थ भी हो सकता है, क्योंकि यह तज्जनक इन्द्रियों की शुद्धता पर निर्भर करता है। वृत्तिज्ञान कारण दोष के कारण अयथार्थ हो सकता है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति की दोष युक्त आंखों के कारण 'सीप' रजत रूप में प्रतिभासित होता है।

चक्षुरादि पञ्चज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न विषय एवं उनका स्वरूप द्वैत वेदान्त में अन्य भारतीय दर्शनों के समान ही मान्य है। जिस कारण इनका निरूपण नहीं किया गया है, किन्तु विषय के स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए इनका न्याय सम्प्रदाय सम्मत संक्षिप्त विवेचन किया जा रहा है -

2.1 घ्राणेन्द्रिय का विषय गन्ध हैं। गन्ध दो प्रकार का माना गया है - सुरभि (सुगन्ध) एवं असुरभि (दुर्गन्ध)

2.2 रसनेन्द्रिय का विषय रस है। वह सभी शड्रसों का स्वादन करता है। रस के शड्विध प्रकार इस प्रकार है- मधुर, अम्ल (खट्टा), लवण, कटु, कषाय एवं तिक्त।

2.3 एवं 2.4 चक्षुर्त्वगेन्द्रियों का विषय आकार, रूपवान्द्रव्य, कुछ गुण, कर्म एवं जाति है। त्वक् इसके अतिरिक्त वायु एवं स्पर्श का अनुभव भी कर सकता है। रूप के सात प्रकार बताये गए हैं- शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश एवं चित्र। स्पर्श भी तीन प्रकार का माना गया है - शीत, उष्ण एवं अनुष्णाशीत।

2.5 शब्द श्रोत्रेन्द्रिय का विषय है। किसी भी प्रकार के शब्द अथवा ध्वनि का प्रत्यक्ष श्रोत्रेन्द्रिय ही कर सकता है। शब्द द्विविध प्रकार का होता है- ध्वनिरूप एवं वर्णरूप।

उपर्युक्त पञ्चज्ञानेन्द्रियों के पाण्डुरोग, बुखार, सर्दी-जुकाम, लकवादि जैसी व्याधियाँ एवं दृग्दोष मोतियाबिन्दादि होने से ग्रसित होने से विषय का मनस् से संयोग सम्बन्ध अधिष्ठित या स्थापित नहीं हो पाता है। मन और इन्द्रियों का सम्यक् संयोग न होने के कारण वह विषय का ग्रहण नहीं कर पाती। जिससे प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है या ज्ञान अयथार्थ हो जाता है।

2.6 मनस्[21] बाह्येन्द्रिय रूप से उपर्युक्त इन्द्रियों के विषयों का प्रत्यक्ष करता है। किन्तु मन में कतिपय अवाञ्छित दोष उत्पन्न हो जाते हैं, जो मानसिक प्रत्यक्ष में बाधा पहुंचाते हैं या प्रत्यक्ष को मिथ्या कर देते हैं। जिस प्रकार भावावेग, आसक्तियाँ, रागादि दोष इत्यादि मन का दोष गृहित कर लेते हैं, जो प्रत्यक्ष में बाधा पहुंचाते है। इन दोषों से रहित होकर ही मन यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर सकता है और करवा सकता है।

5. द्वैत वेदान्त में प्रत्यक्ष प्रमाण भेद का निरूपण

प्रमाण लक्षण में साक्षिषडिन्द्रिय भेद से प्रत्यक्ष प्रमाण सप्तविध प्रकारक माना गया है, जिसका निरूपण किया जा चुका है-



जयतीर्थ ने अन्य सभी दर्शनों से व्यतिरिक्त प्रत्यक्ष के चार विशिष्ट भेद भी स्वीकार किये हैं[22]-1. ईश्वर प्रत्यक्ष, 2. लक्ष्मी प्रत्यक्ष, 3. योगी प्रत्यक्ष एवं 4. अयोगि प्रत्यक्ष।



प्रधानता एवं प्रामाणिकता के आधार पर क्रम से प्रत्यक्ष भेदों का नामोल्लेख किया गया है। इन चारों भेदों में ईश्वर प्रत्यक्ष एवं लक्ष्मी प्रत्यक्ष ही केवल स्वरूपेद्रियात्मक है। इसका अभिप्राय यह हुआ कि इनके ज्ञान की प्रामाणिकता पर किसी प्रकार का दोष या शङ्का नहीं हो सकती है। क्योंकि उनका ज्ञान यथार्थ होता है। द्वैत वेदान्त के दो तत्त्वों -'स्वतन्त्र एवं परतन्त्र' के सिद्धान्त के अनुसार ईश्वर और लक्ष्मी प्रत्यक्ष स्वतन्त्र रूप हैं। अत: इनका ज्ञान किसी आश्रय या प्रक्रिया की अपेक्षा नहीं रखता है। इनका विषय भी इनके समान सामान्य न होकर विशिष्ट ही होता है।

दूसरी ओर स्वरूप एवं प्राकृत भेद से योगि प्रत्यक्ष एवं अयोगि प्रत्यक्ष का निरूपण किया गया है। जयतीर्थ ने 'प्रमाणलक्षण' ग्रन्थ का टीका में कहा है कि योगी जनों का ज्ञान वस्तु के स्वभाव

को देश-काल से व्यवहित होकर अर्थ रूप में ग्रहण कर सकता है, जबकि अयोगिजनों का ज्ञान देश और काल से अव्यवहित अर्थ को ही विषय बना सकता हैं।[23] इसलिए स्वरूपेन्द्रिय से ज्ञात ज्ञान यथार्थ होता है एवं प्राकृतेन्द्रिय से ज्ञान में यथार्थ या अयथार्थ दोनों भावों का समावेश होता है। प्राकृत ज्ञान सभी स्थानों एवं कालों में सर्वथा एक समान नहीं हो सकता है। यथार्थ ज्ञान के प्राकृत इन्द्रिय के लिए दोष या विकार से रहित होना आवश्यक है। इसी दोष के स्तर के कारण प्रकारान्तर से प्राकृत या बाह्येन्द्रिय का त्रिविध विभाजन किया गया है।[24]

प्रमाणपद्धति के टीकाकार विट्ठलनाथ के अनुसार जीवों का विभाजन आत्मातिरिक्त कुछ नहीं है। विट्ठलनाथ का कहना है कि दैव, मुक्ति योग्य जीव से सम्बन्धित बाह्येन्द्रिय है। आसुर, तमोयोग्य जीव से सम्बन्धित बाह्येन्द्रिय है और मध्यम, मध्यम जीव से सम्बन्धित बाह्येन्द्रिय है। इसका आशय यह हुआ कि जीवों के प्रकारों के आधार पर यह विभाजन किया गया है।[25] जयतीर्थ के अनुसार दैवेन्द्रिय द्वारा प्राप्त किये ज्ञान में यथार्थता की अधिक संभावना रहती है, आसुरेन्द्रिय के द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान में मिथ्यात्व की सम्भावना रहती है, जबकि मध्यमेन्द्रिय के द्वारा प्राप्त किये गए ज्ञान में यथार्थ और अयथार्थ दोनों रूपों का भाव होता है। बाह्येन्द्रियों में उत्तम और श्रेष्ठ होने से दैवेन्द्रिय का प्रथम नामोद्देश हुआ, इसी क्रम से आसुरेन्द्रिय का दैव के पश्चात् और मध्यम का अन्त में निर्देश किया है।

उपर्युक्त विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि बाह्येन्द्रिय के त्रिविध विभाजन जीवों की प्रवृत्ति पर आधारित है, किन्तु ज्ञान की प्रामाणिकता उनके अन्तर्गत पाये जाने वाली गुणों की अधिकता पर आश्रित है। सत्व, रजस् तमस तीनों गुणों में से जिसकी अधिकता होती है। जीव उसी के अनुसार प्रवृत्त होता है। सत्त्वगुण की प्रधानता होने पर ज्ञान के यथार्थ होने की सम्भावना अधिक है, क्योंकि जीव शान्तचित एवं एकाग्र होकरज्ञान विषय को जानने का प्रयास करता है और तमोगुण की प्रधानता मिथ्यात्व की सम्भावना दर्शाती है। क्योंकि वह अशान्त और एकाग्रता से रहित होकर विषय के ज्ञान की प्राप्ति का प्रयास करता है। अत: जिस प्रकार के गुण से जीव युक्त होता है, उसका ज्ञान भी उसी के गुण से प्रभावित होता है।

द्वैत मत में न्याय सम्मत शोढा सन्निकर्ष असिद्ध है। क्योंकि केवल संयोग सम्बन्ध और इन्द्रिय की साक्षात् रश्मि सामर्थ्य इन्द्रियार्य सन्निकर्ष कर प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर सकती है। संयोग संबंध को स्वीकार करने से लाघव की प्राप्ति होती है।[26] इसका आशय यह है कि सभी 'इन्द्रियों की रश्मि के साक्षात् प्रकाश से वे अपने विषयों को उद्भावित कर उनसे साक्षात् सन्निकर्ष कर सकती है'[27] क्योंकि इन्द्रियों का घटादि के समान ही रूपादि से भी साक्षात् सन्निकर्ष होता है।

6. प्रत्यक्ष प्रमाण का फल

भारतीय दर्शन की परम्परा में प्रत्यक्ष के फल या अभिधेयार्थ के विषय में भी मतवैभिन्य प्राप्त होता है। कतिपय दार्शनिक प्रत्यक्ष प्रमाण के अभिधेयार्थ के रूप में हानोपादानोपेक्षा बुद्धि को ही स्वीकार करते हैं; किन्तु जयतीर्थ इस मत को स्वीकार नहीं करते हैं, क्योंकि द्वैत वेदान्त में हानोपादानोपेक्षा बुद्धि अपेक्षा या फल अनुमान प्रमाण में ही सम्भव हो सकता है। 'हानोपादानोपेक्षा बुद्धि' उसे कहते हैं, जब पूर्व अनुभूत अनुभव से यह निश्चय हो जाये कि कोई वस्तु अनिष्टकारी है अथवा लाभकारी, उसी के अनुरूप मनुष्य प्रवृत्त होता है। कदली फलादि के द्वारा इष्ट साधन के अनुमान के अनन्तर उपादान बुद्धि उत्पन्न होती है। इस कारण जयतीर्थ के अनुसार प्रत्यक्ष का फल विशिष्ट विषय का साक्षात्कार है, न कि हानोपादानोपेक्षा बुद्धि।[28]

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मूल ग्रन्थ
    * *अनुव्याख्या* (ब्रह्मसूत्र) : मध्वाचार्य, सर्वमूल ग्रन्थ, (सम्पादक) आर.एस.पंचमुखी, धारवाड, 1980
    * *तर्कताण्डव* : व्यासतीर्थ, (सम्पादक) श्रीनिवासाचार्य एवं वी. माध्वाचार्य, ओरियन्टल संस्कृत पुस्तकालय सीरीज़-74, भाग 1-4 मद्रास, 1934-42
    * *तर्कताण्डव* : व्यासतीर्थ, (सम्पादक) के.टी.पाण्डुरंगी, द्वैत वेदान्त स्टड़ीज एण्ड शोध फाउन्डेशन, बैंगलौर, खण्ड 1-2, 2003
    * *तर्कभाषा* : केशवमिश्र, (व्याख्याकार), बदरीनाथ शुक्ल, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, 1976
    * *तर्कसंग्रह* : अन्नमभट्ट, तर्कसंग्रह दीपिका सहित, (सम्पादक) अठल्ये एवं बोडास, भण्डाकर ओरियन्टल रिसर्च इन्सटीटयूट, पूना 1974
    * *तत्त्वोद्योत* : द्रष्टव्य *दश प्रकरणानि*
    * *दश प्रकरणानि* : आन्नदतीर्थ, (सम्पादक) लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, (चार भागों में- प्रमाणलक्षण), बैंगलोर, 1969
    * *न्यायसुधा* : जयतीर्थ, श्रीगुरुसार्वभौम संस्कृत विद्यापीठ, श्रीराघवेन्द्रस्वामीमठ, मन्त्रालय, तिरुपति, 15 भाग, 2003-07
    * *न्यायसुधा* : जयतीर्थ, शट् टीकाओं सहित (सम्पादक) के.टी. पान्डुरंगी, द्वैत वेदान्त स्टड़ीज एण्ड शोध फाउन्डेशन, बैंगलोर, 1991
    * *प्रमाणचन्द्रिका* : शलारिशेषाचार्य, (अनुवादक) सुशील कुमार, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, 1980
    * *प्रमाणपद्धति* : जयतीर्थ, टीका द्वय सहित (सम्पादक) आर.एस. पंचमुखी, धारवाड, 1982
    * *प्रमाणपद्धति* : जयतीर्थ,आठ टीकाओं सहित (सम्पादक) के.टी. पान्डुरंगी, द्वैत वेदान्त स्टडीज एण्ड शोध फाउन्डेशन, बैंगलौर, 1991
    * *प्रमाणलक्षण* : द्रष्टव्य *दश प्रकरणानि*
    * *वादावली* : जयतीर्थ, राघवेन्द्र विरचित वादावलीभावदीपिका, श्रीनिवासतीर्थ विरचित वादावलीप्रकाश एवं कृष्णाचार्य विरचित वादावलीटिप्पणी टीका सहित, (सम्पादक) सत्यध्यानाचार्य कट्टी, द्वैत वेदान्त अध्ययन संशोधन प्रतिस्थान, बैंगलुरू, 2001
    * *विष्णुतत्त्वविनिर्णय* : आनन्दतीर्थ, (सम्पादक) के.टी.पान्डुरंगी, द्वैत वेदान्त स्टड़ीज एण्ड शोध फाउन्डेशन, बैंगलोर, 1991
    * *सांख्यकारिका* : ईश्वरकृष्ण, (व्याख्याकार) ब्रजमोहन चतुर्वेदी, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1988
    * *सांख्यसूत्र* : विज्ञानभिक्षु कृत भाष्य सहित (सम्पादक) रमाशंकर भट्टाचार्य, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, 1977
2. सहायक ग्रन्थ
    * पाण्डुरङ्गी, के.टी. : द्वैत वेदान्त दर्शन ऑफ माध्व, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 1995

Footnote

[1] 'न हि दृष्टेबलवत्किञ्चित् प्रमाणम्', *तत्त्वोद्योत*, पृष्ठ 31.

[2] 'प्रत्यक्षस्य सर्वप्रमाणेषु ज्येष्ठत्वात्', *सांख्यतत्त्वकौमुदी*, कारिका 5, पृष्ठ 42.

[3] प्रायेणासन्नाव्यवहितवर्तमानकतिपय पदार्थग्राहकं प्रत्यक्षम्', *प्रमाणचंद्रिका*, पञ्चठ 45.

[4] *विष्णुतत्त्वविनिर्णय*, पृष्ठ 360.

[5] *तर्कभाषा*, पृष्ठ 62.

[6] *तर्कसंग्रह*, पृष्ठ 99.

[7] (i) *दृशप्रकरणानि*, पृष्ठ 33. (ii) *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 36.

[8] *न्यायसुधा*, पृष्ठ 47.

[9] 'निर्दोषार्थेन्द्रियसन्निकर्षः प्रत्यक्षम्', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 36.

[10] 'अतिदूरत्वमतिसामीप्यं सौक्ष्म्यं व्यवधानं समानद्रव्याभिघातोऽनभिव्यक्तत्वं सादृश्यं चेत्यादयः', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 36.

[11] 'अतिदूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानात्। सौक्ष्मयाद् व्यवधानादभिभवात्समाना भिहाराच्च।।', *सांख्यकारिका*, कारिका-7, पृष्ठ 11.

[12] संशयविपर्ययादि का निरूपण पिछले अध्याय में प्रतिपादित किया जा चुका है।

[13] (i) एतेषु दोषेषु सत्सु..... संशयादिकमुत्पद्यते, *प्रमाणचंद्रिका*, पृष्ठ 49.
(ii) तेषु सत्सु क्वचिज्ज्ञानमेव...क्वचिद्विपरीतज्ञानमुत्पद्यते', *प्रमाणपद्धति* , प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 124.

[14] *द्वैत वेदान्त दर्शन ऑफ श्रीमध्वाचार्य*, के.टी.पाण्डुरङ्गी, पृष्ठ 41-42.

[15] 'इन्द्रियेशब्देन ज्ञानेन्द्रियं गृह्यते', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 126.

[16] 'तद् द्विविधम्। प्रमातष्टस्वरूपं प्राकृतञ्चेति', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पञ्चठ 126.

[17] 'चेतनस्वरूपेन्द्रियं साक्षीत्युच्यते', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पञ्चठ 126.

[18] 'मानसे दर्ष्टाने दोज्ञाः स्युर्न वै साक्षिदर्ष्टाने', *अनुव्याख्या*, 3.4.43 एवं *वादावली*, पञ्चठ 307.

[19] 'प्रकृतिपरिणामहंकारपञ्चमहाभूतांशै रूपचितं प्राकृतमित्युच्यते; उपरीवत्, राघवेन्द्रटीका, पृष्ठ 12.

[20] 'प्राकृतं षडविधम्...श्रोतमनो भेदात्', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 128.

[21] 'मनस्तु बाह्येन्द्रियाधिष्ठानेनैते..... रागादयः', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 128.

[22] 'ईश्वरप्रत्यक्षं लक्ष्मीप्रत्यक्षं, योगीप्रत्यक्षमयोगिप्रत्यक्षं चेति', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 142.

[23] *प्रमाणलक्षण*, पृष्ठ 126.

[24] 'बाह्येन्द्रियं त्रिविधम्...दैवमासुरं मध्यममितिः', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 145.

[25] 'आत्मातिरिक्तं नेन्द्रियमित्यर्थः ...बाह्येन्द्रियमित्यर्थः', *प्रमाणपद्धति*, विट्ठलनाथ टीका, पृष्ठ 150.

[26] 'संयोगोप्येक एव लाघवात्', *तर्कताण्डव*, समवायवादः, पृष्ठ 477

[27] 'अतः सर्वेन्द्रियाणां स्वस्वविषयैः ...रश्मिद्वारा सन्निकर्षः', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद. पृष्ठ 145.

[28] 'अतो विशिष्टविषयसाक्षात्कार एव प्रत्यक्षस्य फलमितिः', *प्रमाणपद्धति*, प्रत्यक्ष परिच्छेद, पृष्ठ 155.

श्रीहरिनामामृत व्याकरण में वर्णित संज्ञाओं का वैशिष्ट्य

चित्रा भारद्वाज

शोधच्छात्रा, संस्कृत-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

जीवगोस्वामी प्रणीत श्रीहरिनामामृत व्याकरण भक्ति परक शैली का एक उत्कृष्ट व्याकरण ग्रन्थ है। इसकी शैली में जो भक्ति भावना एवं शब्द लालित्य है उसका निरूपण संज्ञाओं में परिलक्षित होता है। जिसका विवेचन प्रकृत शोध पत्र में किया गया है।

1. वर्णक्रमः अधिकांश वैयाकरण अपने व्याकरण को प्रारम्भ करने से पूर्व निजतन्त्रोपयोगी वर्णसमुदाय अथवा अक्षर समान्नाय का निर्देश करके तत्पश्चात् अपने व्याकरण के प्रतिपाद्य विषय का आरम्भ करते हैं।[1] इसी पद्धति का अनुसरण करते हुए जीवगोस्वामी ने सर्वप्रथम वर्णोपदेश करते हुए वर्णो की उत्पत्ति नारायण से स्वीकार की है - "नारायणादुद्भूतोऽयं वर्णक्रमः।" श्रीहरिनामामृत व्याकरण लेखक के भक्ति भाव के चरमोत्कर्ष का प्रतीक है। इसी कारण इसमें वर्णित संज्ञाएँ प्रभु नाम संकीर्तन की भावना से प्रेरित है।

2. सर्वेश्वरः पाणिनीय प्रत्याहार 'अच्' द्वारा स्वरों का परिगणन होता है। इन्हीं स्वरों के लिए जीवगोस्वामी ने "सर्वेश्वर" संज्ञा का प्रयोग किया है। "सर्वेश्वर" का अर्थ टीकाकारों ने स्पष्ट किया। जिसे अर्थ सामान्जस्य की दृष्टि से देखा जा सकता है। स्वरों के बिना वर्ण उच्चारण संभव नहीं है। वर्ण उच्चारण के लिए स्वरों के आधीन है।[2] इसी कारणवश स्वरों को "सर्वेश्वर" से संज्ञापित किया गया है। सभी स्थावरजंगमादि का ईश्वर, सर्वेश्वर कहलाता है। तथा इस सर्वेश्वर से तात्पर्य स्वयं भगवान् कृष्ण है, जो कि सभी प्रकार से स्वतन्त्र है एवं सभी अन्य पदार्थ उनके आधीन है।[3] इसी अर्थ से जीवगोस्वामी ने स्वरों को "सर्वेश्वर" माना है।

3. दशावतार : "दशावतार" अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ का द्योतक है।[4] "दशावतार" शब्द से मत्स्य कूर्मादि दस अवतारों का ग्रहण होता है।[5] जीवगोस्वामी ने पाणिनीय "अक्" प्रत्याहार से पठित वर्णों के लिए "दशावतार" संज्ञाकरण किया है।

4. एकात्मक : "सवर्ण" संज्ञक वर्णों के लिए जीवगोस्वामी ने "एकात्मक" संज्ञा का प्रयोग किया है।[6] "एकात्मक" से अभिप्राय "ब्रह्मभावापन्न-जीव" है, अथवा हरिहर की अद्वैतता का भी "एकात्मक" शब्द वाचक है।[7] एकात्मक संज्ञक वर्णों में अ, आ तथा इ, ई आदि का ग्रहण किया जाता है।

5. वामन : विष्णु का वामन अवतार अतिप्रसिद्ध है। इस अवतार में उनकी लम्बाई अत्यधिक छोटी है। उसी आधार पर जीवगोस्वामी ने उन स्वरों की जिनके उच्चारण में कम बल व्यय होता है, 'वामन' संज्ञा कही है।[8] पाणिनि इसी को "हस्व" कहते हैं।

6. त्रिविक्रम : "एकात्मक" वर्ण में पर "त्रिविक्रम" संज्ञक होता है।[9] इसे पाणिनि ने "दीर्घ" संज्ञक है। जीवगोस्वामी के "त्रिविक्रम" संज्ञाकरण के औचित्य को टीकाकार श्री गोपीचरण दास ने पुष्ट करते हुए कहा है कि वामन अवतार की तीन पग भूमि की याचना जब राजा ने मान ली तत्पश्चात् भगवान् जो विशाल रूप धारण करते हैं तब "त्रिविक्रमत्व" होता है।[10]

7. महापुरुष : "महापुरुष" वर्णों का प्रयोग दूराह्वान, गान और रोने में होता है। "महापुरुष" संज्ञक शब्दों की पाणिनीय व्याकरण में "प्लुत" संज्ञा मानी गयी है। "महापुरुष" शब्द के द्वारा सर्व लक्षणान्वित पुरुष का कथन होता है तथा इस प्रकार का पुरुष भगवान् के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हो सकता है।[11]

8. ईश्वर : श्रीहरिनामामृत व्याकरण में अ-आ से वर्जित सर्वेश्वर (स्वर) संज्ञक वर्णों की "ईश्वर" संज्ञा प्रदत्त है।[12] इस प्रकार ईश्वर संज्ञक वर्ण है - इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ। अन्य व्याकरण यथा पाणिनीय तथा मुग्धबोध व्याकरण में इसे "इच्" प्रत्याहार द्वारा द्योतित किया गया है। "ईश्वर" शब्द के द्वारा मायानियन्ता भगवान् का उच्चारण होता है - ऐसा टीकाकार का मत है।[13]

9. ईश : "दशावतार" वर्णों में से अ-आ से अतिरिक्त अन्य की "ईश" संज्ञा जीवगोस्वामी ने कही है।[14] इस "ईश" संज्ञा के अन्तर्गत इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, का परिगणन होता है। "ईश" शब्द से माया मुग्ध जीव-निकाय-नियामक भगवान् का ज्ञान होता है।[15] यदि अर्थ तारतम्य की दृष्टि से विवेचन किया जाए तो "ईश" शब्द एवं उसमें ग्रहीत वर्णों का परस्पर कोई सम्बन्ध नहीं प्रतीत होता है। सम्भवत: जीवगोस्वामी की भक्ति भावना ही इस प्रकार के संज्ञाकरण का एकमात्र कारण हो सकता है।

10. अनन्त : पाणिनीय "अण्" प्रत्याहार में परिगणित अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, के लिए जीवगोस्वामी ने "अनन्त" शब्द कहा है।[16] इस "अनन्त" शब्द से तात्पर्य हरि के शयन सहस्त्र फण वाले शेष नाग है।[17] सम्भवत: इसका अभिप्राय यह है कि ये स्वर या अण् अनन्त है, क्योंकि इनकी सहायता के बिना किसी वर्ण को उच्चारित नहीं किया जा सकता।

11. चतु: सन - "इण्" प्रत्याहार में इ-ई उ-ऊ ग्रहीत है। इन्हीं को जीवगोस्वामी ने "चतु:सन" कहा है।[18] "चतु:सन" शब्द के द्वारा सनक-सनातन-सनन्दन-सनतकुमार का ग्रहण होता है।[19] चतु:सन में पठित वर्णों की संख्या भी चार होने से किञ्चित् सार्थकता दृष्टिगत होती है।

12. चतुर्भूज : "उ-ऊ, ऋ-ॠ" वर्णों को जीवगोस्वामी ने "चतुर्भूज" संज्ञक कहा है।[20] "चतुर्भूज" शब्द "नारायण" का ही वाचक है।[21]

13. चतुर्व्यूह : "ए-ऐ-ओ-औ" वर्णों के लिए "चतुर्व्यूह" शब्द प्रयुक्त किया गया है।[22] चतुर्व्यूह शब्द से वासुदेव-संकर्षण-प्रद्युम्न, अनिरुद्ध का द्योतन होता है।[23] सम्भवत: जीव-गोस्वामी की पद्धति है कि जहाँ चार वर्णों का ग्रहण होता है वहाँ वह संख्या साम्य की दृष्टि से संज्ञा का प्रयोग करते हैं।

14. विष्णुचक्र : बिन्दु स्वरूप वर्ण अर्थात् अनुस्वार के लिए "विष्णुचक्र" प्रयोग किया गया है।[24] "विष्णुचक्र" में शब्द से "सुदर्शन चक्र" का ज्ञान होता है।[25]

15. विष्णुजन : व्यञ्जनों की जीवगोस्वामी ने विष्णुजन संज्ञा कही है।[26] पाणिनि ने इसी के लिए "हल्" प्रत्याहार का प्रयोग किया है। विष्णुजन संज्ञाकरण की सार्थकता सिद्ध करने के लिए टीकाकार का कथन है कि जंगम सभी जन उस विष्णु के आधीन हैं, इसी कारणवश उसे सर्वेश्वर कहा गया है, तथा, सर्वेश्वर संज्ञक वर्णों के कादि विष्णु जन वर्ण के आधीन होते हैं।[27]

16. वल : य तथा व से वर्जित व्यञ्जनों के लिए "वल" संज्ञा प्रयुक्त है।[28] यह 'वल' शब्द बलराम का वाचक है।[29]

17. विष्णुवर्ग : विष्णुवर्ग शब्द के द्वारा जीवगोस्वामी ने कवर्ग, चवर्ग आदि वर्गों को परिगणित किया है।[30] "विष्णुवर्ग" शब्द द्वारा सत्यलोक से उपर वैकुण्ठ के अधीश्वर या अधिष्ठाता का द्योतन होता है।[31] यद्यपि अर्थ साम्य तो यहाँ जीवगोस्वामी का ध्येय नहीं है तथापि "विष्णुवर्ग" शब्द के "वर्ग" शब्द की उपस्थिति के कारण वर्णों के वर्ग को इंगित करने के लिए जीवगोस्वामी को यही शब्द समीचीन प्रतीत हुआ होगा।

18. हरिकमल, हरिखड्ग, हरिगदा, हरिघोष : जीवगोस्वामी ने वर्ग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वर्णों के लिए क्रमशः हरिकमल, हरिखड्ग, हरिगदा, हरिघोष संज्ञा परिगणित की है।[32] इन सभी संज्ञाओं में भक्तिभावना तो स्पष्टतः परिलक्षित होती ही है किन्तु इसके अतिरिक्त सम्भवतः ऐसा प्रतीत होता है कि जीवगोस्वामी ने वर्णों की उपस्थिति पर भी बल दिया है यथा - क, ट, त, प के लिए "हरिकमल" में प्रयुक्त "क" प्रथम वर्ण से ग्रहीत है उसी प्रकार "हरिखड्ग" में प्रयुक्त "ख", हरिगदा में "ग" का ग्रहण तथा हरिघोष में "घ" का ग्रहण। सम्भवतः जीवगोस्वामी ने यहाँ वर्णों के साम्य को विचार में रखकर ही यह संज्ञाकरण किया है।

19. उपेन्द्र : "उपसर्ग" के लिए जीवगोस्वामी के द्वारा "उपेन्द्र" संज्ञा का प्रयोग किया गया कृत है।[33]

20. राम : वर्ण स्वरूप के अवबोधन के लिए "राम" शब्द का प्रयोग जीवगोस्वामी ने किया है।[34] राम शब्द के प्रयोग के औचित्य को टीकाकार ने स्पष्ट किया है कि "राम" शब्द द्वारा श्रीरघुनन्दन का सीतैकभार्यत्व विख्यात रूप निरूपित है तथा इसी कारण "राम" शब्द के द्वारा एक ही वर्ण का परिग्रहण हुआ है।[35]

21. विरिञ्चि : जीवगोस्वामी आदेश के लिए "विरिञ्चि" शब्द का ग्रहण करते हैं।[36] विरिञ्चि से अभिप्राय "ब्रह्मा" है। विरिञ्चि (ब्रह्म) एक वस्तु का ग्रहण कर अन्य को बनाते हैं। तथाहि जो विधि का प्रवर्तन करे वह आदेश "विरिञ्चि" कहलाता है।[37]

22. विष्णु : आगम के लिए श्रीहरिनामामृत व्याकरण में "विष्णु" संज्ञा प्रयुक्त हुई है।[38] आगम सर्वदा मध्य में उपस्थित होता है वैसे ही विष्णु की स्थिति ब्रह्म एवं रुद्र के तथा सृष्टि एवं संहार के मध्य में है। प्रकृति एवं प्रत्यय के मध्य में आविर्भूत होकर दोनों का पोषक बनने से "आगम" को "विष्णु" कहा गया है।[39]

23. हर : जीवगोस्वामी लोप को "हर" कहते हैं।[40] यहाँ अर्थ साम्य है कि हर वस्तुओं के नाश का हेतु होने से यहाँ वर्णादि के नाश के लिए प्रयुक्त किया गया है।[41]

निष्कर्ष

श्रीहरिनामामृत व्याकरण भक्ति के चरमोत्कर्ष को प्रदर्शित करता है। इसमें प्रयुक्त संज्ञाएँ भक्ति भावना से प्रेरित होकर विष्णु एवं तत्सम्बद्ध वस्तुओं को आधार बनाकर रची गयी है। कतिपय स्थलों पर तो संज्ञाओं के निर्धारण में कारण निहित है किन्तु अधिकांश संज्ञाएँ तो जीवगोस्वामी की भक्ति भाव को ही प्रकट करती है। इस प्रकार का संज्ञा प्रयोग प्रथम दृष्टिपात करने पर रोचक लगता है किन्तु जब इन संज्ञाओं का प्रयोग सूत्र में किया जाता है तब कुछ असहजता सी प्रतीत होती है। इसका कारण इन संज्ञाओं का अन्य व्याकरण में प्रयुक्त संज्ञाओं की अपेक्षा अक्षर गौरव है। इस प्रकार के अनावश्यक रूप से बड़े-बड़े सूत्रों से युक्त व्याकरण कण्ठस्थ करने, पढ़ने में कठिन होता है। इस

प्रकार की कोई भी कृति जबकि उससे सरल उपलब्ध हो काल का ग्रास बन जाती है। इसी कारण श्री हरिनामामृत व्याकरण लगभग 450 वर्षों में ही अपने आकर्षण को खो बैठा है तथा वैष्णव सम्प्रदाय में भी कुछ ही स्थलों पर इसका प्रचार-प्रसार है।

Footnotes

[1] वृत्ति समवायार्थ उपदेशः। ....वृत्ति समवायार्थो वर्णानामुपदेशे कर्त्तव्य का पुनर्वतिः? शास्त्रप्रवृत्तिः। अथः क समवायः? वर्णानामनुपूर्व्येण सन्निवेशः। अथ कः उपदेशेः उच्चारणम् - पश्पशाह्निकम् महाभाष्यम्।

[2] कादीनामुच्चारणंचैषामधीनमिति सर्वेश्वराः - बालतोषणी टीका, सू०सं० 2, पृ० 9

[3] कादीनां वर्णानामुच्चारणंचैषां वर्णानामधीनं भवतीति हेतुः सर्वेश्वरा उच्यन्ते। सर्वेषां स्थावरजंगमादी नामिश्वरः, सर्वेश्वरशब्देन सर्वावतारि-स्वयं भगवान् कृष्ण उच्यते इति भगवन्नामता प्रसिद्धि, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०स० 2, पृ० 9

[4] दश दशावताराः - सू०सं० 3, हरि०व्या०, पृ० 9

[5] अत्र सर्वेश्वरेषु दशावतारशब्देन मत्स्यकूर्मादय उच्यन्ते, इति हेतु र्भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 3, पृ० 9

[6] तेषां द्वौ द्वावेकात्मकौ, सू०सं० 4, हरि०व्या०, पृ० 9

[7] एकात्मकशब्देन ब्रह्मभावापन्न-जीव उच्यते। अथवा हरिहराद्वैतता एकात्मकशब्दस्य भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 4, पृ० 9-10

[8] त्रिबिक्रमापेक्षया बलेरध्वरगतस्य भगवतः प्रथमतो ह्रस्व-विग्रहप्रकटनेनैव वामनत्वं प्रसिद्धम्। इति भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं०, पृ० 10

[9] परस्त्रिबिक्रमः, सू०सं० 6, हरि०व्या०, पृ० 10

[10] वामनापेक्षया पश्चाद्वलेः सकाशात् त्रिपाद-भूमि-याचनेन भगवतो बृहद्वपुः प्रदर्शनात् त्रिविक्रमत्वम्, इत्यस्य भगवन्नामता-6, तद्धितोछीपनी टीका, पृ० 10

[11] महापुरुषशब्देन सर्वसल्लक्षणान्वित पुरुष उच्यते, स भगवानेव नान्योऽतोऽस्य भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 7, पृ० 10

[12] अ-आ - वर्जिताः सर्वेश्वरा-ईश्वराः। सू०सं० 8, हरि०व्या०, पृ० 11

[13] ईश्वर शब्देन मायानियन्ता भगवानुच्यते इत्यस्य भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 8, पृ० 11

[14] दशावतारा ईशाः। सू०सं० 9, हरि०व्या०, पृ० 11

[15] ईश शब्देन मायामुग्ध जीव - निकाय नियामको भगवान् उच्यते, अतोऽस्य भगवन्नामता। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 9, पृ० 11

[16] अ-आ-इ-ई-उ-ऊ अनन्ताः। सू०सं० 10, हरि०व्या०, पृ० 11

[17] अनन्तशब्देन सहस्त्र फणः शेष उच्यते, इत्यस्य भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 10, पृ० 11

[18] इ-ई-उ-ऊ चतुः सनाः, सू०सं० 11, हरि०व्या०, पृ० 11

[19] चतुःसन शब्देन सनक-सनातन-सनन्दन सनत् कुमारा उच्यन्ते, इति भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 11, पृ० 11

[20] उ-ऊ ऋ-ॠ चतुर्भूजाः, सू०सं० 12, हरि०व्या०, पृ० 11

[21] चत्वारो भुजा येषां ते "चतुर्भुजाः" चतुर्भुज शब्देन नारायण उच्यते, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 12, पृ० 11

[22] ए-ऐ-ओ-औ-चतुर्व्यूहाः, सू०सं० 13, हरि०व्या०, पृ० 12

[23] चतुर्व्यूह शब्देन वासुदेव-संकर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्धा उच्यन्ते, इति भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 13, पृ० 12

[24] अं इति विष्णुचक्रम्, सू०सं० 14, हरि०व्या०, पृ० 12

[25] विष्णोश्चक्रं-विष्णुचक्रं, विष्णुचक्रशब्देन सुदर्शनाख्यमस्त्रमुच्यते, इति भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 14, पृ० 12

[26] कादयो विष्णुजनाः, सू०सं० 17, हरि०व्या०, पृ० 13

[27] विष्णोर्यथा सर्वव्यापकतया धर्मेण आब्रह्मस्तम्बपर्यन्ताः स्थावरजंगमादयः सर्वे जनास्तस्य विष्णोरधीना सन्ति, तथैव सर्वेश्वरस्य सर्वेश्वरसंज्ञवर्णस्य कादयो विष्णुजना वर्णा अधीना भवन्ति, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 17, पृ० 13

[28] यव वर्जितास्तु वलाः, सू०सं० 18, हरि०व्या०, पृ० 13

[29] यव वर्जिता विष्णुजनाः "वल" - नामानो भवन्ति। बल शब्दो बल राम वाची, इति भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 18, पृ० 13

[30] ते मान्ताः पञ्च पञ्च विष्णुवर्गाः, सू०सं० 19, हरि०व्या०, पृ० 13

[31] विष्णुवर्ग शब्देन सत्यलोकोपरिवैकुण्ठाद्यधीश्वरादय उच्यन्ते, इति भगवन्नामता, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 19, पृ० 13

[32] (i) क-च-ट-त-पा हरिकमलानि सू०सं० 21, (ii) ख-छ-ठ-थ-फा - हरिखड्गः, सू०सं० 22, हरि०व्या०, पृ० 14(iii) ग-ज-ड-द-वा हरिगदा, सू०सं० 23, हरि०व्या०, पृ० 14, (iv) घ-झ-ढ-ध-भा हरिघोषाः, सू०सं० 24 हरि०व्या०, पृ० 14

[33] उपेन्द्रात् क्वचित् विष्णुपदादौ च, सू०सं० 36, हरि०व्या०, पृ० 17

[34] वर्णस्वरूपे रामः, सू०सं० 37, हरि०व्या०, पृ० 17

[35] तस्य रामस्य रामशब्दाभिधेयस्य श्रीरघुनन्दनस्य एकपरिग्रहताख्याते: श्रीसीतैकभार्यत्वख्यातेरित्यर्थः। अथ चायं राम शब्दः एकमेव वर्णं परिगृहातीति। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 37, पृ० 17

[36] आदेशो विरञ्चिः, सू०सं० 39, हरि०व्या०, पृ० 18

[37] तथाहि यथा विरिञ्चिरेकं वस्तु गृहीत्वा अन्यत् करोति तथा यो विधिः प्रवर्तते स आदेशो विरिञ्चिरुच्यते इत्यर्थः। तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 39, पृ० 18

[38] आगमो विष्णु, सू०सं० 40, हरि०व्या०, पृ० 19

[39] मध्यत इति ब्रह्मरुद्रयोः सृष्टिसंहारयोर्वा मध्ये इत्यर्थः। तथा प्रकृति प्रत्ययोर्मध्ये आविर्भूय द्वयोः पोषको भूत्वा यो विधिः प्रवर्तते स विष्णुरुच्यते, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 40, पृ० 19

[40] लोपो हरः, सू०सं० 41, हरि०व्या०, पृ० 19

[41] हरो यथा वस्तूनां नाश हेतुर्भवति तथा वर्णादीनां नाश हेतुरिति शेषं समानम्, तद्धितोद्दीपनी टीका, सू०सं० 42, पृ० 19

संस्कृत

वैदिकसाहित्ये विवाहसंस्कारस्य वैशिश्ट्यम्

डॉ महेन्द्र पाण्डेय

वेद विभाग, सं.सं.वि.वि, वाराणसी

विवाहसंस्कार: जीवनदर्शनस्य संस्कार:। इयमेव सृष्टे: मूलसंस्कृति:। राष्ट्रियताया: संस्कृतिद्व: प्राचीनतमास्ति। वस्तुत: सर्वेऽपि संस्कारा: वैदिक संस्कृत्यात्मीकृत्य विद्यन्ते। सम्पूर्णस्य धर्मस्य संस्कारस्य च मूलत्वेन वेदा एवोपन्यस्ता:। यतोहि चतुर्णामाश्रमाणां धर्मार्थकाममोक्षाणां च मूलं वेद एव। कथितमस्ति ''सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति'' इति स्मृतिवचनानुसारं सर्वमिदं पुरोदृश्यमानं स्थावरजंगमात्मकं जगत् यतो जायते तत् सर्वं कार्यकारणजातम्। जगत्सर्जने अनेकविधं तत्त्वं निमित्तोपादान कारणत्त्वेन विराट् पुरुषात् निष्पद्यते इति वेदेषु निरूपितं वर्तते। एतज्ज्ञायते यत् पृथिवीजलतेजोवाय्वाकाश पंचतत्त्वेभ्य: सृष्टे: संरचनाभवत्। एतेभ्य: पंचतत्त्वेभ्य: नि:सृत सूक्ष्मांशै: मानवशरीरं निर्मितं जातम्। मानवशरीरे आत्मा नित्यं शाश्वतमिति सर्वे जानन्ति, कथितमपि ''**आत्मैवेदमग्रमासीत्पुरुषविधा**''।[1] स्त्रीपुंमांसौ एव पुरुष: सैव प्रजापति:। इयमेव सृष्टि:विवाह इत्यनेनावगम्यते। यतोहि प्राक्काले सृष्टे: पूर्वं आत्मा एव केवलं एकाकी रभते तदा भीतो आत्मा द्वितीयमैच्छत् द्वैधारूपोऽभवत्। तदा सृष्टिरभवत्। सोऽनुवीक्ष्य नान्यदात्मनोऽपश्य सोऽहमस्मी तस्मादेकाकी विभेति सहायमिक्षाचक्रे यद् मदन्यन्नास्ति स द्वितीयमैच्छत् स है तावनाप यथा स्त्रीपुमांसौ सम्परीष्वक्तौ, द्वैधा परापत्तत:, पतिश्च पत्नीचाभवतां तस्मादिदमधामिति, ततो मनुष्या: अजायन्त। अत: अयमेव विवाह नाम्ना स्वीक्रियते मुख्योऽयं संस्कार:। विशेषेण उह्यते धर्मो यस्मिन् संस्कारे स अथवा विशेषेण वहनमिति विवाह संस्कार:। अत्र संस्कार नाम संस्कृयते अनेन श्रौतेन स्मार्तेन वा पुरुष इति। सर्वेऽपि संस्कारा: धर्मे आरूढ इति। ''**धारणात् धर्म:**'' इत्यनेन संस्काराणां धारणेनैव धर्मसु प्रवृत्ति: भवति। स द्विविध: प्रवृत्तिधर्म:, निवृत्तिधर्मश्चेति अभ्युदय फलक प्रवृत्तिधर्म: यस्मिन् वेदोक्त कर्मकाण्डं नि:श्रेयसं फलं निवृत्तिधर्मे कथित:। आचार्य हारितेन कथितं द्विविध एव संस्कारो भवति बाह्यो दैवश्च गर्भाधानादि स्मार्त्तो बाह्य:, पाकयज्ञ: हविर्यज्ञाश्चेति दैव:। संस्कार विषये बाह्यसंस्कारस्य गौरवमिति ज्ञायते- बाह्येन संस्कारेण संस्कृतम् ऋषीणां सलोकतां गच्छति। वस्तुत: विवाह संस्कार: विश्वस्तरीय: संस्कार: यतो हि ''अग्निषोमात्मकं जगत्'' अत्र अग्निषोमयो: एव सृष्टि: सैव यज्ञ: । सैव स्त्रीपुंसौ इति। वेदेऽपि प्रमाणीक्रियते

''यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमान: सचन्त यत्र पूर्वे साध्या: सन्ति देवा:।।[2]

स पुरुष यज्ञेन सर्वमसृजत्। अस्मिन् प्रसंगे शतपथब्राह्मणे प्रतिपादितम्-

योषा वा आप:, वृषा अग्नि:, गृहा वै गार्हपत्य: तदगृहेश्वेवैतन्मिथुनन्प्रजानन् क्रियते। अपि च गृहमेव वास्तु स्त्री इत्यर्थ:, यथा ऋग्वेदे -

'' जायेदस्तं'' स्मृतिषु ''गृहिणी गृहमुच्यते।
तत: गृहपतिना संयुक्तेभ्य:।।'[3]

तदावास इह लक्षणया गार्हपत्यमुच्यते। तत्र ''गृहा वै प्रतिष्ठा'' आधुनिकेऽपि वैदिक विवाह संस्कारे गार्हपत्यस्य महन्महत्त्वं वर्तते। इह संसारे यद् दृश्यते सैव स्त्री-पुरुष एव सैव सृष्टेः सहधर्मिणी इति। ऋग्वेदे कथितमस्ति-

''अग्निः सूर्यस्थापकः ज्योतिश्चक्रस्तम्भकश्च अतोऽयं भवति सृष्टिकर्ता।[4]

तथा च यावज्जीवेषु प्राणाग्निः तावदेव देहधारणं तस्माद्विश्व देवोऽग्निः ज्ञातं यत् अग्नितापं विना असम्भवा वनस्पयुपपत्तीरिति विज्ञानक्रिया सिद्धः। अतो विश्वविधायकः अग्निषोमः = स्त्रीपुंसौ विवाह संस्कार इत्यर्थावगम्यते। स्त्रीपुंसौ विषये शतपथब्राह्मणं प्रमाणयति। **''द्वन्द्वं वै वीर्यं''**[5] अत्र वीर्यं = विक्रमं, पुत्रः इत्यवगम्यते। मम इदं वीर्यं असन्तनोतु इति। ब्राह्मणं कथितं -**अथो अर्धो वा एष आत्मनः यत् पत्नी।**[6] विवाह संस्कार विषये बौधायनः जायमानो वै ब्राह्मस्त्रिभिऋणवान् जायते ब्रह्मचर्येण ऋषिभ्यो यज्ञेन देवेभ्यः प्रजया पितृभ्य इति। अतः विवाहः गृहस्थाश्रमस्य मुख्योऽधारः प्रमाणत्वेन गृहीतः। **एथेन्स इति नगरे शासकेन आदेशितः तु सर्वेऽपि वैवाहिकाः स्युः**[7]**।**

तथा च स्त्रीपुंसौ इति अरणिद्वयेन जनिष्यमाणस्य नाम अग्निरिति, तौ पुरुरवा -उर्वशी इत्यनेनावबोध्यते। अनयोः यज्ञस्य परिपूर्णतां एति। यज्ञस्य याषा वै वेदि इति। **अयज्ञो वा एष यो अपत्नीकः**[8] अतः आधुनिकेऽपि समाजे विवाहस्य महत्वं जीवनदर्शने उपलभ्यते। प्राक्कालादेव अस्माकं मध्ये अष्टौ विवाह भेदाः सन्ति।

ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचस्त्वष्टमः स्मृतः॥

तत्र प्रथमं अलंकृत्य कन्यामुदक पूर्वं दद्यादेश ब्राह्मविवाहः यथा-**ब्राह्मो विवाह आहूय दीयते शक्त्यलंकृतः तज्ज पुनात्युभयतः पुरूषानैकविंशतिम्॥**[9]

देवार्ष विवाहौ-

"यज्ञस्य ऋत्विजे दैवं आदायार्षस्तु गोद्वयम्।
चतुर्दश प्रथमजः पुनात्युत्तरजश्च षट्॥"

प्रजापत्यविवाहलक्षणम्-

"इत्युक्त्वा चरतो घर्म सह या दीयतेर्थिने।
स कायः पावयेतेज्जः षट् षड्वश्यान्सहात्मना॥"

आसुरगान्धर्वादि लक्षणानि-

"आसुरो द्रविणदानादन्धर्वः समयान्मिथः।
राक्षसो युद्धहरणत्पैशाचः कन्यकाछलात्॥"

एतावता अष्टौ विवाहभेदाउक्ताः। विवाहस्य विषये यथा याज्ञवल्वः-

"लोकानन्त्यं दिवः प्रप्तिः पुत्रपौत्र प्रपौत्रकैः।
यस्मातस्मात्स्त्रियः सेव्याः कर्तव्याश्च सुरक्षिताः॥"[10]

अर्थात् इहसंसारे वंशस्याविच्छेदः लोकान यन्ति। दिवं प्राप्नुवन्ति पुत्र-पौत्र-प्रपौत्रकैर्लोकान् गमयन्ति। एवं वंशार्दिभिः प्रेयाप्रेयमार्ग गच्छन्ति स्वर्गादिप्राप्तिरित्यन्वयः। यस्मात् स्त्रीभ्यः एतद्वयं भवति तस्मात् स्त्रियः वैवाहिकेन सेव्याः प्रजार्थम्। रक्षितव्याश्च धर्मार्थम्। यथा आपस्तम्वेन-**"धर्मप्रजासपत्तिः प्रयोजनं दारसंग्रहस्योक्तं धर्मप्रजासम्पन्नेषु दारेषु नान्यां कुर्वीत्"**

"धर्मे सर्वं प्रतिष्ठित" इत्यनेन वचनेन वैवाहिकसंस्कारोऽपि धर्मः अतः वैवाहिक परित्यज्य कोऽपि जीवाः अग्रसरं नैव गन्तुं शक्नुवन्ति। अतः विवाहसंस्कारः सृष्टेः मूलं इति विचारणीयम्। अनेन संस्कारेण शैनः शनैः वर्धमानो भवति। संस्कारोऽयं ज्योतिषशास्त्रप्रतिपाद्यमुहूर्तनक्षत्रादियुतं भवति। नक्षत्रग्रहस्यापि सृष्टौ स्वनिगुढतात्पर्यमिति।

ज्योतिषशास्त्रं कालविज्ञापकं शास्त्रमिति। मुहूर्तं शोधयित्वा क्रियमाणाः संस्कारादिक्रियाविशेषाः फलाय कल्प्यन्ते। शास्त्रमिदं यावद्धितं करोति न तावदन्यद् किमपि शास्त्रम्। शास्त्रमिदं खगोलस्याधारम्। वर्तमान समये भारते भारताद् बहिश्च वैज्ञानिकाः अध्ययनानुसन्धानानुसरेण विशेषण प्रवर्तन्ते।

विवाहस्य युवावस्थायां प्रमाणियति वेदः-

"तमस्मेरा युवतयो युवानं मर्मृज्यमानाः परियन्तत्यापः।
स शुक्रेभिः शिक्वभी रेवदस्मे दीदायनिध्मो घृतनिर्णिगिप्सु।।"[11]

अपि च

"वधुरियं पतिमिच्छन्त्येति य ई वहाते महिषीमिषिराम्।
आस्य श्रवस्याद् रथ आ च घोषात् पुरुसहस्रापरि वर्तयाते।।"[12]

विवाहसंस्कारविधिविषये वैदिकमन्त्रः, बहुधा प्रयोज्यन्ते ते च मन्त्रः वैज्ञानिक दृष्ट्या अनुसन्धेया इति। अपिच विवाहकाले बहुविधद्रव्याणामपि च प्रयोगः विधीयन्ते। तेषां महन्महत्वं वर्तते तेषां वरकन्ययोर्मध्ये वैशिष्टयेन वैज्ञानिकी प्रभावो संदृश्यते। यथा-

1) **द्वारपुजनम्**- जीवनदर्शनस्यारम्भकालः
2) **मधुपर्कम्**- मधुमिश्रेण पूरयन्त्युभयावयवरुद्धयै।। [13]
3) **घृतम्**- आयुर्वृद्धिः घृतं वै आयुः यथा- घृतंच वै मधु च प्रजापतिरासीत्। यतो मध्वासीत् ततः प्रजाः असृजत। यज्ञो वा आज्यम्।[14]
4) **जलम्**- जलं एव जीवम्- सर्वान् कामान् अवाप्नमिति।
5) **हरिद्रालेपनम्**- उभयोः सौन्दर्यकरणमारोग्यवर्धन वा।
6) **समंजनम्**- एकीकरणम् सहैकीभाव वा।
7) **गोत्रोच्चारः**- अनयोः गोत्रयोः गौत्रैक्यमिति।
8) **कन्यादानम्**- दानम् स्वस्वत्वनिवृतिपूर्वकं परस्त्वापादनं इति।
   अर्थात पितुर्गृहात् पतेर्गेहे गमनम्। धर्म प्रजासम्पत्यर्थम् यज्ञापत्यर्थम् ब्रह्मदेवर्षिपितृतृप्त्यथम्।
9) **ब्रह्मणवरणम्**- वरकन्ययोः पंचतत्वानां ब्राह्मणैः आच्छदनंमिति भावः।
10) **अस्मारोहणम्**-अश्वमेव जीवनदर्शने दाढ़र्यम्।
11) **सप्तपदो**- सप्तपदाक्रमणम्। यथा- इखे =अन्नाय, अर्जे =बलाय, धनपुष्ट्यै मयोभवाय= सौख्याय कल्याणाय च, पंचपशुभ्यो = पशु वै धनम् तेभ्यो, षड्-ऋतुभ्यो = षड् ऋतवः तेभ्यो आचरणमनुकुलमिति। सखे = मित्राय अर्थात् सदैव सहैकमिति।
12) **लाजाहोमः**- अत्र शमी पलाशमिश्रैर्लाजैः अग्नौ आहुतिर्भवति
   अर्थात् शमी= शन्त्वाय।[15]
   पलाशः = अनेन जूहुयात्रं भवति हूयते अनया सा! अथवा चन्द इव शैत्यम्। चन्द्रकाष्ठमिति।
13) **लाजाः** - आदित्यानां वा एतद् लाजा।[16]

अर्थात् सुखद:खेऽपि। लाजा इव समे कृत्वा अहोरात्रमादित्यमिव प्रकाशनीयम्।

ध्रुवीदर्शनम् = स्थैर्भावम्।

सुमंगली = सौभाग्यप्रतीकम्

एतावता विवाहसंस्कारस्य वैज्ञानिकत्वावैशिष्ट्यंश्रौतस्मार्तग्रन्थेषु विशिष्टं सम्मानमादरंचधितिष्ठति। विवाहसंस्कारस्य महत्वं अस्मिन् वेदमन्त्रे प्रस्फुटति-

"कन्येव तन्वा शाशदानां एषि देवि देवमियक्षमाणम्।

संस्मयमाना युवतिः पुरस्तादाविर्वक्षांसि कृणुविभति॥"[17]

अत्र उषादेव्या कुमारीरुपतयोपकल्पना वर्तते। यथा उषा स्वप्रकाशेन संसारं संस्कृतं करोति तथैव अस्माकं राष्ट्रऽपि कन्या वैवाहिकेन उभयोंर्वश वृद्धि प्रकाशयति। इति। **कृण्वन्तौ पुत्रनप्तृभिः इति शम्॥**

संदर्भ

[1] बृहदारण्यकोपनिष्ठाद् तृतीय ब्राह्मण

[2] शु0 वे0 31.16

[3] पा0 सू0 4/4/90

[4] ऋ0वे0 (4/153/3)

[5] शतपथब्रा0 प्रथम् काण्डे

[6] शतपथब्रा0 प्रथम् काण्डे

[7] वै0सा0 इतिहासे ए हिस्ट्री पृ05

[8] तै0ब्रा0

[9] याज्ञस्मृति: आचारधयाये

[10] याज्ञस्मृति: आचारधयाये

[11] ऋ0 2.35.4-6

[12] ऋ0 5.41.7

[13] तै0स0 5.2.9

[14] तै0आ0 3.3.4

[15] मै0स0 1.10.12

[16] ष0वा0 13.2.1.5

[17] ऋ0वे0 1.23.10

मैथिली

आलोचना आ साहित्यवृद्धिः विश्लेषणात्मक अध्ययन

सरोज कुमार

सहायक प्राध्यापक, मैथिली विभाग, बी.डी. कॉलेज, पटना

समालोचना शब्दक व्युत्पति एहि रूपँ भेल अछि-सम+आ+लोचना। एहिठाम 'लोच' धातुक अर्थ ''देखब'' एवं 'आ' उपसर्ग अथ '' चारू कातसँ'' हाइछ, एहि तरहँ आलोचना शब्दक अर्थ होइछ, ''चारू कातसँ देखब''। 'आ'-उपसर्ग सँ पूर्व जोड़ल अछि-'सम' जकर तात्पर्य होइछ ''सम्यक् रूपसँ'', अर्थात् समीचीन रूप सँ फलतः ''समालोचना'' क तात्पर्य होइछ कोनो वस्तुकँ सभ दृष्टिसँ देखब, ओकर पूर्ण परिचय प्राप्त करब तथा ओकरा प्रकाशित करब।

अंग्रेजी में समालोचना शब्द कँ ''Criticism'' कहल गेल अछि आ ''Criticism'' शब्दक मूल में 'किटिज' (Krites) जकर अर्थ होइछ निर्णय करब, छिद्रान्वेषण करब, सौन्दर्यक मूल्यांकन करब। इनसाक्लोपीडिया ब्रिटेनिका मे समालोचनाक विश्लेषण करैत कहल गेल अछि-

"It is the art of judging the qualities and values of an aesthetic object whether in literature or in fine art, it envlves the formation and expression of a judgement"

'अर्थात् कोनो ग्रन्थ कँ नीक जकाँ पढ़ि कड' ओकर गुण एवं दोषक विवेचन करब तथा ओहि संबंध में अपन मत प्रकट करब समालोचना अछि।

समालोचनाक संबंध में एकटा संस्कृतक आचार्य लिखने छथि-

"आ समन्तात् अवलोकनम् इति आलोचनम्, स्त्रियाँ आलोचना।"

वास्तव में समालोचना रचनाकार आ पाठकक बीच सेतु काज करैत अछि एवं समालोचक आनन्दानुभावक दृष्टि दैत अछि।

रचनाकारक मनक समस्त भाव जानि जाथि, तँ महत्व रखैल अछि समालोचक समक्ष उपस्थित रचना आ ओहि पर विचार करब समालोचना भेल। समालोचनाक आधार ओहि शब्द-समूहक रमणीय अर्थ कँ जनयबाक योग्यता सँ सम्पन्न रहैत अछि। तँ आब शब्दार्थ-तत्व-विवेचन दिस ध्यान देल जाए। समालोचना हेतु शास्त्रीय ज्ञान ओ निष्पक्षता अत्यंत आवश्यक। समालोचनाक क्षेत्र में साहित्यकार और साहित्य-समालोचना दुनूक कर्म और स्वभाव कँ सदा ध्यान में राखि चलैत रहत।

अमुक वस्तु नीक थीक, अमुक वस्तु अधलाह थिक, ई व्यवहार्य थिक, ई अव्यवहार्य थिक आदि विचारे तत्वतः आलोचनाक मूल थिक।

समालोचनाक महत्वक प्रसंग कालक आदि ग्रन्थ में जे किछु कहल गेल अछि तकरा अतिरिक्त ओहि सँ पश्चात् में उपलब्ध कृति में एकर बीजक दर्शन होइत अछि।

आदिकालक मध्य में जखन सामाजिक ओ धार्मिक दृष्टिएँ नव विचारधाराक आगमन भेल तखनहुँ समालोचनाक बीज अंकुरित भेल।

अर्थात् युग-युग सँ आलोच्य कृतिक मनुष्य अनिवर्चनीय आनन्द लैत आएल अछि। आओर प्राय: वर्तमान और भविष्य में सेहो लैत रहत। यादि भूत-वर्तमान-भविष्य समालोचनाक क्रम में आधारभूत सिद्ध अछि, जकर मान्यता त्रिकाल सिद्ध अछि। कतबो भौतिक संरचना, ग्लोबल वार्मिंग सँ बनैत ओ ध्वस्त होइत रहत तथापि मनुष्य ओ ओकर समाजिक अवस्था जा धरि पृथ्वी पर रहत ताधरि समालोचना रहत आ ओकर अस्तित्व रहत।

पारम्परिक समालोचक एवं रचनाकार में घनिष्ठ संबंध होइत अछि। अर्थात्-समालोचक रचनाकारक शब्दक अर्थ कँ अधिक प्रेषणीयताक संग-संग लोकप्रियता आ समृद्ध एवं नव्य प्रवाह पर दृष्टि लेल ज्ञातत्व होइत। समालोचनाक पश्चात् रचनाकारक रचना में (साहित्य में) वर्तमान युगबोध, मानवीय संवेदनाक वास्तविकता प्रेरणाक स्तर, अनुभूतिक अनुभव आदि दृष्टिएँ अत्यंत महत्वपूर्ण मानल जा सकैत अछि। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था, समाज में रहनिहार व्यक्तिक विचार धारक विवेचना-विश्लेषण व्यापक व्याख्या, समाजक व्यवस्था अध्ययन संग समालोचनाक विश्लेषण-विवेचन होएब आवश्यक अछि।

आलोचनाक परिभाषा ओ स्वरूपक आधार पर ई तँ स्वत: सिद्ध बात अछि जे 'आलोचना' ओएह ग्रन्थक होयत अछि जे प्रस्तुत आ प्रकाशित भए चुकल अछि। जे ग्रन्थ नहि बनल अछि, भला ओकर की आलोचना होयत? इएह कारण सँ किछु विद्वानक मत अछि जे आलोचना सँ केवल पुरान ग्रन्थक गुण-दोष प्रकट होयत अछि, नव साहित्य निर्माण करबाक लेल ओएह सँ कोनो विशेष सहायता नहि मिलैत अछि। किछु लोकक इएहो मत अछि जे आलोचना सँ नव साहित्यक सृष्टि में बाधा पड़ैत अछि, पर ई मत ठीक नहि अछि। यदि हम किछु देरक लेल आलोचना साहित्यक सृष्टि में बाधक सेहो मानि लए छी, तखनो इएह संसार-व्यापी नियम कें दबाए नहि सकल छी। जे बाधक-तत्व सेहो प्रकारान्त सँ साधके सिद्ध होयत अछि। संसार में सेहो सभी जगह हम देखैत छी जे सदा स्वतंत्रता आ शासन, व्यक्तित्व आ नियम, पुरान आ नव तथा लकीर पीट कए आ नव बात निकालए में एक प्रकारक विरोध चलैत रहैत अछि। पर तखनो कियो ई नहि कहि सकताह जे शासन कखनो स्वतंत्रता में बाधक होयत अछि; अथवा लकीर पीटए वालाक कारण किछु नव बात नहि उत्पन्न भए सकैत। दुनू पक्षक झगड़ा सदा किछु-न-किछु चलिते रहत; आ जखन ई झगड़ा बहुत बढ़ि जाएत अछि, तखन नव ढंग सँ विकास आ उन्नति होमए लगैत अछि। जखन स्वतंत्रताक मात्रा बढ़ैत-बढ़ैत उच्छृंखलताक रूप धारण होमए लगैत अछि, तखन किछु कठोर शासनक आवश्यकता पड़ि जाएत अछि, आ जखन शासनक कठोरता, भयंकरता तथा उदण्डता बढ़ि जाएत अछि, तखन नव ढंग सँ स्वतंत्रताक स्थापना होयत अछि। साहित्यक क्षेत्र में इएह दशा नव ग्रन्थक रचना आ आलोचनाक अछि।

आलोचनाक प्रसंग में आचार्य श्री रमानाथ झाक कथन वा दृढ़ विचार पर ध्यान देल जाय-

"यदि विद्यापतिक राधा, गोपी, अथवा दूती 'आत्मा' थिक तँ अमरूशतकहुक नायिका कँ सएह किएक नहि बुझी? अतएव हमर अपन सिद्धांत इएह अछि जे महाकवि विद्यापति ठाकुर वैष्णव नहि छलाह। ओ एक गोट 'पंचदेवोपासक' स्मार्त्त व्यवहार-कुशल कट्टर मैथिल छलाह। हुनक गीतक रचना भक्ति उद्रेक सँ नहि, श्रृंगार रसक उद्रेक सँ भेल अछि तथा हुनक रचनाक एक गोट उद्देश्य आवश्यक कामशास्त्रीय शिक्षाक सम्पादन सेहो छलैन्हि जकर प्रयोजन समाज में सब दि रहैत आयल अछि ओ रहत।"

जखन लेखक मनमाना ढंग सँ कलम चलाबए लगैत अछि आ मनमे जे किछु उटपटांग अबैत अछि; सभ लिख दैत अछि, तखन आलोचनाक अंकुशक आवश्यकता होयत अछि। आलोचनाक अंकुश लोकक मममाना रास्ता पर चलए सँ रोकैत अछि आ नीक मार्ग पर चलबाक लेल बाध्य करैत अछि। किछु दिन तक लोक आलोचकक बताएल मार्ग पर चलैत अछि; पर आगा चलि कए ओएह मार्ग सँ ऊबि जाइत अछि आ आलोचकक शासन सँ निएल कए नव-नव मार्ग खोजि लैत अछि; तखन आलोचक मार्गक कंटक आदि दूर करि कए ओकरा परिष्कृत करए लगैत अछि आ लोककें गड्ढामें गिड़ै सँ बचएबाक लेल उत्साहित करैत अछि। बस इएह क्रम संसारक अन्यान्य क्षेत्रक अनुसारें चलैत रहैत अछि। इएह दशा में ई कहब कदापि उपयुक्त नहि भए सकैछ जे आलोचना साहित्यक सृष्टि में बाधक होएत अछि। यदि ई एक-प्रकार सँ बाधक सेहो भए सकैत, तखनो प्रकारान्तर सँ इ ओएह काजमे अवश्य सहायक होयत! हँ! ई अवश्य अछि जे आलोचक सदा साहित्यक पाछाँ-पाछाँ चलैत आ नियंत्रण एवं शासन करैत रहत। संसार मे जखन कोनो नव आन्दोलन अथवा बात उत्पन्न होयत अछि, तखन ओएह सम्बन्ध में बहुत किछु विरोध, टीका-टिप्पणी आ आलोचना आदि होयत अछि। मुदा धीरे-धीरे विरोध अथवा आलोचक अपने-आप नव विचार एवं आदर्शक अनुकूल बनाए लैत अछि, आ ओएह नव विचार तथा सिद्धान्तक आधार पर नव बात निकाएल कए नव ढंग सँ लोककें ओकर अर्थ बताबए लगैत अछि।

एहि प्रसंग में हम 'संत कबीरजी'क एकटा श्लोक लिखब उचित बुझए छी-

"निंदक नेड़ा राखिए, आँगन कुटी बंधाई।
बिना सांबण पांणी बिना, निरमल करै सुभाई।।"

निष्कर्षत: हम इएह कहब जे बिना आलोचकक साहित्यवृद्धि नहि भए सकैत अछि तें आलोचक रहब आवश्यक अछि अर्थात् समालोचनाक महत्व बहुल असीम अछि, एकर अनेक प्रकार भय गेल अछि जे साहित्य संसारक हेतु एकता पृथक अनुसंधानक विषय बनि गेल अछि। एवं प्रकारँ डॉ. बासुकी बाबू उभयसंगमकारीक वर्ग में छथि। ई आचार्य श्री रामानाथ झा, डॉ. जयधारी सिंह आदि समालोचक लोकनिक पथ पर सफलतापूर्वक समालोचना कर्म एवं साहित्य वृद्धि हेतु संपादित कलनि अछि।

संदर्भ

1. Encyclopaedia Britanica] Vol-8, Page-646-4
2. समालोचना-शास्त्र–डॉ० जयधारी सिंह, द्वितीय संस्करण: 1989, पृष्ठ संख्या-1, प्रकाशक- मैथिली अकादमी, श्री कृष्णापुरी, पटना-800001।
3. साहित्यलोचन-डॉ० श्यामसुन्दर दास, प्रथम संस्करण: 2011, पृष्ठ संख्या-178, अनुपम प्रकाशन, पटना-800004।
4. कबीर ग्रन्थावली (सटीक)–डॉ० रामकिशोर शर्मा, नवम् संस्करण: 2013, पृष्ठ संख्या-297, लोकभारती प्रकाशन, महात्मागांधी मार्ग, इलाहाबाद-1।
5. मैथिली आलोचना साहित्यक दिशाबोध-बच्चा ठाकुर, प्रथम संस्करण: 2011, पृष्ठ संख्या-6, प्रकाशक-शेखर प्रकाशन, इंद्रपुरी, पटना-24।

राजा राममोहन राय के सामाजिक-पुनर्जागरण की दार्शनिकता

सुमन कुमारी

शोध-छात्रा, दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

मानव जीवन के समस्त क्रियाकलापों में दर्शन का प्रमुख महत्व है। मनुष्य या समाज द्वारा किया गया कोई भी कार्य तब तक स्वीकार्य नहीं होता जबतक उसे एक दर्शन के वैचारिक एवं तार्किक स्तर पर मान्यता नहीं मिल जाती है अत: किसी सामाजिक आन्दोलन को चलाने के लिए यह आवश्यक है कि उसके पीछे एक ठोस दार्शनिक आधार उपलब्ध हो।

रीति-रिवाज को विश्वास की सत्यता का पर्याप्त मापदण्ड नहीं माना जा सकता क्योंकि रीति-रिवाज या परम्पराओं का श्रीगणेश स्वार्थनिहित व्यक्ति द्वारा भी हो सकता है। इन्हें सन्सथाएँ भी जन-जीवन पर लादती हैं ताकि उनके प्रभाव एवं रक्षण को प्रश्रय मिल सके। इतना ही नहीं परम्परायें टुटती रहती है तथा बदलती हुई परिस्थितियों में उनमें बदलाव आता रहता है। फलस्वरूप परम्परा में निहित अभ्यास वस्तुनिष्ठ नहीं होते। इन्हीं तथ्यों के आधार पर राजा राम मोहन राय यह मानते हैं कि परम्परा या रीति-रिवाज को किसी भी विश्वास का पर्याप्त साधन स्वीकार नहीं किया जा सकता राजा राम मोहन राय के इस विचार को मूर्त्त रूप में उपस्थित करते हुए दी० विसॉप लिखते हैं–

> *"रीति-रिवाज, अभ्यास विश्पस के सत्यता की पर्याप्त कसौटी नहीं है। किसी भी अभ्यास या धर्माविधि को मात्र दोहराने से वे सत्य नहीं हो जाते हैं। रीति-रिवाज में सम्बन्ध-प्रत्यावर्तन सन्निहित होते हैं अथवा रीति-रिवाज सम्बन्ध-प्रत्यावर्तन के फल होते हैं। यदि कोई विश्वास रीति-रिवाज की वस्तु है तो अनिवार्यत: यह यर्थाथ नहीं बन जाता।"*

इसी प्रकार किसी भी सत्य में विश्वास करने वाले व्यक्तियों की संख्या के आधार पर उनके विश्वास के औचित्य को सिद्ध नहीं किया जा सकता। मान लिया जाये कि पाँच व्यक्ति यह दिखलाना चाहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व है तथा पच्चास व्यक्ति यह दिखलाना चाहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व नहीं है, तो क्या इस बहुमत के आधार पर यह मान लिया जा सकता है कि ईश्वर का अस्तित्व नहीं है। निश्चित रूप से ऐसी मान्यता विश्वास के पीछे विश्वास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को विश्वास की यथार्थता अथवा सत्यता की गारन्टी नहीं माना जा सकता जैसा कि राय लिखते भी हैं–"यह देखा जा सकता है कि किसी कथन की सत्यता कहने वाले व्यक्तियों की बहुसंख्यक्ता पर निर्भर नहीं करती तथा किसी भी कथन की अविश्वसनीयता इसलिये नहीं स्वीकार की जा सकती कि उनके कहने वालों की संख्या बहुत ही कम है।" इस कथन को राय और अधि क स्पष्ट कर देते हैं। उनके अनुसार यदि किसी कथन की सत्यता का आधार उसके मानने वालों की बहुसंख्या है तो किसी भी धर्म को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता क्योंकि आरम्भ में इन सबों

के मानने वालों की संख्या बहुत कम थी। अत: सत्यता और असत्यता का निर्धारण संख्या के आधार पर कभी भी निर्धारित नहीं हो सकता।

पुन: दावा किये जाने वाले विश्वासों एवं कार्यों की सत्यता को काल, पवित्रता का परिमल प्रदान नहीं करता। इसका अर्थ यह है कि काल-क्रम में स्वीकारे गये या अतीत काल में माने जाने वाले विश्वासों को सामान्यता सत्य मान लिया जाता है। ईश्वर के साथ भी यहा बात है। प्राय: प्रत्येक ध र्म ईश्वर के सनातन काल से स्वीकारे जाने की बात करते हैं तथा कालावधि को ऐसे विश्वास की सत्यता का मापदण्ड स्वीकार कर लेते हैं। राय ऐसे विचार को अमान्य सिद्ध करने की चेष्टा करते हैं। इनके अनुसार काल-क्रम से माने जाने वाले कई विश्वासों की शुद्धता देखी जा सकती है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि सारे के सारे विश्वास ऐसे ही हों। बहुत सारी ऐसी मान्यतायें होती हैं जो चमत्कारी होती हैं तथा इनके चमत्कार में लोग सदा से विश्वास करते रहते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि वह सत्य हो ही जाये। बहुधा ऐसा देखा जाता है काल-क्रम से ऐसे विश्वासों में अशुद्धियाँ आ जाती है, वे विकृत रूप में उपस्थित कर दी जाती हैं तथा बढ़-चढ़ा कर उनका रूप उपस्थित किया जाता है। अत: उनकी विश्वसनीयता आधारहीन है। ऐसे विचारों में उदाहरणस्वरूप यह कहा जा सकता है कि वर्षों पूर्व किसी शिशु ने अध्यात्म के गर्भ से जन्म लिया था तो शायद यह प्रतीत नहीं होता। यदि हम वर्तमान की घटना, वर्तमान में स्वीकारे जाने वाले विश्वास की जाँच तर्क एवं विवेक के आधार पर करते हैं तो फिर अतीत की बातों को तर्क-सम्मत नहीं होते हुए भी हम कैसे स्वीकार कर सकते हैं? अप्रकट रूप से इसे ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा के सन्दर्भ में देखा जा सकता है तथा ऐसी व्याख्या के पीछे अनुभव एवं तथ्यात्मकता के विचार निहित हैं। राय इस विचार की परीक्षा और अधिक तर्क पूर्ण ढंग से करते हैं तथा मानते हैं कि अतीती की व्याख्या के लिये कोई आवश्यक नहीं है कि व्याख्या करने वाले व्यक्ति को उस समय भी उपस्थित होना चाहिये। सत्य तो यह है कि हम कारणिक सिद्धान्त के परिपेक्ष्य में जिस प्रकार वर्तमान की घटनाओं को बाँधते हैं उसी प्रकार अतीत की घटनाओं को भी बाँध सकते हैं। ईश्वर के प्रमाण की समस्या तो किसी भी समाप्त होने वाली समस्या नहीं है। किन्तु ईश्वर को आश्चर्य सदा कारणिक सम्बन्ध के भौतिक स्वरूप के विपरित रहता है। यही कारण है कि ईश्वर जैसी विश्वजनीन सत्ता के पीछे चमत्कार का हाथ कभी भी स्वीकारा नहीं जाता। प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर को जानने की चेष्टा करता है तथा पूर्व के धर्म ग्रन्थों या धर्मों द्वारा उनकी श्रुति को वे काल की सीमा में बांध कर महत्वहीन नहीं बनाते।

उपर्युक्त तर्कों के आधार पर यह स्पष्ट है कि राजा राम मोहन राय यद्यपि चरम सत्ता की व्याख्या का आधार कारणिक सम्बन्ध को मानते हैं किन्तु ऐसे कारणिक सम्बन्ध को वे अलौकिक न मानकर मानव रचित स्वीकारते हैं। उनके पीछे इनकी गत्यात्मकता का प्रमुख हाथ है।

राजा राम मोहन राय यह मानते हैं कि सृष्टि के पीछे जो नियम काम करते हैं या जिन नियमों द्वारा यह जगत स्पष्ट हो पाता है वही नियम ईश्वर की व्याख्या के लिये भी महत्व रखते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि राय ईश्वर के अस्तित्व को सामान्य धरातल पर लाने की चेष्टा करते हैं तथा मानते हैं कि ईश्वर के सिवा वास्तिविक अस्तित्व कुछ भी नहीं है। संसार की जितनी भी चीजें हमें दिखाई देती हैं वह सभी ईश्वर के अस्तित्व की अनुभूति हैं। अत: वे श्रुति और भविष्यवाणी का खण्डन करते हैं। धर्मों में श्रुति को ईश्वर के अस्तित्व अथवा ईश्वर के स्वरूप की व्याख्या का आधार माना गया है, अर्थात श्रुतियों में बतलाये गये ईश्वर को मान लिया जाता है, उसके अस्तित्व को स्वीकारा जाता है। वेदों को भारत में श्रुतियों की संज्ञा दी गयी है तथा ईश्वर के अस्तित्व को वेदों की सुश्रुति के आधार पर सिद्ध किया जाता है। राय यह बतलाते हैं कि किसी भी व्यक्ति को किसी विश्वास के प्रति श्रद्धा इसलिये नहीं व्यक्त करना चाहिये कि उनके पूर्वज उसे स्वीकारते रहे हैं। इसी प्रकार किसी

भी व्यक्ति को अपने पूर्वजों द्वारा बतलाये गये तथ्यों कि अवहेलना नहीं करनी चाहिए क्योंकि दूसरे लोग इसे पसन्द नहीं करते। इसी प्रकार धर्म के समर्थकों के बीच कभी भी मतैक्य नहीं होता। फलत: उनकी भविष्यवाणी भी सत्य नहीं हुआ करती और न उनकी भविष्यवाणी को अन्तिम सत्य का ही रूप दिया जाता है। इस दृष्टिकोण से राय श्रुति तथा चरम सत्ता के प्रति की जाने वाली भविष्यवाणी द्वारा उपस्थित किये गये प्रमाण को अस्वीकारते हैं। इनका यह विश्वास है कि जिन नियमों द्वारा यह जगत प्रशासित होता है वही ईश्वरीय नियम भी हैं तथा ईश्वर भी इन्हीं नियमों द्वारा संचालित होता है। ऐसी स्थिति में चमत्कार में विश्वास करना न्यायोचित नहीं है। वे लिखते भी हैं, "सृष्टिकर्त्ता को असंभव वस्तुओं के निर्माण कि शक्ति नहीं है, जिस प्रकार दो व्याघातक विरोधी तथ्यों के अस्तित्व की सम्भावना:" इसी प्रकार श्रुतियों एवं भविष्यवाणी करने वालों के सत्य के दावों के विचार को खण्डित करते हुए वे लिखते हैं–"जिसे एक राष्ट्र सच्चे विश्वास का पथ-प्रदर्शक कहता है, दूसरा उसे गलत मार्ग बतलाने वाला कहता है।" इसे समझने के लिये एक उदाहरण दिया जा सकता है। बहुधा ऐसा देखा जाता है कि दो भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणियाँ परस्पर विरोधी दावों को प्रश्रय देती है। जहाँ एक भविष्यवक्ता किसी विशेष सत्य की बात करता है, वहीं दूसरा उसे अत्सय सिद्ध करते हुए एक भिन्न प्रकार के सत्य की व्याख्या करता है। ऐसी परिस्थितियों में दोनों में से किसी एक को भी सही नहीं माना जा सकता।

राजा राम मोहन राय यह मानते हैं कि ईश्वर के अस्तित्व एवं स्वरूप की सही व्याख्या विवेक एवं अनुभूति के द्वारा ही संभव है। वे दोनों ही सत्य के दो प्रमुख अधिनियम हैं। वैयक्तिक विवेक एवं अनुभूति प्रत्येक धर्म के मौलिक सिद्धान्तों के आधार हैं, जो उन्हें एक सर्वशक्तिमान ईश्वर की ओर ले जाते हैं। अत: विवेक एवं अनुभूति से भिन्न ईश्वर के प्रमाण का कोई दूसरा मार्ग नहीं है। वे लिखते भी हैं–"वैसी वस्तुओं के अस्तित्व में आस्था रखना जिनकी अनुभूति से विरूद्ध है तथा जो विवेक से दूर हैं, किसी भी विवेकशील व्यक्ति की शक्ति के बोधक नहीं हैं।" अत: वे आत्म-विश्वास को ग्रन्थों की व्याख्या के क्रम में महत्वपूर्ण मानते हैं। इनका यह सशक्त व्यक्तिवाद उनकी निम्नलिखित उक्तियों से स्पष्ट हो जाता है–"मानव-समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति मे बौद्धिक निकायों एवं इन्द्रियों का ईश्वर द्वारा प्रावधान किया जाना इस तथ्य का बोधक है कि वे अपनी जाति के अन्य प्राणियों की तरह किसी भी कार्य को आगे नहीं बढ़ायें बल्कि बौद्धिक शक्ति की सहायता द्वारा ज्ञान-अर्जन करने का अभ्यास करें, शुभ एवं अशुभ के बीच भेद करने का अभ्यास करें, शुभ एवं अशुभ के बीच भेद करने की क्षमता प्राप्त करें ताकि उन्हें प्राप्त ईश्वरीय वरदान निरर्थक न हो जाय।"

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि राजा राम मोहन राय ईश्वर के अस्तित्व एवं स्वरूप की व्याख्या के लिये वैयक्तिक विवेक एवं वैयक्तिक अनुभूति के महत्व को स्वीकरते हैं तथा मानते हैं कि इनके द्वारा ज्ञान-अर्जन से तथा इनके द्वारा शुभाशुभ के विवेचन से ही ईश्वर के अस्तित्व एवं स्वरूप का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। इस दृष्टि से इनके विचार की तुलना सांख्य दर्शन के उस विचार से किया जाता है जहाँ विवेक ज्ञान या स्वभेद ज्ञान के महत्व को स्वीकारा गया है।

संदर्भ

डी०एच० विसाप: थिंकर्स ऑफ दी इन्डियन रेनसॉ, विली इस्टर्न लिमिटेड, न्यू दिल्ली।

दी इंग्लिश वकर्स ऑफ राम मोहन राय, पार्ट-2

डी०एस० शर्मा-दी रेनसाँ ऑफ हिन्दुइज़्म, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी, 1994

हेम चन्द्र सरकार: राजा राम मोहन राय, दी फादर ऑफ मॉडर्न इण्डिया, राजा राम मोहन राय पब्लिकेशन सोसायटी, कलकत्ता, 1913।

उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं का तुलनात्मक अध्ययन

अलका कुमारी

शोध छात्रा, सनराइज विश्वविद्यालय, अलवर (राजस्थान)

डॉ0 अनीता शर्मा

एसोसिएट प्रोफेसर, डी.डी.एम.पी.जी.कॉलेज, फिरोजाबाद (उ०प्र०)

सारप्राणी का व्यक्तित्व वंशानुक्रम और वातावरणकी संयुक्त उपज है। बालक के व्यक्तित्व का समुचित विकास करने में दोनों ही अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। सीखना और अनुभवों का अर्जन दोनों व्यक्तित्व के विकास में पूरी तरह से सहायक होते हैं। सीखने और अर्जन सम्बन्धी प्रक्रिया के फलरूवरूप व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व एक अनूठी विशेशता रखता है तथा वह किन्हीं विशेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संघर्षरत रहता है। व्यक्तित्व की जानकारी से ही समस्या का उद्‌भव और विकास जाना जा सकता है और फिर उसके निराकरण का उपाय किया जा सकता है। निर्देशन सेवाओं के प्रचार और विस्तार के साथ-साथ व्यक्तित्व मापन की आवश्यकता में निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। समस्या चाहे शिक्षा, व्यवसाय, मानसिक स्वास्थ्य की हो, उसके निदान और उपचार के लिए पहले व्यक्तित्व के विषय में पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है।

व्यक्तित्व सम्पूर्ण व्यवहार का दर्पण है। व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति व्यक्ति के आचार-विचार, व्यवहार क्रियाओं एवं उसकी गतिविधियों द्वारा होती है। व्यक्ति के आचरण-व्यवहार में शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और सामाजिक गुणों का मिश्रण होता है, जिसमें कि एकता और व्यवहार व्यवस्था पाई जाती है।

इस प्रकार व्यक्तित्व व्यक्ति के व्यवहार का समग्र गुण है। व्यक्ति का समस्त व्यवहार सामाजिक परिवेश से अनुकूलन करने के लिए होता है। प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक परिवेश में अपने विशेष व्यक्तित्व के कारण, व्यवहार करने के ढंग में भिन्नता पाई जाती है सामाजिक परिवेश में अपने को समायोजित करने के लिए वह जिस प्रकार व्यवहार करता है, उससे उसका व्यक्तित्व बनता है या प्रकट होता है। व्यक्ति के व्यवहार पर उसकी आन्तरिक भावनाओं और बाह्य वातावरण का प्रभाव पड़ता है।

कैटल ने व्यक्तित्व की व्याख्या करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व वह विशेषता है, जिसके आधार पर यह अनुमान लगाया जा सके कि किसी दी गयी परिस्थिति में वह व्यक्ति किस प्रकार का व्यवहार करेगा। उसके अनुसार व्यक्तित्व विशेषक मानसिक संरचनाएं हैं तथा इन्हें व्यक्ति की व्यवहार प्रक्रिया की निरन्तरता तथा नियमितता के द्वारा जाना जा सकता है।

बालक का व्यक्तित्व प्राकृतिक तथा वातावरणीय गुणों का उत्पाद होता है। प्राणी का जन्मजात स्वभाव होता है कि वह वातावरण में होने वाली पारस्परिक क्रियाओं का निरीक्षण करता है, तथा उन्हीं व्यवहारों को ग्रहण करने की कोशिश करता है। इसलिए यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि सीमित जन्मजात योग्यताओं के अलावा, वह कारक परिवेश या वातावरण ही है जो बालक के विकास को प्रभावित करता है।

निर्देशन सेवाओं के प्रचार और विस्तार के साथ-साथ व्यक्तित्व मापन की आवयकता में निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। समस्या चाहे शिक्षा, व्यवसाय, मानसिक स्वास्थ्य की हो, उसके निदान और उपचार के लिए पहले व्यक्तित्व के विषय में पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है।

व्यक्तित्व की जानकारी से ही समस्या का उद्‌भव और विकास जाना जा सकता है और फिर उसके निराकरण का उपाय किया जा सकता है। प्रायः उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी अपने भविष्य में कैरियर, विषय चुनाव, अच्छा प्रदर्शन आदि विषयों को लेकर चिंतित हो जाते हैं जिसका प्रभाव उनके व्यक्तित्व पर पड़ता है। उनके व्यक्तित्व को जानकर उन्हें निर्देशन देना आसान हो जाता है। विभिन्न मनोवैज्ञानिकों द्वारा व्यक्तित्व को निम्न प्रकार से परिभाशित किया गया है-

आलपोर्ट (1937) के अनुसार "व्यक्तित्व, व्यक्ति के अन्दर उन मनोशारीरिक गुणों का गत्यात्मक संगठन है, जो वातावरण के साथ उसका एक अनूठा समायोजन स्थापित करते हैं।"

आर०बी० कैटल (1970) के अनुसार "व्यक्तित्व, वह है, जिसके द्वारा हम यह भविष्यवाणी कर सकते हैं कि कोई व्यक्ति किसी परिस्थिति में क्या करेगा।"

आईजैन्क (1971) के अनुसार ''व्यक्तित्व, व्यक्ति के चरित्र, स्वभाव, बुद्धि और शारीरिक बनावट का थोड़ा-बहुत ऐसा स्थायी और स्थिर संगठन है, जो वातावरण के साथ उसके अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है।''

अध्ययन के उद्‌देश्य

1. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) के विकास स्तर की तुलना करना।
2. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित-समूह नियंत्रित) के विकास स्तर की तुलना करना।
3. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक (नियंत्रित-अर्न्तद्वन्द्वी) के विकास स्तर की तुलना करना।
4. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक (तनावयुक्त-तनावमुक्त) के विकास स्तर की तुलना करना।

परिकल्पनाएं

1. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।
2. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित-समूह नियंत्रित) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।
3. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक (नियंत्रित-अर्न्तद्वन्द्वी) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।
4. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक (तनावयुक्त-तनावमुक्त) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।

अध्ययन की विधि एवं न्यादर्श का चयन

प्रस्तुत अध्ययन में वर्णानात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में उच्च माध्यमिक स्तर के विज्ञान वर्ग के जनपद गुड़गाँव के समस्त छात्र-छात्राओं को समश्टि के रूप में चयनित किया गया। शोध अध्ययन में न्यादर्श का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि द्वारा किया गया। प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विज्ञान वर्ग के कक्षा ग्प् के 50 छात्र एवं 50 छात्राओं को चयनित किया गया।

उपकरण का चयन

शोध की प्रकृति के अनुसार एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रस्तुत अध्ययन में आर0बी0 कैटल द्वारा निर्मित 16 पी.एफ. व्यक्तित्व परीक्षण का चयन प्रदत्तों के संकलन के लिए किया गया। इस प्रश्नावली में सम्मिलित किये गये सभी 16 शीलगुण द्विध्रुवीय (bipolar) हैं। इस परीक्षण का विश्वसनीयता गुणांक .34 से .93 तक पाया गया है तथा सम्प्रत्यय वैधता .85 तक पायी गयी है।

इस परीक्षण द्वारा 16 में से निम्न 4 कारकों का मापन किया गया –

Øe l[;k S.No.	dkjd Factors	dkjdks ds nks foijhr /kzo (Two Extreme Poles of Factors)	
1.	क्यू$_1$ Q_1	आधुनिक (Experimenting)	रूढ़िवादी (Conservative)
2.	क्यू$_2$ Q_2	स्व–आधारित (Self-sufficient)	समूह नियन्त्रित (Group-tied)
3.	क्यू$_3$ Q_3	नियन्त्रित (Controlled)	अन्तर्द्वन्द्वी (Causal)
4.	क्यू$_4$ Q_4	तनावयुक्त (Tense)	तनावमुक्त (Relaxed)

इन कारकों का चयन कैटल ने कारक विश्लेषण विधि के आधार पर किया। ये सभी कारक एक-दूसरे से सापेक्षिक रूप से स्वतन्त्र है।

सांख्यिकीय प्रविधियाँ

शोध कार्य में प्रदत्तों के विश्लेषण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-परीक्षण का प्रयोग किया गया।

सांख्यिकीय विश्लेषण एवं विवेचना

तालिका संख्या-1: *उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) की तुलना*

Øe l[;k	leg dk uke	Nk=k dh l[;k	e/;eku	ekud fopyu	Vh&eku	lkFkdrk Lrj
1.	छात्र	250	10.90	2.83	1.5	सार्थक नहीं है
2.	छात्राएँ	250	11.26	2.48		

तालिका-1 में उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) की तुलना टी-मान के रूप में प्रदर्शित की गयी है। प्राप्त टी-मान 1.5 है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: स्पष्ट है कि दोनों समूहों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका संख्या-2: *उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्म आधारित-समूह नियन्त्रित) की तुलना*

Øe l[;k	leg dk uke	Nk=k dh l[;k	e/;eku	ekud fopyu	Vh&eku	lkFkdrk Lrj
1.	छात्र	250	9.76	2.67	0.46	सार्थक नहीं है
2.	छात्राएँ	250	9.88	3.05		

तालिका-2 में उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित-समूह नियन्त्रित) की तुलना टी-मान के रूप में प्रदर्शित की गयी है। प्राप्त टी-मान 0.46 है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: स्पष्ट है कि दोनों समूहों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित-समूह नियन्त्रित) में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका संख्या-3: *उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक द्धनियन्त्रित-अर्न्तद्वन्दीऋ की तुलना*

Øe l[;k	leg dk uke	Nk=k dh l[;k	e/;eku	ekud fopyu	Vh&eku	lkFkdrk Lrj
1.	छात्र	250	12.64	3.51	1.25	सार्थक नहीं है
2.	छात्राएँ	250	12.24	3.65		

तालिका-3 में उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक (नियन्त्रित-अन्तर्द्वन्द्वी) की तुलना टी-मान के रूप में प्रदर्शित की गयी है। प्राप्त टी-मान 1.25 है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: स्पष्ट है कि दोनों समूहों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक द्धनियन्त्रित-अन्तर्द्वन्द्वीऋ में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका संख्या-4: *उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक द्धतनावयुक्त-तनावमुक्तऋ की तुलना*

Øe l[;k	leg dk uke	Nk=k dh l[;k	e/;eku	ekud fopyu	Vh&eku	lkFkdrk Lrj
1.	छात्र	250	10.78	3.33	7.01**	सार्थक अन्तर है
2.	छात्राएँ	250	12.94	3.57		

तालिका-4 में उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक (तनावयुक्त-तनावमुक्त) की तुलना टी-मान के रूप में प्रदर्शित की गयी है। प्राप्त टी-मान 7.01 है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक है अत: स्पष्ट है कि दोनों समूहों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है। छात्राओं का मध्यमान 12.94 है जबकि छात्रों का मध्यमान 10.78 है अत: छात्राओं को छात्रों की तुलना में अधिक संवेदनशील पाया गया अत: कहा जा सकता है कि छात्राओं में व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक को अधिक पाया गया, छात्राओं को छात्रों की तुलना में अधिक तनावयुक्त पाया गया इसका कारण हो सकता है कि छात्राएँ, छात्रों की तुलना में अधिक परिश्रमी होती है, विद्यालय सम्बन्धी कार्य या किसी भी क्षेत्र से जुड़े कार्य का अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करती हैं। जिससे उनमें तनाव अधिक उत्पन्न होता है।

शोध परिणाम

1. शोध परिकल्पना नं0 1 के अनुसार ''उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।'' आंकड़ों के विश्लेषण से टी-मान 1.5 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोध परिकल्पना स्वीकृत होती है। शोध परिणाम से स्पष्ट है कि उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_1$' कारक (आधुनिक-रूढ़िवादी) में व्यक्तित्व की विशेषताऐं समान होती हैं।
2. शोध परिकल्पना नं0 2 के अनुसार ''उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित - समूह नियन्त्रित) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।'' आंकड़ों के विश्लेषण से टी मान 0.46 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोध परिकल्पना स्वीकृत होती है अर्थात् उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_2$' कारक (आत्मआधारित-समूह नियन्त्रित) में व्यक्तित्व की विशेषताऐं समान होती हैं।
3. शोध परिकल्पना नं0 3 के अनुसार ''उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक (नियन्त्रित-अर्न्तद्वन्द्वी) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।'' आंकड़ों के विश्लेषण से टी-मान 1.25 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है अत: शोध परिकल्पना स्वीकृत होती है। शोध परिणाम से ज्ञात होता है कि

उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_3$' कारक (नियन्त्रित-अर्न्तद्वन्द्वी) में व्यक्तित्व की विशेषताऐं समान होती हैं।

4. शोध परिकल्पना नं0 4 के अनुसार ''उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं के 'क्यू$_4$' कारक (तनावमुक्त-तनावयुक्त) में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता।'' आंकड़ों के विश्लेषण से टी-मान 7.01 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता स्तर पर सार्थक है अत: शोध परिकल्पना अस्वीकृत होती है। स्पश्ट है कि उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं के 'क्यू$_4$' कारक (तनावयुक्त-तनावमुक्त) में व्यक्तित्व की विशेषताऐं समान नहीं होती छात्राएं-छात्रों की अपेक्षा अधिक तनावयुक्त रहती हैं।

शोध निष्कर्श

1. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों की व्यक्तित्व की विशेषताऐं, कारक 'क्यू$_1$' (आधुनिक-रूढ़िवादी), 'क्यू$_2$' (आत्मआधारित-समूह नियंत्रित), 'क्यू$_3$' (नियंत्रित-अर्न्तद्वन्द्वी) के संदर्भ में छात्रों तथा छात्राओं में समान होती हैं।
2. उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र तथा छात्राओं की विशेषताऐं 'क्यू$_4$' (तनावयुक्त-तनावमुक्त) कारक के संदर्भ में समान नहीं होतीं। छात्राऐं, छात्रों की तुलना में अधिक तनावयुक्त होती हैं।

शोध परिणामों का शैक्षिक अनुप्रयोग

बालकों के व्यक्तित्व के विकास में परिवार की बहुत बड़ी भूमिका होती है। परिवार के सदस्यों के साथ बालकों का अधिक समय व्यतीत होता है। परिवार के सदस्य, माता-पिता प्रस्तुत अध्ययन के शोध परिणामों से बालकों की समस्या को जान सकते हैं वह उनके कैरियर को लेकर या अच्छे कार्य के प्रदर्शन के प्रति चिन्तित होने की समस्या को समझ कर उसका निदान दे सकते हैं। कभी-कभी बालकों के अधिक संवेदनशील होने, उनके हीन भावना से ग्रसित होने पर या कार्य की उपेक्षा होने पर उनकी शैक्षिक उपलब्धि तथा व्यक्तित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रस्तुत अध्ययन के परिणामों से छात्रों की समस्या को समझ कर उन्हें सही दिशा प्रदान करने में सुविधा मिलेगी।

सन्दर्भ सूची

* आलपोर्ट एच0डब्ल्यू, (1937): पर्सनेल्टी: ए साइक्लोजीकल इन्टरप्रिटेशन, पृष्ठ संख्या 48, हेनरी होल्ड एम0वाई0।
* कैटेल, आर0बी0, (1970): हॉल तथा लिंजे द्वारा उद्धृत, थ्योरीज ऑफ पर्सनेलिटी, द्वितीय संस्करण, न्यूयार्क, जॉनविले, पृ.सं. 386
* आईजैन्क, एच0जे0 (1971): द स्ट्रक्चर ऑफ ह्यूमन पर्सनेलिटी, (तृतीय संस्करण), न्यूयार्क, मैथ्यून, पृ.सं. 2।
* क्रौन बैक, एल0जे0: एजुकेशनल साइकोलोजी, हारकोर्ट, ब्रेस, न्यूयार्क, 1954
* कैली टी0एल0: इन्टरप्रिटेशन ऑफ एजुकेशनल मैजरमेन्ट, वर्ल्ड बुक कं0, 1939
* कपिल, एच0के0: "अनुसंधान विधियाँ" हर प्रसाद भार्गत, 41230 कचहरी घाट, आगरा - 4, 1984
* कॉल, लोकेश: मैथडोलोजी ऑफ एजुकेशन रिसर्च, विकास पब्लिशिंग हाऊस, प्रा0लि0, 1984
* गुड, सी0बी0, स्केट्स डी0 : "मैथड्स ऑफ रिसर्च" न्यूयार्क एपलटैन कन्टरी क्राट्स।
* चौबे, एस0पी0: मनोविज्ञान और शिक्षा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा
* बुच एम0बी0: फर्स्ट सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन (1972)
* बुच एम0बी0: सैकिण्ड सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन (1972-78)
* बुच एम0बी0: थर्ड सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन (1978-83)
* बुच एम0बी0: फोर्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन वॉल्यूम फर्स्ट एण्ड वोल्यूम सैकिण्ड (1985-88)
* शर्मा, जी0के0 एण्ड शर्मा जी0एस0: "शिक्षा में प्रारम्भिक सांख्यिकी" प्रकाशक रस्तोगी पब्लिकेशन, शिवाजी रोड, मेरठ।

पी.एच.डी.

प्रेसमड (मैली) से बनी जैविक खाद का जनपद मुजफ्फरनगर के कृषि क्षेत्र में योगदान

डॉ० रश्मि तायल

(पी.एच.डी.)

"अल्प विकसित देशो में कृषि में तेजी से प्रगति का राज कृषि विस्तार, उर्वरक, नये बीज एंव उचित जल की व्यवस्था में है न कि खेत के आकार में बदलाव, विपणन प्रक्रिया में बिचौलियो को समाप्त करने में।"

(W. A. Lewis)

मृदा वह प्राकृतिक पिण्ड है जोकि विच्छेदित एंव अपक्षयित खनिजों (चट्टानों) एवं कार्बनिक पदार्थों के विगलन से निर्मित पदार्थों में परिवर्तनशील मिश्रण से परिच्छेदिका के रुप में संश्लेषित होती है और पृथ्वी को एक पतले आवरण के रुप में ढके रहती है। मृदा खनिज, जैव पदार्थ एंव जल के अलावा कई प्रकार के सूक्ष्म जीवों का संयोग है। स्थान परिवर्तन के साथ-साथ संयोग का यह अनुपात भिन्न-भिन्न होता है।

कृषि उत्पादन एंव उत्पादकता का प्रत्यक्ष घनिष्ठ सम्बन्ध प्रकृति प्रदत्त उपहार भूमि से है। मृदा भी रचना के प्रारम्भिक स्तर से जीवन उपयोगी संसाधन का सृजन करती है। कृषि उत्पादन की दृष्टि से मुजफ्फरनगर जनपद की मिट्टी उपजाऊ है। चावल की उपज में उपयोगी मिट्टी जो रोसली एवं स्टिफ किस्म की है, डक्कर (*Dakker*) कहलाती है। इसके साथ ही यहाँ की भूमि का क्षेत्र, झील युक्त एवं अनुपजाऊ भी है। जनपद में कहीं-कहीं पर सूखी मिट्टी वाला क्षेत्र भी पाया जाता है जिसे ''भूड'' (*Bhoor*) का क्षेत्र कहा गया। जनपद की मिट्टी का अधिकांश भाग उपजाऊ है जोकि गंगा नदी व इसके अन्य स्रोतों के संग्रहित पदार्थो द्वारा बना है। ये पदार्थ अधिकांश रूप से कैल्शियम युक्त है। कैल्शियम कार्बोनेट की उपस्थिति *Amorheus* और *Nodulated* दोनों प्रकार से गहराईयों तक समाई हुई है। सतह की मिट्टी का रंग हल्के मटमैले (*Grey*) से गहरे मटमैले (*Ash Grey*) जैसा पाया जाता है जबकि आन्तरिक सतह रेतीली, नमीयुक्त एवं मटमैली है। यह मिट्टी अनुपयुक्त एवं बाढ़ का आधार है। जबकि रेत एवं सिल्ट एक दूसरे पर जमा होते रहते है। इस मिट्टी मे नाइट्रोजन एवं कार्बनिक पदार्थो की प्रचुर मात्र है। गन्ने की उपज के लिये नाइट्रोजन एवं फास्फोरस योगिकों का मिश्रण उर्वरको के रूप में बहुत उपयोगी होता है। नहरी क्षेत्रो में बहने वाले जल तथा निकासी वाले जल ने मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है परन्तु इन सब परिस्थितियों के बावजूद भी जनपद में कृषि की तीव्र प्रगति हुई है।

हरित क्रान्ति के समय मृदायें प्राकृतिक पोषक तत्वों से परिपूर्ण थी। फलस्वरुप खाद्यान्न उत्पादन में आशतीत सफलता मिली, परन्तु कृषि वैज्ञानिकों का ध्यान केवल उत्पादकता बढाने में ही लगा रहा जिससे मृदाओं के उर्वरा स्तर में निरनतर कमी होती गई। परिणाम स्वरुप पिछले दशक से अनुभव किया जा रहा है कि मुख्य फसलो के औसत उत्पादन में ठहराव की स्थिति आ गयी है। मृदा अकार्बनिक कणों, सडे हुए कार्बनिक पदार्थों, वायु एवं जल का एक मिश्रण होती है। मृदा के भौतिक गुण, मृदा के उपयोग तथा पादप वृद्धि के प्रति इसके व्यवाहर को प्रभावित करते हैं। यें गुण पौधों की जडो को मृदा में प्रवेश करने, जल निकास कराने, जल निकास एंव नमी धारण आदि में सहायक होते हैं। पादप पोषकों की प्राप्यता भी मृदा भी जैविक क्रियाओं में तीव्र गिरावट हुई है। अत: मृदा उत्पादकता एंव उर्वरता को ध्यान में रखते हुए फसलों का उत्पादन अति आवश्यक हो गया है।

रासायनिक उर्वरकों के निरन्तर प्रयोग से भूमि की दशा एंव उर्वरा शक्ति से ह्रास होने के कारण कार्बनिक खादों का प्रयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। कार्बनिक खादों के प्रयोग से भूमि की भौतिक दशा, जलधारणा क्षमता एंव वायु संचरण में प्रर्याप्त सुधार होता है, जिससे मृदा का उर्वरा स्तर अधिक समय तक सुरक्षित रहता है। आधुनिक युग में कृषि का विकल्प के रुप में प्रेसमड (मैली) जोकि चीनी मिलों से सस्ती दर पर उपलब्ध हो जाती है तथा गोबर की खाद की तुलना में अधिक पोषक तत्वों से युक्त होती है, का समावेश आधुनिक परिवेश के कृषि जगत में नई क्रान्ति होगी।

जनपद मुजफ्फरनगर पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में गंगा यमुना के मध्य दोआब क्षेत्र के मैदानी भू-भाग में स्थित है।[1] यहाँ की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि व कृषि सम्बन्धित अन्य कार्यों में संलग्न है। सौभाग्यवश यहाँ पर सिंचाई के साधनो की प्रचुरता है। यहाँ बोये गये क्षेत्र का 92.1 प्रतिशत सिंचित है।[2] कृषि प्रधानता के कारण ही जनपद में चीनी उद्योग पेपर उद्योग, डिस्टलरी उद्योगो को प्रोत्साहन मिला है।

चीनी उद्योग में चीनी निर्माण प्रक्रिया के अर्न्तगत खोई, शीरा, प्रेसमड (मैली) जैसे उपोत्पादो का जन्म होता है। चीनी शोधन प्रक्रिया में कचरे के रुप में निकली प्रेसमड (मैली) जैविक खाद के लिए अति आवश्यक है। इसमें *Nitrogen, Sulphar Phosphorus, Potash, Calcium Oxide, Magnesium Oxide* जैसे अनेक खनीज तत्व होते हैं। जैविक खाद के प्रयोग द्वारा कृषि भूमि की उर्वरता बढेगी तथा रसायनिक उर्वको के उपयोग एंव आयात में कमी होगी। इस अध्ययन के अर्न्तगत उपोत्पाद प्रेसमड (मैली) द्वारा जैविक खाद के निर्माण की प्रक्रिया का विस्तार से विश्लेषण करके जनपद की आर्थिक स्थित को सुदृढ करने विनम्र प्रयास किया गया है।

1. प्रेसमड (मैली) द्वारा बनी जैविक खाद की आवश्यकता का अध्ययन करना।
2. प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद निर्माण विधि का विस्तार से वर्णन करना।
3. प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद की विपणन व्यवस्था करना।
4. प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद का महत्व।
5. जैविक खाद निर्माण प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।
6. क्षेत्रीय विकास में इसके योगदान का आंकलन करना।

अध्ययन हेतु प्राथमिक संमको के साथ-साथ द्वितीयक संमको का प्रयोग किया गया। प्राथमिक संमको के संकलन हेतु उद्यम अनुसूची का प्रयोग किया गया। द्वितीयक संमको हेतु सांख्यिकीय पत्रिका, गन्ना शोध संस्थान, मुजफ्फरनगर द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट, आर्थिक सर्वेक्षण, मुजफ्फरनगर दर्शन एंव विभिन्न अनुसंधान पत्र-पत्रिकाओं को एकत्रित किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार अनुपात विधि एंव प्रतिशत विश्लेषण विधि का प्रयोग किया गया।

प्रेसमड (मैली):

चीनी उद्योग के कचरे के रुप में निकली प्रेसमड (मैली) क्षेत्रीय आर्थिक नियोजन के विकास में सहायता करता है। प्रेसमड (मैली) का मुख्यत: प्रयोग जैविक खाद तैयार करने तथा विभिन्न लघु एंव कुटीर उद्योगो में ईंधन के रुप में किया जाता है। यदि ईंधन के बजाय प्रेसमड (मैली) का प्रयोग जैविक खाद निर्माण के लिये किया जाता है, तो मृदा के उर्वरता स्तर को बढाया जा सकता है। चीनी मिल की प्रेसमड (मैली) के सम्बन्ध में कोई कार्य योजना नहीं होती है। यह मिल के लिए एक कचरा है, जिसका निस्तारण मिल मध्यस्थो के माध्यम से करती है। चीनी मिले इस प्रेसमड (मैली) को बहुत सस्ती दरो पर मध्यस्थो को या मध्यस्थो के माध्यम से विक्रय कर देती हैं।

वर्तमान में रासायनिक उर्वरको के बढते प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास होने लगा है। इसी कारण कृषि वैज्ञानिको का ध्यान कार्बनिक खादो की ओर अग्रसर हुआ। वर्तमान युग में प्रेसमड (मैली) से तैयार की गई जैविक खाद कृषि की स्थिति को सुधार सकती है।

प्रेसमड (मैली) का प्रयोग खेत में सीधे नहीं करना चाहिये क्योंकि यह अम्लीय होती है तथा साथ ही इसमें पोषक तत्व उपलब्ध अवस्था में नहीं होते तथा दीमक के प्रकोप की सम्भावना अधिक रहती है।[3] अत: इसे खेत में प्रयोग करने के पूर्व वैज्ञानिक विधियों द्वारा विघटित कर लेना चाहिये। प्रेसमड (मैली) से उपयुक्त खाद बनाने हेतु निम्न दो विधियाँ विकसित की गई हैं।

प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद निर्माण विधि:

1. उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शहजहॉपुर द्वारा विकसित जीवाणुकल्चर (आर्गेनोडीकम्पोजर) द्वारा।
2. वर्मी कल्चर विधि (आर्गेनोडीकम्पोजर) द्वारा।[4]

गडढा विधि द्वारा:

1.0 मीटर गहरा गडढा जिसकी लम्बाई 10.0 से 15.0 मीटर तक तथा चौडाई 1.5 मीटर से 2.0 मीटर तक हो खोदना चाहिये। इस गडढे में कार्बनिक पदार्थों जैसे गन्ने की सूखी पत्तियॉ, बैगास, कूडा-करकट, घरेलू कचरा आदि की लगभग 15 से0मी0 मोटी तह बिछा देनी चाहिए। उसके बाद 500 लीटर पानी में 100 कि0ग्रा0 गोबर तथा 1.0 कि0ग्रा0 जीवाणु कल्चर का घोल प्रति टन की दर से छिडक देना चाहिए। इस तह के ऊपर प्रेसमड (मैली) की 15 से0मी0 मोटी तह बिछाकर 8.0 कि0ग्रा0 यूरिया तथा 10.0 कि0ग्रा0 सिंगल सुपर फास्फेट प्रति टन की दर से डाल देना चाहिए। तीन से चार परतो के पश्चात गडढा भर जाने पर ऊपर से गोबर, मिटटी व प्रेसमड (मैली) के मिश्रण से गडढे को ढक देना चाहिए। गडढे की गहराई में वायु के आवा-गमन के लिए एक तरफ से एक फुट खाली स्थान छोड देना चाहिये। उक्त पदार्थो की प्रथम व द्वितीय पलटाई 15 दिन के अन्तराल पर तथा तीसरी पलटाई एक माह के अन्तराल पर कर देना चाहिए। इस प्रकार 90 से 120 दिनो में उपयुक्त कम्पोस्ट तैयार हो जाती है।

ढेर विधि:

इस विधि के अर्न्तगत गडढा विधि के अनुसार विभिन्न कार्बनिक पदार्थो की तीन से चार तह लगाकर 1.0 मी0 ऊॅचा, 1.5 मी0 चौडा तथा आवश्यकतानुसार 10.0 से 15.0 मीटर लम्बा ढेर लगाना चाहिए। उक्त ढेर पर समुचित नमी बनाये रखने हेतु पानी का छिडकाव समय-समय पर ढेर की पलटाई के साथ करना चाहिए।

वर्मी कल्चर विधि:

केचुॅआ कृषकों का मित्र एवं भूमि की आंत कहा जाता है। यह सेन्द्रीय पदार्थ, ह्यूमस व मिट्टी को एकसार करके जमीन के अन्दर अन्य परतों में फैलता है। इससे जमीन पोली होती है एंव हवा का आवागमन बढ जाता है तथा जलधारण की क्षमता भी बढ जाती है।

केचुॅए के पेट में जो रासायनिक क्रिया व सूक्ष्म जीवाणुओं की क्रिया होती है, उससे भूमि में पाये जाने वाले *Nitrogen, Sulphar Phosphorus, Potash, Calcium Oxide, Magnesium Oxide* व अन्य सूक्ष्म तत्वो की उपलब्धता बढती है। ऐसा पाया गया है कि मिट्टी में *Nitrogen* 7 गुना, *Phosphorus* 11 गुना, और *Potash* 14 गुना बढता है।[5]

केचुॅए के पेट में मिट्टी व सेन्द्रीय पदार्थ अनेक बार अन्दर-बाहर आते-जाते हैं। इससे जमीन में ह्यूमस की मात्रा बढती है। तथा ह्यूमस केचुॅए के माध्यम से मिट्टी में फैलता है। इस क्रिया से जमीन प्राकृतिक रुप से तैयार हो जाती है, जमीन का पी.एच. भी सही प्रमाण में रहता है।

केंचुआ और मैली का विघटन निम्न दो चरणो में किया जाता है -

प्रथम चरण - इस चरण के अर्न्तगत जीवाणु कल्चर विधि की भॉति गन्ने की सूखी पत्तियॉ, बैगास, कूडा-करकट, घरेलू कचरा एंव प्रेसमड (मैली) इत्यादि को गडढे में सडने दिया जाता है। उक्त कार्बनिक पदार्थो का लगभग 50 प्रतिशत विघटन होने में 45 से 50 दिन के पश्चात उक्त पदार्थ को बाहर निकालकर द्वितीय चरण में केंचुओं द्वारा विघटन हेतु प्रयोग करना चाहिए।

द्वितीय चरण - इसके अर्न्तगत सडे कार्बनिक पदार्थो का विघटन 2.5 मी0 चौडे तथा 10 से 15 मी0 लम्बे टीनशेड के नीचे कराया जाता है। शेड के नीचे 10 इंच ऊँचा ईंट का प्लेटफार्म बनाना चाहिये, जिससे केंचुएं भूमि में प्रवेश न कर सके।

प्रथम चरण से प्राप्त अर्द्धविघटित पदार्थ का 0.5 मी0 ऊँचा 1.0 मी0 चौडा तथा 10 मी0 से 15 मी0 लम्बा ढेर लगाना चाहिये। इस ढेर पर 1.0 कि0ग्रा0 केचुआ प्रति टन की दर से छोड देना चाहिये। पानी के छिडकाव द्वारा ढेर की नमी 60 प्रतिशत तक तथा कार्बनिक पदार्थ का पूर्णरुप से विघटित कर देते हैं। इस प्रकार वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो जाता है। वर्मी कम्पोस्ट एकत्र करने के लिए ढेर की सिंचाई को 3-4 दिन के लिए रोक दी जाती है। जब ऊपर की नमी कम हो जाये तो वर्मी कम्पोस्ट को ऊपर से हटा लिया जाता है तथा उसमें उपस्थित केचुओं को दो मि0मी0 की छलनी से छानकर पुन: प्रयोग हेतु एकत्र कर लिया जाता है।

उत्तम वर्मी कम्पोस्ट की पहचान:

1. उर्वरक का रंग गहरा, काला, भूरा हो जाता है।
2. मिटटी जैसी गंध आती है।
3. उर्वरक की संरचना महीन दानेदार होती है तथा पानी में अघुलनशील होती है।
4. मक्खियों को आकर्षित नहीं करता है।

वर्मी कम्पोस्ट का संगठन:

Nitrogen	1.5-2.0 प्रतिशत
Phosphorus	1.34-2.20 प्रतिशत
Potash	0.8-1.20 प्रतिशत
Calcium Oxide	0.44 प्रतिशत
Magnesium Oxide	0.15 प्रतिशत

केचुआॅ खाद से कम्पोस्ट खाद की तुलना

	dspqvk [kkn	dEiksLV [kkn
idus dh vof/k	1 से 1.5 माह	4 माह
iks"kd rRo Nitrogen Phosphorus Potash	 2.5–3.0 प्रतिशत 1.5–2.0 प्रतिशत 1.5–2.0 प्रतिशत	 0.5 से 1.5 प्रतिशत 0.5 से 0.9 प्रतिशत 1.2–1.4 प्रतिशत
l{e ,o vU; inkFk	अपेक्षकृत मात्रा अधिक	मात्रा कम
ifr ,dM vko';drk	2 टन	5 टन
okrkoj.k ij iHkko	खाद में बदबू नहीं होती तथा मक्खी, मच्छर आदि भी नहीं बढते हैं। अतः वातावरण दूषित नहीं होता है।	खाद का निर्माण करते समय प्रारम्भित अवस्था में बदबू होती है तथा मक्खी, मच्छर आदि बढ जाते हैं। जिससे वातावरण दूषित होता है।
	तापमान नियंत्रित रहने से जीवाणु क्रियाशील/सक्रिय रहते हैं।	तापमान नियंत्रित नहीं रहने से जीवाणुओं की क्रियाशीलता /सक्रियता कम हो जाती है।

प्रेसमड (मैली) का ईंधान के रुप में प्रयोग:

कचरे के रुप में विक्रय की जाने वाली प्रेसमड (मैली) का प्रयाग ईंट भट्टो पर ईंधन के रुप में किया जाता है। जनपद के विकासखण्डो में से कुछ ईंट भट्टो का अध्ययन करने से ज्ञात हुआ कि इन ईंट भट्टो पर लकडी के बुरादे के साथ प्रेसमड (मैली) का प्रयोग करके बडे-बडे गोले बनाये जाते हैं, जो ईंधन के रुप में प्रयोग किये जाते हैं। लकडी एवं कोयले का प्रयोग बहुत कम किया जाता है। चुंकि प्रेसमड (मैली) को ईंधन के रुप में प्रयुक्त करना प्रतिबन्धित है इसलिए ईंट भट्टो के श्रमिको द्वारा इसका प्रयोग सार्वजनिक रुप से प्रदर्शित नहीं किया जाता है। ईंट भट्टा मालिक ईंधन हेतु लकडी के बुरादे एवं कोयले का प्रयोग प्रदर्शित करते हैं। ईंट निर्माण प्रक्रिया में ईंट भट्टो की लागतो को निम्नांकित तालिका में दर्शाया गया है।

ईंट उत्पादन की आगतें/लागतें

(प्रति हजार ईंट पर)

vkxr @ ykxr	fodkl [k.M eqt¶Qjuxj		fodkl [k.M [krkSyh		fodkl [k.M c?kjk	
	भट्टा ''क''	भट्टा ''ख''	भट्टा ''क''	भट्टा ''ख''	भट्टा ''क''	भट्टा ''ख''
1. dPpk eky	50 (5.32)	50 (5.21)	50 (5.59)	50 (5.56)	50 (4.46)	50 (4.67)
2. Je	240 (25.53)	250 (26.04)	250 (27.93)	250 (27.78)	260 (23.11)	260 (24.30)
3. 'kfDr@b/ku	600 (63.83)	600 (62.50)	550 (61.45)	550 (61.11)	750 (66.67)	700 (65.42)
4. Hk.Mkj.k	–	–	–	–	–	–
5. vU; [kpZ	50 (5.32)	60 (6.25)	45 (5.03)	50 (5.56)	65 (5.78)	60 (5.61)
6. dqy	940 (100)	960 (100)	895 (100)	900 (100)	1125 (100)	1070 (100)

स्रोत:- भट्टा स्वामी से प्राप्त जानकारी के आधार पर।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि जनपद मुजफ्फरनगर के इन तीन विकासखण्ड़ो में ईंधान/शक्ति पर होने वाला खर्च सार्वधिक है। अर्थात् ईंधन में अप्रत्यक्ष रुप से प्रयुक्त होने वाली प्रेसमड (मैली) एक ओर तो भट्टा मालिको की लागत को कम कर रही है तथा दूसरी ओर जनपद की आर्थिकी में अप्रत्यक्ष रुप से कमी कर रही है।

प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद/कार्बनिक उर्वरकों के प्रयोग से लाभः

कृषि में जैविक खाद का प्रयोग सभी प्रकार की फसलों के लिए अनुकूल है। जैविक खाद न केवल मिट्टी के कार्बनिक स्तर में वृद्धि, मिट्टी के भौतिक तत्वो की पूर्ति एंव मिट्टी संरक्षण करती है वरन सभी फसलों को लाभदायक पोषक तत्वो से परिपूर्ण करती है। जो स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभदायक मानी जाती है। जैविक खाद के महत्व को निम्न बिन्दुओं के आधार पर स्पष्ट किया जा सकता है।

मिट्टी की दृष्टि से लाभः

1. केचुँए विधि से तैयार खाद से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है।
2. भूमि की जलधारण क्षमता बढती है।
3. भूमि का उपयुक्त तापक्रम बनाये रखने में सहायक होती है।
4. भूमि में पानी का वाष्पीकरण कम होगा तथा सिंचाई जल की बचत होगी।
5. केचुँए नीचे की मिट्टी ऊपर लाकर उसे उत्तम कोटी की बनाते हैं, इसमें भरपूर मात्रा में *Nitrogen, Potash, Calcium Oxide* व अन्य सूक्ष्म द्रव्य पदार्थ प्राप्त होते हैं।
6. पौधों को विभिन्न खनिज तत्व पूर्णरुप से एंव जल्दी उपलब्ध होते हैं।

कृषकों की दृष्टि से लाभः

1. भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि होती है।
2. सिंचाई के अन्तराल में वृद्धि होती है।
3. रसायनिक खाद पर निर्भरता कम होने के साथ काश्तकार की लागत में कमी आती है।
4. विभिन्न पोषक तत्व उपलब्ध अवस्था में आ जाते हैं, जिससे पौधे उनको आसानी से ग्रहण कर लेते हैं।
5. रासायनिक खादों/नाशिकीटों के प्रयोग से होने वाले वायुमण्डलीय प्रदुषण में कमी आती है।
6. खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एंव नकदी फसलों सभी की उपज में वृद्धि होती है।

पर्यावरण की दृष्टि से लाभः

1. सिंचित हेतु प्रयुक्त पानी में 25 प्रतिशत तक की बचत की जा सकती है।
2. भूमि के जलस्तर में वृद्धि होती है।
3. मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है।
4. कचरे का उपयोग खाद बनाने में होने से बीमारियों में कमी होती है।
5. कृषि आधारित कार्बनिक पदार्थ का पुनः सन्तुल हो जाता है।

अन्य उपयोग:

1. केचुँए से प्राप्त कीमती *Amino Acid* एंव *Enzyme* से दवायें तैयार की जाती हैं।
2. पक्षी, पालतु जानवर, मुर्गियाँ तथा मछलियों के लिए कचरे का उपयोग खादय सामग्री के रुप में किया जाता है।
3. आयुर्वेदिक औषधियां तैयार करने में इसका उपयोग होता है।
4. पाउडर, लिपिस्टिक, मलहम इस तरह के कीमती प्रसाधन तैयारी करने हेतु केचुँए का उपयोग होता है।
5. केचुँए के सूखे पाउडर में 60 से 65 प्रतिशत प्रोटीन होता है।

प्रेसमड (मैली) द्वारा जैविक खाद की विपणन व्यवस्था:

जैविक खाद की विपणन व्यवस्था हेतु सरकारी स्तर पर कोई विशेष प्रयास नहीं किये गये हैं। कृषकों को सरकार द्वारा खाद निर्माण प्रक्रिया में सहायता के लिए समय-समय पर विभिन्न कृषि संस्थानों द्वारा जानकारी उपलब्ध करायी जाती है तथा जैविक खाद निर्माण की पूरी जानकारी अनुभवी कृषि वैज्ञाननिक द्वारा दी जाती है। कृषि संस्थानों द्वारा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, प्रचार-प्रसार के माध्यम से जैविक खाद की महत्ता तथा निर्माण के लागत-लाभ विश्लेषण की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाती है। मृदा की भौतिक दशा स्थिर रखने के लिए दृष्टिकोण से हरी खाद, गोबर खाद एंव जैविक खाद आदि का प्रयोग वांछनीय होता है। यदि सरकार द्वारा विभिन्न संस्थानों के माध्यम से जैविक खाद तैयार कराके इसका विक्रय रसायनिक खादो की भाँति ही किया जाये तो जैविक खाद का भी भविष्य स्वर्णिम हो सकता है।

प्रेसमड (मैली) द्वारा जैविक खाद निर्माण की समस्याएँ:

1. प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद के निर्माण की मुख्य समस्या प्रेसमड (मैली) की उपलब्धता एंव कृषकों को इसके प्रति अज्ञानता एंव उदासीनता है। चीनी मिल से जब प्रेसमड (मैली) के विक्रय रिकार्ड की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया तो मिल यह विक्रय रिकार्ड उपलब्ध नहीं करा पाई, क्योंकि मिल द्वारा प्रेसमड (मैली) का विक्रय बडी सस्ती दरों पर मध्यस्थों को कर दिया जाता है। ये मध्यस्थ इस मैली को कहॉ-कहॉ विक्रय करते हैं, इसकी कोई जानकारी मिल को नहीं होती है।
2. कुछ मध्यस्थों द्वारा ये प्रेसमड (मैली) ईंट-भट्टा मालिकों को विक्रय कर दी जाती है। परन्तु कुछ मध्यस्थों द्वारा प्रेसमड (मैली) विदेशों में भी निर्यात की जाती है, जहाँ इसका प्रयोग डेयरी उद्योग, मछली पालन एंव मुर्गी पालन आदि में किया जाता है।[6] डेयरी उद्योग में प्रेसमड (मैली) का प्रयोग करने से दूध की मात्रा एवं गुणवत्ता 15 से 25 प्रतिशत तक बढ जाती है, क्योंकि प्रति टन प्रेसमड (मैली) में 13 प्रतिशत *Fiber* तथा 8.8 प्रतिशत *Protein* तथा 26.3 प्रतिशत *Calcium* की मात्रा पाई जाने के कारण है।[7]
3. प्रेसमड (मैली) द्वारा तैयार जैविक खाद निर्माण प्रक्रिया के विषय में कृषक अज्ञानता भी निर्माण प्रक्रिया को बाधित करती है। कृषक आज भी रासायनिक खाद का ही खेती में बहुतायत में प्रयोग कर रहे हैं। जैविक निर्माण प्रक्रिया की लम्बी अवधि के कारण तथा खुले बाजार में जैविक खाद का उपलब्ध न होने के कारण भी कृषकों का रुझान इस ओर नहीं बढ रहा है।

4. सरकार द्वारा जैविक खाद की उचित विपणन व्यवस्था के प्रति नकारात्मक रुझान एंव कृषकों की अज्ञानता के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया एंव प्रगति बहुत ही धीमी गति से चल रही है। यदि हमें मृदा की उर्वरता को भविष्य के लिए सहेजना है तो सरकारी स्तर से एंव कृषकों के स्तर से अर्थात् दोनो को इस दिशा की ओर अवश्य ध्यान देने की जरुरत है।

क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में प्रेसमड (मैली) से तैयार जैविक खाद का योगदान हेतु सुझावः

जनपद मुजफ्फरनगर कृषि क्षेत्रफल एंव उत्पादन की दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखता है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण ही यहाँ पर खाद फसलों के साथ-साथ गन्ने का अधिक क्षेत्रफल होने के कारण ही चीनी मिलो की अधिकता है। जिसके कारण प्रेसमड (मैली) भी यहाँ बहुतायत में मिल जाती है। जरुरत केवल प्रेसमड (मैली) के प्रयोग की सही दिशा एंव निर्देशन की है। पिछले कुछ वर्षो में ग्लोबल वार्मिंग एवं अन्य कारणो के कारण उपज एंव चीनी परता में आशतीत सफलता न प्राप्त होने के कारण एवं बढती हुई गन्ना उत्पादन लागत के कारण चीनी उद्योग भी कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है। इस दिशा में गन्ना शोध वैज्ञानिक निरन्तर प्रयत्नशील हैं। एक ओर कृषकों, चीनी उद्योग एंव गन्ना विकास विभाग को यह अनिवार्य कहा जाता है कि वह गन्ना शोध संस्थान की वैज्ञानिक संस्तुतियों का लाभ सीधे कृषकों के खेतो पर कार्यनवित कराये। साथ ही इसका सीधा लाभ गन्ने के सहउत्पादकों को भी प्राप्त हो। जलवायु, प्रजाति, मृदा की किस्म, कर्षण क्रियायें, खाद एंव उर्वरकों की मात्रा एवं कार्बनिक खादों से जैसे - गोबर की खाद, प्रेसमड (मैली), कम्पोस्ट तथा वर्मी कम्पोस्ट जैव-उर्वरकों से सम्पूर्ण संस्तुत *Nitrogen* की पूर्ति करने से अधिक लाभ प्राप्त होता है। इसके साथ ही विशैले रसायनिक उर्वरकों की अधिकता से होने वाली हानि को भी बचाया जा सकता है।

जनपद की चीनी मिलें कचरे के रुप में प्राप्त प्रेसमड (मैली) से स्वंय भी जैविक खाद तैयार करके अपनी बढती लागत को कम कर सकती हैं एंव जनपद के कृषकों को भी अपना ध्यान रसायनिक खादों के प्रयोग से हटाना होगा तथा जैविक खादों की ओर ध्यान देना होगा, क्योंकि जैविक खादों के प्रयोग से एक ओर तो भूमि की उर्वरता शक्ति को क्षीण होने से बचाया जा सकता है, तथा दूसरी ओर कृषि के क्षेत्र में बढती कृषि उत्पादन लागत को भी कम करने का प्रयास किया जा सकता है।

सरकारी स्तर से किये गये प्रयास हमेशा ही अर्थव्यवस्था की आर्थिकी को सुदृढ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं। इस परिपेक्ष्य में, यदि जनपद में भी सरकारी स्तर से जैविक खाद की निर्माण प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाये या कृषकों को जैविक खाद तैयार रुप में दी जाये, तो यह क्षेत्रीय आर्थिकी को और अधिक मजबूत एंव सुदृढ कर सकती है।

Bibliography

- Agriculture Situation in India.
- Buttar Gurinder Singh "Sugar Technology Association of India" Cooperative Sugar & 1999.
- CANE Sugar Manufacture in India, Kulparni D.P.
- Co-operative Sugar Oct. 2007 Vol. 39, No. 2.

- Directorate of Economic and Statistics, Ministry of Agriculture, Govrenment of India, New Delhi.
- Gunnar Myrdal (1968) - "Asian Drama" Vol. III, Gerlad Duck Worth, London.
- Indian Sugar, March (2008).
- Kahlon A. S. & George M. V. (1985), Agriculture Marketing and Price Policy, Allied Publishers, New Delhi.
- Lewis W.A., The Theory of Economic Growth.
- Official Website of Uttar Pradesh Government India, Uttar Pradesh State Economy-Agriculture.
- Planning Commision, "The First Five year Plan.
- Perz 1990.
- Rajaguru ..... et .. AL 1985.
- Singh J.P. (2007) (Chief Cane Expert) Cooperative Sugar-2007.
- Samuni R. P., Vaidya N. G. and Sable J. P. (2002), Study on Trends in Area Production & Prodectivity of Sugar Cane to Weather in Maharastra and Uttar Pradesh.
- आर्थिक समीक्षा, भारत सरकार, (2005-06)
- सिंह जे0 पी0 एंव माथुर जी0 पी0 - गन्ना फसल में उचित जल-प्रबन्धन, गन्ना दर्शन, गन्ना शोध केन्द्र, उ0प्र0, गन्ना शेध परिषद, मुजफ्फरनगर - 2007।
- जसवन्त सिंह, गन्ना दर्शन (भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ-2007)।
- गन्ना दर्शन, गन्ना शोध संस्थान, मुजफ्फरनगर।
- गन्ना शोध संस्थान, मुजफ्फरनगर। (2009)
- योजना मार्च (2008)
- अश्विनी महाजन दत्त सुन्दरम, भारतीय अर्थव्यवस्था।
- सांख्यिकीय पत्रिका 2014 जनपद मुजफ्फरनगर, उ0प्र0।
- लेखा विभाग, चीनी मिल, खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।
- लेखा विभाग, चीनी मिल, मंसूरपुर, जिला मुजफ्फरनगर।
- लेखा विभाग, चीनी मिल, शामली, जिला मुजफ्फरनगर।
- साख्यिकी पत्रिका वर्ष 2009 विकासखण्ड खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।
- सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग उत्तर-प्रदेश - मुजफ्फरनगर के पृष्ठ संख्या 5-6, 8-9, 10, 12-15, 25, 34-35

(Footnotes)

[1] रुद्रदत्त के. पी. सुन्दरम भारतीय अर्थव्यवस्था।

[2] सांख्यिकीय पत्रिका 2014 जनपद मुजफ्फरनगर, उ0प्र0।

[3] गन्ना दर्शन, गन्ना शोध संस्थान, मुजफ्फरनगर।

[4] गन्ना शोधा संस्थान, मुजफ्फरनगर। (2009)

[5] गन्ना शोध संस्थान, मुजफ्फरनगर। (2009)

[6] Rajaguru ..... et .. AL 1985

[7] Perz 1990

खादी से आर्थिक स्वावलम्बनः गांधी जी के विचारों के संदर्भ में

अक्षय कुमार

जे.आर.एफ (यूजीसी), गांधी विचार विभाग,
ति.मां भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी का आगमन बीसवीं सदी के दूसरे दशक में हुआ। राष्ट्रीय आंदोलन के शुरुआती दौर में गांधी ब्रिटिश शासन व्यवस्था के समर्थक रहे, जिस कारण उन्हें भर्ती करने वाला सार्जेण्ट भी कहा जाने लगा, परन्तु अंग्रेजों के विश्वासघाती नीति के कारण अंग्रेजों के समर्थक गांधी अंग्रेज विरोधी बन गये। जिसका परिणाम यह हुआ कि लंबे समय से चला आ रहा स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और दशा प्राप्त हुई जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद को खत्म करने में निर्णायक भूमिका निभायी।

गांधी ने हिन्द स्वराज में लिखा है कि भारत के लोग अपनी गुलामी के लिए स्वयं जिम्मेवार है। वे पूंजीवाद और उससे जुड़े कानूनी एवं राजनीतिक ढाँचे को अपना लिये हैं जिसके कारण अंग्रेजों ने भारत को नहीं जीता बल्कि हमने उसे दे दिया।[1] गांधी की यह सोच रही कि भारत के लोगों को भोगवादी प्रवृत्ति से बचना चाहिए और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ओर लौट जाना चाहिए, क्योंकि जब तक भारत कृषि एवं कुटीर उद्योग के क्षेत्र में मजबूत रहा विश्व बाजार में अपना दब-दबा बनाये रखने में सफल रहा। खासकर यूरोप के बाजारों में भारतीय सूती वस्त्र छाये रहे। लेकिन औद्योगिक क्रांति ने स्थिति पलट दी और भारत का वस्त्र-निर्यात घट गया और आयात बढ़ गया। भारत अब इंग्लैण्ड के मिलों में उत्पादित वस्तुओं का आदर्श बाजार बन गया।

गांधी का यह मानना था कि राष्ट्रीय आंदोलन को जब तक जन साधारण के बीच नहीं पहुंचाया जायेगा, तब तक सफलता नहीं प्राप्त होगी। यह तभी संभव है जब जन-सामान्य खासकर ग्रामीण लोगों में आत्मबल और आत्मसम्मान पैदा किया जाये। इसके लिए आवश्यक है कि लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर किया जाये और यह तभी संभव है जब भारत अपने पारस्परिक अर्थव्यवस्था को अपनाये। तब जाकर लोगों में राजनीतिक चेतना का भी निर्माण होगा।[2]

असहयोग आंदोलन के हिंसात्मक रूप में समापन के कारण गांधी ने लोगों में अहिंसक आंदोलन एवं विरोध के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रचनात्मक कार्य पर जोर दिया। रचनात्मक कार्य को उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता से भी जोड़ दिया।

इसी का एक पहलू खादी आंदोलन था। खादी उनके अनुसार एक वस्त्र नहीं बल्कि एक विचार था जो हजारों बीमारियों का एक इलाज था जिसके पालन से देश को न केवल राजनीतिक बल्कि आर्थिक स्वावलंबन भी प्राप्त हो सकता था। गांधी ने लिखा है कि यदि भारत को अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त करना है तो उसे चरखा को अपनाना होगा।[3]

भारत कृषि प्रधान राष्ट्र होते हुए भी यहाँ के किसानों को अपने खेतों में छः महीने से ज्यादा काम नहीं मिल पाता है, भूखमरी, अकाल आदि का सामना करना पड़ता है। यदि ये लोग अपने घरों में छोटे-मोटे काम करें तो इनकी कठिनाई काफी कम हो सकती है। यह काम घरों में चरखा चलाना और कपड़ा तैयार करने जैसा काम हो सकता है। इससे अच्छा जीविकोपार्जन का दूसरा साधन नहीं हो सकता है। इससे उनमें आत्मनिर्भरता का भाव उत्पन्न होगा और वे सूदखोरों एवं महाजनों के चंगुल से भी मुक्त हो सकते हैं। उन्हें दूसरों के ऊपर आश्रित रहने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।[4]

गांधी ने भारत की स्वतंत्रता को केवल विदेशी सत्ता से पूर्ण मुक्ति ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़कर देखा अर्थात् एक ओर राजनीतिक स्वतंत्रता तो दूसरी तरफ आर्थिक स्वतंत्रता की प्राप्ति। इसके दो और पहलू हैं जिसमें एक नैतिक आदर्श और सामाजिक समरसता है तो दूसरा धर्म-धर्म अपने ऊंचे से ऊंचे अर्थ में। इसमें सभी सम्प्रदाय आ जाते हैं। इन सबके ऊपर जो धर्म है वह सत्य है।

